# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 138 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, सोमवार 18 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### घाघरा नदी में मिला चांदी का शिवलिंग, लोग मान रहे चमत्कार

मऊ। मऊ के दोहरिघाट पर सावन का महीना भगवान शिव के लिए अतिप्रिय माना जाता है. इसलिए सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा अर्चना का भी विशेष महत्व है. सावन महीने की शुरुआत हो चुकी है और इसी बीच दोहरीघाट कस्बे के रामघाट पर शनिवार को घाघरा नदी में 50 किलो वजन चांदी का शिवलिंग मिलने को लोग चमत्कार मान रहे हैं।

भक्त शिवलिंग को अलौकिक बताया जा रहा हैं. प्राप्त



सूचना के अनुसार दोहरीघाट कस्बे के भगवानपूरा निवासी राम मिलन साहनी शनिवार को नदी किनारे बर्तन धूल रहे थे. तभी उन्हें नदी में कुछ चमकता हुआ दिखाई दिया।

राम मिलन साहनी नाम के व्यक्ति ने पास जाकर देखा तो चमकती हुई चीज शिवलिंग थी. नदी में चांदी का शिवलिंग मिलने की खबर आस–पास के लोगों में फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. राम मिलन साहनी ने शिवलिंग को नदी से बाहर निकाल कर शिवलिंग का विधिवत पूजा पाठ किया।

इसके बाद शिवलिंग को दोहरीघाट थाने को सौंप दिया गया. समाचार लिखे जाने तक शिवलिंग थाना में रखा हुआ था. वहीं स्थानीय लोगों ने इस 50 किलो के चांदी के शिवलिंग की कीमत लगभग 30 लाख रुपए आंकी हैं. इस संबंध में मऊ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने बताया कि दोहरीघाट थाना क्षेत्र में नदी में एक व्यक्ति द्वारा चमकती हुई चीज दिखाई पड़ी. जिसे स्थानीय लोगों की मदद से जब खोदकर निकाला गया तो वह शिवलिंग के रूप में था।

जिसे स्थानीय लोगों की मदद से थाने ले जाया गया, जहां पर उसे सम्मान रखा गया है. इसकी विशेषज्ञ से वजन समेत सभी चीज की जांच कराई जाएगी, उसके उपरांत इसकी सभी जांच पूरी होने के पश्चात, शिवलिंग को स्थापित जिस क्षेत्र और व्यक्ति ने प्राप्त किया है उस क्षेत्र में पूरी विधि विधान से कराई जाएगी. इसके पहले सभी नियमानुसार सभी कार्रवाई पूरी की जाएंगी।

### दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने सुरक्षाबलों की टीम पर किया हमला, एक जवान शहीद

पुलवामा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक सहायक उप–निरीक्षक की आज दोपहर एक आतंकवादी गोलीबारी में मौत हो गई, जब पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त नाका पार्टी (एक चेकपोस्ट)



पर हमला किया गया था। हमला दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में गोंगू क्रॉसिंग के पास हुआ।

पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने इंडिया टुडे टीवी को बताया कि आतंकवादियों ने पास के एक सेब के बाग से चेकपोस्ट पर गोलीबारी की, जिसमें सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। घायल सिपाही को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

### नड्डा के न्यौते पर दिल्ली नेपाल के पूर्व पीएम 'प्रचंड', भाजपा मुख्यालय जाकर की बीजेपी चीफ से मुलाकात

नयी दिल्ली। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने रविवार को यहां भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपनी पार्टियों और दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष प्रचंड, नड्डा के निमंत्रण पर भारत के दौरे पर हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर भी चर्चा का हिस्सा थे। नड्डा ने कहा, ''हमने भारत और नेपाल के बीच विशेष रूप से हमारी सदियों पुरानी सांस्कृतिक और दोनों देशों की जनता के स्तर पर आपसी संबंधों को मजबूत करने और प्रगाढ़ करने पर सार्थक चर्चा की। हमने पार्टी स्तर पर सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।''

## जल संरक्षण के लिए शुरू हुआ जनआंदोलन, यूपी के हर जिले में पानी के लिए दौड़ेगी योगी सरकार की वैन

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूगर्भ जल सप्ताह के शुभारंभ पर संबोधित करत हुए कहा कि इस अभियान के तहत अपनी पुरातन सभ्यता को जीवित करने का अभियान प्रारंभ करना है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भूजल सप्ताह के अवसर पर अटल भूजल योजना के तहत डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, भूजल सप्ताह के आयोजन के पीछे जल संरक्षण की परंपरागत पद्धतियां थी उन्हें पुर्नजीवित करते हुए अधिक से



अधिक लोगों को जागरूक करें। भूजल सप्ताह के अवसर पर अटल भूजल योजना के तहत डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तरप्रदेश के अंदर डिजिटल भूजल रथ 10 जनपदों के 26 विकासखंडों के 550 ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने का एक कार्यक्रम डिजिटल रथ के माध्यम से आज आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। जल शक्ति मंत्री ने डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ पर कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकारी योजनाओं के साथ–साथ जन समुदाय को भी जन आन्दोलन से जोड़ना होगा।

## संसद सत्र पर चर्चा के लिए सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक में 25 मुद्दों पर हुई बात

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। संसद सत्र पर चर्चा के लिए सरकार की सर्वदलीय बैठक खत्म हो चुकी है. केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे अधीर रंजन चौधरी, जयराम रमेश , डीएमके नेता टी आर बालू , टीएमसी नेता सुदीप बंदोपाध्याय , शिवसेना नेता संजय राउत , एनसीपी नेता शरद पवार और प्रफुल पटेल , आप नेता संजय सिंह और अन्य नेता मौजूद रहे।

इस बैठक में टीडीपी , सपा , बसपा , सीपीएम , आरएसपी , आरजेडी के नेता भी मौजूद हैं. बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर जाने की इजाजत नहीं देने का मामला उठाया. तो वहीं एआईएडीएमके ने श्रीलंका का मुद्दा उठाया और वहां रह रहे तमिलों के हितों की रक्षा का



मामला उठाया।

नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमने 13 मुद्दे सरकार के सामने रखे हैं. अलग–अलग पार्टियों ने भी अपने मुद्दे रखे तो लगभग 25 मुद्दे हो गए. सरकार ने कहा कि 14 बिल तैयार हैं जबकि कुल 32 बिल हैं. 14 दिन में 32 बिल पास होना कैसे संभव है ये हमने पूछा है. लेकिन हम महंगाई , अग्निपथ योजना , संघीए ढांचा पर हमला , ईडी और बाकी एजेंसियों के दुरुपयोग पर भी चर्चा की मांग की है. चीनी घुसपैठ , वन संरक्षण कानून , कश्मीरी पंडितों का मसला भी शामिल है।

प्रहलाद जोशी ने बताया, श्हमने करीब 45 पार्टियों को बुलाया था, 36 पार्टियां आई थीं मैं उनका आभारी हूं, उन्होंने सुझाव दिया है कि स्पीकर जिस मुद्दे पर भी चर्चा करने की मांग करेंगे, उन पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, श्मैं साफ करना चाहता हूं कि लोकसभा सचिवालय समय समय पर असंसदीय शब्दों की सूची तैयार करता है. ऐसा पहला संकलन 1954 में आया था. इस तरह के मामले इसलिए उठाए जा रहे हैं क्योंकि विपक्ष के पास और कोई मुद्दा नहीं है और मोदी जी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजनाथ सिंह ने कहा, श्विपक्ष संसद की मर्यादा कम करने की कोशिश कर रहा है जो निंदनीय है।

सरकार का इससे कोई लेना देना नहीं है. बैठक में पीएम की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया गया, मैं कहना चाहता हूं कि 2014 के पहले पीएम कभी नहीं आते थे. मनमोहन सिंह कितनी बार आते थे. कांग्रेस के समय में तो कई बार मुख्य सचेतक ही बैठक ले लिया करते थे.श उन्होंने आगे कहा, श्रीलंका के मुद्दे पर 19 जुलाई को होगी सर्वदलीय बैठक।

## मंदिर परिसर में मांस का टुकड़ा मिलने पर भड़की हिंसा, भीड़ ने जलाई दुकानें, पुलिस तैनात

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा कथित तौर पर एक गांव के मंदिर परिसर में मांस के टुकड़े फेंकने और दो स्थानों पर मूर्तियों को अपवित्र किए जाने के बाद सांप्रदायिक झड़पें हुईं, कई लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया. दुकानों में आग लगा दी गई. पुलिस ने कहा कि इसके बाद हुई हिंसा में एक कब्रिस्तान का गेट भी क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस के अनुसार, घटना तालग्राम थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव में हुई, जब मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र ने मंदिर के अंदर मांस के टुकड़े पाए और पुलिस को इसकी सूचना दी. अंचल अधिकारी शिव प्रताप सिंह और थाना प्रभारी हरि श्याम सिंह ने मौके पर पहुंचकर पूरे स्थान की सफाई कराई. हालांकि, पुलिस पर घटना पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए सड़क पर भीड़ जमा हो गई और तालग्राम – इंदरगढ़ मार्ग को जाम कर दिया। तीन घंटे तक नाकाबंदी जारी रही, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया. जैसे ही नाकाबंदी हटाई गई, ऐसी सूचना थी कि दो स्थानों पर मूर्तियों को अपवित्र किया गया था. भीड़ क्रोधित हो गई और चार दुकानों को जला दिया और साथ ही एक कब्रिस्तान में प्रवेश किया, जहां उन्होंने इसके द्वार को क्षतिग्रस्त कर दिया।



शनिवार की देर शाम महा निरीक्षक(कानपुर रेंज), प्रशांत कुमार और आयुक्त (कानपुर संभाग) राज शेखर भी तालग्राम पहुंचे. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वे घटना के पीछे के लोगों की पहचान कर रहे हैं. अधिकारियों ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और उन्होंने पूरे शहर में पैदल पुलिस गश्त बढ़ा दी है. जिलाधिकारी राकेश मिश्रा ने बताया कि घटना को लेकर दो प्राथमिकी दर्ज की गई है. उन्होंने कहा, ष्जो लोग शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक और बस की टक्कर में 5 लोगों की मौत, 22 गंभीर रूप से घायल, सीएम योगी ने जताया दुख

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर में सिविल लाइन क्षेत्र में बाईपास पर शनिवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां एक बस और ट्रक की आमने–सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने दी।

अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह ने रविवार को बताया कि ट्रक मुरादाबाद की तरफ से आ रहा था और बस शाहजहांपुर की तरफ से आ रही थी. उन्होंने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र के



बाईपास पर दोनों वाहनों की आमने–सामने की टक्कर हुई, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एएसपी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उनकी शिनाख्त कराई जा रही है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में वाहन दुर्घटना में लोगों की मौत होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, श्मुख्यमंत्री ने दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है.श सीएम योगी ने इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दुर्घटना में घायल लोगों के उचित इलाज की व्यवस्था की जाए।

## राष्ट्रपति चुनाव के बाद हो सकता है महाराष्ट्र में कैबिनेट का विस्तार, 12 मंत्री कैबिनेट में होंगे शामिल

मुंबई। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार राष्ट्रपति चुनाव के बाद अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकती है, जिसके लिए सोमवार को मतदान होना है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। शिंदे ने उनके नेतृत्व में शिवसेना विधायकों के विद्रोह के पश्चात महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिरने के बाद 30 जून को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। हालांकि, कैबिनेट विस्तार को लेकर भाजपा या शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की ओर से किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। अठारह जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा के मॉनसून सत्र को स्थगित कर दिया गया क्योंकि राज्य सरकार में अभी केवल दो सदस्य– मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को कहा, ''शपथ ग्रहण के बाद 20 या 21 जुलाई को मंत्रियों को विभाग वितरित किये जाने की उम्मीद है और अगले 10 दिनों के भीतर मानसून सत्र आयोजित किये जाने की उम्मीद है।

इससे मंत्रियों को अपने नए विभागों के बारे में जानने में मदद मिलेगी, ताकि वे सदन में सवालों के जवाब दे सकें।'' दो सौ अठासी



सदस्यीय सदन में भाजपा के 106 विधायक हैं और विस्तार में अधिक कैबिनेट पद मिलने की उम्मीद है, वहीं पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में आठ मंत्री जो बाद में शिंदे के साथ आ गए।

## यूपी में पांच आईएएस और 10 आईपीएस का ट्रांसफर, कन्नौज एसपी के बाद हटाए गए जिलाधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है. एक बार फिर प्रशासन द्वारा नोटिस में 10 आईपीएस और पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है. अधिकारियों के हुए तबादले के बाद अब कन्नौज एसपी के अलावा डीएम को भी हटा दिया गया है. वहीं चित्रकूट के जिलाधिकारी का भी तबादला कर दिया गया है।




उत्तर प्रदेश में रविवार को 10 आईपीएस अधिकारियों के बाद अब पांच आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं. प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में चित्रकूट के जिलाधिकारी शुभांत कुमार शुक्ला को कन्नौज जिलाधिकारी की जिम्मेदारी मिली है. वहीं बरेली नगर निगम आयुक्त अभिषेक आनंद को चित्रकूट का जिलाधिकारी बनाया गया है।

वहीं प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव जगदीश को यूपी के आबकारी विभाग में विशेष सचिव बना दिया गया है. इसके बदले यूपी के सहकारिता विभाग में अपर आयुक्त खेमपाल सिंह को प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है. यूपी के सहकारिता विभाग के अपर आयुक्त की जिम्मेदारी निधि गुप्ता वत्स को दी गई है, वे इससे पहले बरेली नगर निगम के आयुक्त थे। इनके अलावा 10 आईपीएस अधिकारियों में सीतापुर पीटीसी के एसपी को बदला गया है।

वर्तमान में पीटीसी एसपी रहे शफीक अहमद को प्रतीक्षारत किया गया है. इसके अलावा प्रशासन ने कन्नौज के एसपी को भी प्रतीक्षारत कर दिया है. अब कन्नौज एसपी की नई जिम्मेदारी कुंवर अनुपम को दी गई है. इसके अलावा एडीजी टेक्निकल सर्विसेज की जिम्मेदारी आईपीएस अधिकारी मोहित अग्रवाल को दी गई है।

## राष्ट्रपति चुनाव के मतदान के लिए बीजेपी और सहयोगी दलों का हुआ प्रशिक्षण

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

लखनऊ। राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले मतदान को लेकर बीजेपी और सहयोगी दलों के विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ. इसमें सीएम योगी, प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, महामंत्री संगठन सुनील बंसल के साथ ही बीजेपी और सहयोगी दलों के तमाम विधायक शामिल हुए. ये प्रशिक्षण 17 जुलाई को सुबह 11 बजे से लोकभवन में भी होगा।



चुनाव प्रभारी रामनरेश अग्निहोत्री ने बताया की पार्टी का लक्ष्य है 100: मतदान, कोई वोट खराब ना होने पाए. पिछली बार के राष्ट्रपति चुनाव में देश भर में 17 वोट इनवेलिड हुए थे. इस बार एक भी वोट खराब ना हो यह हमारी कोशिश है. इसलिए आज सभी विधायकों को बुलाया गया था. आज वोट डालने का मॉक ड्रिल किया है. कल भी एक बार रिहर्सल करेंगे. रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा की हमारे ट्रेनिंग प्रोग्राम में सब का स्वागत है. सपा विधायक आना चाहे तो उनका भी स्वागत है।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा की ये सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया है और उसे हम सब लोग जानते हैं. हमसे कोई लापरवाही ना हो, समय से उपस्थित रहे इतना ख्याल रखा जाता है. ओपी राजभर के द्रौपदी मुर्मू को समर्थन पर अनिल राजभर ने कहा की जो लोग भी बीजेपी के उम्मीदवार का समर्थन करने आगे आ रहे उन सब का अभिनंदन. ओपी राजभर की बीजेपी साथ वापसी पर कहा कि अगर वह फिर आना चाहेंगे तो स्वागत है. राष्ट्रीय नेतृत्व फैसला करता है. बीजेपी एक अनुशासित संगठन और परिवार है. जो भी राष्ट्रीय नेतृत्व का फैसला होगा वह स्वीकार है।

बीजेपी विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा की सभी लोग को जिस तरह से वोटिंग करनी है ये एक मॉक ड्रिल थी. अब 17 को फिर यह मॉक ड्रिल होगी. देखा जाएगा अगर किसी ने गलत किया तो उसे सही किया जाएगा. वहीं शिवपाल यादव के पत्र पर कहा की इस पर अखिलेश को तो जवाब देना चाहिए क्योंकि जब मुलायम सिंह रक्षा मंत्री थे तो यशवंत सिन्हा ने सवाल उठाया था कि वह आईएसआई एजेंट है. तो अखिलेश अब जवाब दे की पिता के साथ खड़े होना चाहते हैं या यशवंत सिन्हा के।

## यूपी में लेखपाल परीक्षा की बदली गई एग्जाम डेट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लेखपाल भर्ती परीक्षा पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अहम फैसला किया है. आयोग ने अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पर भी आदेश दिया है. मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है।

जानकारी के मुताबिक यह परीक्षा पहले 24 जुलाई को होनी थी लेकिन अब ये 31 जुलाई को आयोजित कराई जाएगी. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. राजस्व लेखपाल के 8085 पदों के लिए के लिए इस परीक्षा के लिए 2 लाख 47 हजार लोगों ने आवेदन किया है।

यूपीएसएससी के एक आदेश में कहा गया – समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग के विज्ञापन संख्या–01 परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०–2021)/02 का आयोजन, दिनांक–24 जुलाई, 2022 को किया जाना प्रस्तावित था, किन्तु अपरिहार्य कारणों के दृष्टिगत प्रश्नगत विज्ञापन की लिखित परीक्षा दिनांक–24 जुलाई, 2022 के स्थान पर दिनांक 31 जुलाई, 2022 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। आदेश में कहा गया– प्रश्नगत परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से अलग से यथासमय सूचित किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## मदरसा शिक्षा के लिए अधिकतम उम्र तय नहीं करने जा रही योगी सरकार: मंत्री दानिश आजाद अंसारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मदरसों में दाखिले के लिए विद्यार्थी की अधिकतम आयु सीमा तय करने पर विचार किए जाने की अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि सरकार मदरसों में दाखिले की उम्र तय करने के सिलसिले में एक समिति का गठन करेगी. अंसारी ने शनिवार को पीटीआई–भाषा से बातचीत में कहा कि मदरसों की विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए विद्यार्थी की आयु निर्धारित करने को लेकर एक समिति बनाई जाएगी जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आयु निर्धारण संबंधी निर्णय लिया जाएगा और मदरसों में दाखिले के लिए अधिकतम उम्र तय करने का कोई विचार नहीं है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीबीएसई और आईसीएसई समेत विभिन्न शिक्षा परिषदों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के मदरसों में भी दाखिले के लिए न्यूनतम आयु सीमा तय करेगी. अंसारी ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि बच्चों के माताकृपिता या अभिभावक लापरवाही के चलते बच्चे का दाखिला देर से कराते हैं और सरकार की कोशिश होगी कि यह प्रथा रोकी जाए. अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने पिछले रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा था कि हाल ही में मदरसों के हाईस्कूल के मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और टेबलेट वितरण के दौरान कई बड़ी उम्र के पुरुष भी पुरस्कार लेने पहुंचे थे जो सही नहीं है। उन्होंने कहा था कि सरकार बेसिक शिक्षा की तर्ज पर अब मदरसों में भी प्रवेश के लिए आयु सीमा निर्धारित करेगी. उनके इस बयान के बाद तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं. ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या सरकार मदरसों में दाखिले के लिए अधिकतम आयु सीमा तय करेगी. मंत्री धर्मपाल सिंह की चिंता के मद्देनजर यह सवाल पूछे जाने पर कि मदरसों में ज्यादा उम्र के विद्यार्थियों के दाखिले पर रोक लगाने के लिए सरकार को प्रवेश के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करनी होगी, अंसारी ने कहा, श्सरकार का ऐसा कोई भी विचार नहीं है.राज्य मंत्री अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह के हाल के बयान को गलत तरीके से न लिया जाए. सिंह का कहने का मतलब सिर्फ इतना था कि मदरसों में पढ़ रहे बच्चों की शिक्षा सही समय पर शुरू हो और सही वक्त पर ही मुकम्मल हो. इस बीच, प्रदेश के मदरसा शिक्षकों के संगठन टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया उत्तर प्रदेश के महासचिव दीवान साहब जमां खां ने बताया कि राज्य में मदरसों में पहली कक्षा और दसवीं कक्षा में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु पहले से ही निर्धारित है. उन्होंने कहा कि पहली कक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की न्यूनतम आयु पांच साल और दसवीं कक्षा में दाखिले के लिए न्यूनतम 14 साल पहले से ही तय है. उन्होंने कहा कि अधिकतम आयु तय करने का प्रावधान मदरसा शिक्षा बोर्ड के साथ–साथ किसी भी शिक्षा परिषद में नहीं है. गौरतलब है कि प्रदेश में 16461 मदरसे हैं जिनमें से 560 को सरकारी अनुदान प्राप्त होता है. राज्य सरकार मदरसों में दीनी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा पर भी खासा जोर दे रही है. इसके लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं. उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु छह वर्ष निर्धारित है. दसवीं कक्षा में दाखिले के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित है।



## अब पहाड़ों में छिपे दुश्मन भी होंगे नेस्तनाबूद, 1000 गोले दाग युद्ध के लिए तैयार हुई शारंग तोप

कानपुर। एडवांस्ड वेपंस इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध निर्माणी कानपुर ओएफसी में विकसित शारंग तोप सेना की तीन यूनिटों में शामिल हो गई है। अक्तूबर तक चौथी यूनिट में भी शामिल हो जाएगी। जून के अंतिम सप्ताह में सेना ने राजस्थान के पोखरण और महाजन रेंज में खास कनवर्जन (लगातार) फायरिंग की थी। एक हजार गोले दागे गए थे। अब यह तोप युद्ध के लिए तैयार हो गई है। अब तक सेना को 54 शारंग तोप दी जा चुकी है। ओएफसी के आयुध डेवलेपमेंट सेंटर (ओडीसी) में इसे विकसित किया है। यहां पर तोप की बैरल और ब्रिचरिंग तैयार होती है। इसके अलावा फील्ड गन फैक्ट्री में भी तोप की बैरल और ब्रिचरिंग बनाई जाती है। इस तोप ने मार्च 2018 में भारत फोर्ज और पुंज ल्यावड की तोपों को पछाड़कर ओपेन बिड में सेना से आर्डर हासिल किया था। तोप निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय के बीच करार हुआ था।



## सीएमस की कनिष्का ने राष्ट्रीय मेरिट में अर्जित किया प्रथम स्थान

कानपुर। सीआईएससीई की आईसीएसई क्लास 10 परीक्षा परिणाम में सिटी मोंटेसरी स्कूल कानपुर रोड की छात्रा कनिष्का मित्तल ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय मेरिट में प्रथम स्थान अर्जित किया है। कनिष्का ने 500 में से कुल 499 अंक प्राप्त किया है। कनिष्का ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। रोज क्लास में जो पढ़ाया जाता है वह घर आकर पढ़ना, अभ्यास करना और समय–समय पर रिवीजन करने से ही सफलता प्राप्त होगी। कनिष्का इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना कॅरियर संवारना चाहती हैं। इसके अलावा सिटी मोंटेसरी स्कूल महानगर की सरैया खान ने 99.6 प्रतिशत अंक



प्राप्त कर राष्ट्रीय मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।
सरैया ने 500 में से कुल 498 अंक प्राप्त किया। इसी स्थान पर सिटी मोंटेसरी गोमती नगर की रीना कौसर और गोमती नगर विस्तार शाखा के क्षितिज नारायण ने भी मेरिट में कब्जा जमाया है।

## मंदिर के पुजारी की त्रिशूल घोंपकर हत्या, खून से लथपथ पड़ा मिला शव



लखनऊ। लखनऊ में नगराम के समेसी का मजरा महुली गांव से बाहर सूनसान स्थान पर निर्मित नटबीर बाबा मंदिर के पास झोपड़ी के बाहर रात को सोते समय झाड़फूंक करने वाले 45 वर्षीय पुजारी बाबा की चेहरा कूच कर व त्रिसूल से गोदकर अज्ञात बदमाशों ने निर्मम हत्या कर दी । उसका शव खून से लथपथ नग्नावस्था में चारपाई पर पड़ा मिला । रविवार सुबह बकरी चराने गये एक ग्रामीण द्वारा मंदिर के पास शव देखकर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के छोटे भाई के द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर नगराम पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । इंस्पेक्टर नगराम के अनुसार हत्यारों की तलाश में गहनता से छानबीन की जा रही है ।
नगराम के सलेमपुर अचाका गांव का मूल निवासी राजेश कुमार रावत अपनी पत्नी शीला व तीन लड़कियों शिवानी शालिनी व सुहानी लड़का विपिन व नितिन को गांव में ही छोड़कर समेसी का मजरा महुली गांव से बाहर नटबीर बाबा मंदिर के पास झोपड़ी बनाकर करीब छरू वर्ष से रह रहा था । यहीं पर वह झाड़फूंक का काम करता था । ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार के दिन नटबीर बाबा के मंदिर पर गांजा चिलम चढ़ा कर मन्नत मांगने लोग एकत्र होते थे । शनिवार की रात पुजारी बाबा राजेश कुमार रावत रोज की तरह खाना पीना खाकर झोपड़ी के बाहर चारपाई पर सो गये । शरीर पर केवल भगवा रंग का अंचला (लुंगी) पहन रखा था । बाबा का त्रिशूल भी साथ में रखा हुआ था ।
रविवार की सुबह सलेम पुर अचाका गांव निवासी मोहर्रम अली अपनी बकरियां चराते चराते जब नटबीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे तो राजेश का शव खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा मिला। चेहरा कूच कर विक्षत कर दिया गया था , त्रिशूल के कई घाव शरीर पर देख बदहवास हालत में भाग कर वह गांव पहुंचा ,वहां मृतक के परिजनों को घटना के बाबत जानकारी दिया । मृतक के छोटे भाई अजय कुमार की सूचना पर थाना प्रभारी नगराम शमीम खान सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी इंस्पेक्टर मोहनलालगंज कुलदीप दुबे समेत सर्विलांस एवं फोरेंसिक सहित डाग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची । काफी छानबीन के बावजूद भी हत्यारों का कोई सुराग नहीं लग सका । ए सी पी मोहनलाल गंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि फिलहाल हत्या के कारणों का कुछ पता नहीं लग सका है । आशनाई सहित कई अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है । कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक बाबा राजेश तीन भाई थे बड़ा भाई रघुनाथ व छोटा अजय हैं । मृतक के परिवार में पत्नी शीला लड़की शिवानी शालिनी सुहानी व दो लड़के विपिन व नितिन हैं । मृतक के पिता मैकूलाल ने बताया कि उसके पास कुल एक बीघा जमीन है जिसे तीनों भाइयों में बराबर बराबर बांट दिया है सभी भाई अपने परिवार संग अलग अलग रह रहे हैं उसका मंझला बेटा राजेश करीब छरू वर्ष पूर्व से घर परिवार छोड़ कर समेसी के महुली गांव से बाहर नटबीर मंदिर पर बाबा बनकर रहने लगा था उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी । परिजनों का रो रो कर बुरा हाल रू– नटबीर मंदिर के पुजारी राजेश बाबा की हत्या की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गयी घटना स्थल पर सैकड़ों लोगों का जमावड़ा लग गया । जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पत्नी व बच्चे विलाप करते रहे । पिता मैकू लाल एक जगह गुमशुम हालत में बैठे थे ।

## प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने किया स्नान पर्व की तिथियों का एलान

प्रयागराज। मेला प्राधिकरण ने माघ मेला 2023 के लिए स्नान पर्व की तिथियों का एलान कर दिया है। मेला प्राधिकरण की हुई बैठक के बाद स्नान की तिथियों की घोषणा की गई। माघ मेले का आगाज छह जनवरी पौष पूर्णिमा से होगा।
अगले वर्ष होने वाले माघ मेला के स्नान पर्व की तिथियां शनिवार की जारी कर दी गई। माघ मेले का पहला स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के मौके पर छह जनवरी को को होगा। इस बार मेला महाशिवरात्रि के अवसर पर 18 फरवरी को ही संपन्न हो जाएगा। मकर संक्रांति पर्व 14 और 15 जनवरी को होगा। वहीं मौनी अमावस्या का स्नान 21 फरवरी को होगा। पांच फरवरी



को माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ एक मास का कल्पवास भी संपन्न हो जाएगा।
स्नान पर्व एक नजर में
पौष पूर्णिमा छह जनवरी 2023 शुक्रवार
मकर संक्रांति 14या15 जनवरी 2023 शनिवार
मौनी अमावस्या 21 जनवरी 2023 बृहस्पतिवार
माघी पूर्णिमा पांच फरवरी 2023 रविवार
महाशिवरात्रि 16 फरवरी 2023 शनिवार



**लोक भवन लखनऊ में हास्य कलाकार श्री राजू श्रीवास्तव जी से भेंट**

# कानपुर लायंस क्लब ने संयुक्त रूप से किया वृहद वृक्षारोपण

• प्रदूषण के विरुद्ध लायंस का युद्ध ,100 पेड़ रोप कर किया शंखनाद

अयोध्या डायन संवादाता हरिओम द्विवेदी,कानपुर। रविवार लायंस क्लब इंटरनेशनल 321 ठ2ज्ञ मंडलीय कार्यक्रम के अनुसार पर्यावरण संरक्षण हेतु कानपुर के लायंस क्लब ने संयुक्त रूप से पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर के विभिन्न स्थानों पर कर लगभग 100 पेड़ लगाए, साथ ही पूरे वर्ष 1000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलाधीश लायन अभिनव सिंह ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों की चर्चा करते हुए पर्यावरण में वाहन एवं कल कारखानों से उत्पादित होने वाले प्रदूषण को कम करने के अन्य उपायों के अतिरिक्त पौधारोपण कर वृक्षों के संरक्षण पर बल देते हुए इस की महत्वता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि लायन अमिताभ तिवारी जी ने बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग पर प्रकाश डाला और सभी सदस्यों से इनका अधिक से अधिक उपयोग करवाने का संकल्प लिया। विशेष अतिथि के रुप में आए पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन डी.पी. सिंह जी ने शासन द्वारा प्रदूषण उन्मूलन के प्रयासों की सराहना की एवं लायंस क्लब के सदस्यों का आवाहन किया कि शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को जनसामान्य तक पहुंचाने में




शासन की मदद करें। आए हुए अतिथियों का स्वागत लायन आर.पी. ओमर मंडलीय सचिव व धन्यवाद लायन ए.एस. अग्रवाल मंडल कोषाध्यक्ष ने किया कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले क्लबों से कानपुर मंगलम से अध्यक्ष लायन शरद अग्निहोत्री, लायन वीणा मिश्रा, लायन एकता खन्ना, लायन सुधाकर औदीच्या, लायन अक्षत अग्निहोत्रीय लायंस क्लब क्रांति से लायन सुभाष खन्ना, लायन उषा गुप्ता, लायन मीना रस्तोगीय लायंस क्लब विशाल से लायन सुधीर गुप्ता, लायंस क्लब आदर्श मैन से लायन आर.के. मल्होत्रा लायन विनोद बेहल, लायंस क्लब आस्था से लॉयन एच. एस. कलसीय लायंस क्लब कानपुर सिटी से लायन नवीन गुप्ता व लायन उदय गुप्ता जी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## श्रावण के पवित्र मास पर रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा शिवालयों एवं विद्यालय में लगाया गया रुद्राक्ष एवं अशोक के पौधे

श्रावण के पवित्र मास पर रोटरी क्लब कुशीनगर के द्वारा पर्यावरण को हरा–भरा बनाने हेतु रविवार तड़के सुबह शिव मंदिर परिसर भरौली, श्रीनाथ जी मंदिर परिसर कसया एवं जूनियर हाईस्कूल परिसर कसया में रुद्राक्ष एवं अशोक के पौधे ट्री–गार्ड सहित लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक एवं रोटरी उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने बताया कि नगर के शिव मंदिरों में रुद्राक्ष के पौधे लगाए गए है जो आगे चलकर एक आकर्षक का केंद्र बनेगा। साथ ही आज जूनियर हाईस्कूल कसया में अशोक के भी पौधे ट्री–गार्ड सहित लगाए गए हैं, जिससे पौधौं की सुरक्षा हो सके।

रोटरी के अध्यक्ष डॉ एम.एच. खान ने बताया कि इस सप्ताह नगर के अन्य शिव मंदिर परिसरों में भी रुद्राक्ष एवं अशोक के पौधों के साथ अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष डॉ एम एच खान, सचिव वाहिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सह–सचिव दिनेश कुमार यादव, सह–सचिव अरुण वर्मा, सह कोषाध्यक्ष, डॉ सुनील सिंह, निदेशक राजीव जायसवाल लक्ष्य, निदेशक



अंकुर तुलस्यान, निदेशक शैलेंद्र त्रिपाठी, सदस्य गौरव मद्धेशिया, अश्विनी जायसवाल, विशाल शर्मा, दुर्गेश चतुर्वेदी एवं शम्भू कुशवाहा, आदिल खान एवं प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## कन्नौज बवाल में डीएम और एसपी हटाए गए, प्रभारी निरीक्षक सहित दो उपनिरीक्षक निलंबित



कन्नौज। जिले में शनिवार को तालग्राम में हुए बवाल के बाद शासन ने डीएम राकेश कुमार मिश्र और एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव को हटा दिया है। उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया गया है। शासन ने कन्नौज का नया जिलाधिकार शुभ्रांत कुमार शुक्ला को बनाया है, जो वर्तमान में चित्रकूट के जिलाधिकारी थे।वहीं, 2013 बैच के आईपीएस अफसर अनुपम को कन्नौज का नया एसपी बनाया है। इसके अलावा तालग्राम के प्रभारी निरीक्षक हरिश्याम सिंह को निलंबित कर दिया गया है। यहां जीतेंद्र सिंह को नया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा तालग्राम थाने के दो उपनिरीक्षक विनय कुमार और राम प्रकाश भी निलंबित किए गए हैं।

बता दें कि तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव रसूलाबाद और फिर कस्बे के मोहल्ला टिकुरियान में बिगड़े हालात के बाद इलाके के सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना की जानकारी पर कानपुर के मंडलायुक्त राजशेखर और आईजी प्रशांत कुमार भी तालग्राम पहुंचे। उन्होंने थाने में डीएम और एसपी से पूरी घटना की जानकारी ली। आईजी ने आगजनी करने वाले लोगों को चिन्हित कर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश भी दिए हैं। रसूलाबाद में हुई घटना के बाद पूरा प्रकरण सांप्रदायिक हो गया। अराजकतत्वों ने दोनों धर्म के लोगों के धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया, तो कई दुकानों में भी आग लगा दी।
इसको देखते हुए डीएम और एसपी के आदेश पर कस्बे और इसके आसपास स्थित सभी धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पीएसी, फायर टेंडर, वज्र वाहन भी तालग्राम में ही हैं। डीएम और एसपी ने कलकत्तापुरवा जाकर ग्रामीणों को समझाया और अराजकता करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। यहां के ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जिसने भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया है उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। कुछ स्थानीय लोगों ने डीएम और एसपी से शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि रसूलाबाद के पास एक अवैध बूचड़खाना लंबे समय से संचालित हो रहा है। आरोप है कि थाने के अधिकांश जिम्मेदार इसके बारे जानते है, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है।
बाजार बंद, कस्बे में सन्नाटा
माहौल बिगड़ने पर डीएम और एसपी ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया। डीएम राकेश मिश्र आगे–आगे हाथ में पुलिस की लाठी लेकर चलते नजर आए, तो फिर मातहतों ने सख्त रुख दिखाया। इसके बाद स्थिति शांत हुई। हालात को देखते हुए अधिकांश लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर ली। बंद दुकानों के कारण पूरे कस्बे में सन्नाटा नजर आया। जगह–जगह पुलिस बल ही तैनात दिखा।

## चारबाग स्टेशन पर नमाज पढ़ने के खिलाफ हिंदू महासभा ने दर्ज कराई शिकायत, लुलु मॉल के बाहर फिर हुआ हंगामा


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने का मामला हो गरमा रहा है. लुलु मॉल का विवाद थमा भी नहीं था कि अब चारबाग रेलवे स्टेशन पर नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ है. वीडियो वायरल होने के बाद हिंदू महासभा के अध्यक्ष शिशिर चतुर्वेदी चारबाग स्थित जीआरपी मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने का विरोध किया. शिशिर चतुर्वेदी ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए चारबाग जीआरपी के क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रथम को लिखित में तहरीर दी. लखनऊ के चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर एक युवक ने नमाज पढ़ी थी. बताया जा रहा है कि लोगों ने जब ऐसे करने का विरोध किया तो कहासुनी हो गई. वहीं, जब से लुलु मॉल परिसर में नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ है तब से लगातार हंगामा मचा है. हिंदू संगठन से खुद को बताने वाले एक शख्स आदित्य मिश्रा और उसके समर्थकों ने मॉल के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारी श्जय श्री रामश और श्जय हनुमानश लिखे झंडे लेकर पहुंचे थे. इस दौरान मामला सुलझाने पर पुलिस से भी झड़प हुई. पुलिस के मना करने के बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने तो उन्हें जबरन बस में भरा गया. पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया. इस बीच पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच लुका छिपी का खेल भी होता रहा. मॉल के चारों तरफ दौड़–दौड़कर पुलिस प्रदर्शनकारियों को खोजती रही. प्रदर्शनकारियों ने जमकर



नारेबाजी की. वे हनुमान चालीसा पढ़ने पहुंचे थे. फिलहाल माहौल शांत बताया जा रहा है. जीआरपी सीओ सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया, हमारे पास हिंदू महासभा ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, इस प्रार्थना पत्र में जो तथ्य लिखे गए हैं, उसकी प्रथम दृष्टया हम जांच करेंगे, जो भी तथ्य जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, उस स्तर पर हमारे द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी. नमाज पढ़े जाने को लेकर उन्होंने कहा, हम सारे बिंदुओं पर जांच कर लेंगे, जिसके बाद जो विधिक कार्रवाई हमारे अधिकार क्षेत्र में होगी, वो की जाएगी।

## मुख्तार बाबा का कारनामा, शत्रु संपत्तियों की अवैध कमाई से खड़ा किया कारोबार

कानपुर। नई सड़क बवाल के आरोपी मुख्तार बाबा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर शत्रु संपत्तियों की अवैध कमाई के बल पर कानपुर सहित प्रदेश के दूसरे शहरों व दूसरे राज्यों में बड़ा कारोबार खड़ा कर लिया। लगातार चल रही जांच में यह बात सामने आई है कि मुख्तार ने पाक नागरिकों की महानगर में जमीनों (शत्र संपत्तियों) को फर्जी तरीके से बेचकर इसके पैसे से कोलकाता में चमड़े का बड़ा कारोबार खड़ा कर लिया। इतना ही नहीं उत्तराखंड के नैनीताल और इसके आसपास भी रीयल स्टेट में भी मुख्तार का पैसा लगे होने की बात सामने आई है। महानगर में कुल 89 संपत्तियां ऐसी हैं, जिनके मालिक पाकिस्तान में रहते हैं। इसमें से करीब 13 संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित किया जा चुका है। बाकी को लेकर प्रक्रिया चल रही है। बताया जाता है कि ऐसी 50 से अधिक संपत्तियों में मुख्तार बाबा का सीधे दखल है। ऐसी संपत्तियों को फर्जी कागजात लगाकर और मिली भगत करके उसे दूसरे को महंगे दामों पर बेच दिया।
बताया जा रहा है कि इन संपत्तियों से जो धन मिला उसका एक हिस्सा उसने हवाला के जरिए पाकिस्तान में रहने वाले संपत्ति के मालिकों तक पहुंचाया, बाकी से अपना कारोबार खड़ा किया। जांच में यह भी बात सामने आई है कि आज से करीब




22 साल पहले शत्रु संपत्तियों के फर्जी खरीद फरोख्त के जरिए मुख्तार ने पहले होटल, रेस्टोरेंट उसके बाद जमीन खरीदने बेचने फिर चमड़े के कारोबार में पैसा लगाया।

## तिकुनिया स्टेशन से प्रातः मैलानी व बहराइच के लिए ट्रेन चलाने की मांग

लखीमपुर,तिकुनिया–खीरी। मैलानी बहराइच रेल प्रखंड पर रेलवे प्रशासन द्वारा एक जोड़ी रेल और बढ़ा दी है। लेकिन इस रेल के बढ़ने से यात्रियों को यहां से बहराइच तथा मैलानी से वापसी की ट्रेन नहीं है। जिसके चलते यात्रियों को मैलानी तथा बहराइच रेलवे स्टेशन पर रात्रि बिताकर सुबह



ट्रेन पकड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। कस्बे के व्यापारियों क्षेत्र के किसानों मजदूरों सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारियों ने मंडल रेल प्रबंधक से तिकुनिया से सुबह 6:00 बजे बहराइच तथा मैलानी के लिए रेल संचालन का समय नियमित किए जाने की मांग की है। बतादें कि मैलानी बहराइच रेलवे प्रखंड पर तिकुनिया से पहले सुबह 6:00 बजे बहराइच तथा मैलानी के लिए रेलों का संचालन होता था कोरोना काल के बाद यह नियम खत्म कर दिया गया। रेलवे प्रशासन ने 2 जोड़ी रेल का संचालन इस रेल लाइन पर शुरू कर दिया। लेकिन यात्रियों की भीषण मुसीबत जस की तस बनी हुई है। इस पर विचार नहीं किया गया। इस बाबत मंडल रेल प्रबंधक को तराई विकास संस्थान द्वारा पत्र भी भेजा गया है। समय सारणी में परिवर्तन कर दिन का समय सुबह 6:00 बजे तिकुनिया से बहराइच सुबह 6:00 बजे मैलानी की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बहराइच जाने के बाद उधर से वापसी के लिए शाम को कोई ट्रेन नहीं है न ही मैलानी से वापसी के लिए कोई ट्रेन है, जिसके चलते स्टेशन पर रात बिताकर सुबह 8:30 बजे ट्रेन से आना पड़ता काफी समय बर्बाद होता है।

## आपसी सुलह समझौते से एक हुए 10 जोड़े

☒ आपसी सामांजस्य बिठाने के लिए 10 जोडों को दी गई एक सप्ताह की मोहलत

लखीमपुर,खीरी। पुलिस



अधीक्षक संजीव सुमन के दिशा निर्देशन पर थानाध्यक्ष थाना महिला शकुंन्तला उपाध्याय द्वारा काउंसलर के सहयोग से दो दर्जन पारिवारिक विवाद के मामलों में सुलह समझौते का प्रयास किया गया। जिसमें 10 जोडे पति पत्नी को साथ भेज कर सराहनीय कार्य किया गया है।

ज्ञात हो पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ,"परिवारिक परामर्श केंद्र" महिला थाने पर प्रत्येक रविवार को दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं परिवारिक शिकायतों में सुलह समझौते का प्रयास परामर्श दाताओं के माध्यम से कराया जाता है। जिसके क्रम में आज 24 शिकायतों पर सुलह समझौते का प्रयास किया गया है। थानाध्यक्ष महिला थाना शकुंन्तला उपाध्याय एवं परामर्शदाता कय्यूम अली जरवानी, कुसुम गुप्ता के अथक प्रयास से 10 शिकायतों में सुलह समझौता करा करके पति–पत्नी को साथ–साथ आशीर्वाद देकर भेजा गया है। शेष मामलों में अत्याधिक मनमुटाव होने कारण 1 सप्ताह का समय समाज बिरादरी व सभ्रान्त व्यक्तियों के साथ मिल–बैठकर सुलह करने की राय देकर भेजा गया है। दिनांक 24 जुलाई को पुनः सभी जोड़ों को परिवार परामर्श केन्द्र पर सुलह की स्थित जानने के लिए बुलाया गया है। इस अवसर पर परिवारि परामर्श केन्द्र महिला आरक्षी शशि प्रभा, महिला हेल्प डेस्क की महिला आरक्षी नीलम सांगवान व प्रिया सिंह उपस्थित रही थी।

## आवासीय विद्यालय का हुआ औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। पी0डब्ल्यू0डी0 सी0डी0–2 ने रु0 16.140 लाख की लागत से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय



कुँवरपुर वि0ख0 मलवां में कराये



गये कार्यो में यथा– टायली करण, वाल पेंटिंग, बास्केटबॉल कोर्ट का दिन रविवार को संयुक्त रूप से जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कक्ष में लगये गए टाईल्स को देखा। टायलीकरण,पेंटिंग का कार्य हो गया है। नल में जो वास बेसिन लोहे की लगी है उसे तत्काल बदल दे, व सीढ़ी में लकड़ी की ग्रील लगी है उसे पेंट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था पी0डब्ल्यू0डी0–सी0डी0–2 के जूनियर इंजीनियर से कहा कि जो कमियां है उसे तत्काल कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने छात्राओं से बात भी की, के द्वारा बताया गया कि एडमिशन का कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिन्दकी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार बिन्दकी, सूचना अधिकारी सहित विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव वतन्त्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम का होगा भव्य आयोजन

लखीमपुर,खीरी। स्वतन्त्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देशभर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा। आजादी का अमृत महोत्सव के क्रियान्वयन के लिए 11 से 17 अगस्त, 2022 की अवधि को "स्वतन्त्रता सप्ताह" के रूप में तथा हर घर तिरंगा' का विशेष आयोजन होगा। यह जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने निर्देश दिए कि इसमें हर जनपदवासी को सहभागिता के लिये प्रोत्साहित किया जाय। सभी लोग आपसी भेदभाव मिटाकर समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतन्त्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु निम्नवत् कायवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से आयोजन के संबंध में दिशा–निर्देश भी जारी किए गए कि प्रत्येक चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, उपकेन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं सभी सरकारी कार्यालयों में उक्त अवधि में तिरंगा फहराया जायेगा तथा तिरंगे की आकर्षक लाइटिंग करायी जाये। आशा कार्यकर्त्री, एएनएम गाँव–गाँव भ्रमण कर गाँव के न्यूनतम 05 व्यक्तियों को प्रेरित करेंगी कि वे अपने घर पर तिरंगा फहरायें और अन्य को भी प्रेरित करें। इस अभियान को हर घर लहराएगा तिरंगा, गूंजेगा 'झण्डा ऊँचा रहे हमारा' स्लोगन से जोड़ा जाए। हर घर तिरंगा राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। सभी नागरिक इससे जुड़कर अपने फहराए तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। झण्डा गीत 'झण्डा ऊँचा रहे हमारा' गीत तथा राष्ट्रभक्ति के गीतों के संकलन आम लोगों को उपलब्ध कराए जाएं। जारी दिशा–निर्देशों में उल्लिखित है कि जागरूकता प्रसार के लिए परिवहन विभाग ने प्रत्येक बस स्टैण्ड पर झण्डा फहराने की उद्घोषणा की। विभिन्न संचार माध्यमों से स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों, उचित दर दुकानों, थानों, कम्युनिटी रेडियो से लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी। लोगों को झण्डे आसानी से उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सालयों, सीएचसी, पीएचसी, उपकेन्द्र, हेल्थ वेलनेस सेन्टर आंगनबाड़ी से भी मरीजोंध्घरों में झण्डा का वितरण कराए। जनमानस को बताया जाए कि राष्ट्रीय ध्वज कहाँ मिलेगा, कब फहराना है, कैसे फहराना है। यह सुनिश्चित किया जाए कि राष्ट्रध्वज संशोधित झण्डा संहिता– 2021 के अनुसार ही तैयार हों। हमारा राष्ट्रध्वज हमारी 'अस्मिता' तथा 'आन बान शान' का प्रतीक है। राष्ट्रध्वज संहिता के अनुरूप ध्वजारोहण में नियमों का कड़ाई से अनुपालन हो। सरकारी कार्यालयों पर यथासंभव खादी निर्मित राष्ट्रध्वज ही फहराए जाने चाहिए।

## अतिरिक्तदहेज के साथ मारपीट करने व बदनाम करने का मढ़ा आरोप



दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर महिलाओं पर घरेलू हिंसा कब रूकेगी इसका जवाब शायद किसी के पास हो। नशेड़ी पति से परेशान एक महिला ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर पति पर अतिरिक्त दहेज लाने के साथ ही मारपीट करने व फोटो वायरल करके बदनाम करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के पूर्वी पनी मुहल्ला निवासी रचना वर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसकी शादी वर्ष 2012 में राम गोपाल के साथ हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद पति ने शराब पीकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बात–बात पर उसके साथ मारपीट करना आम बात हो गई। इतना ही नहीं नशेड़ी पति उससे अतिरिक्त दहेज लाने की भी मांग करने लगा। जिसको लाने में वह असमर्थ रही। बताया कि पति ने कई माध्यमों से उसको बदनाम करने का भी प्रयास किया। उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल भी की। इतना ही नहीं उसको जमकर मारापीटा। बताया कि वह अपने घर में पुत्र के अलावा जेठ–जेठानी के साथ रह रही थी। मारपीट के कारण आई चोटों का इलाज कराने के लिए मायके से पैसा लाती थी जिसको पति अक्सर छीन लेता था। इस माहौल की वजह से उसके बच्चे की पढ़ाई व भविष्य अंधकारमय हो रहा है। पति की प्रताड़ना से वह बेहद परेशान हैं। उसने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए पति के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## सावन का पहला सोमवार आज, पालिका ने कराई सफाई तैयारियों को देर रात तक दिया गया अंतिम रूप

☒ प्रत्येक सोमवार लगेगा मेला, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर श्रद्धालुओं की श्रृद्धा एवं आस्था का प्रतीक बने शहर के सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर बाबा के मंदिर में सावन के पहले सोमवार में भारी भीड़ एकत्र होगी जिसकों लेकर मंदिर कमेटी ने भव्य तैयारियां की है। उधर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने मंदिरों व ओमघाट का निरीक्षण कर भारी पुलिस बल तैनात किए जाने का निर्देश दिया। श्रद्धालुओं को बाबा के सुविधापूर्ण ढंग से दर्शन होंगे। उधर भक्तों को गंदगी का सामना न करना पड़े इसके लिए नगर पालिका परिषद ने बेहतर ढंग से साफ–सफाई करवाई।

सावन के मौके पर श्रद्धालु भारी संख्या में सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर बाबा के मंदिर जलाभिषेक करने के साथ पूजा अर्चना करने के साथ शहर के विभिन्न मोहल्लों से ही लोग नहीं आते बल्कि ग्रामीणों क्षेत्रों से आने का भी सिलसिला शुरू हो जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए इस बार मंदिर के आयोजकों ने व्यापक व्यवस्थाएं की है। महिलाओं एवं पुरूषों को पूजा अर्चना करने के लिए कतारबद्ध तरीके से जाना होगा। सावन के सोमवार के मौके पर मंदिर में मेले का भी आयोजन होता हैं जिसमें भारी भीड़ उमड़ती है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एहतियात के तौर पर मंदिर में सावन के प्रत्येक सोमवार को कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात होगा। सुरक्षा की दृष्टि से तैनात होने वाले पुलिस बल में श्रद्धालुओं को किसी भी तरीके की दिक्कते न हो इसको लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। भक्त बेल पत्र, फूल, नारियल सहित भोग लगाने के लिए दुकानों में प्रसाद सज गया है। इसके अलावा शहर के बड़ा शिवाला, मोटेश्वर महादेवन, कलक्टरगंज स्थित शिव मंदिर, सैदाबाग स्थित दुर्गा मंदिर, कालिकन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। वहीं खागा के कुंडेश्वर महादेव मंदिर, बूडेश्वर अखंड धाम, सिद्धेश्वर बाबा मंदिर, डूंडेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं का भगवान



शंकर का जलाभिषेक करने के लिए जमावड़ा लगेगा। इसके अलावा गंगा घाटों के किनारे स्थापित शिवालयों में भी श्रद्धालु आएंगे।

राम तलाई मंदिर जहानाबाद, भोले राजेश्वर मंदिर पूरनपुर गिरधर गोपाल शिव मंदिर शिवराजपुर, सुकुर कुण्डा शिव मंदिर धाता, अर्गलेश्वर मंदिर जाफरगंज, सिद्धेश्वर मंदिर लालपुर दरौटा, गूढेश्वर मंदिर चांदपुर शिव मंदिर गौरा चांदपुर, जागेश्वर धाम मंदिर गाजीपुर असोथर मार्ग, थवईश्वर मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर हथगांव में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। वहीं भिटौरा गंगा घाट ओम घाट, असनी घाट, शिवराजपुर घाट नौबस्ता गंगा घाट, मंडवा मैनपुरी घाट, आदमपुर घाट से जत्था निकलेगा।

उधर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नजाकत खातून ने सावन मास का पहला सोमवार शुरू होने के कारण निकाय क्षेत्र के सभी मंदिरों के आस–पास सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए थे। जिस के क्रम में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड, मोहम्मद हबीब ने तांबेश्वर मंदिर, महादेवन टोला मंदिर, कालिका मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कल (आज) प्रातःकाल सफाई व्यवस्था के साथ–साथ चूने का रेखांकन कराया जाएगा।

## वैज्ञानिक कृषि तकनीक अपना कर आय दुगनी संभवः प्रिया शाक्य

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी सभागार में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली का 94 वा स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसानों की मेहनत तथा कृषि वैज्ञानिको द्वारा तकनीकी के प्रचार प्रसार के फलस्वरुप जनपद के किसानों को अपनी आय बढ़ाने में सफलता प्राप्ति हुई है। सरकार की सहायता व अथक प्रयास से किसान अपनी आए को बढ़ाने तथा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। स्थापना दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने की। उन्होंने कहा कि किसानों से ही देश समृद्ध है। नई कृषि तकनीक वाह अधिक आए देने वाली फसलों किसानों की आय बढ़ाना संभव कृषि राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने एफ. पी. ओ. को बढ़ावा देने तथा नवयुवकों को रोजगार से जुड़ने की बात कही। कृषकों के द्वारा के द्वारा उत्पादित बेबी कार्न मक्का तथा लाल भिंडी को प्रदर्शित किया। केंद्र के अध्यक्ष के अध्यक्ष डॉ बीके कनौजिया ने सभी का स्वागत करते हुए किसानों को इस मौसम में धान के स्थान पर तिल, मूंग व उर्द की खेती के साथ–साथ जल के



संरक्षण के उपाय की जानकारी दी। डॉ पूनम सिंह व डॉ चंद्रकला ने महिलाओं को किचन गार्डन के बारे में बताया। डॉ अमर सिंह ने पौध उत्पादन तथा डॉ सुशील कुमार ने स्वयं सहता समूह की जानकारी दी। डॉ विनोद कुमार तथा डॉ सी के राय ने केंद्र पर मृदा परीक्षण में किसानों की मदद की। इस अवसर पर नेशनल फार्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा मृदा परीक्षण किया गया। डॉ अरविंद यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## असोथर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर असोथर थाना अध्यक्ष नीरज यादव के नेतृत्व में असोथर पुलिस ने रविवार रात्रि अभियान वांछित/एनवीडब्लू/ धारा 82/83/पुरुस्कार घोषित व जिला बदर अभियुक्तो की गिरफतारी के अभियान के तहत एक नफर वारण्टी रामलखन पुत्र लल्ली पासी उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम सातो धरमपुर थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया और न्यायालय भेजा गया।




## संक्षिप्त समाचार

### साप्ताहिक बाजार से बाइक पर हाथ साफ कर गये चोरी

लखीमपुर,खमरिया,खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के अंतर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खमरिया स्थित बीते शनिवार साप्ताहिक बाजार का दिन था। साप्ताहिक बाजार में क्षेत्र के हजारों लोग अपना सामान क्रय विक्रय करने के लिए आते हैं। यहां की बाजार सैकड़ों वर्ष पुरानी है। कल शाम को सुनील कुमार पुत्र बनवारी निषाद ग्राम लखपेडा थाना ईसानगर निवासी अपनी डीलक्स बाइक बाजार में खड़ी कर सब्जी खरीदने चले गए। जब वह सब्जी खरीद कर वापस आये तो बाइक खड़ी करने वाले स्थान पर गए तो देखा उनकी बाइक गायब थी। बाइक 4 वर्ष पूर्व खरीदी थी। सुनील काफी देर तक बाजार में इधर–उधर खोजबीन करते रहे, लोगों से जानकारी की परंतु बाइक न मिलने पर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खमरिया में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बंध में खमरिया चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है सन्दिग्ध लोगों से पूछ तांछ की जा रही है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन

लखीमपुर,खमरिया–खीरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवापुर पडरी में सीएचसी खमरिया प्रभारी डॉ पंकज भार्गव व डॉ प्रीति वर्मा तथा डॉ संदीप गुप्ता ने कैंप लगाकर संचारी रोगों, कोरोना जांच व सभी प्रकार के रोगों के इलाज के लिए आज यहां करीब 140 मरीजों ने अपनी जांच कराई तथा दवा प्रदान की गई। यह क्षेत्र घाघरा नदी से घिरा हुआ है यहां करीब 20 ग्राम सभाओं में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है तथा यहां से डिस्टिक हॉस्पिटल लखीमपुर की दूरी लगभग 70 किलोमीटर है यहां से आम जनमानस को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें सैकड़ों मरीज अपने परिवारों के साथ आते हुए दिखाई पड़ते हैं इस कैंप से क्षेत्रवासियों को अपने इलाज के लिए इधर–उधर नहीं भटकना पड़ता है।

### महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति का जनपद दौरा 20 को

लखीमपुर,खीरी। उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति 20 जुलाई को दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रही। उक्त आशय की जानकारी डीपीओ संजय कुमार निगम ने दी। उन्होंने बताया कि आयोग की सदस्य 20 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जन सुनवाई करेंगी, जिसमें कोई भी पीड़ित, शोषित महिला अपनी शिकायत दर्ज कराकर निदान करा सकती है। जनसुनवाई में सीएमओ, एसडीएम सदर, सीओ सदर, थाना प्रभारी महिला थाना मौजूद रहेंगे। 21 जुलाई को गोला तहसील के कृषक समाज इंटर कॉलेज में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज–4.0 के तहत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता चौपाल आयोजित होगी।

### पुलिस परिवार हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

लखीमपुर,खीरी। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी लाइन के कुशल मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन के बेहतर स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव हेतु पुलिस लाइन खीरी परिसर में "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में डॉ0 लाल पाथ लैब्स द्वारा कैम्प लगाकर पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच हेतु ब्लड सैंपल क्लेक्ट किया गया। ब्लड सैंपल का परीक्षण करके ब्लड शूगर लेबल, कोलेस्ट्रोल, हीमोग्लोबिन, टीएसएच, वीटामिन डी, एचबीए1सी आदि महत्वपूर्ण रिपार्ट उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके आधार



पर स्वास्थ्य का मुल्यांकन करके आवश्यकतानुसार इलाज कराया जा सकेगा। उक्त शिविर से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा तथा बीमारियों की समय से जानकारी हो जाने से बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

### शोरूम का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर शहर के डाक बंगला के समीप जीटी रोड पर स्थित सनी टोयोटा शोरूम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू ने फीता काटकर किया। शोरूम के संचालक राघवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि फतेहपुर जिले में यह पहला शोरूम है अब ग्राहकों को कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ जाने की जरूरत नहीं है। टोयोटा कंपनियां की सभी रेंज की गाड़ियां अब यहां से बुक की जा सकती हैं। शोरूम के संचालक राघवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि टोयोटा कंपनी जानी–मानी कंपनी है। आरामदायक भरोसेमंद घर–घर टोयोटा आएगी। उद्घाटन



अवसर पर कंपनी के जीएम रामगोपाल, सेल्स एवं सेल्स मैनेजर रमाकांत जायसवाल, सुरेंद्र सिंह गौतम, जगजीत सिंह, सज्जन सिंह, संजय सिंह, विपिन सिंह यादव, शेख बिलाल, मोनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय....

### भगवान शिव पर दूध क्यों चढ़ाया जाता है

हिंदू धर्म में भगवान शिव की पूजा–उपासना के लिए सोमवार का दिन समर्पित किया गया है। इस दिन भगवान भोलेनाथ के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए कई तरह के उपाय करते हैं। जिससे भगवान शिव का आशीर्वाद भक्तों पर बना रहे। भगवान शिव अपने भक्तों से बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। इसके लिए शिव भक्त को अधिक मेहनत की आवश्यकता नहीं होती है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शास्त्रों में कई विधि–विधान बताए गए हैं। जिसमें भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, दूध अर्पित करने आदि का भी उल्लेख मिलता है। आइए जानें कि शिवलिंग पर दूध क्यों चढ़ाया जाता है और ऐसा करने से क्या होता है? पौराणिक मान्यता पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जो विष निकला था, वह संसार के लिए बेहद खतरनाक था। जिसका पान भगवान शिव ने कर लिया था। विष पीने की



गिरजाबंध हनुमान मंदिर, रतनपुर (छत्तीसगढ़)

वजह से भगवान शिव का शरीर जलने लगा। तभी वहां उपस्थित सभी देवताओं ने उनके ऊपर जल चढ़ाना शुरू किया, लेकिन कोई ज्यादा असर नहीं हुआ। तभी सारे देवताओं ने भगवान शिव से दूध ग्रहण करने का आग्रह किया। दूध पीने से भगवान शिव पर विष का असर कम हो गया और भगवान शिव का शरीर जलने से बच गया। उसी समय से भगवान शिव पर दूध अर्पित करने की परंपरा आरंभ हुई।

भगवान शिव की पूजा करने की विधि

–सोमवार के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। इस दिन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लें।

–इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापना कर उनका जलाभिषेक करें।

–भगवान शिव को मंत्रोच्चार के साथ धतूरा, दूध, फूल, बेल पत्र, सुपारी और पंचामृत अर्पित करें और फिर माता पार्वती को सोलह श्रृंगार चढ़ाएं।

–अब तिल के तेल का दीपक जलाएं और  नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।

–अंत में शिव चालीसा का पाठ करें।

ये है दुनिया का एकमात्र मंदिर, जहां स्त्रीरूप में हैं हनुमान

दुनियाभर में भगवान हनुमान के कई अनोखे मंदिर हैं, लेकिन भारत में एक ऐसा भी मंदिर है, जो भगवान हनुमान के बाकी सभी मंदिरों से अलग है। यह मंदिर सबसे अलग और खास इसलिए है क्योंकि इस मंदिर में भगवान हनुमान पुरुष नहीं बल्कि स्त्री के रूप में पूजे जाते हैं। हनुमान जी का यह मंदिर छत्तीसगढ़ के रतनपुर गांव में है। जहां हनुमान जी की नारी प्रतिमा की पूजा होती है। माना जाता है कि हनुमान जी की यह प्रतिमा दस हजार साल पुरानी है। जो भी भक्त श्रद्धा भाव से इस हनुमान प्रतिमा के दर्शन करते हैं, उनकी सभी मनोकामना पूरी होती है।

इस क्षेत्र मे भगवान हनुमान के नारी रूप में होने के पीछे एक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार, प्राचीन काल में रतनपुर के एक राजा थे पृथ्वी देवजू। राजा हनुमान जी के भक्त थे। राजा को एक बार कुष्ट रोग हो गया। इससे राजा जीवन से निराश हो चुके थे। एक रात हनुमान जी राजा के सपने में आए और मंदिर बनवाने के लिए कहा। मंदिर निर्माण का काम जब पूरा हो गया तब हनुमान जी फिर से राज के सपने में आए और अपनी प्रतिमा को महामाया कुण्ड से निकालकर मंदिर में स्थापित करने का आदेश दिया। जब राजा ने महामाया कुंड में भगवान हनुमान की प्रतिमा देखी तो वह नारी रूप में थी। राजा ने भगवान के आदेश के अनुसार भगवान हनुमान की उसी नारी रूपी प्रतिमा की स्थापना कर दी। ऐसी है यहां की मूर्ति

हनुमान जी की यह प्रतिमा दक्षिणमुखी है। इनके बायें कंधे पर श्री राम और दायें पर लक्ष्मण जी विराजमान हैं। हनुमान जी के पैरों के नीचे दो राक्षस हैं। मान्यता है कि हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करने के बाद राजा ने कुष्ट रोग से मुक्ति एवं लोगों की मुराद पूरी करने की प्रार्थना की थी। हनुमान जी की कृपा से राजा रोग मुक्त हो गया और राजा की दूसरी इच्छा को पूरी करने के लिए हनुमान जी सालों से लोगों की मनोकामना पूरी करते आ रहे हैं।

### तब और अब का अंतर!

जब नहीं था हमारे पास अलार्म,
स्वयं से याद रखते थे सारे काम,
ना था मोबाइल फोन और व्हाट्सएप,
मिलते थे अपनों से, सुबह, शाम!
अनजानो से हालचाल पूछते हैं फेसबुक पर,
नहीं पता क्या हो रहा है, स्वयं के घर,
अपनों के लिए बिल्कुल समय नहीं,
नई पीढ़ी में आया कैसा असर!
बारिश की बूंदे और ठंडी हवा को छोड़,
ना सूरज की किरणें ना ही भागदौड़,
प्रकृति को महसूस करने की क्षमता हो गई कम,
यह जीवन का हे कौन सा मोड़!
गर्मी में ए.सी, ठंड में हीटर,
गर्मी में फ्रिज तो ठंड में गीजर,
शारीरिक शक्ति हो गई कम,
ना चल पाए हम दो–चार किलोमीटर!
देखें पूरी दुनिया को यूट्यूब मैं,
पढ़ाई करें मोबाइल के ई बुक में,
आंखों मैं कमजोरपन, सर्वाइकल और डिप्रेशन,
शरीर से नहीं ताकतवर पर दिमाग खूब है!
मानसिक रूप से लेते जाए ज्ञान,
पर भूले ना शरीर का रखना ध्यान,
जीवन में लेकर आए संतुलन ,
ना होते जाए सत्य से अनजान!!

# ब्रिटेन, बोरिस जानसन भारतवंशी ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनते नही देखना चाहते

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में भारतीय मूल के भारतवंशी ऋषि सुनक वैसे तो 2 चरणों की वोटिंग में निकटतम प्रतिद्वंदी पैनी मोर्दौंट से काफी आगे चल रहे हैं जबकि इंग्लैंड में यह माना जा रहा है कि महिला व्यापार मंत्री पैनी मोर्दौंत कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों के बीच काफी लोकप्रिय हैं तथा प्रधानमंत्री की दौड़ में आगे चल रही हैं। इसी महिला मंत्री को ऋषि सुनक के पीएम बनने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा माना जा रहा है। वैसे ऋषि सुनक भी कंजरवेटिव पार्टी में काफी लोकप्रियता रखते हैं। उल्लेखनीय है कि ऋषि सुनक भारत वंशी हैं अतः यह उनका ऋणात्मक पहलू भी हो सकता है। भारत वंशी होने का पहलू उनके लिए प्रधानमंत्री बनने की राह में एक बड़ा सेटबैक ना बन जाए। पहेली दौर में ऋषि सुनक 88 वोट लेकर कंजरवेटिव पार्टी में पेनी मोरडॉन्ट जोकि केवल 67 वोट पाकर दूसरे स्थान में थी दूसरे दौर की वोटिंग में 101 वोट लेकर सबसे आगे थे। वही उनकी प्रतिद्वंदी महिला मंत्री 83 वोट लेकर दूसरे स्थान में थी।यह माना जा रहा है कि कंजरवेटिव पार्टी के 876 सदस्यों के बीच कराए गए सर्वेक्षण में महिला मंत्री, ऋषि सुनक से कहीं आगे चल रही थी,दूसरे नंबर पर केमी बेडिनोक की दावेदारी में ऋषि सुनक के बराबर चल रहे हैं। इसके पहले सर्वे में ऋषि सुनक तथा मोरडॉन्ट के बीच 1 फीसदी का अंतर था। बोरिस जॉनसन द्वारा 7 तारीख को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहने दिया गया था। उन्होंने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री पद के किसी भी उम्मीदवार के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से चुनाव में शामिल नहीं होंगे। अब बदली हुई परिस्थितियों में बोरिस जॉनसन ऋषि सुनक का खुलकर विरोध कर रहे हैं ।वह नहीं चाहते कि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठे और इसके लिए वह लगातार दूसरे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार का समर्थन करते आ रहे हैं,ऋषि सुनक का पुरजोर विरोध कर रहे हैं इसके पीछे बोरिस जॉनसन कारण बताते हैं कि ऋषि सुनक लगातार योजना बनाकर कंजरवेटिव पार्टी के अंदर बोरिस जॉनसन के इस्तीफे की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे थे और ऋषि सुनक के कारण ही बोरिस जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा था।हालांकि उन्होंने पहले घोषणा की थी कि वे सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी भी कैंडिडेट के लिए प्रचार अथवा उसका विरोध नहीं करेंगे पर अब स्थिति बदल गई है अब बोरिस जॉनसन भारतवंशी भारतीय मूल के ऋषि सुनक का खुलकर विरोध कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 42 वर्षीय ऋषि सुनक इंफोसिस के मालिक कृष्णमूर्ति के दामाद हैं और ब्रिटेन में कई वर्षों से जिम्मेदार पद पर कार्य करते आ रहे हैं। ऋषि सुनक 2015 में यॉर्कस के सांसद रहे हैं। 2015 से 2017 तक पर्यावरण खाद्य एवं ग्रामीण मामलों की चयन समिति में महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत रहे हैं। जनवरी 2018 से लेकर 19 तक ऋषि सुनक संसदीय सचिव रहे। बोरिस जॉनसन के प्रधानमंत्री रहते रहते ऋषि सुनक 2019 में ट्रेजरी के मुख्य सचिव तथा प्रिवी काउंसिल के सदस्य बने, 2020 के मंत्रिमंडल के फेरबदल में उनको राजकोष के चांसलर के रूप में पदोन्नत किया गया। बोरिस जॉनसन की नीतियों के खिलाफ विरोध करने तथा प्रधानमंत्री बने रहने के विरुद्ध इस्तीफा देने वाले वह पहले मंत्री थे।

बोरिस जॉनसन अब विदेश मंत्री लीज ट्रस्ट के पक्ष में लगातार घूम घूम कर माहौल बना रहे हैं ।इसके अलावा इस ट्रस्ट के कट्टर समर्थक जैकब रोस और नोदीन डोरिस भी विदेश मंत्री के पक्ष में माहौल बनाने में लगे हुए हैं यह माना जा रहा है की बोरिस जॉनसन तथा विदेश मंत्री लीज ट्रस्ट को ऋषि सुनक का सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी बनाकर कंजरवेटिव पार्टी में माहौल बनाने में लगे हुए हैं। अब स्थिति यह है कि ऋषि सुनक के खिलाफ ब्रिटेन मूल के ही विदेश मंत्री तथा महिला मंत्री को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मुहिम बनाई जा रही है। बोरिस जॉनसन प्रधानमंत्री आवास में कंजरवेटिव पार्टी जिसे टोरी पार्टी भी कहा जाता है की विशेष बैठक लेकर सदस्यों से ऋषि सुनक के खिलाफ व्यक्तिगत दुश्मनी जैसा माहौल बनाया जा रहा है ऋषि सुनक के विरुद्ध विदेश मंत्री या महिला मंत्री को प्रधानमंत्री बनाने की बात कही जा रही है जबकि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफा देने के बाद प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में 20 सांसदों का समर्थन लेकर पहले स्थान पर है उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर को प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी। यह आपको बता दें कि 1922 कमेटी ऑफ बैकबेंचर सांसदों ने चुनाव के लिए समय सारणी कथा नियम निर्धारित किए हैं कमेटी के अध्यक्ष ग्राम ब्रैंडी ने नियमों तथा आचार संहिता की

# सांकेतिक नियुक्तिके बाद भी केवल रबर स्टाम्प नहीं है राष्ट्रपति।

राष्ट्रपति केवल मंत्रिमंडल की सलाह पर फैसले लेंगे। उन्हें केंद्र या राज्य सरकार के कामकाज में दखल देने का अधिकार नहीं है। यह सच नहीं है। राजेंद्र प्रसाद और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे राष्ट्रपति थे जो कुछ नीतिगत मुद्दों पर सरकार के साथ खुले तौर पर मतभेद रखते थे। राष्ट्रपति जो गंभीर शपथ लेता है, उसे करने की आवश्यकता होती है।

–प्रियंका श्सौरभश

महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई, 2022 को समाप्त हो रहा है, भारत के 16वें राष्ट्रपति के पद को भरने के लिए चुनाव 18 जुलाई को होगा। राष्ट्रपति कोविंद का उत्तराधिकारी चुनने के लिए मतदान में सांसदों और विधायकों सहित 4,809 मतदाता शामिल होंगे। 2017 में हुए पिछले चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार मीरा कुमार को हराकर रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति बने थे. कोविंद को कुल 10,69,358 मतों में से कुमार के 3,67,000 मतों की तुलना में 7,02,000 मत मिले। लेकिन एक बार राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उत्साह कम हो जाता है और अगले पांच साल तक राष्ट्रपति भवन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है।

अध्याय ٧ (कार्यकारी) के तहत संविधान (संघ) के भाग ट में भारत के राष्ट्रपति की योग्यता, चुनाव और महाभियोग की सूची है। भारत का राष्ट्रपति भारत गणराज्य के राज्य का प्रमुख होता है। राष्ट्रपति भारत की कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का औपचारिक प्रमुख होता है और भारतीय सशस्त्र बलों का कमांडर–इन–चीफ भी होता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 53 में कहा गया है कि राष्ट्रपति अपनी शक्तियों का प्रयोग सीधे या अधीनस्थ प्राधिकारी द्वारा कर सकते हैं, कुछ अपवादों के साथ, राष्ट्रपति में निहित सभी कार्यकारी अधिकार, व्यवहार में, मंत्रिपरिषद द्वारा प्रयोग किए जाते हैं। अनुच्छेद 57 के तहत, एक व्यक्ति जो राष्ट्रपति के रूप में पद धारण करता है, या जिसने पद धारण किया है, इस संविधान के अन्य प्रावधानों के अधीन, उस पद के लिए फिर से चुनाव के लिए पात्र होगा।

भारतीय राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचन मंडल प्रणाली के माध्यम से किया जाता है, जिसमें वोट राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सांसदों द्वारा डाले जाते हैं। चुनाव भारत के चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा आयोजित और देखरेख करते हैं। निर्वाचक मंडल में संसद के ऊपरी और निचले सदनों के सभी निर्वाचित सदस्य (राज्यसभा और लोकसभा सांसद) राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं (विधायकों) के निर्वाचित सदस्य होते हैं। प्रत्येक सांसद या विधायक द्वारा डाले गए वोट की गणना एक वोट के रूप में नहीं की जाती है।

राज्यसभा और लोकसभा के एक सांसद द्वारा प्रत्येक वोट का निश्चित मूल्य 708 है। इस बीच, प्रत्येक विधायक का वोट मूल्य की गणना के आधार पर एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न होता है, जो कि इसकी संख्या की तुलना में इसकी जनसंख्या का कारक है। इसकी विधान सभा में सदस्य। उत्तर प्रदेश में अपने प्रत्येक विधायक के लिए सबसे अधिक वोट मूल्य 208 है। महाराष्ट्र में एक विधायक के वोट का मूल्य 175 है, जबकि अरुणाचल प्रदेश में सिर्फ 8 है। प्रत्येक विधायक के वोट का मूल्य निर्धारित किया जाता है।

एक मनोनीत उम्मीदवार साधारण बहुमत के आधार पर जीत हासिल नहीं करता है बल्कि वोटों के एक विशिष्ट कोटे को हासिल करने की प्रणाली के माध्यम से होता है। मतगणना के दौरान, चुनाव आयोग ने पेपर मतपत्रों के माध्यम से निर्वाचक मंडल द्वारा डाले गए सभी वैध मतों का योग किया और जीतने के लिए, उम्मीदवार को डाले गए कुल मतों का 50ः 1 सुरक्षित करना होगा। आम चुनावों के विपरीत, जहां मतदाता किसी एक पार्टी के उम्मीदवार को वोट देते हैं, निर्वाचक मंडल के मतदान मतपत्र पर उम्मीदवारों के नाम वरीयता क्रम में लिखते हैं। राष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होता है और मतदान गुप्त मतदान द्वारा होता है।

राष्ट्रपति के चुनाव में देश की जनसंख्या जनसंख्या की भूमिका और उनके प्रति जिम्मेदारी एक महत्वपूर्ण कारक है, जिसका अर्थ है कि राष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया में लोगों की उपस्थिति बहुत अधिक दिखाई देती है। यह एक सदस्य, एक वोट के आधार पर विधायकों द्वारा केवल वोट की तुलना में राष्ट्रपति को व्यापक आधार देता है। यह राष्ट्रपति को अधिक नैतिक अधिकार भी देता है।वह सीधे संघ के कार्यकारी अधिकार का प्रयोग नहीं करता है, लेकिन वह मंत्रिपरिषद के निर्णय से असहमत हो सकता है, उन्हें सावधान कर सकता है, उन्हें सलाह दे सकता है, आदि। निर्णय पर पुनर्विचार के लिए कह सकते हैं राष्ट्रपति मंत्रिमंडल से अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करने के लिए कह सकते हैं। सरकार की कैबिनेट प्रणाली के तहत, यह कैबिनेट है जो सरकार के फैसलों के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रपति किसी भी तरह से उन निर्णयों के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं है जिन्हें वह अनुमोदित करता है। भारत का संविधान चाहता है कि राष्ट्रपति सतर्क और उत्तरदायी हों, और उन्हें कार्यपालिका के संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से अप्रभावित चीजों के बारे में व्यापक दृष्टिकोण रखने की स्वतंत्रता देता है। लोगों की भलाई के साथ–साथ संविधान की रक्षा और रक्षा करेगा और राष्ट्रपति स्वयं को भारत के लोगों की सेवा और भलाई के लिए समर्पित करेगा।

पंजाब के शमशेर सिंह राज्य में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल और राष्ट्रपति केवल राज्य के पूर्व प्रमुख हैं जब उन्हें संविधान द्वारा अपेक्षित संतुष्टि की आवश्यकता होती है, तो यह उनकी व्यक्तिगत संतुष्टि नहीं होती है, बल्कि मंत्रिपरिषद की संतुष्टि होती है, जिसकी सहायता और सलाह पर वे शक्तियों और कार्यों का प्रयोग करते हैं। राजनीतिक वंशवाद के अलावा, राष्ट्रपतियों की नियुक्ति में अक्सर सांकेतिकता की बू आती है।

राष्ट्रपति केवल मंत्रिमंडल की सलाह पर फैसले लेंगे। उन्हें केंद्र या राज्य सरकार के कामकाज में दखल देने का अधिकार नहीं है। हालांकि, यह सच नहीं है। राष्ट्रपति सरकार के किसी भी फैसले से जुड़ी फाइल मंगवा सकता है। नीलम संजीव रेड्डी राष्ट्रपति थे तो भारत–पाक संबंधों पर पाकिस्तान में तैनात नटवर सिंह से सीधे रिपोर्ट लेते थे। नटवर सिंह शुरुआत में झिझके। लेकिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर वह राष्ट्रपति को भी रिपोर्ट देने लगे। डॉ. कलाम राष्ट्रपति थे तो उन्होंने गुजरात दंगों के बाद नरोडा पाटिया का दौरा किया। राज्य से राहत कार्यों पर रिपोर्ट भी मांगी।

राष्ट्रपति की प्रमुख भूमिका संसदीय सरकार को संसदीय अराजकता बनने से रोकना है और यह राष्ट्रपति का अधिकार है जो देश और लोगों को एक साथ बांधे रखता है। राजेंद्र प्रसाद और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे राष्ट्रपति थे जो कुछ नीतिगत मुद्दों पर सरकार के साथ खुले तौर पर मतभेद रखते थे और सरकार पर जबरदस्त प्रभाव डाल सकते थे। राष्ट्रपति के लिए यह संभव है कि वह सरकार से असहमत हो या कार्यपालिका के अत्याचार के खिलाफ नागरिकों की ओर से हस्तक्षेप करे और उसे अपने तरीके छोड़ने के लिए राजी करे।

राष्ट्रपति जो गंभीर शपथ लेता है, उसे करने की आवश्यकता होती है।

अनुच्छेद 78 के तहत राष्ट्रपति को संघ के मामलों के प्रशासन के बारे में प्रधानमंत्री से जानकारी प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। स्थापित परंपरा के तहत, राष्ट्रपति को अपनी शक्ति के प्रयोग में मंत्री परिषद को चेतावनी देने या प्रोत्साहित करने का अधिकार है। इसे साकार करने के लिए, भारत को राष्ट्रपतियों की आवश्यकता है, राष्ट्रपति पद के पदाधिकारियों की नहीं।

––प्रियंका सौरभ
रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,

# ग्लाइडल वेफर्स ब्रेन ट्यूमर के इलाज में काफी कारगर

सोनीपत। ब्रेन ट्यूमर एक ऐसी बीमारी है, जिससे भारत के लोग भी बड़ी संख्या में पीड़ित पाए जाते हैं. इंसान का ब्रेन अगर सही तरीके से काम करना बंद कर देता है, तो मानो उसका जीवन समाप्त हो जाता है. ऐसे में इस बीमारी को शुरुआती स्टेज में समझकर इसका सही वक्त पर इलाज कराने की आवश्यता है, ताकि इस घातक रोग से बचा जा सके. प्राइमरी स्टेज के ब्रेन ट्यमूर के इलाज को लेकर दिल्ली स्थित बीएलके–मैक्स अस्पताल में न्यूरोसर्जरी एंड न्यूरो स्पाइन के सीनियर डायरेक्टर और एचओडी डॉ. अनिल कुमार कंसल ने विस्तार से जानकारी दी और ग्लाइडल वेफर्स से इलाज के बारे में बताया.शुरुआती स्टेज के ब्रेन ट्यूमर में लोगों को सबसे ज्यादा ग्लियोमा ट्यूमर होता है. इसमें सबसे अधिक रोगी ग्रेड–4 के जीबीएम (ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफोर्म) से पीड़ित होते हैं. एक अनुमान है कि दुनियाभर में जीबीएम के 75000 मरीजों में से 60 फीसदी केस प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर के पाए गए.

घातक ग्लियोमा के इलाज के लिए जो सर्जरी, रेडियोथेरेपी या कीमियोथेरेपी की जाती है वो पिछले 30 साल से एक जैसे ही मेथड से की जा रही है. जबकि नए बायोड्रिगेडेबल वेफर्स ने उपचार को और अधिक सुरक्षित बना दिया है. खासकर, जिन नए मरीजों में जीबीएम के लक्षण पाए जाते हैं उनके लिए वेफर्स की तकनीक काफी कारगर है. ग्लाइडल वेफर, जीबीएम के इलाज का एक नया तरीका है जिसमें सर्जरी और रेडिएशन थेरेपी के साथ दवाइयों का इस्तेमाल किया जाता है. ग्लाइडल वेफर, एक बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर होता है, जिसमें 3.85 प्रतिशत कार्मुस्टीन होती है, बीसीएनयू होती है. सर्जरी के दौरान ये वेफर्स सीमित तरीके से 7.7 मिली ग्राम बीसीएनयू करीब 5 दिन तक रिलीज करते हैं. बीसीएनयू न्यूक्लियोप्रोटीन को एल्केलेट करता है और डीएनए सिंथेसिस और मरम्मत में हस्तक्षेप करता है. न्यूक्लियोप्रोटीन लाइसिन अवशेषों का कार्बोनिलेशन भी आरएनए और प्रोटीन संश्लेषण को कम कर सकता है।

डॉ. अनिल कुमार कंसल ने 46 साल के एक मरीज का उदाहरण भी दिया जिसे जीबीएम था और 2020 में उसका ऑपरेशन हुआ था. रेडियोथेरेपी और कीमियोथेरेपी के बाद मरीज को लगातार सिरदर्द की समस्या हो रही थी जिसके बाद उन्हें बीएलके–मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया. मरीज को हेमिपेरेसिस (रक्तिपित्त) की समस्या थी, वो होश में थे और सहयोग कर रहे थे. मरीज के एमआरआई समेत तमाम अन्य टेस्ट कराए गए जिसमें पता चला कि उनके मस्तिष्क की लेफ्ट साइड में गहरा दबाव है. इसके बाद मरीज की सर्जरी की गई जिसमें बाईं पार्श्विका क्रैनियोटॉमी से गुजरना पड़ा. इसमें डॉक्टर्स ग्लाइडल वेफर्स को एक्साइज रिकरंस लेसियन कैविटी में रखते हैं. ऑपरेशन के बाद एमआरआई किया गया।

जीबीएम एक घातक श्रेणी का ब्रेन ट्यूमर होता है. इसके इलाज में सर्जरी की जाती है और फिर उसके बाद कुछ सालों तक रेडियोथेरेपी और टेमोजोलोमाइड की जाती है. इन तमाम प्रयासों के बावजूद मरीज का जीवन नहीं बढ़ पाता है. जबकि बीसीएनयू वेफर्स के जरिए ऑपरेशन न्यूरोसर्जन्स द्वारा पिछले कुछ सालों में ही इस्तेमाल में लाया गया है. ग्लाइडल वेफर्स ग्लियोब्लास्टमा के इलाज का एक नया तरीका है. इसमें जहां ट्यूमर होता है वहां कार्मुस्टीन को बहुत ही नियंत्रित तरीके से बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर के जरिए पहुंचाया जाता है. जीबीएम, हाई ग्रेड ग्लियोमा जैसे ट्यूमर के मरीजों के इलाज का ये मेथड अमेरिका के एफडीए द्वारा अप्रूव है।

फरवरी, 2003 में अमेरिकी एफडीए ने हाई ग्रेड घातक ग्लियोमा मरीजों की सर्जरी और थेरेपी के लिए ग्लाइडल वेफर को मंजूरी दी. इसके लॉन्च होने के बाद से अकेले अमेरिका में ही 20 हजार से ज्यादा सर्जरी को ग्लाइडल वेफर्स की सहायता से पूरा किया गया. हाल में प्रकाशित एक रिपोर्ट बताती है कि हाई ग्रेड ग्लियोमा के जिन नए मरीजों का इलाज कार्मुस्टीन वेफर्स के जरिए किया गया उनके जीवन में वृद्धि हुई।

67 प्रतिशत केस में जीवन एक साल और 26 प्रतिशत केस में दो साल तक बढ़ा. जबकि औसत सर्वाइवल 16 महीना था. ये बात स्पष्ट है कि जीबीएम और नए मरीजों का ट्रीटमेंट वेफर्स के जरिए होने से जीवन की संभावनाएं ज्यादा बढ़ रही हैं।

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

: प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## सदस्या राज्य महिला आयोग लखनऊ का 20 जलाई को आगमन

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। मा0 सदस्या राज्य महिला आयोग, लखनऊ, उ0प्र0 कुमुद श्रीवास्तव जनपद में 20 जुलाई, 2022 को स्थानीय गेस्ट हाउस में मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं विषयक जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने हेतु जनपद में आ रही है। उक्त जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने दी है।

## मनन क्लीनिक का भिनगा विधायक ने किया उद्घाटन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा थाना मल्हीपुर पुलिस चौकी बदला चौराहा इंडियन बैंक के बगल विधान सभा क्षेत्र भिनगा की सपा विधायक इंद्राणी वर्मा ने मनन क्लीनिक का फीता काटकर किया शुभारंभ। विधायक ने कहा की जिस प्रकार वर्तमान समय में भीषण गर्मी पड़ रही है खेतों में धूल उड़ रही है बरसात न होने के कारण किसान किसी प्रकार पैसों की व्यवस्था करके महगें दामों पर डीजल खरीदकर खेतों में धान की रोपाई कर रहा है। यदि बरसात का दौर ऐसे ही चलता रहा




तो किसान अपने बच्चों के पेट को भर पाना मुस्किल होगा। विधायक ने कहा कि विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीज अपने इलाज के लिए बदला चौराहे के पास मनन क्लीनिक के अनुभवी डॉक्टर उन मरीजों का कम दामों पर उनका सही इलाज करेंगे जिससे उन्हें यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर भिनगा विधायक इंद्राणी वर्मा, अरमान कैराती, डा0 ऋषिंभा वर्मा एमबीबीएस स्त्री, प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ धर्मेंद्र कुमार जनरल फिजिशियन डॉक्टर संदीप वर्मा तथा महेश चौधरी, बच्छराज वर्मा, सफीक खान, अनिल कुमार वर्मा, अंगद पटेल, शिवपाल वर्मा, कंधई लाल, बीरु वर्मा, रामेश्वर पवन आदि लोग मौजूद रहे।

## नशेड़ी युवक की अज्ञात कारण के चलते फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

नन्द मार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना गिलौला क्षेत्र के अंतर्गत एक घरवा गांव के दर्जी पुरवा में उस समय चीख पुकार होने लगी जब युवक का शव फंदे से लटकता परिवार वालों ने देखा। बीती रात अज्ञात कारण के चलते एक घरवा के दर्जी



पुरवा गांव निवासी नियामत अली पुत्र मुराद अली उम्र 30 वर्ष ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। ग्रामीणों तथा परिवार वालों के मुताबिक नियामत अली नशे का आदी था इस घटना से पूर्व दो बार आत्महत्या करने की कोशिश की थी। ग्रामीणों की सूचना पर थाना गिलौला की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भिनगा भेज दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी गिलौला से जानकारी ली गई तो बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यदि परिवार के लोग प्रार्थनापत्र देते है तो जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

## लाखों की लागत से बनाई गई पानी की टंकी से नहीं निकल रहा शुद्ध जल

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। इंडो नेपाल बार्डर से सटा भारतीय सीमा में घनी बस्ती में बसे गांव के लोगों को इस भीषण गर्मी में भी शुद्ध पेय जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण आज भी शुद्ध जल निर्मल काया,जल ही जीवन है की आश में जी रहे है। पानी के लिए लोग अपने घरों में छोटे छोटे हैंड पंप से निकल रहे प्रदूषित जल पीने को मजबूर है। विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरदरी जो नेपाल बार्डर से सटा हुआ अति पिछड़ा क्षेत्र भारतीय सीमा के अंदर घनी बस्ती में लोग निवास करते है। बी..डी.पी वर्ष 2016/17 में टी.टी. एस.पी पाइप पेय जल योजना से जल निगम



विभाग श्रावस्ती द्वारा लाखों की लागत से सोलर से चलने वाली टंकी का निर्माणकार्य पूरा किया गया। टंकी लगने से स्थानीय ग्रामीणों में एक आस जगी थी कि अब हमें छोटे हैंडपंपों का सहारा नही लेना पड़ेगा साथ ही निकल रहे प्रदूषित पानी के पीने से गंभीर विमारिया नहीं होंगी। और पानी से होने वाले तमाम प्रकार की बीमारियों से राहत मिलेगी। परंतु ऐसा नहीं हुआ जो सपना था वह मात्र कागजों पर सिमट कर रह गया। गांव के राम सुमिरन, पवन कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, राम समुझ सहित तमाम लोगों का कहना है कि टंकी को लगे करीब पांच वर्ष हो चुका हम ग्राम वासियों को कुछ ही महीने पानी की सप्लाई मिली। वर्षो से पानी टंकी बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समाचार पत्र के माध्यम से शुद्ध पेय जल योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता सकुशल बरामद

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई साथ ही महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगरधभिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय हमराह टीम द्वारा थाना को0 भिनगा पर पंजीकृत मुकदमा



अपराध संख्या 330/2022 धारा 363 भादवि से संबंधित अभियुक्त इरशाद पुत्र रिजवान निवासी नूरुद्दीनचक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को मुखबिर खास की सूचना पर मंगल भट्ठा टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 जगतराम मौर्या, कांस्टेबल विशाल वर्मा, व सुनीता मौजूद रही।

# ईमानदार निर्भीक पत्रकारिता के लिए पत्रकार हिफजुर्रहमान को मिला अवार्ड



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। भाजपा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर पत्रकारों को सम्मानित किया।
मीडिया का अस्ल उद्देश्य लोगों को अभिज्ञ और शिक्षित बनाना है ताकि नये दृष्टिकोण तथा नई चुनौतियों को वह स्वीकार कर अपनें जीवन को इन्किलाब से परिचित करा सके।सम्मान समारोह में हिफजुर्रहमान के इन विचारों को लोगों नें बहुत सराहा गया। शनिवार 16 जुलाई की शाम उर्दू मिडिया हाउस लखनऊ में अवधनामा समाचार पत्र के 22 वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा नें शिरकत की ,इस यादगार कार्यक्रम में जनपद हमीरपुर के कस्बा मौदहा निवासी हिन्दी तथा उर्दू भाषाओं के ईमानदार, निर्भीक निष्पक्ष तथा पत्रकारिता के उसूलों पर चलनें वाले हिफजुर्रहमान को भाजपा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा नें प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया। हिफजुर्रहमान नें अपनी योग्यता के बल पर बहुत कम समय में न केवल जिला बल्कि प्रदेश स्तर की पत्रकारिता जगत में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है।इस मौके पर अम्मार रिजवी, शारिब रुदौलवी, प्रदीप कपूर, तकदीस फातिमा, साबिरा हबीब व उत्तर प्रदेश के कई जिलों के पत्रकार व अतिथिगण उपस्थित रहे।

# विधायक ने पीएम से की क्षेत्र में विकास की चर्चा



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। बुदेलखांड एक्सप्रेसवें का उद्घाटन करने उत्तर प्रदेश के जालौन जिले आए देश के प्रधानमंत्री से हमीरपुर सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए हमीरपुर मे बस स्टैड व्यवस्था व अन्य व्यस्ताओं को लेकर चर्चा हुई साथ ही क्षेत्र में नई तकनीकियो के प्रति विकास करने की बात कही गई। सदर विधायक द्वारा समय समय पर क्षेत्र के विकास के लिए कदम उठाया जाता है।

## मा. उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्घाटन

ओंकार नाथ चौधरी। उ० प्र० राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में श्री आदिशक्ति मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन तुलसीपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का निशुल्क किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, जनपद बलरामपुर उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण एवं सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में श्री आदिशक्ति मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन तुलसीपुर में आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मा० उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लेफ्टिनेंट जनरल रविंद्र प्रताप शाही द्वारा किया गया। इस दौरान महंत देवीपाटन मंदिर श्री मिथलेश नाथ योगी उपस्थित रहे। इस दौरान मा० उपाध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भ्रमण कर चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को प्रदान किए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा निशुल्क दवा वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर परीक्षण में रेफर मरीजों का सहारा हॉस्पिटल लखनऊ में निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य प्रबंधन प्राधिकरण आपदा के समय आम जनमानस के हित में काम करने के साथ ही साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रहा है, उन्होंने कहा कि जनपद में जल्द ही थारू जनजाति क्षेत्र पचपेड़वा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।
माननीय उपाध्यक्ष द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को डर्मेटोलॉजिस्ट नियुक्ति किए जाने का निर्देश दिया गया।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुशील कुमार,उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दुबे, एसडीएम बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, आपदा सलाहकार सचिन मदान, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार, तहसीलदार तुलसीपुर, सहारा हॉस्पिटल के डॉ० मनीष सिंह व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## धुलाई के बाद टैक्टर चालक टैक्टर को मोड़ते समय पीछे आ रही बाइक सवार को मारी टक्कर हुआ घायल

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा का मजरा शिकारी गांव निवासी मोहम्मद हकीम उर्फ लादेन (35) पुत्र मोहम्मद यासीन अपने घर से मल्हीपुर बैरियर चौराहा स्थित शीतल पेय पदार्थ की दुकान पर आते समय जमुनहा तहसील मुख्यालय के पास धुलाई मशीन पर धुलाई करके ट्रैक्टर चालक टैक्टर पीछे मोड़ने के दौरान बाइक सवार लादेन को जोरदार टक्कर मार दिया।
जिससे मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया जिससे लादेन का दाहिना पैर टूट कर गम्भीर रूप से घायल हो गया।



आसपास के ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दिया तो मौके पर पहुचे परिवार वालों ने निजी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रैफर कर दिया। वही ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

# ''राष्ट्रीय कृमि मुक्तिदिवस'' अभियान के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

- 20 जुलाई, 2022 को चलाया जायेगा ''राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस'' अभियान : मुख्य विकास अधिकारी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में ''राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस'' अभियान के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जनपद में कृमि मुक्ति दिवस का प्रथम चरण 20 जुलाई, 2022 से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जायेगा। तथा छूटे हुए बच्चों का शत–प्रतिशत आच्छादन 25 से 27 जुलाई, 2022 के मध्य माप–अप चरण आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि किशोर–किशोरियों में कृमि के संक्रमण से मानसिक और शारीरिक विकास बाधित होता है। स्कूलों में अनुपस्थिति बढ़ती है और उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। आर्थिक उत्पादकता भी में कमी आती है। बच्चा कुपोषण और एनीमिया का शिकार हो जाता है। इससे बचाव हेतु जनपद में 20 जुलाई, 2022 से ''राष्ट्रीय कृमि मुक्ति'' अभियान चलाकर 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चो को घर–घर भ्रमण कर एल्बेन्डाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा बहू और आंगन बाडी कार्यकत्री) द्वारा घर–घर भ्रमण एल्बेन्डाजोल की खुराक दी जाएगी। मुख्य चिकित्सधिकारी डॉ. शारदा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कृमि मुक्ति के लिए दवा सेवन कराने से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। एनीमिया को नियंत्रित किया जा सकता है। बच्चों के सीखने की क्षमता, कक्षा में उपस्थिति में सुधार होता है। वयस्क होने पर काम करने की क्षमता और आय में बढ़ोतरी आदि जैसे फायदे होते हैं। इसलिए जिले में 20 जुलाई, 2022 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी अभय प्रताप, डी0पी0एम0ओ0 सहित समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।





# गैस सिलेंडर में आग लगने से तीन झुलसे





संवाददाता विमल पाण्डेय
दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- खाना बनाते समय सिलेंडर हुआ था लीक
- गंम्भीर घायलों को किया गया सैफई रिफर

फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक मजदूर की पत्नी के घर मे सुबह खाना बनाते समय लीकेज गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली।कुछ ही देर में लपटें निकलने लगी जिसे बुझाने के प्रयास में पिता और पुत्र आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए।ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे गैस एजेंसी की सुरक्षा कर्मी टीम और पुलिस ने पहुंचकर गैस सिलेंडर की लीकेज बंद कर आग पर काबू पाया।गम्भीर हालत में दो लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें सैंफई रिफर कर दिया गया। रविवार सुबह कोठीपुर गांव निवासी अतबल कुशवाह की पत्नी सतीश कुमारी खाना बना रही थी।तभी सिलेंडर ने आग पकड़ ली और भयंकर रूप धारण कर लिया।यह देख सतीश कुमारी चीखती हुई भागी तो अतबल और उनका बारह वर्षीय पुत्र अनमोल वहां पहुंचे और सिलेंडर को बाहर खींच लाये जिससे दोनों पिता पुत्र लपटों से झुलसकर बुरी तरह घायल हो गया।चीख पुकार सुनकर तमांम ग्रामीण भी पहुंच गए लेकिन सिलेंडर फटने के डर से कोई आगे नही बढ़ा यह देख अतबल के सत्तर वर्षीय पिता रामस्वरूप बेटे और पौत्र को बचाने के प्रयास में आये तो वो भी आग की चपेट में आकर घायल हो गये।ग्राम प्रधान की सूचना पर गैस एजेंसी की सुरक्षा टीम और पुलिस भी गांव पहुंच गई और काफी मेहनत करके आग बुझाकर सिलेंडर का रिसाव बन्द किया।परिजन अतबल व उसके पुत्र अनमोल को दिबियापुर ले गए जहां से उन्हें सैंफई रिफर कर दिया गया।

# मंगल गीत गाते हुए निकली कलश यात्रा

संवाददाता विमल पाण्डेय
दैंनिक अयोध्या टाइम्स
फफूंद (औरैया)। कस्बा के मोहल्ला जोगियान में स्थित मन्दिर पर मां पार्वती, भगवान शिव की मूर्ति स्थापना को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा मुहल्ला जोगियान से शुरू होकर कस्बा में स्थित मन्दिरो के चारों तरफ भ्रमण कर पुनरू मूर्ति स्थापना होने वाले स्थान पर आकर समाप्त हो गई। मूर्ति स्थापना करने को लेकर सुबह से ही श्रद्धालु भक्त कलश यात्रा निकालने को




ललायित रहे। रविवार को एकत्रित होकर कलश यात्रा मोहल्ला जोगियान से से 108 कुंवारी कन्याओं ने सर पर कलश लेकर कस्बा के मोहल्ला तिवारीयान में स्थित दया लक्ष्मी मन्दिर,राम मन्दिर, मुरादगंज तिराह, अछल्दा चौराह, ख्यालीदास समाधि आदि मन्दिरो में भ्रमण करते हुए पुनः आकर समाप्त हुई। कुंवारी कन्याएं एवं श्रद्धालु भक्त सिर पर कलश लेकर मां पार्वती एवं भोले शंकर के जयकारों के साथ चल रहे थे। आसपास का पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा के बाद मां दुर्गा और शिव जी की मूर्ति की स्थापना भी की गई। इस मौके पर पूरा कस्बा जयकारों से गूंजता रहा।

# श्रावण के पवित्र मास पर रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा शिवालयों एवं विद्यालय में लगाया गया रुद्राक्ष एवं अशोक के पौधे



श्रावण के पवित्र मास पर रोटरी क्लब कुशीनगर के द्वारा पर्यावरण को हरा–भरा बनाने हेतु रविवार तड़के सुबह शिव मंदिर परिसर भरौली, श्रीनाथ जी मंदिर परिसर कसया एवं जूनियर हाईस्कूल परिसर कसया में रुद्राक्ष एवं अशोक के पौधे ट्री–गार्ड सहित लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक एवं रोटरी उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने बताया कि नगर के शिव मंदिरों में रुद्राक्ष के पौधे लगाए गए है जो आगे चलकर एक आकर्षक का केंद्र बनेगा। साथ ही आज जूनियर हाईस्कूल कसया में अशोक के भी पौधे ट्री–गार्ड सहित लगाए गए हैं, जिससे पौधों की सुरक्षा हो सके। रोटरी के अध्यक्ष डॉ एम.एच.खान ने बताया कि इस सप्ताह नगर के अन्य शिव मंदिर परिसरों में भी रुद्राक्ष एवं अशोक के पौधों के साथ अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष डॉ एम एच खान, सचिव वाहिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार गुप्त, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सह–सचिव दिनेश कुमार यादव, सह–सचिव अरुण वर्मा, सह कोषाध्यक्ष, डॉ सुनील सिंह, निदेशक राजीव जायसवाल लक्ष्य, निदेशक अंकुर तुलस्यान, निदेशक शैलेंद्र त्रिपाठी, सदस्य गौरव मद्धेशिया, अश्विनी जायसवाल, विशाल शर्मा, दुर्गेश चतुर्वेदी एवं शम्भू कुशवाहा, आदिल खान एवं प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# यूपी में इन डेयरी प्रोडक्ट्स के कल से बढ़ जाएंगे दाम, प्राइवेट अस्पताल में बेड के लिए भी ढीली करनी होगी जेब

लखनऊ। महंगाई की मार झेल रही आम जनता को सोमवार से एक और झटका लग सकता है. उत्तर प्रदेश में सोमवार से दुध से बने प्रोडक्ट और कुछ अन्य चीजों के दाम में बढ़ोतरी होगी. ये बढ़ोतरी 18 जुलाई से दुग्ध प्रोडक्टों पर लग रहे जीएसटी के कारण होगी. इसके कारण दही, पनीर, शहद, और लस्सी के दाम बढ़ जाएंगे।

इन सभी दुध के प्रोडक्टों पर पांच फीसदी जीएसटी लगा दी गई है. लखनऊ में सोमवार से दुध प्रोडक्टों में बढ़ोतरी के बाद बाजार में मिलने वाले पैकेट बंद दुध से बने सामान महंगे हो जाएंगे. अगर बाजार में मिलने वाले पैकेट बंद दही की बात करें तो 200 ग्राम पैकेट वाले दही की कीमत 20 रुपए से बढ़कर 21 रुपए, 400 ग्राम पैकेट की दही की कीमत 30 रुपए से 31.50 रुपए हो जाएगी. वहीं 200 ग्राम पैकेट वाले पनीर की कीमत अब 80 रुपए के बदले 84 रुपए हो जाएगी. अगर लस्सी की बात करें तो 20 रुपए वाली पैकेट बंद लस्सी अब 21 रुपए की मिलेगी. इसके अलावा एक किलो शहद की कीमत अब 450 रुपए के जगह 472 रुपए हो जाएगी. जबकि आधा किलो शहद के दाम अब 240 रुपए से बढ़कर 262 रुपए हो जाएगी.



वहीं 250 ग्राम शहद की कीमत 120 रुपए से बढ़कर 126 रुपए हो जाएगी. अब 10 किलो वाला पैकेट बंद आटा 400 रुपए के बदले 420 रुपए हो जाएगा, तो पांच किलो वाला पैकेट बंद आटा अब दो सौ रुपए के जगह 210 रुपए का मिलेगा. जीएसटी में बढ़ोतरी के कारण निजी अस्पताल में पांच हजार रुपए से ज्यादा के किराए वाले कमरे पर अब पांच फीसदी जीएसटी लगेगा. हालांकि ये जीएसटी केवल गैर आईसीयू कमरों पर ही लगेगा. बता दें कि पांच हजार रुपए से कम के कमरे पर जीएसटी नहीं लगाया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## पकड़े की दुकान से चोरी कर जा रही महिलाओं को दुकानदारों ने पकड़ पुलिस को सौपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। दुकानो से चोरी करके भाग गई महिलाओं को दुकानदारो ने रेलवे स्टेशन के समीप से महिलाओं को सामान सहित पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उक्त पकड़ी गयी सभी महिलाएं गैर जनपद की बताई जा रही है। मुहल्ला जवाहर नगर के दुकानदार शगुन सूट सेंटर से साड़ियां चोरी करके भाग गई थी तभी दुकानदार ने काफी खोजबीन करके उनको रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ लिया और 112 डायल पुलिस को सूचना दी जिस पर पहुँची पुलिस ने आधा दर्जन महिलाओं को साड़ियों सहित पकड़कर कोतवाली लायी जंहा पर कोतवाली पुलिस महिलाओं से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पकड़ी गई महिलाएं अन्य जिले की बताई जा रही है।

## एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित ट्रक से टकराई डीसीएम इलाज के दौरान खलासी की हुई मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। जिले के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लगातार हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है इसके उपरांत वही हरदोई जनपद के संडीला से डीसीएम वाहन पर आम लादकर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते बलिया जनपद को जा रही एक डीसीएम वाहन जैसे ही एक्सप्रेस वे 136.600किलोमीटर पर पहुंची तो इसी बीच दाहिने से आगे जा रही ट्रक ने साइड मारते हुए अचानक ब्रेक मार दी।जिससे डीसीएम वाहन का अगला हिस्सा ट्रक में घुसकर



क्षतिग्रस्त हो गया।जिससे वाहन के चालक पंकज कुमार व खलासी खलासी अभिषेक दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां इलाज के दौरान चिकित्सक ने खलासी अभिषेक को मृत घोषित कर दिया।वही आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर विधिक कार्यवाही करना शुरू कर दिया है।

## आरोग्य मेले में आये 23 मरीज चेकप करके वितरित की गई दवा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
फफूंद (औरैया)। नगर में स्थित महिला चिकित्सालयध्प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में का



आयोजन किया गया। अपने रोग की इलाज कराने पहुंचे। उन्हें डॉक्टरों ने समुचित परामर्श देने के साथ ही सेहतमंद रहने के लिए जरूरी सलाह दी। शासन के आदेश पर रविवार को फफूंद नगर के ककोर मार्ग पर स्थित महिला चिकित्सालयध् प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मिले का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 सुधाँसू दीक्षित, डॉ0 शशी राज सक्सेना, फार्मासिस्ट सतेंद्र पांडेय, सीएचओ अंकिता कुमारी, स्वास्थ पर्वेक्षक सौरभ कश्यप व अवनीश कुमार की टीम ने आये हुये मरीजो का चेकप करने के बाद दवा देकर परामर्श दिया।

## युवक का शव आने पर परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
अछल्दा,औरैया। बाईकों की आमने सामने की भिड़न्त हो जाने पर युवक की मौत हो गयी थी स युवक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया स थाना क्षेत्र के ग्राम गुनोली निवासी अंशुल दीक्षित पुत्र दयानन्द दीक्षित उम्र 22 वर्ष शनिवार की रात्रि करीब 8 बजे अपने दोस्तों के साथ कछपुरा गांव में सोबरन शाक्य के यहाँ एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापिस अपने घर गुनोली आ रहे थे। तभी पंचवटी मन्दिर के



पास रुरुगंज की तरफ से आ रही बाईक से जोरदार टक्कर हो गयी थी जिसमें नगला जशोदा निवासी सुनील कुमार पुत्र राजेश भी गम्भीर रूप से घायल हो गये दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया था जहाँ डॉक्टरों द्वारा अंशुल दीक्षित की मृत घोषित कर दिया था।अंशुल के छोटे भाई भोले ने बताया कि मैं गुड़गांव जा रहा था मुझे अंशुल तेजपुर गांव में बस में बैठाकर घर आ गया था। रात्रि में दुर्घटना की जानकारी होने पर वापिस आ गया था। उसके बाद वह कछपुरा गांव में कार्यक्रम में गया था। युवक के शव पर माँ कमला देवी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह सेंगर ने मृतक के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## भारतीय संविधान सुरक्षा के संस्थापक पी पी सिंह राव जी का हुआ एक व्यक्ति ठगई का शिकार



संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
• अब भारतीय संविधान सुरक्षा संगठन का क्या करता है शासन और प्रशासन
अछल्दा,औरैया। भारतीय संविधान सुरक्षा के संस्थापक पी पी सिंह राव जी का हुआ ठगई का शिकार अछल्दा ब्लाक क्षेत्र के गाँव नगरिया में सर्वेश गौतम रहने वाला बेचारा गरीब जिसके छत पर नहीं है छत फिर भी पी पी सिंह राव ने अपने संगठन के आड़ में ठगाई करते हुए दिखे एक तरफ भारतीय संविधान सुरक्षा के संस्थापक पी पी सिंह राव समाज में बहुत बड़ी – बड़ी बाते करते हैं अपने संगठन के आड़ में बेचारा गरीब सर्वेश गौतम जो भारतीय संविधान सुरक्षा के एक पदाधिकारी है बेचारा गरीब जब पी पी सिंह राव जी से अपने पैसे की बात चलाता है तो उसे पी पी सिंह राव झूँठे मुकदमे में फांसने की देते है ।
धमकी एक तरफ पी पी सिंह राव समाज में जा – जाकर बड़ी– बडी बाते करते हैं और एक तरफ पी पी सिंह राव संस्थापक अपने संगठन में करते हैं ठगई।

## जिला महिला अस्पताल के गेट लगा हाईटेंशन का जर्जर पोल

• कभी भी हो सकता हादसा, जर्जर पोल के नीचे से होकर गुजरते हजारों लोग प्रतिदिन
दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिला मुख्यालय स्थित महिला जिला अस्पताल गेट पर जर्जर पोल लगा है जिसके ऊपर से 11 हजार हाईटेंशन की लाइन निकली हुई यह जर्जर पोल मुख्य मार्ग से सटा हुआ है जिसके नीचे से प्रतिदिन सैकडों आम जनता निकती है।
जिला मुख्यालय स्थित मुख्य मार्ग जिला महिला अस्पताल के ठीक गेट सड़क पर वर्षों पुराना विद्युत पोल खड़ा हुआ है जिसके ऊपर से 11 हजार हाईटेंशन की लाइन निकली हुई है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते यह विद्युत पोल नीचे से गल कर टूटा पड़ा है जो कभी भी गिरने की हालत में है।
बताते चले कि विद्युत जर्जर पोल जो कि मुख्य मार्ग पर लगा हुआ है जिसके नीचे से दिन–रात हजारों की संख्या में आम जनता निकलती रहती है।अगर समय रहते विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पोल न बदलने का काम नहीं किया तो कभी भी बड़ा हादसा होने से कोई नहीं रोक सकता है। शहर के गणमान्य नागरिकों ने विभाग से विद्युत पोल बदलवाये जाने की मांग उठाई है।

## महीनों से खराब पड़े हैंडपंप, बस्तियों में पेयजल संकट

• पेयजल के लिए भटकते ग्रामीण
दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। महेबा विकास खंड क्षेत्र के सौहारापुर गांव में कई हैंडपंप महीनों से खराब हैं। इसकी वजह से गांव की कई बस्तियों में पेयजल का संकट बना हुआ है। चल रहे लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। गर्मी में पेयजल के लिए हाहाकार की आशंका में ग्रामीण परेशान हैं।
सौहरापुर गांव की बस्ती में तीन महीने से हैंडपंप खराब हैं। मोहल्ले के लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान व सचिव से हैंडपंप रीबोर के लिए शिकायत की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसकी वजह से लोगों को पानी के लिए दूसरी बस्ती में भटकना पड़ता है। इसके अलावा गांव में दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े हैं। इनको अब तक दुरुस्त नहीं कराया गया है। गांव के लोगों का आरोप है कि प्रधान द्वारा दूसरों के नाम फर्जी हैंडपंप रीबोर दिखाकर सरकारी पैसा निकाल लिया गया है। खराब पड़े हैंडपंपों का रीबोर नहीं कराया है। इसकी वजह से पूरे गांव में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है।
रविंद्र ,संतोष,कौशल, रामस्वरूप आदि लोगों ने बताया कि प्रधान की मनमानी के चलते गांव में विकास कार्य नहीं हुआ है। साथ ही ग्राम निधि के खाते से पैसा निकाल कर बंदरबांट कर लिया गया है। सौहारापुर गांव में समस्याएं व्याप्त हैं।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एट टोल प्लाजा पर वृहद वृक्षारोपण की गयी शुरुआत थानाध्यक्ष ऐट प्रदीप कुमार




दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई जालौन। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण डिप्टी जनरल मैनेजर सुनील कुमार जैन के निर्देश के अनुसार एट टोल प्लाजा पर वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि परियोजना प्रबंधक सुल्तान अहमद खान, एम.के . सिद्दिकी, अजय कुमार दुबे, विशिष्ट अतिथि एट थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने अपने पुलिस बल के साथ एवं एट टोल प्लाजा के सीनियर मैनेजर के. के. शुक्ला, लाइन कंसलटेंसी शैलेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह ने वृहद वृक्षारोपण किया और आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सभी लोगों से आग्रह किया कि सभी लोग पेड़ अवश्य लगाएं जिसमें मुख्य रुप से एट टोल प्लाजा के स्टाफ पंकज कुमार पाल, मतीन खान, महेश यादव, हरिओम, विनोद कुमार, आनंद कुमार, जगदीश, अनंतराम, एम.डी खान, अफजल खान, शिवकुमार तोमर आदि सभी ने वृक्षारोपण किया।

## प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के संतोष सोनी नगर अध्यक्ष, ब्रजेश यादव युवा नगर अध्यक्ष बने

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स
• व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : बृजेंद्र गुप्ता

दिबियापुर,औरैया। रविवार को नगर के एक गेस्ट हाउस में प्रतिनिध उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई । जिसमे मुख्य अतिथि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता ने कहा कि किसी भी कीमत पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व्यापारी भी नियमानुसार अपना कारोबार करे। जिलाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग व्यापारिक समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियो से मिलकर उनका निदान कराकर व्यापारियों की मदद करे और उन्हें संगठन से जोड़े। समाजसेवी डाक्टर मनोज पोरवाल ने नगर की फैली गन्दगी पर सफाई व्यवस्था अच्छे ढ़ंग से न होने पर एक अभियान चलाने को कहा है व सभी व्यापारियों को एकजुट रहने की अपील की है ।बैठक के बाद जिलाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने प्रांतीय अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता की संस्तुति पर दिबियापुर नगर की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी।
जिसमें संतोष सोनी को अध्यक्ष , नवीन गणेश पोरवाल को महामंत्री एवं अमित पोरवाल को कोषाध्यक्ष व नगर के युवा व्यापारी ब्रजेश यादव को युवा नगर अध्यक्ष एवं अरुण पाल को नगर महामंत्री एवं श्याम पोरवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं पूरी कमेटी की घोषणा की जिसमे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पोरवाल,उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल,मो अख्तर,राजेश सक्सेना,मनोज शर्मा व वरिष्ठ मंत्री शैलेंद्र सोनी,मंत्री रामचन्द्र




पोरवाल (छोटे) ,अखिलेश जैन, योगेंद्र राजपूत,गौरव पोरवाल व संगठन मंत्री दीपक गुप्ता,संजीव कुमार ,राहुल सिंह,मुकेश गुप्ता,मो मसीद आदि है। मुख्य अतिथि ने सभी नवागत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर जिला महामंत्री अरविंद तिवारी ,जिला उपाध्यक्ष राजेश पोरवाल, विनोद पोरवाल,जिला सचिव सुनील यादव,युवा जिलाध्यक्ष नीरज पोरवाल, औरैया नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ,जिला उपाध्यक्ष विनीत मिश्रा,विनय पुरवार, पुष्प्स अग्निहोत्री,राजेश विश्नोई सहित श्याम बाबू पोरवाल,श्री कृष्ण पिछड़ा,अनिल पोरवाल,मदन पोरवाल,नवीन आदि ने संबोधित किया । संचालन कुलदीप पोरवाल ने किया। कार्यकम समाप्ति के बाद पदाधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

## यमुना तट पर स्थित नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल का लोकार्पण करने की मांग



संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स
औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समिति, औरैया की आवश्यक बैठक रविवार को दोपहर 3 बजे श्री पोरवाल धर्मशाला होमगंज, औरैया में संपन्न हुई, बैठक में प्रमुख रूप से यमुना नदी में बाढ़ आने से पीड़ित लोगों को होने वाली समस्या के संबंध में विचार विमर्श किया गया, जिसके अंतर्गत समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यमुना तट पर दिवंगत लोगों की अंत्येष्टियां करने में असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद, औरैया द्वारा विगत वर्ष 2020–21 में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के दिवंगत लोगों के पार्थिव शरीरों की अंत्येष्टि हेतु यमुना तट पर एक साथ आठ अंत्येष्टियो हेतु पक्का सीमेंटेड अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया था जिसका लोकार्पण अभी तक नहीं हुआ है, जिससे करोना काल व बाढ़ के उपरांत लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। यमुना नदी में बाढ़ के चलते लोगों ने अपने परिजनों की अंत्येष्टियां यमुना तट मार्ग पर करने हेतु मजबूर रहे, गौरतलब है कि अंत्येष्टि के उपरांत दूसरे दिन नदी में बढ़ते हुए पानी के सैलाब में दिवंगत लोगों की अस्थियां भी बह गई, जिससे पीड़ित परिवार के परिजनों में भारी आक्रोश रहा। अब यमुना नदी का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है, जिससे नीचे यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थल जलमग्न हो गया हैं, विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्यों ने जिला व नगर पालिका प्रशासन, औरैया से जनहित को दृष्टिगत रखते हुए अतिशीघ्र ऊपर स्थित अंत्येष्टि स्थल का लोकार्पण कराने की मांग की है, जिससे पीड़ित परिवार को यमुना नदी में बाढ़ के चलते दिवंगत लोगों की अंत्येष्टियां करने में सहूलियत मिलेगी। बैठक में प्रमुख रूप से सुनील अवस्थी, शशि गुप्ता, सभासद छैया त्रिपाठी, कपिल गुप्ता, आदित्य पोरवाल, सभासद पंकज मिश्रा, आनन्द गुप्ता डावर, रानू पोरवाल, संजय अग्रवाल, मनीष पुरवार हीरु, मोहित अग्रवाल, अर्पित दुबे एडवोकेट आदि सदस्य मौजूद रहे।

## विद्यालय के प्रबंधक द्वारा अपने जन्मदिन पर काटे केक

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत रामबरन पीजी कॉलेज के प्रबंधक द्वारा केक काटकर लोगों का आभार प्रकट किए वहीं दूसरी तरफ लोगों के बड़े भाई अजय भैया जो कि नेताजी के नाम से जाने जाते हैं, का जन्मदिन था जिन्होंने अपना संघर्ष गांव से जो कि एक बहुत पिछड़े इलाके में हां था बचपन से ही अपने समाज के लिए अपने लोगों के लिए कुछ किकर गुजरने की तमन्ना रहती थी।.प्रयाग की धरती पर



पहुंच कर अपनी शिक्षा दीक्षा के साथ अपने यहां से गए हुए तमाम नौनिहालों को जो अभाव में रहते थे उनके खानपान कॉपीकिताब शैक्षणिक विधा से जुड़े उन सभी चीजों की व्यवस्था करते रहें ..जिससे तमाम ऐसी प्रतिभाएं निकली जिनका सामाजिक उत्थान में योगदान नहीं तो है स्वयं के अंदर तो उर्जा संचरण करते रहे साथ साथ कुसुम भावनपुर के इस पिछड़े इलाके में शिक्षा की ज्योति जला कर जो महान कार्य भागीरथ प्रयास सराहनीय उनके मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है। समाज के उत्थान के लिए समय–समय पर अपने जिजीविषा में समाहित सारे प्रकाश पुंज को समाज में भी बिखेरते रहते हैं उनकी सरलता सहजता मानवता के प्रति आकर्षण उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम भाऊ आप का सानिध्य पाने के लिए अपने आप को रोक ना सके ऐसे महान व्यक्तित्व को हम नमन करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं।

## जहरीले जंतु के काटने से व्यक्तिकी हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महमूदपुर लखनपुर से जुड़ा हुआ है जहां पर सुबह लगभग 3रू00 बजे के आसपास महमूदपुर गांव निवासी गंगाराम कोरी पुत्र औरौनी उम्र लगभग 45 वर्ष खेत में किसी कार्य को लेकर गए थे ।वहीं पर अचानक किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। इसकी सूचना पर परिजनों ने आनन–फानन पर सीएचसी जयसिंहपुर भिजवाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने गंगाराम को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरी तरफ सूचना पर आई स्थानीय थाने की पुलिस ने गंगाराम के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया जिसके उपरांत मृतक का शव घर आते ही पारिवारिक जनों में कोहराम मचा हुआ है वही गांव के दूसरी तरफ पूर्व प्रधान प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, मौजूदा प्रधान जंग बहादुर व बीडीसी प्रतिनिधि सुधाकर वर्मा ने मृतक के घर पहुंच कर



परिवार को ढांढस बंधाया इसके पश्चात अस्थानी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल के बाद जांच पड़ताल में जुटी और मृतक का शव पोस्टमार्टम होने के पश्चात देर शाम घर पर आया जहां पर ग्राम वासियों की मदद से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## डॉ0 सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के सदस्यों ने इन पौधे के वृक्ष बनने तक करेंगे वृक्षित पौधों की देखभाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर अशोक वर्मा (लम्भुआ) सुल्तानपुर। डॉ० सोनेलाल पटेल फाउंडेशन ने की स्वर्गीय डॉ० सोनेलाल पटेल की 73वी जयंती के उपलक्ष्य में कम से कम 73 पौधे प्रदेश के सभी जिलों में चला वृक्षारोपण का कार्यक्रम, उसी कड़ी में आज सुल्तानपुर में भी डॉ० सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अविनाश पटेल की अगुवाई में जिले के कोने कोने डॉ० सोनेलाल पटेल को नमन करते हुए वृक्षारोपण किया गया है। इन रोपित वृक्षो में इमारती व फलदार वृक्ष शामिल है। इन सभी वृक्षो के देखभाल की जिम्मेदारी डॉ० सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के सदस्यों ने जब तक रोपित पौधे वृक्षों का रूप नही लेते तब तक इसकी सम्पूर्ण देखभाल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा की जाएगी। डॉ० सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अविनाश पटेल ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है आज के इस समय मे हर इंसान को पौधा जरूर लगाना चाहिए। वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए शुद्ध वातावरण को बनाए रखने के लिए वृक्ष ही एक मात्र सरल उपाय है। आज के इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में 'दिनेश श्रीवास्तव, राहुल सोनकर, जुबेर अहमद, राज कुमार शर्मा, स्वामीनाथ वर्मा, प्रवीण वर्मा, शिवलाल यादव, यश पटेल, लालफूल,जमुना वर्मा,राम सिंघासन,विनोद



वर्मा,रमेश कुमार,अनुज व राजेश आदि ने दर्जनों लोगों की मौजूदगी में सभी ने यह भी कहा कि प्रति वर्ष यह कार्यक्रम जारी रहेगा।

# एक दशक से भी ज्यादा समय होने पर नहीं हो पाया पुल का निर्माण

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! समस्तीपुर जिला के विद्यापति प्रखंड के मऊ शेरपुर दियारा क्षेत्र की बाया नदी पर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद भी 11 वर्षों में भी नहीं बन पाया। पुल बाया नदी के इस पार से उस पार जाने वाले हजारों किसान मजदूर एवं ग्रामीणों के साथ–साथ छात्र–छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लोगों का कहना है कि 2011 में ही इस पुल निर्माण का कार्य बिहार सरकार में रहे जल संसाधन मंत्री माननीय विजय कुमार चौधरी के समय में ही प्रारंभ किया गया था।जो कि आज तक इस पुल का निर्माण नहीं हो पाया। वही अपने कंपनियां कार्य करना प्रारंभ कर दी तो उन्हें इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि जहां हम कोई निर्माण कार्य प्रारंभ कर रहे हैं, वहां के जमीन दाताओं से एन ओ सी लेकर कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने यह भी बताया कि मऊ निवासी रंजन लाला के पुत्र के द्वारा ही अंतिम पुल के पिलरो के निर्माण पर रोक लगाया गया था। जो कि पुल निर्माण कंपनियां पर साफ सवाल उठता है कि उन्होंने पहले ही छब्ब लेकर क्यों नहीं कार्य प्रारंभ किया। वहीं मौजूद सभी ग्रामीणों ने भी इस बात की सत्यता की पुष्टि की। वही सभी ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा करके पानी कम रहने पर बांस के बने पुलिया एवं नाव के सहारे किसी तरह से इस पार से उस पार आ



छात्र– छात्राओं से मिलने जा रहे दृष्टि द साइंस विजन कोचिंग के चेयरमैन सोनी झा एवं संगीता मैम ने कहा कि जब इस पुल का निर्माण कोई जा रहे हैं।
साथ ही लोगों ने यह भी बताया कि बाढ़ के समय और भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# कार से चोरी करने गए एक चोर पकड़ाया तीन फरार,ग्रामीणों ने पकड़ा चोर



(अनिल कुमार संवादाता हरसिद्धि दैनिक अयोध्या टाइम) हरसिद्धि। कार से चोरी करने गए एक चोर पकड़ाया, तीन फरार। पानी पटवन करने वाला मोटर चोरी करते पकड़ाया। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को बांधकर किया पिटाई। चोर के कार को ग्रामीण भागने के दौरान किया है क्षतिग्रस्त। अहीरगवां का है पकड़ा गया चोर मुना ठाकुर। हरसिद्धि के मठलोहियार में पकड़ा गया है चोर।चोर का बंधा हुआ वीडियो हो रहा है वायरल। हरसिद्धि पुलिस जांच में है जुटी। पानी पटवन करने वाला मोटर चोरी करते पकड़ाया। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को बांधकर किया पिटाई। चोर के कार को ग्रामीण भागने के दौरान किया है क्षतिग्रस्त। अहीरगवां का है पकड़ा गया चोर मुना ठाकुर। हरसिद्धि के मठलोहियार में पकड़ा गया है चोर।चोर का बंधा हुआ वीडियो हो रहा है वायरल। हरसिद्धि पुलिस जांच में है जुटी।कार से चोरी करने गए एक चोर पकड़ाया, तीन फरार। पानी पटवन करने वाला मोटर चोरी करते पकड़ाया। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को बांधकर किया पिटाई। पुलिस जांच में है जुटी।

# एक सप्ताह से एंबुलेंस सेवा ठप रहने से मरीज परेशान, लोगों ने जताया विरोध

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाने के लिए सरकार चाहे जितनी भी कवायद कर ले, लेकिन जमीन पर उसका फलाफल शत–प्रतिशत नहीं दिख पा रही है। कही दवा के अभाव में मरीज परेशान हो रहे हैं तो कहीं अस्पतालों में चकाचक व्यवस्था नहीं दिख रही।वही मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर का सिलसिला तो जैसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा अस्पतालों को मुहैया करायी गई एम्बुलेंस भी ठीकठाक स्थिति में नहीं। कहने को तो





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में एक एम्बुलेंस हैं। वहीं वर्तमान समय में एक भी एम्बुलेंस कार्यरत नहीं हैं और लोगों को सेवा व सुविधा उपलब्ध नहीं करा रहा है। 102 नंबर का एम्बुलेंस एक सप्ताह से खराब पड़ा है। वही घायल या गर्भवती महिलाओं के एक भी वैकल्पिक तौर पर भी एंबुलेंस नहीं है।अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।खासकर गर्भवती महिलाएं एंबुलेंस नहीं होने के कारण सरकारी अस्पताल नहीं पहुंच पा रही है।उन्हें प्राइवेट अस्पताल का सहारा लेना पड़ रहा है। वहां उन्हें एक मोटी रकम चुकानी पड़ रही है। यदि अस्पताल आना चाहे तो प्राइवेट गाड़ी लेना पड़ता है। वही सड़क दुघर्टना में घायलों को सदर अस्पताल छपरा ले जाना मरीजों के लिए मुश्किल है। खजुरी में ट्रैक्टर दुर्घटना में घायलों को सदर अस्पताल भेजने के लिए एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं होने पर मरीजों के परिजनों ने आक्रोश जाहिर किया वही मौके पर दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि मरीज को सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया पर एम्बुलेंस सेवा नहीं हैं वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी सक्षम अधिकारी जबाब देने तक को नही है।प्रभारी,मैनैजर के कक्ष में ताला लटका हैं। मरीजों के परिजनों को महंगे दामों पर निजी एम्बुलेंस सेवा लेकर छपरा ले जाया जा रहा है।

# जगदीप धनखड़ होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए प्रत्याशी सीएम नीतीश ने किया स्वागत, जदयू करेगा समर्थन

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)। उप राष्ट्रपति के लिए 6 अगस्त को चुनाव होना है। नामांकन की आखिरी तारीख 19 जुलाई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति चुनाव में राजग के उम्मीदवार होंगे। शनिवार को भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने धनखड़ के नाम की घोषणा की इधर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को एनडीए के उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जदयू जगदीप धनखड़ का समर्थन करेगा। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने श्री धनकड़ को जीत की अग्रिम बधाई दी। बताते चले कि संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद नड्डा ने कहा कि किसान पुत्र जगदीप धनखड़ राजग के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी होंगे। धनखड़ एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को पार करते हुए अपने जीवन में उच्च लक्ष्य को प्राप्त किया और देश की सेवा करने में उन्होंने कोई कसर





नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में धनखड़ ने लोगों के दिल पर राज करने वाले राज्यपाल के रूप में पहचान बनाई। उन्होंने राजस्थान के झुंझनू जिले के एक गांव में जन्म लिया और गांव में ही आरंभिक शिक्षा प्राप्त की। एलएलबी की उपाधि हासिल करके राजस्थान उच्च न्यायालय में वकालत की। इधर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, राज्यसभा के सभापति के रूप में जगदीप धनखड़ उत्कृष्ट साबित होंगे।

# सुपारी किलर, और शूटर का बीरपुर SDPO, ने किया खुलासा





(अलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल। जिला के बीरपुर अनुमंडलीय मुख्यालय अंतर्गत प्रतापगंज थाना क्षेत्र में सुपारी किलर, और शूटर, के द्वारा घटित घटना का बीरपुर SDPOश्री पंकज कुमार मिश्रा, ने टीम के साथ मिलकर गिरफ्तारी सहित खुलासा करने की है।SDPO श्री पंकज कुमार मिश्रा, ने बताया की कुछ महीने पूर्व में पूर्व प्रमुख के भाई को अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके रंजिश में आकर पूर्व प्रमुख के भाई द्वारा बिना किसी सबूत के शक के आधार पर पूर्व उप प्रमुख के नाम की सुपारी किलर, और शूटर, से मिलकर पूर्व उप प्रमुख, की जीवन लीला समाप्त करने की सौदा कर डाली। हालांकि जिस उप प्रमुख, का जीवन लीला समाप्त करने की सुपारी दी थी। उसे भगवान ने बचा लिया। क्योंकि जिस समय शूटर,ने हत्या करने के ख्याल से उप प्रमुख, पर गोली चलाई उसी समय भगवान ने सुन ली। शूटर के द्वारा चलाई जा रही पिस्टल फायर हीं नहीं हुई। इसीलिए कहते हैं जाको राखे सइंया, मार सके ना कोई,बाल ना बांका कर सके,जो जग बैरी होय। साथ हीं उन्होंने ये भी बताया की तीनों अपराधियों में सुपारी किलर, और शूटर, शामिल हैं। और ये अपराधी कई कांडों में भी शामिल हैं। पकड़े गए तीनों अपराधी में एक प्रसेनजित कुमार,बेलही प्रतापगंज थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। दूसरा शांता ठाकुर, उर्फ विकाश कुमार, भीमनगर,बीरपुर, थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। दोनों सुपौल जिला के हैं। तीसरा मोहम्मद सोएब, जो सहरसा सदर थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। अन्य जिले के थानों में भी कई कांडों में शामिल है। अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, चार मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस इन अपराधियों कब से तलाश रही थी।

# नगर के वार्ड दो में नहीं शुरू हो सकी नल जल योजना

नगर परिषद भभुआ क्षेत्र का वार्ड नंबर दो आज भी कई मायने में काफी पीछे है। कहने को तो इस वार्ड में विकास के कई कार्य हुए, लेकिन कुछ ऐसे मुख्य कार्य आज भी अधूरे हैं या बंद है जिससे वार्ड में हुआ विकास बेकार दिख रहा है। हालांकि इस वार्ड में समस्याएं कम हैं, लेकिन जो समस्याएं हैं वह काफी जटिल हैं। इससे इस वार्ड के लोग भी काफी परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या इस वार्ड में नल जल योजना की है। यह योजना जब से लगी तब से शुरू ही नहीं हो सकी है। इससे आज तक वार्ड के लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिला। इस वार्ड के हवाई अड्डा के बगल के रास्ता का निर्माण दो माह पूर्व ही हुआ है। वर्तमान समय में यह सड़क पूरी तरह उखड़ रही है। गिट्टी उखड़ कर ऊपर आ गई है। इस वार्ड का मुख्य नाला ध्वस्त है। कई जगहों पर ढ़क्कन टूटा है तो कई जगह पर मुख्य नाला का ठीक से निर्माण ही नहीं हुआ है। इससे जलनिकासी की व्यवस्था बदहाल है। वार्ड में साफ–सफाई इन दिनों बदहाल है। वार्ड का क्षेत्र बड़ा होने के बाद भी स्वीपर की संख्या कम है। इससे प्रतिदिन हर ओर सफाई करना मुश्किल है। वार्ड में सरकारी विद्यालय नहीं है। इसके चलते बच्चों को दूसरे वार्ड के स्कूल में जाना पड़ता है। वार्ड में दो आंगनबाड़ी केंद्र और दो पीडीएस की दुकान है। हवाई अड्डा के बगल के रास्ता का निर्माण दो माह पूर्व हुआ है। लेकिन दो माह के बाद ही सड़क उखड़ने लगी है। इस सड़क का निर्माण कार्य ठीक तरीके से नहीं कराया गया है। यदि इसकी मरम्मत नहीं कराई



गई तो पूर्व वाली स्थिति हो जाएगी।

# बिस्कोमान भवन पर किसानों के बीच खाद का हुआ वितरण



सूखे के कारण खेतों में रोपनी नहीं होने से खाद के लिए किसानों में अभी कोई जल्दबाजी नहीं दिख रही है। इसके चलते ही इतने दिन बाद बिस्कोमान भवन पर खाद पहुंची, लेकिन कोई बवाल नहीं हुआ। बता दें कि रामगढ़ के बिस्कोमान भवन में ढाई माह बाद डीएपी खाद का आवंटन हुआ। लेकिन बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपनी कम हुई है। इससे किसान खाद लेने कम पहुंचे। फिर भी बिस्कोमान भवन पर पहुंचे किसानों को पांच बोरी के हिसाब से खाद का वितरण किया गया। पहले दिन चार सौ बोरी डीएपी खाद का वितरण हुआ। इस दौरान कड़ी धूप की वजह से किसानों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कम किसानों की मौजूदगी के बाद भी लाइन में लगकर खाद लेनी पड़ी। हालांकि कुछ महिलाएं भी खाद के लिए सुविधा के हिसाब से आई थी। वे भी खाद लेकर चली गई। अगर बारिश हुई होती तो ढाई माह बाद खाद वितरण में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ती। बहरहाल खाद की किल्लत भले ही नहीं होने की बात बताई जा रही है लेकिन बिस्कोमान भवन में खाद निर्धारित दर पर लेने के लिए ही किसान पहुंचते हैं। बिस्कोमान भवन में खाद डीएपी जिसकी अधिक मांग हैं वह खाद छह सौ बोरी तथा 20.20.0 खाद जो महंगी भी डीएपी से 50 रुपए है और मांग भी इसकी नहीं है इस खाद की आपूर्ति अधिक हुई है। इस संबंध में बिस्कोमान भवन के मैनेजर अजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को डीएपी खाद का वितरण हुआ। सोमवार से 20.20.0 खाद बंटेगी।

# सावन की पहली सोमवारी आज विद्यापतिधाम में तैयारी पूर

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स)
विद्यापतिनगर,दलसिंहसराय ! कवि कोकिल विद्यापति की निर्वान भूमि षविद्यापतिधामष शिव भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केन्द्र रहा है, यहां दूर – दूर से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण करने के लिए आते हैं ! सावन का महीना शिव आराधना के लिए खास माना जाता है, धर्म शास्त्रों के अनुसार इस माह भगवान शिव की अराधना और जलाभिषेक से विशेष फल प्राप्त होता है तथा जीवन की समस्त बाधाएं समाप्त हो जाती है ! सावन में सोमवार का विशेष महत्व है, इसी कारण शिवालयों में सोमवार के दिन विशेष भीड़ – भाड़ देखी जाते हैं ! सावन की पहली सोमवारी पर विद्यापति धाम में हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है ! गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से कोरोना गाइडलाइन के तहत जिला प्रशासन ने सभी मंदिरों को सावन महीने में बंद रखने का आदेश दिया था, जिस कारण श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने से वंचित रहना पड़ा था, इसी कारण कयास लगाए जा रहे हैं कि पहली सोमवारी पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ सकती है ! सोमवारी के मद्देनजर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, लोगों को पूजा–अर्चना करने में परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है ! समाजसेवियों एवं गैर सरकारी



संगठनों के द्वारा भी कांवड़ यात्रियों के लिए शीतल जल एवं नींबू–पानी की व्यवस्था की गई है!
स्थानीय प्रशासन के द्वारा मंदिर परिसर में आने वाले लोगों के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं, संपूर्ण मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में र गया है,ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके अलावा मंदिर प्रांगण एवं मुख्यद्वार पर पुलिस की तैनाती की गई है!

# संक्षिप्त समाचार

## पहली प्रयास में हीं श्वेता कुमारी बनी सार्जेंट दरोगा

- सफलता पर केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा सहित ग्रामीणों ने दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार कल्याणपुर केसरी पू०च०। प्रखंड क्षेत्र के राजपुर पंचायत निवासी एलआईसी व सहारा एजेंट मनोज कुमार की पुत्री श्वेता कुमारी बिहार पुलिस के द्वारा आयोजित भत्ती परीक्षा मे प्रथम प्रयास में ही सार्जेंट दरोगा में सफलता हासील की है। वही स्वेता वर्ष 2012 मे मैट्रिक दोन एकेडमी तुर्की से पास की थी । वही इंटर की पढाई बच्चा प्रसाद सिंह कालेज केसरिया से 2014 में



पास की व स्नातक की पढ़ाई पंडित उगम पाण्डेय से वर्ष 2018 मे पास की थी द्य स्वेता ने बताया की ग्रामिण परीवेश में पड़कर कर कड़ी मेहनत से सफलता हासिल किया हू इस सफलता के लिए मेरे पिता मनोज कुमार व माता अनिता कुमारी का मार्ग दर्शन रहा स्वेता दो बहन दो भाई है । स्वेता की छोटी बहन नीट की तैयारी कर रही जबकी उसका छोटा भाई बीटेक कर रहा है स्वेता की सफता पर केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, पूर्व विधायक डॉ राजेश कुमार, मुन्ना सागर, मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया रंजीत कुमार, सुनील प्रसाद, सहित सैकड़ों ग्रामिणो ने बधाई दी है।

## महिला संस्थान की किरण जायसवाल ने जन्मदिन पर किया बरसात में तिरपाल वितरण का वादा


दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर ब्योरो चीफ गोविन्द जायसवाल



की रिपोर्ट महिला विकास सेवा संस्थान के जिला कोषाध्यक्ष किरण जायसवाल के जन्मदिन पर गरीबो के बीच तिरपाल बरसात में असहाय लोगो के बीच वितरण किया जाएगा जिसमें मुख्य राष्ट्रीय संरक्षिका ने भी 500 रुपया का सहयोग किया और संस्।

## पुल जर्जर होने के कारण जा सकती है सैकड़ों जान

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर समस्तीपुर जिला के विद्यापति प्रखंड के बाजितपुर बाजार में बाया नदी में बने पुरानी पुल की हालत जर्जर होने के बावजूद भी लापरवाही दिखाते हैं लोग गौरतलब हो कि बाजितपुर बाजार स्थित पुराने पुल जो रानी पुल के नाम से भी जाना जाता है। इस पुल का



शिलान्यास नरहन की रानी द्वारा सन 1915 ईस्वी में कराया गया था जिसे आवश्यकता होने पर समय–समय पर बिहार सरकार के द्वारा मरम्मत कराया गया था लेकिन 10 को बीतने के बाद इस पुल की हालत जर्जर होने के कारण बिहार सरकार में रहे जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के द्वारा इस फूल के करीब 300 मीटर पश्चिम में एक पुल का निर्माण कराया गया लेकिन फिर भी आस–पास के ग्रामीणों एवं पुल पर ठेला रेडी और सब्जी बेचने वाले की लापरवाही के कारण जा सकती है सैकड़ों जान जिसको लेकर कुछ ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन को भी लापरवाह ठहराया।

## बिहार में तेजी से बढ़ रहा कोरोना का खतरा, 15 दिनों के अंदर संक्रमित मरीजों की संख्या हुई दोगुनी से अधिक

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)। बिहार में एकबार फिर से कोरोना संक्रमण में तेजी से इजाफा हो रहा है। राज्य में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में भी ढाई गुना से अधिक की बढोतरी दर्ज की गई है। पिछले 15 दिनों में नए कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। 01 जुलाई को 179 नए संक्रमितों की पहचान हुई थी, वहीं, 15




जुलाई को कुल 460 नए संक्रमित मिले। गत 01 जुलाई को राज्य में 1029 कोरोना के सक्रिय मरीज इलाजरत थे जबकि 15 जुलाई को राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 2640 हो गई है। पटना सहित सात जिलों में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इनमें पटना, बांका, भागलपुर, गया, खगड़िया, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा शामिल हैं। एक दिन में पटना में 01 जुलाई को 103 नए संक्रमित मिले थे, जबकि 15 जुलाई को इनकी संख्या दोगुनी होकर एक दिन में 202 नए संक्रमित मिले। इनके अतिरिक्त भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर, खगड़िया व बांका में भी लगातार नए संक्रमित मिल रहे हैं।

## चौनपुर रेलवे ओवरब्रिज पर बाइक सवार दुर्घटना में घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक महमदपुर एस एच 90 पर मशरक थाना क्षेत्र के चौनपुर रेलवे ओवरब्रिज पर शनिवार की रात बाइक सवार युवक सड़क दुघर्टना में घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के फरीदपुरा गांव निवासी केदार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अजय सिंह के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि युवक बाइक पर सवार होकर मशरक की तरफ से डुमरसन की तरफ जा रहा था कि चौनपुर रेलवे



ओवरब्रिज पर ट्रक की टक्कर से बचने की चक्कर में ओवरब्रिज से टक्कर हो गई जिसमें वह घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस गश्ती दल ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया और परिजनों को सुचना दी।

# जिला परिषद के माध्यमिक शिक्षक नियोजन का हुआ काउंसलिंग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिला परिषद के संबंधित उच्चतर व माध्यमिक शिक्षक नियोजन को लेकर मंगल सेमिनरी स्कूल में काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। अलग अलग कमरों में काउंसलिंग की व्यवस्था की गई थी। किसी को भी परेशानी ना हो इसके लिए जिला परिषद के सभी कर्मी ने बेहतर व्यवस्था व नाश्ते , खाने पानी का व्यवस्था की गई। वही जिला परिषद कर्मियों द्वारा पंडाल व पानी को भी व्यवस्था कराई गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की भी तैनाती भी की गई थी। जिला परिषद कर्मियों के अनुसार माध्यमिक शिक्षक के लिए हिंदी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, शारीरिक शिक्षा, ललित कला, उर्दू, अंग्रेजी, संगीत, सामाजिक विज्ञान विषय के कुल 4433 अभ्यर्थियों के जगह पर मात्र 783 अभ्यर्थी ही काउंसलिंग में शामिल हुए। उच्चतर माध्यमिक के लिए जंतु विज्ञान, इतिहास, भूगोल, हिंदी, समाज शास्त्र, संगीत, वनस्पति विज्ञान, रेखा शास्त्र, राजनैतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, मनो विज्ञान, दर्शन शास्त्र, गृह विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर साइंस, उर्दू, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी के लिए 647 अभयर्थियों में 190 की ही काउंसलिंग ही हुई जिसमें 457 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर जिला परिषद के कर्मी सुधीर कुमार, आदित्य कुमार, अमित कुमार, भरत कुमार, मो सम्मुलाह तथा सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला परिषद अध्यक्ष के आप्त सचिव राम भरोस दास ने दी।



# बाबा भुबनेश्वर नाथ स्थान देकुली धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

☒ शिव अनादि हैं, अनन्त हैं, विश्वविधाता हैं,

☒ जो जन्म मृत्यू एवं काल के बंधनो से अलिप्त स्वयं महाकाल हैं।

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। सावन के महीने को भगवान शिव की भक्ति का भी महीना कहते हैं। यह ग्रीष्म ऋतु के बाद आता है और लोगों को गर्मी के कहर से राहत देता है। सावन के महीने में बहुत बरसात होती है जिससे मौसम सुहावना हो जाता है। लोग ऐसे ही वक्त पर अपने परिवार के साथ बाहर घूमते हैं और सावन के खुशनुमा मौसम का आनंद लेते हैं वही आप सभी को इस संदर्भ में जानकारी के दे दूं कि बिहार के लघु जिले शिवहर के प्रसिद्ध और प्राचीन। बाबा भुबनेश्वर नाथ स्थान का मंदिर। देकुली धाम में सावन माह के पहली रविवार को दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ वही मौके पर एसडीएम इस्तियाक अली अंसारी ने सुरक्षा व्यवस्था लिया जाएजा यही नही आप सभी एक विशेष जानकारी सावन के विषय में अवगत करा दिया जाए की हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में भी सावन का बहुत ही अधिक प्रयोग किया जाता है। बहुत से गानों के लिए संगीत के लिए सावन बहुत ही प्रचलित है।



# समस्तीपुर में नई दिल्ली से जयनगर जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से 27 लीटर देसी शराब बरामद किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद भी शराब की तस्करी पर अंकुश नहीं लग रहा है। समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर इन दिनों लगातार शराब की बरामदगी की जा रही है। इसके बावजूद भी शराब की तस्करी भारी मात्रा जारी है। इस कड़ी में समस्तीपुर स्टेशन पर नई दिल्ली से जयनगर जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से 27 लीटर देसी शराब जीआरपी के द्वारा बरामद किया गया। समस्तीपुर जीआरपी इंस्पेक्टर अच्छेलाल जी ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के कोच संख्या ठ–4 से लावारिस हालत में 27 लीटर शराब बरामद किया गया है। इस मामले में जांच की जा रही है।



# आंधी के कारण नल जल का टंकी बुलेट चुका है अभी तक लापरवाह जनप्रतिनिधि

(त्रिलोकी राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स नौतन पश्चिमी चम्पारण)। नौतन प्रखंड के दक्षिण तेल्हुआ पंचायत वार्ड नंबर 16 में पूर्व भीषण आंधी के कारण नल जल का उलट कर टेढा हो चुका है जो कभी खतरा का घंटी है। पानी टंकी की ओर किसी भी जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी का नजर नहीं पड़ा नल जल की सूचना जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी को मौखिक रूप में कई बार दिया गया है सिर्फ प्रखंड विकास पदाधिकारी संता अना आश्वासन ही देती जा रही है लेकिन अभी तक पंचायत जनप्रतिनिधियों को हिदायतें नहीं दी है नल जल टंकी उल्टा हुआ है उसे सीधा करा दें। नौतन प्रखंड के ऐसे कई पंचायतों में नल जल की भारी समस्या दिखाई दे रही है लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया का ध्यान ही नहीं जाता है इसे लगता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया एक ही दाल के 2 दाने हैं इसीलिए प्रखंड विकास पदाधिकारी मुखिया और वार्ड सदस्यों पर कोई शिकंजा नहीं कस रही है।



# किसान चौपाल में नुक्कर नाटक के द्वारा किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंहसराय,विद्यापतिनगर! दलसिंहसराय अनुमंडल के विद्यापतिनगर, उजियारपुर एवं दलसिंहसराय प्रखंड के किसानों को खरीफ फसल के संबंध में नुक्कड़ नाटक के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य किसानों को खेती के नए – नए गुर सिखाना तथा उनके पैदावार को बेहतर बनाना है ! दलसिंहसराय प्रखंड केवटा, हरिशंकरपुर एंव पाड पंचायत में शनिवार को खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया.जिसमे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानो को कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई! नुक्कड़ नाटक के कलाकार चौपाल में योजनाओं के अलावा मुख्य रूप से मिट्टी जांच, मृदा स्वास्थ कार्ड योजना, बीज विस्तार योजना, ड्रिप एवम स्प्रिंकलर सिंचाई योजना,जैविक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन,किसान पुरस्कार योजना,जल जीवन हरियाली योजना के बारे में नाट्य रूप में प्रस्तुत किया !

उधर विद्यापति नगर प्रखंड में भी नुक्कड़ नाटक के द्वारा किसानों को कृषि तकनीक की जानकारी दी गई ! किसान सलाहकार महेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक मुसलमान विद्यापति नगर के ग्रामीण बैंक के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, इसके अलावा मऊ धनेशपुर दक्षिण तक कांचा पंचायत में भी किसानों को नुक्कड़ नाटक के द्वारा जानकारी दी गई!

दलसिंगसराय प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शांता कुमार चौधरी ने किसानो को बताया कि किसान समूह बनाकर आत्मा में पंजीकरण करावे, जिससे विभाग की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सकेगा। केंवटा पंचायत के कृषि कॉर्डिनेटर संजय कुमार हिमांशु ने किसानों को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दिया.हरिशंकरपुर के कृषि कॉर्डिनेटर आलोक कुमार फसल क्षति योजना,जलवायु अनुकूल खेती विषय पर किसानों को बताया.मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक चंदन कुमार,किसान सलाह कार चंद्रभूषण कुमार, रूबी कुमारी,मो. जैनुल,राजेश कुमार, विजय चौधरी,दिवाकर चौधरी, प्रमोद कुमार सिंह सहित प्रगतिशील कृषक सीताराम महतो,चंद्रशेखर राय,शिवशंकर महतो,सुरेश कुमार मौजूद थे !



# श्रीकांत शास्त्री भा.प्र.से., जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा जिला पंचायत राज कार्यालय, किशनगंज का निरीक्षण किया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा.प्र.से., जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा जिला पंचायत राज कार्यालय, किशनगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के अनुसार दौरान जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा आगत निर्गत पंजी को नियमानुसार अद्यतन करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई कंडिका पूर्ण रूप से भरी हुई नहीं है, जिसे संबंधित कर्मी के द्वारा आवश्यक जानकारी अंकित करवाने हेतु निर्देश दिया गया।

अग्रिम पंजी के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक माह निश्चित रूप से अद्तनीकरण करते हुए कर्मी वार एवम मदवार सूची का संधारण करें। माननीय न्यायालय से संबंधित सी . डब्ल्यू. जे. सी. एवं एम.जे.सी. पंजी को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया साथ ही सभी लंबित अभिश्रव का नियमा नुसार समायोजन करने एवं यूसी व अन्य वाउचर का निष्पादन करने हेतु सभी संबंधित प्रखंड से आवश्यक रिपोर्ट प्राप्त करके अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यालय में मरम्मती एवं रंग रोगन आदि कार्य करने हेतु भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

विदित हो कि जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा लगातार समाहरणालय स्थित सभी कार्यालय का निरीक्षण किया जा रहा है एवं कमी पाए जाने पर आवश्यक सुधारात्मक निदेश दिए जा रहे हैं।

# नगर निगम कर्मी का बेटा अभिषेक बना दारोगा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) समस्तीपुर। शहर के बहादुरपुर वार्ड नंबर 27 (नया 15) निवासी नगर निगम कर्मी विष्णुदेव साह के पुत्र अभिषेक कुमार ने दारोगा बनकर परिवार और समाज का नाम रौशन किया है। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहने वाले अभिषेक ने माता अनिता देवी और पिता विष्णुदेव साह के सपनों को पूरा किया है। वर्ष 2013 में एसके हाईस्कूल, जितवारपुर से मैट्रिक और समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर से 2018 में ग्रेजुएशन की परीक्षा पास किया। इसके बाद नौकरी के लिए कड़ी मेहनत की। संघर्ष और गरीबी में दिखाई राह अभिषेक बचपन से ही गरीबी और संघर्ष को नजदीक से देखा है। इसलिए इसी को अपना हथियार बनाकर लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ता गया। हालांकि कई प्रतियोगी परीक्षा में असफल होने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और सफलता प्राप्त की।

☒ कड़ी मेहनत, माता – पिता और गुरुजनों को दिया सफलता का श्रेय


अभिषेक कुमार ने सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता – पिता और गुरुजनों को दिया है। उसने बताया कि उनकी कड़ी मेहनत पर माता – पिता को पूरा भरोसा था। इसलिए वे अपनी सुख सुविधा का त्याग कर एक एक पैसा जोड़कर पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षा के लिए देते थे। माता पिता के इस त्याग और भरोसा के कारण उनकी मेहनत रंग लाई। उन्होंने कहा कि गुरुजनों ने भी सही रास्ता दिखाया जिस कारण उन्हें सफलता मिली।

अभिषेक ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को संदेश में कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में लगन और कड़ी मेहनत का कोई जोर नहीं है। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट का त्याग कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें।

☒ कानू हलवाई समाज का नाम किया रौशन : संजीव कानू

कानू हलवाई संघर्ष सेना फाउंडेशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कानू और बिहार प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण कानू ने समस्तीपुर शहर के नगरनिगम कर्मी विष्णुदेव साह के पुत्र अभिषेक कुमार को दारोगा बनने पर हर्ष जताया है। संजीव कानू ने कहा कि कानू हलवाई समाज का बेटा भी अब किसी से कम नहीं है। उन्होंने ने कहा कि अभिषेक कुमार ने कानू हलवाई समाज का नाम रौशन किया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण कानू ने कहा कि अभिषेक के दारोगा बनने पर समाज को एक नई दिशा मिलेगी।इससे समाज में जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही संस्था के बैनर तले अभिषेक को दारोगा बनने पर सम्मानित किया जाएगा।

राजकुमार राय समस्तीपुर का रिपोर्ट।



# दारोगा पद के लिए चयनित अभ्यर्थी हुए सम्मानित



दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय)! बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा दरोगा पद पर भर्ती के लिए रिजल्ट जारी होते ही दलसिंहसराय प्रखंड के कई अभ्यर्थियों ने इस पद पर अपनी सफलता हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार को गौरवान्वित किया बल्कि अपने गांव और पूरे प्रखंड का भी नाम रोशन किया है। अनुमंडलीय प्रेस क्लब भवन के सभागार में युवा व्यवसायी शकुंतला टीवीएस के प्रबंधक सह राजद मीडिया प्रभारी राज दीपक के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक आलोक कुमार मेहता ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए रामपुर जलालपुर के किशुन पंडित, भटगामा के विनीत कुमार, शहर के वीआईपी कॉलोनी की स्मिता राजश्री, घाट नवादा के रामबाबू साहनी, पगड़ा के राकेश कुमार, साठा के सन्नी कुमार आदि उपस्थित चयनित अभ्यर्थियों को शॉल, पाग और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया।

इस समारोह पर श्री मेहता ने सभी चयनित दारोगा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उच्च वर्ग एवं मध्यम वर्ग के परिवारों की संवेदनशीलताएं अलग होती है, आप सभी मध्यम परिवार के है और कड़ी मेहनत एवं संघर्ष के साथ सफलता अर्जित किया है। इनकी कठिनाइयों से आप अवगत होंगे। इनके साथ न्यायोचित व्यवहार करेंगे और ऐसे निर्दोष व्यक्ति जिनके पास साक्ष्य नहीं है उसे भी न्याय दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने व्यक्तित्व बनाने पर जोर देते हुए कहा कि वे अच्छे कामों मे सदा साथ खड़े रहेंगे। आज देश में जिस तरह से राजनीति एवं प्रशासनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, ऐसे में देश की जनता को न्याय दिलाने और विकास को नई गति देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी हो सकती है। बिहार दरोगा परीक्षा में सफल हुए युवक युवतियों से अपील हैं कि वे जिस क्षेत्र में भी जाएं उसी में ईमानदारी एवं कर्मठता की मिशाल पेश करे। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रखंड प्रधान महासचिव महेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर राजद के प्रदेश सचिव नंद किशोर महतो, चंदन प्रसाद, मो० जाबिर हुसैन, मीडिया प्रभारी राज दीपक, प्रखंड प्रधान महासचिव महेंद्र कुमार, युवा प्रखंड अध्यक्ष पुंजय कुमार, पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार, गजेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण कुमार, विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# 844 की जांच में भभुआ में महिला मिली कोरोना संक्रमित

844 संदिग्धों की सैम्पल लेकर की गई जांच में भभुआ शहर की एक महिला की रिपोर्ट शनिवार को कोरोना संक्रमित होने की आई। महिला की संक्रमित होने की रिपोर्ट आरटीपीसीआर से जांच में आई है। जबकि शनिवार को कोरोना पॉजिटिव एक मरीज स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है। इस तरह से जिले में अब कुल संक्रमित मरीजों की संख्या चार पहुंच गई है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के मदुसूदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि बीते शुक्रवार को कुल 2052 संदिग्ध लोगों की सैंपल लेकर कोरोना संक्रमण की जांच की गई, जिनमें 844 लोगों की सैंपल लेकर आरटीपीसीआर से की गई जांच में भभुआ शहर के वार्ड संख्या 19 की रहने वाली एक 31 वर्षीया महिला की रिपोर्ट कोरोना वायरस से संक्रमित होने की आई है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से प्राप्त आंकड़े के मुताबिक अब तक जिले में कुल 15 लाख 01, 391 संदिग्ध लोगों की सैम्पल लेकर कोरोनावायरस जांच की जा चुकी है, इनमें से अब तक 5044 लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं जबकि 4990 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।बता दें कि कैमूर में कोरोना संक्रमण से बचाव की दिशा लोग बेफिक्र दिख रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## अग्निवीर क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया शुभारंभ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) अग्निवीर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बड़कागांव हाई स्कूल के मैदान में किया गया जिसका शुभारंभ अनुपम ब्रांड के संचालक सचिन कुमार, आर डी एस कोचिंग के संचालक दिलीप कुमार ,एम एस कोचिंग के संचालक रवि कुमार तीनों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इस टूर्नामेंट के शुभारंभ करने के बाद सचिन कुमार ने यह बताया कि यह टूर्नामेंट के आयोजन अग्निवीर में जाने वाले युवाओं ने किया है जो बहुत ही सराहनीय है क्योंकि क्रिकेट ऊंच–नीच की भेदभाव को खत्म करके एकता एवं भाईचारा की संदेश देती है जिससे समाज की विकास होती है इतना ही नहीं सचिन कुमार ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन करने वाले राहुल कुमार, नवनीत कुमार ,विमल कुमार विकी सिंह, दीपक हुडा, रवि रंजन, बबलू, अतुल सिंह, राहुल सिंह ,मनीष रसैल ,शुभम सिंह ,ऋषि सिंह आदि सभी अग्निवीर के जवानों को बहुत–बहुत धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दिए ! वही आज का पहला मैच एक लक्ष्य कैंपस पकरीदयाल एवं देवानीबारी के बीच खेला गया जिसमें देवानी बारी की जीत हुई।



## लालगढ़ चौक, शिवहर में आयोजित किया जाएगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। शकुन्तला विरेन्द्र सोशल वेलफेयर एवं चौरिटेबल ट्रस्ट के सह ट्रस्टी , नारायण हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह , (बी डी एस, एम डी एस) के द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन अंतर्गत दिनांक 18. जुलाई 2022 को सुबह 8 बजे से दिन के 11 बजे तक शिवहर जिले के लालगढ़ चौक पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच हेतु मेगा कैंप लगाया जाएगा जिसमें डॉ हेमल श्रेय, एम बी बी एस, जेनरल फिजिशियन,डॉ नूतन सिंह,एम डी एस, दंत एवं मुंह रोग विशेषज्ञ,डॉ श्याम नन्दन जी नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं डॉ शंभू कुमार के द्वारा वहां के लोगों के बिमारियों कि जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा।साथ ही ब्लड शुगर भी निःशुल्क किया जाएगा। डॉ नूतन सिंह ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे समय से पहूंच कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।



## चौनपुर रेलवे ओवरब्रिज पर बाइक सवार दुर्घटना में घायल सदर अस्पताल छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक महमदपुर एस एच 90 पर मशरक थाना क्षेत्र के चौनपुर रेलवे ओवरब्रिज पर शनिवार की रात बाइक सवार युवक सड़क दुघर्टना में घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान तरैया थाना क्षेत्र के फरीदपुरा गांव निवासी केदार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अजय सिंह के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि युवक बाइक पर सवार होकर मशरक की तरफ से डुमरसन की तरफ जा रहा था कि चौनपुर रेलवे ओवरब्रिज पर ट्रक की टक्कर से बचने की चक्कर में ओवरब्रिज से टक्कर हो गई जिसमें वह घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना पुलिस गश्ती दल ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया और परिजनों को सुचना दी।



## गंगा समग्र स्वच्छता अभियान

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। आज 184 वां रविवार लगातार गंगा समग्र काढ़ागोला घाट समिति के तत्वावधान में काढ़ागोला घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाती आ रही है। श्रावण मास के पावन महीने के शुभारंभ को देखते हुए गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जिससे कि गंगा स्नान करने एवं जल उठाव करने में श्रद्धालुओ।



## लालगढ़ चौक,शिवहर में आयोजित किया जाएगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

शकुन्तला विरेन्द्र सोशल वेलफेयर एवं चौरिटेबल ट्रस्ट के सह ट्रस्टी , नारायण हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह , (बी डी एस, एम डी एस) के द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन अंतर्गत दिनांक 18. जुलाई 2022 को सुबह 8 बजे से दिन के 11 बजे तक शिवहर जिले के लालगढ़ चौक पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच हेतु मेगा कैंप लगाया जाएगा जिसमें डॉ हेमल श्रेय, एम बी बी एस, जेनरल फिजिशियन,डॉ नूतन सिंह,एम डी एस, दंत एवं मुंह रोग विशेषज्ञ,डॉ श्याम नन्दन जी नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं डॉ शंभू कुमार के द्वारा वहां के लोगों के बिमारियों कि जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा।साथ ही ब्लड शुगर भी निःशुल्क किया जाएगा। डॉ नूतन सिंह ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे समय से पहूंच कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।



# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अयोध्या टाईम्स सवादाता रामफेर यादव अमेठी/बाजार शुकुल। मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शान्तिपूर्ण ढंग से त्यौहार व व्यवस्था बनाये रखने के लिए ताजियादारों की बैठक बुलाई गई ।
थानाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता की अध्यक्षता में थाना परिसर में बाजार द्वारा जोर दिया गया। जिससे आपसी सौहार्द और भाईचारा को कहीं किसी भी बात विवाद को लेकर ठेस न पहुँचे। इसके लिए सभी ताजियादारों को विशेष हिदायत दी गई ।
इस मौके पर मौजूद ताजियादारों में ननकी तेंदुआ, पूरे पहा महोना



शुकुल क्षेत्र के ताजियादारों की बैठक संम्पन्न हुई। जिसमें ताजियादफन के स्थलों व अन्य कार्यक्रमों का जायजा बैठक के दौरान लिया गया। और जुलूस कार्यक्रमों को शान्ति पूर्ण ढंग से आयोजित करने को लेकर थानाध्यक्ष ,दरवानीपुर, कस्बा बाजार शुकुल,जगदीशपाल,सोहन लाल पूर्व प्रधान, सोनू किशनी, एकलाख बख्तावर नगर, सुहेल अहमद, सुलेमान खाँ ,सर्वेश प्रताप सिंह आदि सहित क्षेत्र के संम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

## जन्म - जन्मांतर से 900 मीटर बने नाले को दबंगों द्वारा खेत में मिला लेने से उमापुर गाना पट्टी के दर्जनों ग्रामीणों के घरों में भीषण जलभराव एवं जलमग्न की आशंका बरकरार

अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्र
अमेठी उत्तर प्रदेश आज ग्राम पंचायत उमापुर गाना पट्टी के ग्राम प्रधान श्रीमती गंगोत्री तिवारी के प्रतिनिधि जितेंद्र तिवारी ने बताया कि हमारे यहां पारस के खेत से



राकेश पांडेय के खेत तक लगभग 900 मीटर अरसों से बने नाले की बराबर साफ सफाई होती चली आई है कुछ दबंगों द्वारा नाला काटकर खेत में मिला लिया गया है भीषण बरसात होते ही हनुमान मिश्र,पूरन मणि,दिनेश मिश्र, कमला प्रसाद आदि समेत दर्जनों ग्रामीणों के घरों में भीषण जलभराव होने की आशंका बनी है ।
ग्राम प्रधान गंगोत्री तिवारी के प्रतिनिधि समेत ग्रामीणों ने संबंधितो से न्याय की गुहार लगाई है और दबंगों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की मांग की है ध्पंचायत सहायक रुचि सिंह ने बताया कि पंचायत भवन में आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं पंचायत भवन चालू हैध् जय बजरंगबली स्वयं सहायता समूह की तलाकशुदा रोली मिश्रा केयरटेकर सामुदायिक शौचालय उमापुर गाना पट्टी ने बताया कि हमारे यहां सामुदायिक शौचालय नियमित चालू है एवं पीडब्ल्यूडी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जितेंद्र तिवारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प के अंतर्गत बाउंड्री वाल एवं समतलीकरण एवं 650 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण का कार्य गुणवत्ता युक्त मानक के अनुरूप करवाया जा रहा है विकास कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है जनता जनार्दन के प्रत्येक पहलू पर हमेशा खरा उतरूंगा।

## सेल्फ स्टीम एण्ड बाड़ी कान्फिडेस कार्यशाला के प्रशिक्षण के अन्तिम दिन सहभागी शिक्षकों ने भाग लिया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता
उतरौला(बलरामपुर) ब्लाक संसाधन केंद्र श्रीदत्तगंज में सेल्फ स्टीम एण्ड बाड़ी कान्फिडेस कार्यशाला के माध्यम से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण की आन लाइन मानटरिंग सीमैट प्रयागराज द्वारा की गई। इसमें आन लाइन अन्य सेल्फ इस्टीम की इकाइयां को



प्रशिक्षण के अन्तिम दिन सहभागी शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिवेदन विश्व मोहन श्रीवास्तव द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इसमें कार्यशाला का सारांश प्रतिभागियों द्वारा बताया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षा क्षेत्र श्रीदत्तगंज सियाराम वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों का मनोबल व दिशा निर्देशन कर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अमित धर द्विवेदी व दिनकर भारती के द्वारा अध्यापकों को आदर्श रूप व कामिक्स बुक के साथ सभी प्रतिभागियों का माक कक्षा को संचालित कराया गया जो रोचक रहा। इसका उद्देश्य छात्र छात्राओं में उनकी सम्पूर्ण अन्तनिहित शक्तियों का बाह्य प्रकटय करना है। इसमें प्रशिक्षण टूल्स एवं शिक्षा संदर्शिका जोड़ा गया है। इनके द्वारा लखनऊ व प्रयागराज से मानटरिंग की गई।इस प्रशिक्षण में किशोरियों के सम्पूर्ण विकास सेल्फ डिफेंस एवं मौलिक सृजनात्मक शक्तियो के विकास पर प्रशिक्षण दिया गया। आपसी ग्रुप डिस्कशन और प्रोजेक्ट प्रशिक्षण विधि के द्वारा विभिन्न शीर्षक,उपशीर्षको के प्रोजेक्ट निर्माण और उनके विश्लेषण के द्वारा अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। सभी प्रतिभागी अपने विघालय में पहुंचकर बच्चों में इन मूलभूत शक्तियों का विकास करेंगे। प्रतिभागियों ने बहुत ही आनन्द पूर्वक प्रशिक्षण की बारिकियों को समक्षा व सीखा। खण्ड शिक्षा अधिकारी सियाराम वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए खान पान की विशेष व्यवस्था की।

## निरिक्षण के लिए भैरव धाम पहुंचे डीएम ने अधिकारिओं को दिए आवश्यक निर्देश

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़ महराजगंज, आजमगढ़। हिन्दू धर्म के पवित्र सावन महीने में आने वाले पहले सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी आजमगढ़ विशाल भारद्वाज बाबा भैरव नाथ का दर्शन कर मंदिर परिसर का निरिक्षण किया और सोमवार के दिन पूजन अर्चन और जल चढ़ाने आने वाले भक्तों की सुविधाओं को लेकर अधिकारिओं से चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में पवित्र शमी बबूल का पौधा भी लगाया। भैरव धाम ट्रस्ट और पर्यटन स्थल के विकास के सवाल पर उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम मौजूदा पर्व को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है जहाँ तक ट्रस्ट और पर्यटन के तौर पर धाम को विकशित करने का है उसपर भी कार्य योजना के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, एसपी ग्रामीण, एसडीएम सगड़ी, एसडीएम बुढ़नपुर, सीओ सगड़ी, अधिशाषी अधिकारी व नगर पंचायत और



राजस्व के कर्मचारी और महराजगंज के सचिव मनोज जायसवाल, प्रवीण कुमार राय और सहायक विकास अधिकारी के साथ अश्वनी सिंह महराजगंज ब्लॉक के कर्मचारीगढ़ और कोयलसा ब्लॉक के सचिव अभिषेक मिश्रा, पंकज कुमार, अरविंद सिंह ग्राम प्रधान राकेश यादव ऐडीओ कॉपरेटिव हरिकेश परमार और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अमृत महोत्सव पर आरपीएफ ने किया पौधरोपण छायादार फलदार बृक्षरोपण कर पर्यावरण को बचाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी। रेलवे स्टेशन पर दिन रविवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी के जवानों व अधिकारियो द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में दो सौ पौधा वृक्षारोपण किया गया रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया आरपीएफ के कर्मचारियों द्वारा रविवार को बैरक के आस पास भूमि पर बृक्षरोपण किया गया भटनी रेलवे सुरक्षा बल बैरक और आस





पास के रेलवे भूमि में स्टाफ की मदद से सौ पौधों को लगाया गया हैं,शेष अन्य 100 पौधों को कल भटनी पोस्ट के क्षेत्राधिकार के अन्य स्टेशनों पर स्थान चिन्हित कर लगवाया जायेगा आजादी के 75वॉ अमृत महोत्सव को लेकर भटनी आरपीएफ जवानों के द्वारा वृक्षारोपण, जल दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके साथ लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में अमृत महोत्सव को लेकर फलदार बृक्षरोपण किया गया

# जनपद के पत्रकारों द्वारा दिया गया जिलाधिकारी को ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी दिन रविवार को सोनभद्र के पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले हमलावरों का जल्द हो गिरफ्तारी कमल पटेल भाटपार रानी देवरिया उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दो पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में पत्रकार एकता समन्वय समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व देवरिया के जिलाध्यक्ष कमल पटेल ने जिलाधिकारी प्रतिनिधि तहसीलदार देवरिया को पत्रक देकर राज्यपाल महोदय और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उन हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की और साथ में घायल पत्रकार को संचित इलाज के साथ पत्रकार सुरक्षा



कानून बनाने की भी मांग की । पत्रकारों के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल पटेल ने कहा कि पत्रकार एक समाज का आईना होता है वह छुपे हुए खबरों को निकालकर समाज के सामने रखता है जिससे सबको जानकारी मिलती है उस पत्रकार पर आए दिन हमले हो रहे हैं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है तथा उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाता है या प्रशासन द्वारा उन्हें झूठे इल्जाम में फंसाकर मुकदमा लाद दिया जाता है ऐसे घृणित कार्य को मैं घोर विरोध करता हूं और अंत में उन्होंने कहा कि अगर पत्रकारों पर हमले को न रोका गया तो सभी पत्रकार समाचार कवरेज करने से मुंह मोड़ लेंगे इसलिए सरकार को चाहिए कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता कदम उठाए जिससे किसी पत्रकार को कोई उत्पीड़न ना कर सके ।
उक्त अवसर पर राष्ट्रीय सचिव गोपेश कुमार राष्ट्रीय सहसचिव शिवकुमार यादव राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लियाकत अहमद जिला प्रभारी अनवर , जिला मंत्री चंदन वर्मा , हरिशंकर गुप्ता , शेषनाथ यादव , राकेश मद्धेशिया विनोद कुमार , वीरेंद्र पांडे , सुमित अग्रवाल , भोला यादव आदि दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे ।

# शिक्षा पर भारी गरीबी और लाचारी

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। कस्बा हसेरन मे कबाड़ा वीनते देखे जा सकते हैं। नौनिहाल शिक्षा से दूर हाथों में किताबों की जगह कबाड़ा की थैली लिए सड़क पर कबाड़ा बीनते देखे जा सकते हैं। सरकार द्वारा शिक्षा पर पैनी नजर रखी जा रही है। सर्व शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जहां एक तरफ छोटे–छोटे बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में जागृत कर शिक्षा देने का संकल्प लिया जा रहा है। वही कस्बा में कुछ छोटे–छोटे बच्चे हाथों में किताब की जगह कबाड़ा की थैली पकडे कबाड़ा बीनते देखे जा सकते हैं। कस्बा हसेरन के सदर बाजार में कुछ नौनिहाल कबाड़ा बीन रहे है। जहां सरकारी विद्यालय खुल चुके हैं शिक्षक शिक्षा देने के लिए विद्यालय में उपस्थित रहते हैं। वही बच्चे शिक्षा से दूर होते दिखाई दे रहे है। बच्चों के माता–पिता भी इन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सब पढ़े सब



बढ़े यह नारा सफेद हाथी सा दिखाई दे रहा है।।

# अनियंत्रित कार ट्रक में घुसी पिता की मौत पुत्र घायल

थानाक्षेत्र के चौनेज नम्बर 60 पूरे भाले समीप पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की घटना।
अयोध्या टाईम्स एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी/बाजार शुकुल,पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी जिससे कार पर सवार पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए और कार के परखच्चे उड़ गए।घायलों को यूपीडा एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने अधेड़ पिता को मृत घोषित कर दिया जबकि पुत्र का इलाज चल रहा है। थानाक्षेत्र के पूरे भाले के समीप पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के चौनेज नम्बर 60 पर वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार अमेज कार यू पी 32 केके 6202 अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में जा घुसी जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और कार पर सवार नीरज अग्रवाल पुत्र जगजोत उम्र 46 वर्ष व रोहित अग्रवाल पुत्र नीरज अग्रवाल निवासी सी–46 सेक्टर जी आशियाना लखनऊ के रुप में हुई है।
घायलों को यूपीडा एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने नीरज अग्रवाल पुत्र जगजोत को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायल रोहित अग्रवाल का इलाज चल रहा है।
सूचना पर पहुंचे मृतक के रिश्तेदार अनुपम गुप्ता ने बताया की मृतक नीरज अग्रवाल व गम्भीर रूप से घायल रोहित अग्रवाल रिश्ते में पिता पुत्र हैं जिसमें पिता की मौत हो गई है।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और जांच व अग्रिम कार्यवायी में जुट गई है।स्थानीय पुलिस ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे सड़क से वाहनों को हटवा दिया है।क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अर्पित कपूर ने भी मौके का जायजा लिया है।

# सांस्कृतिक प्रतिभा खोज हेतु कलाकार 19 जुलाई तक करें आवेदन - डीएम

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी 17 जुलाई 2022, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अपनी विविध स्वायत्तशासी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न प्रदर्शनकारी कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरन्तर किया जाता है। ऐसी प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, भजन, ललित कला आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु "सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज के सभागार में दिनांक 20 जुलाई को किया जा रहा है।
उन्होने बताया है कि प्रतिभावान कलाकार सांस्कृतिक प्रतिभा खोज के लिये आवेदन का प्रारूप जिला सूचना कार्यालय अमेठी एवं संस्कृति विभाग की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है। प्रतिभावान कलाकार 19 जुलाई तक आवेदन पत्र जिला सूचना कार्यालय अमेठी में जमा कर सकते है। जिलाधिकारी ने बताया है कि सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन हेतु कलाकारों को प्रदर्शन के लिये कोई शुल्क देय नहीं होगा। निर्णायक मण्डल द्वारा कलाकारों के प्रस्तुति के आधार पर ए, बी एवं सी श्रेणी में पंजीकृत किया जायेगा।
समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा। सांस्कृतिक प्रतिभा खोज के सम्बन्ध में अधिक जानकारी जिला सूचना अधिकारी अमेठी के मोबाइल नम्बर 9198739568 से प्राप्त की जा सकती है। आयोजन में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की ई–डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया गया जायेगा तथा उनको क्यू–आर कोड बेस्ड पहचान पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।
समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर ही आगामी कार्यक्रमों एवं सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जायेगा।

# "शिव की विचित्रता में निहित सरलता"

ओढ़रदानी, महेश्वर, रुद्र का स्वरूप सभी देवताओं से विचित्र है, पर यदि आप शिवशंभू की वेश भूषा का विश्लेषण करेंगे तो आपको शिव जीवन के सत्य का साक्षात्कार कराते दिखाई देंगे। यह शिव कपूर की तरह गौर वर्ण है, पर सम्पूर्ण शरीर पर भस्म लगाकर रखते है और दिखावे से दूर जीवन को सत्य के निकट ले जाते है। यह भस्म जीवन के अंतिम सत्य को उजागर करती है। अतः शिव शिक्षा देते है कि सदैव सत्य को प्रत्यक्ष रखें। यह शिव जटा मुकुट से सुशोभित होते है। जिस प्रकार शिव जटाओं को बाँधकर एक मुकुट का स्वरूप देते है वह यह शिक्षा देती है की जीवन के सारे जंजालों को बाँधकर रखों और एकाग्र होने की कोशिश करों, समस्याओं के जाल को मत फैलाओं। उसे समेटने की कोशिश करों। वे किसी भी प्रकार का स्वर्ण मुकुट धारण नहीं करते अतः मोह माया से शिव कोसों दूर है। शिव के आभूषण में भी सोने–चाँदी को कोई भी स्थान नहीं है। वे विषैले सर्पों को गलें में धारण करते है, अर्थात वे काल को सदैव स्मरण रखते है।
शिव के भीतर और बाहर विष है पर वे सदैव शांत रहकर ध्यानमग्न रहते है। वे यह शिक्षा देते है कि भीतर का विष भीतर ही रहने दो, बाहर मिले विष से भी व्यथित मत हो। शिव की सादगी और सरलता देखिए की अपने भक्तों की सर्वस्व मनोकामना पूरी करने वाले शिव एक पर्वत पर




निवास करते है। वस्त्र में केवल बाघंबर धारण करते है। जब शिवजी की बारात गई तब भी भोले शंकर ने किसी भी प्रकार का दिखावा और आडंबर नहीं किया। जो सत्य स्वरूप वे हमेशा रखते है उसी के साथ वे प्रत्यक्ष हुए। महादेव की तो अनूठी विशेषता है ही, उनके परिवार की भी अपनी विशेषता है जिसके कारण उनका सम्पूर्ण परिवार पूजा जाता है और शिव सदैव अपने भक्त नंदी को भी प्रधानता देते है। यही शिव लिंग स्वरूप में सदैव अपने भक्तों के मनोरथ को पूरा करते है और इस लिंग स्वरूप में भी वे अपनी अर्धांगिनी शक्ति को सदैव साथ रखते है।
शिव यह भी ज्ञान देते है की वे निराकार, अजन्मा, अविनाशी और अनंत है। शिव की सरलता का तो कोई पार ही नहीं है। वे तो अपने भक्त को कहते है जो कुछ भी सहजता से उपलब्ध हो वही मुझे अर्पित कर दो। मेरी भक्ति के लिए कोई बाध्यता ही नहीं है। भावों की माला से यदि जलधार भी चढ़ाओंगे तो वह भी मुझे स्वीकार्य है। सच में शिव कल्याण का ही दूसरा नाम है जो केवल दिखावे से दूर, आडंबर से मुक्ति, सत्य से साक्षात्कार और एकाग्र होकर राम नाम में रमण करने के प्रेरणा देते है। तो आइये शिव के प्रिय माह और प्रिय वार अर्थात सावन सोमवार को भावों की माला से शिव को भजने का प्रयास करें।
'डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)'

# संक्षिप्त समाचार

### परम पूज्य श्री सुधांशु जी महाराज का शुभागमन

बिठूर,कानपुर– आज मध्यान्ह 3रू30 बजे राष्ट्रीय चिन्तक एवं विचारक विश्व जागृति मिशन के संस्थापक परम पूज्य श्री सुधांशु जी महाराज सिद्धि धाम आश्रम परिसर में पधारे।



महर्षि वेदव्यास अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल विद्यापीठ के ऋषि कुमारों ने गाजे–बाजे के साथ अपने अधिष्ठाता का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।
पूज्य महाराज श्री आश्रम परिसर में स्थापित सभी देवों का दर्शन व पूजन–अर्चन कर हजारों की संख्या में प्रतीक्षारत अपने भक्तों को संबोधित करने सभा मण्डप में पहुंचे। पूज्य गुरुदेव का अन्तेवासियों ने पाद प्रक्षालन कर पूजन किया।
परम पूज्य महाराज श्री ने श्रद्धा और विश्वास के गूढ़ रहस्य को सरल भाषा में सम्बोधित किया, कहा कि अंध विश्वास से दूर रहें जो भी करें सच्ची निष्ठा से करें।
पूज्य महाराज श्री ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नवरात्रि में अमेरिका यात्रा को याद कर बताया कि वे वहां नींबू पानी पीकर रहे। नींबू पानी पीकर वही रह सकता है जो योगी हो। आज उनके द्वारा किए गए आव्हान पर पूरा विश्व 21 जून को योग दिवस मनाता है।

### दो वांछित अपराधी गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता
उतरौला(बलरामपुर) थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में रविवार को थाना गैंड़ास बुजुर्ग के उ0नि0 चन्द्रपाल यादव मय टीम के द्वारा देखभाल क्षेत्र एवं तलाश वांछित अपराधी व वारण्टी के दौरान मा0



न्यायालय श्रीमान जे0एम0 महोदय उतरौला जिला बलरामपुर द्वारा मामला संख्या 694/2002 धारा 323,504,506,452 IPC से सम्बन्धित अभियुक्तिण 1. राजू पुत्र मोती व 2. बालकिशुन पुत्र धर्मराज नि0गण बांकभवानीपुर थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर क् विरुध्द छठॅ के अनुपालन में अभियुक्तगण राजू व बालकिशुन उपरोक्त को बाकभवानीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### 31 जुलाई 2022 तक फसल बीमा करा सकेंगे किसान

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिसूचना खरीफ 2022 जारी कर दी गयी है। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2022 निर्धारित की गयी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानो के लिये स्वैच्छिक कर दी गयी है। जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु एग्रीकल्चर इन्शोरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया नामित है तथा अधिसूचित फसल धान, मक्का, अरहर एवं मूंगफली हेतु कृषको द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 2 प्रतिशत है।
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानो के लिये स्वैच्छिक कर दी गयी है। फसली ऋण लेने वाले ऋणी किसान यदि अपनी फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते है तो बैंक शाखा स्तर पर जहाँ से उनको फसली ऋण की सुविधा प्राप्त हुयी है, वहाँ वे 24 जुलाई 2022 तक लिखित रूप से अवगत करा दें अन्यथा किसान के खाते से बैंक द्वारा प्रीमियम अनिवार्य रूप से काट लिया जायेगा। जो कृषक गैर ऋणी है फसल बीमा कराना चाहते है यह नजदीकी जन सेवा केन्द्र से सम्पर्क कर बीमा करा सकते है। फसल नुकसान की स्थिति में कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 1800 889 6868 एवं सम्बन्धित बैंक, कृषि विभाग एवं क्राप इन्श्योरेन्स ऐप के माध्यम से 72 घण्टे के अन्दर फसल नुकसान की सूचना बीमा कम्पनी को पंजीकृत करा दे। उन्होंने कृषकों से निवेदन किया है कि उपरोक्त से अवगत होते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठायें।

### सीडीओ ने जनपद में समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा जनपद में समस्त अन्त्योदय कार्डधारकों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा की गयी जिसमें यह पाया गया कि विभिन्न ग्राम पंचायतों में 154 कैम्प लगाये गये थे जिसमें 107 कैम्पों पर ही वी०एल०ई० उपलब्ध रहे। शेष 47 कैम्पों में जहाँ वी०एल०ई० नहीं पहॅुचे उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु लोकेश प्रताप यादव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी०एस०सी० को निर्देशित किया गया। यदि लोकेश प्रताप यादव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी०एस०सी०, द्वारा अनुपस्थित वी०एल०ई० के विरूद्ध कार्यवाही नहीं करते हैं तो इनकी लापरवाही मानते हुए लोकेश प्रताप यादव के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु गोरखपुर जोनल मैनेजर, सी०एस०सी० को पत्र प्रेषित किया जाए। आशीष सिंह, डी०आई०एस०एम०, आयुष्मान भारत को निर्देशित किया गया कि आयुष्मान कार्ड की प्रगति में प्रदेश स्तर पर जनपद–देवरिया की रैंकिंग क्या है, इसका पता लगाते हुए अवगत करायें, यदि रैकिंग का पता नहीं करते हैं तो इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु इनके उच्चाधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाए। आशीष सिंह को यह भी निर्देशित किया गया कि सर्वर की समस्या उत्पन्न होने पर एस०एच०ए० से समन्वय स्थापित कर इसका निराकरण करायें। डॉ० एस०के० चौधरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ६ आयुष्मान प्रभारी, देवरिया को निर्देशित किया गया कि जिन 04 ब्लाकों के आरोग्य मित्र जिनका कार्य बहुत ही खराब था तथा बैठक में उपस्थित नहीं हुए थे, उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी है, से तत्काल अवगत करायें।
बैठक में आयुष्मान मित्रों एवं जनसेवा केन्द्रों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक केन्द्र पर कम से कम 100 आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाया जाए, अन्यथा की दशा में आयुष्मान मित्र एवं वी०एल०ई० के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उनकी सी०एस०सी० आई०डी० निरस्त कर दी जाए।

### दो बूंद पड़ी तो महाराजपुर फीडर की लाइट हुई गुल

- महाराजपुर फीडर के जे ई व लापरवाह लाइन मैन की लापरवाही के चलते महाराजपुर फीडर के उपभोक्ता हैं परेशान

रिपोर्ट जिला संवाददाता औरैया
कल दिनांक 16–07–2022 से महाराजपुर फीडर की लाइट नहीं आ रही है।16 तारीख की शाम को जे ई व एस डी ओ अजीतमल को बार बार फोन करने के बाद भी सारी रात लाइट नहीं आई, सुबह जब बार बार एस डी ओ अजीतमल को फोन किया तब थोड़ी देर के लिए लाइट आई, उसके बाद सारे दिन लाइट गुल रही,
अभी जब बरसात शुरू भी नहीं हुई है तब भी लाइट का कोई पता नहीं है कि आयेगी भी या नहीं आयेगी।
आखिर क्या करें उपभोक्ता?
बल्लापुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं का कहना है कि इस लापरवाह लाइन मैन की बजह से हमारे गांव में लाइट नहीं आती है। मुख्य अधीक्षण अभियंता से क्षेत्र की जनता का अनुरोध है कि इस लापरवाह शराबी लाइन मैन को इस क्षेत्र से हटाया जाए और किसी जिम्मेदार लाइन मैन को इस क्षेत्र में भेजा जाए ताकि क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को समय से विद्युत आपूर्ति मिल सके। समाचार लिखे जाने तक लाइट का कोई अता–पता नहीं है।

## खुले में शौचमुक्त अभियान व स्वच्छ भारत अभियान देखभाल के अभाव में खोखला साबित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरामपुर) नगर पालिका द्वारा चलाया जा रहा खुले में शौचमुक्त अभियान व स्वच्छ भारत अभियान देखभाल के अभाव में खोखला साबित हो रहा है। उतरौला नगर में तहसील परिसर सहित अन्य स्थानों पर मोबाइल युरीनल व टॉयलेट भी रखवा दिए गए। लेकिन रखने के बाद आज तक नपा के किसी कर्मचारी ने उनकी सुध तक नहीं ली।यही कारण है कि देखभाल के अभाव में तहसील परिसर में रखा दो जोड़ी मूत्रालय निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है। मोबाइल टॉयलेट को घास, फूस, झाड़ियों ने चारों ओर से कैद कर लिया है। अब यह विषैले जानवरों का बसेरा बनकर रह गया है।



शौचालय ना होने के कारण तहसील कचहरी में आने वाले खासकर महिलाओं को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।इसी तरह उप निबंधक कार्यालय परिसर पर एक भी मोबाइल टायलेट व युरिनल न होने से बैनामा कराने के लिए आने वाली महिला व पुरूष को परेशान होना पड़ता है।

हद तो तब हो जाती है जब सरकारी कर्मचारी व इस मिशन से जुड़े लोग खुले में लघु शंका करते हुए देखे जा सकते हैं।

समाजसेवी महफूज गनी,आदिल हुसैन, चौधरी इरशाद अहमद गद्दी का कहना है कि मोबाइल युरिनल व टायलेट सार्वजनिक स्थानों पर रखना अति आवश्यक है।

## लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाएंः भड़ाना

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्किल



के तीनों थाना इंचार्जों को अपराध की रोकथाम व लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए रविवार को सीओ कार्यालय पर सर्किल के तीनों थानों कांधला, झिंझाना व कैराना के इंचार्जों के साथ सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान महिला संबंधी अपराधों, नशा तस्करों, सक्रिय अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों व गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध वाँछितों की गिरफ्तारी व अपराध रोकथाम के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी कीमत पर पनपने न पाएं,इसके लिए अपने–अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढाने,बाल अपराधों पर अंकुश व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने आपराधिक प्रव्रत्ति के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने व थाना परिसर में आने वाले पीड़ितों फरियादियों के साथ मधुर व्यवहार कर समय पर उचित न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए हैं।इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैराना अनिल कपरवान, कांधला थाना इंचार्ज श्यामवीर व झिंझाना थाना इंचार्ज पंकज त्यागी उपस्थित रहे।

## पीएसी के तीन दर्जन गोताखोर पहुँचे यमुना घाट

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ियों की सुरक्षा को मेरठ से 44 बटालियन पीएसी वाहिनी के तीन दर्जन से अधिक गोताखोर यमुना घाट पर पहुँचे और मोटरबोट आदि एक्टिव कर यमुना नदी में अभ्यास किया। रविवार को जनपद मेरठ से शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर 44 बटालियन पीएसी के लगभग 40 गोताखोर महावीर सिंह के नेतृत्व में यमुना घाट पर पहुँचे, जहां उन्होंने मोटरबोट आदि तैयार कर यमुना नदी में अभ्यास किया। कांवड़ यात्रा के दौरान पूर्व की भांति इस बार भी यमुना नदी में श्रद्धा की डुबकी लगाते समय शिवभक्त कांवड़ियों को डूबने से बचाने के लिए पीएससी के गोताखोरों को बुला गया है।



हालांकि स्थानीय प्रशासन की ओर से पहले ही कांवड़ियों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए लगभग तीन दर्जन प्राइवेट गोताखोरों को यमुना घाट पर तैनात किया हुआ है, जो डूबते शिवभक्तों को समय रहते बचाने के लिए हर समय तैयार हैं।

## कांवड़िए की हालत बिगड़ी, अस्पताल में कराया भर्ती

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे महेंद्रगढ़ निवासी कांवड़िए की अचानक हालात बिगड़ गई, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया है।रविवार को धर्मनगरी हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी नरेश की कैराना पहुँचते ही हालत बिगड़ गई। उसके पैर पूरी तरह से जाम हो गए। साथियों के सहयोग से उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। कांवड़िए ने बताया कि अचानक उसके पैरों ने काम करना बंद कर दिया था और शरीर सुन्न हो गया था। उपचार के बाद शिवभक्त कांवड़िए को छुट्टी दे दी गई है।



## स्वास्थ्य शिविर में घायल कांवड़ियों को मिल रहा उपचार

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने कांवड़ मर्ग पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर घायल कांवड़ियों के उपचार की व्यवस्था की है,जहाँ घायल शिवभक्तों का उपचार किया जा रहा है।कांवड़ मार्ग पर प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की तैनात कर शिवभक्तों की सेवा के लिए कैम्प बनाये गए हैं, जहाँ घायल कांवड़िए अपना उपचार करा रहे हैं। यमुना ब्रिज पर स्थित स्वास्थ्य शिविर में आज लगभग एक दर्जन कांवड़ियों ने प्राथमिक उपचार कराया और मरहम पट्टी कराने के बाद गणतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। इसी प्रकार अन्य स्वास्थ्य कैम्पों में भी घायल कांवड़ियों को उपचार दिया जा रहा है,जिससे वह राहत महसूस कर रहे हैं।



## उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का उद्घाटन'

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

• उ० प्र० राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में श्री आदिशक्ति मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन तुलसीपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का निशुल्क किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

तुलसीपुर (बलरामपुर)। रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण एवं सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में श्री आदिशक्ति मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन तुलसीपुर में आयोजित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लेफ्टिनेंट जनरल रविंद्र प्रताप शाही द्वारा किया गया। इस दौरान महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी उपस्थित रहे।

इस दौरान उपाध्यक्ष द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भ्रमण कर चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मरीजों को प्रदान किए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा निशुल्क दवा वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर परीक्षण में रेफर मरीजों का सहारा हॉस्पिटल लखनऊ में नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य प्रबंधन प्राधिकरण आपदा के समय आम जनमानस के हित में काम करने के साथ ही साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रहा है, उन्होंने कहा कि जनपद में जल्द ही थारू जनजाति क्षेत्र पचपेड़वा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।



उपाध्यक्षा द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को डर्मेटोलॉजिस्ट नियुक्ति किए जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० सुशील कुमार,उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दुबे, एसडीएम बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, आपदा सलाहकार सचिन मदान, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार, तहसीलदार तुलसीपुर, सहारा हॉस्पिटल के डॉ० मनीष सिंह व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कैराना जन सूचना अधिनियम के अतर्गत जो मागेगा जानकारी जाऐगा जेल गैस एजेंसी मैनिजर

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना प्राप्त समाचार के अनुसार आज देश भर मे भारत सरकार की योजना उज्जवला योजना के अतर्गत देश के सभी राज्यो मे पात्र उपभोक्ताओ को भारत सरकार की ओर से निशुल्क गैस कनैक्शन वितरित किये जा रहे है जिसमे भारत सरकार हर पात्र लोगो तक खाना बनाने के लिऐ रसोई गैस सलैण्डर ,रैगूलेटर पाईप आदि देने मे अपनी अहम भूमिका निभा रही है । भारत सरकार की इस योजना को जन जन तक पहुचाने व इसका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुचाने के लिऐ भारत सरकार प्रचार प्रसार करने मे भी करोडो खर्च कर रही है ताकि उज्वला योजना का लाभ हर गरीब पात्र लोगो तक आसानी से पहुच सके । लेकिन कस्बे मे कुछ ओर ही लम्बे समय से सुनने को मिलता आ रहा है ।

जो कि भारत सरकार के आदेशो व योजनाओ की खुलैआम धज्जिया उखेडता नजर आता है । यह कोई नयी बात नही कि कस्बा कैराना व आसपास के गावो मे उज्जवला योजना को पात्र उपभोक्ताओ तक पहुचाने तथा इस योजना का लाभ गरीब लोगो को दिलाने के नाम पर कुछ ऐसे दलाल पैदा हो गये जो उज्जवला योजना के नाम पर उपभोक्ताओ से ऐक हजार रूपये से लेकर दो हजार रूपये तक वसूलने मे अपनी अहम भूमिका निभा रहे है । जो पात्र उपभोक्ता इन दलालो को पैसा नही देता है उसे इस योजना का लाभ मिलना कोई आम बात नही है । आखिर किस नियम व अधिनियम के तहत ये लोग पात्र उपभोक्ताओ से अवैध वसूली करते है । इतना ही नही कुछ ऐसे लोग भी है जो अपात्रो की सूची मे आते है उन लोगो को भी पैसो के बल पर पात्र दर्शा दिया जाता है । ओर भारत सरकार की उज्जवला योजना का लाभ बेखोफ दिया जाता है । यह कोई नयी व पहली बात नही है लन्बे समय से दलालो द्वारा यह बडा खेल खेला जा रहा है जिसकी जानकारी के लिऐ ऐक नागरिक ने दस बिंदुओ पर जन सूचना के अधिकार सन 2005 के अतर्गत कुछ जानकारी हासिल करने के लिऐ ऐक आर टी आई पूर्व मे सात जोलाई को डाली गयी थी ।

जिसके चलते ऐक गाव की एंजेंसी से उसके मैनिजर सहाब का धमकी भरा फोन उक्त व्यक्ति पर आया ओर बोला कि देश का प्रधान मंत्री है क्या जो तू जवाब मांग रहा है आपको अधिकार नही है कि आप आर टी आई के तहत कोई जानकारी हासिल कर सको । हम तो जवाब नही देगे ओर अगर भविष्य मे कभी कोई जानकारी चाही तो या तो जेल जाऐगा या फिर अंजाम भुगतना पडेगा मे ओर कोई नही चौधरी हू । जिसके चलते कई सवाल खडे होते है कि क्या गैस ऐजंसी के मैनिजर को यह नही पता कि जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 क्या है तो वह कैसे गैस ऐजंसी पर सही कार्य कर सकता है । क्या गैस ऐजसी का मैनेजर अनपढ है क्या जो उसे जन सूचना का अधिकार नही मालूम है या फिर वह गैस ऐंजसी का मैनिजर कोई दंबग है या डोन है जो कुछ भी करेगा ओर कोई जागरूक नागरिक अपने अधिकार का प्रयोग नही कर सकेगा क्या योगी सरकार के इतने कडे निर्देशो व आदेशो के बावजूद भी कस्बे व आसपास के गाव मे आज भी इतने बडे डान व दंबग लोग कानून की नजरो से बचे हुऐ है यह भी ऐक बडा सवाल है ।क्या अगर कोई अपने अधिकारो का प्रयोग करता है तो वह जेल जा सकता है क्या कुछ जानकारी जानने पर उसके विरूध उसे मुकदमे की धमकी मिल सकती है यह बहुत से ऐसे सवाल है जो इंसान को सोचने पर मजबूर कर देते है ।

जिससे यह भी साबित होता है कि आज भी दंबगो का राज कायम है । जागरूक नागरिक अपने अधिकार का प्रयोग नही कर सकता है क्योकि बहुत से ऐसे गैर कानूनी राज छुपे है जिनकी जानकारी गैस प्रबंधक नही दे सकते क्योकि ऐजंसी प्रबंधक द्वारा ही इन दलालो को छोडा जाता है जो गरीब पात्र लोगो को अपना शिकार बनाने मे अपनी अहम भूमिका निभाते रहते है ओर भारत की उज्जवला योजना जो भारत सरकार निशुल्क चला रही है उसके चलते यह लोगो से अवैध उगायी करने की चर्चाओ मे रहते है भारत सरकार की उज्जवला योजना मे हो रहै बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार की अगर उच्छस्तरीय जांच हो जाये तो बहुत बडा खुलासा हो जाऐगा । ओर इन दलालो के विरूध भी कानूनी कार्यवाही हो जाऐगी । भारत सरकार के आदेशो को ठेगा दिखाने वालो के विरूध कानूनी कार्यवाही होना भी जरूरी है ।

क्योकि हर गरीब व पात्र की रसोई मे गैस कनैक्शन पहुचाने के लिऐ भारत सरकार लाखो करोडो रूपये हर महा खर्च कर रही है कि हर गरीब व पात्र लोगो को इस योजना का लाभ मिल सके उसके बावजूद भी गरीब पात्र लोगो से उज्वला योजना के नाम पर अवैध उगाही होना ऐक बडी बात साबित करती है । क्या उज्जवला योजना मे हो रही बडी गडबडी की आखिर जांच करायेगा कोन यह भी बडा सवाल पैदा करने बाली बात साबित होती है।

## डीएम-एसएसपी ने पैदल भृमण कर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। डीएम–एसएसपी ने सड़कों पर उतरकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज व ड्यूटी प्वाइंट चेक किए।इस दौरान पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा रहा।तत्पश्चात पब्लिक इंटर कॉलिज में द्वीप प्रज्वलित कर कांवड़ शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। रविवार की देर सांय डीएम जसजीत कौर व एसएसपी अभिषेक झा ने कैराना पहुँचकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया।साथ ही कांवड़ मार्ग पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज चेक की और ड्यूटी प्वाइंट का गहनता के साथ निरिक्षण किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा रहा।





कोतवाली से लेकर पब्लिक इंटर कॉलिज तक पैदल निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तत्पश्चात पब्लकि इंटर कॉलिज में 22 वें विशाल कांवड़ शिविर का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान डीएम– एसएसपी के अलावा एडीम सन्तोष कुमार,एएसपी ओपी सिंह, उपजिलाधिकरी कैराना शिवप्रकाश यादव,पुलिस उपाधीक्षक कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना, ईओ उपजिलामजिस्ट्रेट (न्यायिक)मणि अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी एंव कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ससुर,जेठ, देवर ने विवाहित के साथ मारपीट कर तोड़ा हाथ

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। विवाहिता ने ससुर,जेठ व देवर पर मारपीट कर हाथ तोडने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सा परीक्षण के लिए भेज दिया है।नगर के मोहल्ला खेलकलां निवासी पीड़िता हमीदा ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि ससुर,जेठ व देवर मामूली बात को लेकर आये दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। आज भी उपरोक्त लोगो ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसका हाथ भेव टूट गया, लेकिन बेरहम ससुराल के लोगों का दिल नहीं पसीजा और प्रहार करते रहे।घायल अवस्था में विवाहिता कोतवाली पहुँची और अपनी पीड़ा सुनाई। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला को चिकित्सा परीक्षण के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्यवाही शुरु कर दी।

## बाबा श्याम चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा हाईस्कूल इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र/छात्राओ का सम्मान समारोह

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

आज बाबा श्याम चौरिटेबल सोसाइटी द्वारा तनु पैलेस आसफाबाद में हाईस्कूल इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रः छात्राओ का सम्मान समारोह रखा गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये रोहित कुमार सिखरवार ने कहा कि बाबा श्याम चौरिटेबल सोसाइटी द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करके एक अच्छा कार्य किया गया है जिससे उत्साहित होकर बच्चे आगे और अच्छा करने का प्रयास करेंगे तथा इससे अन्य बच्चे प्रोत्साहित होकर मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। सोसाइटी के प्रबंधक सचिव चमन यादव ने कहा कि संस्था द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित तमाम क्षेत्रो में जनहित के कार्य वर्ष 2020 से किये जा रहे है और आगे भी संस्था इस तरह के कार्यक्रम करती रहेगी ओर साथ जनता से सहयोग की कामना की ओर साथ योगेंद्र यादव (बाबा), शैलेन्द्र शर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय सवर्ण महासभा, विवेक यादव अध्यक्ष सोसाइटी आगरा, दिनेश उपाध्याय,संदीप ओझा, मनोज कुमार यादव प्रबन्धक श्रीमती कमला देवी इंटर कॉलेज,आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।





कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष रामनिवास यादव ने की संचालन चमन यादव मीडया को जनकारी देते हुए कहा की आज के इस मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम में छात्र छात्राओं की संख्या 80 रही है, इसके साथ साथ समाज के गणमान्य लोगों को भी सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## हमें समाज को मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए -शिवराम रावत उन्नाव

ओंकार नाथ चौधरी। बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती, प्रतापगढ़ सीतापुर रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।



इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवराम रावत उन्नाव से व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया।

श्री शिवराम रावत उन्नाव जी ने कहा कि हम सब मिलकर मजबूत संगठन बनाने का काम करें श्री रामहित भारती प्रयागराज जी ने कहा कि सामाजिक संगठनों के साथ हम सब मिलकर मजबूत मंच बनाया जाये इसके बाद राजनीतिक पार्टियों के साथ मिलकर शासन सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करे।

श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ने कहा कि शासन सत्ता में आने के लिए हम सबको एक साथ मिलकर कार्य करना चाहिए।

राजेश सिंह प्रयागराज ने कहा कि हमें एक दूसरे सीखकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। इस कार्यक्रम में श्री राजेश सिंह प्रयागराज,श्री बालकराम जी हरदोई ,श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ, श्री शिवराम रावत उन्नाव, श्री रामहित भारती प्रयागराज ,श्री रमेश महतो नालंदा बिहार आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन श्री राम हित भारती प्रयागराज द्वारा किया गया।

## खेडा राठौर बवाल में 7 नामजद समेत 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज 5 घायल

जैतपुर। रविवार को खेडा राठौर के जोमर्दपुरा गांव में जमीन के विवाद में बवाल हो गया स्थिति नियंत्रित करने में मौके पर पहुंची पुलिस का पसीना छूट गया जोमर्दपुरा गांव के किलेदार के घर के सामने जमीन पडी है इसी जमीन पर दावे को लेकर किलेदार और अवधेश पक्ष भिड गये दोनों पक्षों में पहले लाठी डंडे चले और बाद में जमकर पथराव हुआ बवाल में किलेदार पक्ष के किलेदार विहंगम सिंह, किशन अवधेश पक्ष के अवधेश रोहित घायल हो गये मौके पर पहुंची खेडा राठौर पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया एसओ खेडा राठौर राजीव सोलंकी ने बताया कि 7 नामजद समेत 11 के खिलाफ पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है घायलों का मेडीकल कराया है आरोपियों की तलाश की जा रही है।



## ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों की नकदी व आभूषण चुराए

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। अज्ञात चोरों ने बन्द मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी के साथ कीमती आभूषण चुराए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने रहमत कालोनी निवासी अनवर पुत्र शरीफ के बन्द मकान के ताले तोड़कर अलमारी में रखी लाखों की नकदी व कीमती आभूषण चुरा लिए। पीड़ित ने बताया कि वह शामली स्थित रिश्तेदारी में किसी कार्य से गया हुआ था और उसकी पत्नि मायके गई हुई थी। इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोर मकान में घुस गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया।सूचना मिलते ही इमामगेट चौकी इंचार्ज राहुल कादयान मौके पर पहुँचे और घटना के बारे में जानकारी जुटाई। चौकी इंचार्ज का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध लगा रहा है।



## तीसरी आँख के पहरे में कांवड़ यात्रा

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शहर से गुजरने वाले शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। 14 सीसीटीवी कैमरों से मार्ग पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। कांधला तिराहे पर जहां पालिका प्रशासन की ओर से वॉच टावर स्थापित किया गया है, वहीं टँकी परिसर में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां कर्मचारियों की तैनात भी कर दी गई है। पालिका की ओर से मुख मार्ग सहित चौक बाजार क्षेत्र में सेसेटीवी कैमरे स्थापित कर कांवड़ मर्ग पर पैनी नजर रखी जा रही है। पल–पल की गतिविधियों को परखा जा रहा है। कहीं भी कोई घटना न हो जाए, इसे लेकर प्रशासन अलर्ट है। मुख्य मार्ग पर तीसरी आँख का पहरा लगा हुआ है।



## दो दिवसीय स्काउट एन्ड गाइड कैम्प का समापन

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मदरसा सबीलूल हुदा में आयोजित दो दिवसीय स्काउट एन्ड गाइड कैम्प के समापन पर छात्रों को सर्टीफिकेट वितरित किए गए रविवार को क्षेत्र के गांव अकबरपुर सुन्हेटी में स्थित मदरसा सबीलूल हुदा में आयोजित दो दिवसीय स्काउट एन्ड गाइड कैम्प का समापन किया गया और ट्रेनिंग लेने वाले छात्रों को सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मौलाना वासिल ने कहा कि स्काउट एन्ड गाइड के माध्यम से छात्रों को अप्राकृतिक आपदा व विषम परिस्थितियों के दौरान पीड़ितों की जान बचाने तथा रेस्क्यू की ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे समय आने पर जमीयत यूथ क्लब के सदस्य समाजहित में बेहतर योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान सर्वसमाज के हितों की रक्षा व उनका सुरक्षित रेस्क्यू करके मानव जनहानि होने से बचाना समाज व देशहित के कार्यों में अहम योगदान समर्पित करना ही यूथ क्लब का उद्देश्य है। इस दौरान स्काउट मास्टर परवेज,इरफान,मुबारक अली,मौलाना आजम,कारी मुबारक, प्रबंधक मौलाना इरफान सहित बड़ी संख्या में उलेमा व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।



## हरियाणा का नटवरलाल चढ़ा व्यापारियों के हत्थे

(रिपोर्ट एहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तीन माह पूर्व नगर के तीन व्यापारियों से एक लाख का सामान खरीदकर 70 हजार का फर्जी चौक थमाकर फरार होने वाला नटवरलाल को कार सहित पकड़कर पुलिस को सौंपा रविवार को तीन माह पहले एक लाख रुपये का सामान खरीदकर 70 हजार का फर्जी चौक देकर फरार होने वाला हरियाणा निवासी नटवरलाल को व्यापारियों ने रिट्ज कार सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। तीन माह पूर्व मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर सीओ कार्यालय के सामने बिल्डिंग मैटीरियल की दुकान करने वाले सुरेश, टाइल्स पत्थर की दुकान करने वाले विकास व गाटर आदि बेचने वाले प्रवीण से समालखा के गाँव मछरौली निवासी बलकार पुत्र मुखी लगभग एक लाख का सामान खरीदकर उपरोक्त तीनो व्यापारियों को 70 हजार का फर्जी चेक व बाकी नकदी जल्द लौटाने के वादा करके फरार हो गया था। बाद में चेक भी फर्जी साबित हो गया और बलकार भी नहीं आया। अचानक आज व्यापारियों को उसके आने की सूचना मिली तो उन्होंने आज रिट्ज कार सहित उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पीड़ित व्यापारियों का कहना है कि जालसाजी करके उनके साथ ठगी की गई है।

# पीलीभीत एसडीएम ने हर्बल पार्क को देखकर जमकर सराहना की

पीलीभीत पूरनपुर।एसडीएम ने तपती गर्मी में अमृत सरोवर और हर्बल पार्क का औचक निरीक्षण किया।अमृत सरोवर में साफ–सफाई व अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।एसडीएम ने हर्बल पार्क की जमकर सराहना की।

रविवार को तपती गर्मी में उपजिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने गांव अमरैयाकलां में पहुंचकर हर्बल पार्क और अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण किया।अमृत सरोवर में साफ–सफाई



एवं अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधान सत्यपाल शर्मा से कहा कि अमृत सरोवर की पूर्ण तैयारी कर 15 अगस्त को मेले जैसा माहौल बनाएं और अमृत सरोवर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा।जिसमें पूर्ण तैयारी अभी से शुरू कर दें। एसडीएम ने अमरैयाकलां में बनाए गए हर्बल पार्क को देखकर प्रधान सत्यपाल शर्मा की काफी सराहना की। उन्होंने प्रधान से पूछा कि हर्बल पार्क में इतनी जड़ी बूटियों को लगाने के लिए कहाँ से अनुभव लिया। तो प्रधान ने बताया कि प्रारम्भ से जड़ी–बूटियों का ज्ञान था, उसी के आधार पर अधिक से अधिक पार्क में जड़ी बूटियां लगाई। ताकि इसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके। इस मौके पर प्रधान सत्यपाल शर्मा, लेखपाल विकास मौर्य, रोजगार सेवक जमील खां, राजेश कुमार, श्याम बिहारी, धर्मवीर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# पीलीभीत संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव

पीलीभीत पूरनपुर संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर कब्रिस्तान के किनारे धान के खेत में शहतूत के पेड़ के नीचे युवक का शव पड़ा मिला।सुबह धान में स्प्रे करने गए किसान ने शव पड़े होने की सूचना मृतक के परिजनों को दी।मृतक की गर्दन पर चोट के निशान भी मिले हैं।परिजन युवक की हत्या कर शव खेत में फेंकने की आशंका जता रहे हैं।

थानाध्यक्ष सेहरामऊ उत्तरी कमलेश मिश्रा अपनी पुलिस फोर्स और पूरनपुर क्षेत्राधिकारी एवं कोतवाल पूरनपुर भी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी।

सेहरामऊ क्षेत्र के ग्राम पंचायत केसरपुर कला के गांव वरकलीगंज निवासी शान मोहम्मद का 23 वर्षीय पुत्र फरमान जो शनिवार रात खाना खाकर छत पर सोने चला गया जो संदिग्ध अवस्था में गायब हो गया। संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गायब युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को गांव



किनारे स्थित खेत में खड़े शहतूत के पेड़ के नीचे पड़ा मिला।रविवार सुबह अपने धान में स्प्रे करने गए किसान ने खेत में शव पड़े होने की सूचना गांव व परिवार वालों को दी।सूचना मिलने पर गांव के ग्रामीण व मृतक युवक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।शव को संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा देख परिजन दहाड़े मार–मार कर रोने लगे। मौके पर पहुंचे गांव के ग्रामीणों व परिजनों ने युवक की हत्या कर शव खेत में फेंकने की आशंका जताई है।सूचना मिलते ही सेहरामऊ एसओ कमलेश मिश्रा व पूरनपुर क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम सिंह,डॉग स्क्वायड टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई।पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कहासुनी होने पर युवक ने लगाई अपनी बाइक में आग

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

कहासुनी होने पर युवक ने लगाई अपनी बाइक में आग फिरोजाबाद के छारबाग में एक बाइक में आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि कुछ कहा सुनी होने के बाद युवक ने खुद ही अपनी गाड़ी को लगा दी आग।

मामला फिरोजाबाद के छारबाग सीवीएम स्कूल वाली गली का है। जहां पर ससुराल में आए युवक की बाइक घर के बाहर खड़ी हुई थी। बताया जाता है कि ससुराल में युवक की कुछ कहासुनी हुई और शराब के नशे में उसने अपनी बाइक को आग लगा दी। बाइक से आग की लपटें उठती देख हड़कंप मच गया। मौके



पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## मुड़िया पूर्णिमा मेले पर यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस कर्मियों को यातायात योद्धा 2022 सम्मान से किया गया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा।

लगातार 10 दिनों तक ड्यूटी कर मथुरा को बनाया जाम मुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनोद दीक्षित

मथुरा ।गोवर्धन मुड़िया पूर्णिमा पर लगने वाले उत्तर भारत के सबसे बड़े मेले में पुलिस के द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर इस बार 2022 में सराहनीय कार्य करने के लिए ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति व दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प रजि मथुरा के द्वारा वरिष्ठ टीएसआई रवि भूषण शर्मा हेड कॉन्स्टेबल जयवीर सिंह, राहुल सिंह वीरेंद्र सिंह, डालचंद, भरत सिंह, ब्रजवीर सिंह के साथ दर्जनों पुलिस वा यातायात पुलिस कर्मियों को यातायात पुलिस को यातायात योद्धा सम्मान 2022 में प्रशस्ति पत्र ,कोल्ड ड्रिंक, किरिंग से देते हुए दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया द्य सम्मान अभियान का शुभारंभ स्टेट बैंक चौराहे से करते, रोडवेज वर्कशॉप के सामने, नया बस स्टैंड ,भूतेश्वर चौराहा, मंडी चौराहा, गोवर्धन चौराहा पर चलाया गया और यह अभियान लगातार आगे भी चलता रहेगा द्य संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति पूर्व में भी ऐसे लोगों को हमेशा समय–समय पर सम्मानित करती रहती है जिन्होंने समाज के लिए कुछ अलग काम किया हो ऐसे ही पुलिस के द्वारा गोवर्धन मथुरा में उत्तर भारत के सबसे बड़े मुड़िया पूर्णिमा पर पूरे देश से आने वाले लाखों लोगों को नियंत्रण करते हुए जाम के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पुलिसकर्मी व यातायात कर्मियों को प्रशस्ति पत्र ,कीरिंग कोल्ड, ड्रिंक की बोतल देते हुए





दुपट्टा पहनाकर किया गया सम्मानित द्य इस अवसर पर दीक्षित इंश्योरेंस फिनकॉर्प के निर्देशक नरेंद्र दीक्षित ने कहा हमारी संस्था ऐसे लोगों को सम्मानित कर रही है जिन्होंने समाज के लिए कुछ अलग किया है आज उसी कड़ी में हमारे द्वारा पुलिस को सम्मानित किया गया है और यह सम्मान कार्यक्रम 101 आगे पुलिस कर्मियों तक चलाया जाएगा सम्मान कार्यक्रम में मनोज कुमार दीपक वर्मा और लोकेश चौधरी व अन्य रहे शामिल ।

# जंतर मंतर तक निकाली जा रही पैदल यात्रा का आज मथुरा में स्वागत करते हुए उन्होंने विश्राम के लिए महाराणा प्रताप चौक पर विश्राम करा भोजन पानी की व्यवस्था कर उनकी मांगों का समर्थन किया

दैनिक अयोध्या ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह बर्मा द्वारा पैरामिलेट्री फोर्स अर्धसैनिक बलों की नियुक्ति लेकर नागपुर के संविधान चौक से दिल्ली के जंतर मंतर तक निकाली जा रही पैदल यात्रा का आज मथुरा में स्वागत करते हुए उन्हें विश्राम के लिए महाराणा प्रताप चौक पर विश्राम करा भोजन पानी की व्यवस्था कर उनकी मांगों का समर्थन करते हुए, कहा कि भारत सरकार द्वारा कर्मचारी चयन आयोग के तहत अर्धसैनिक बलों पैरामिलेट्री फोर्स में 60210 कॉस्टेबलों की नियुक्तियां 2018 में निकाली गई थी, जिसकी परीक्षा 2019 में शारीरिक जाँच 2019 में व मेडिकल जांच व अंतिम परिणाम 2021 में घोषित हुए , जिसमें से 55912 लडके लडकीयों को ही नियुक्ति मिली और उनमें से बचे हुए 4000 पद अभी तक नहीं भरे गए हैं, जिसके लिए विगत 16 माह से यह युवा अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए आंदोलन कर रहे हैं, चाहे कड़कड़ाती सर्दी हो या गर्मी की धूप हो या बरसात हो ये आंदोलन कर रहे है।

इनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, इस समस्या के लिए संसद में भी तीन बार बातें हो चुकी हैं,



लेकिन सरकार इन युवाओं के भविष्य के बारे में कुछ भी विचार नहीं कर रही है, इन युवाओं ने दिल्ली में रहकर आंदोलन किया तो दिल्ली पुलिस ने इनके साथ मारपीट की इनका उत्पीड़न किया इनका आंदोलन समाप्त करने के भरसक प्रयास किए, देश सेवा का जुनून लेकर निकले इन युवाओं को अपनी नियुक्ति के लिए दिल्ली के जंतर–मंतर पर प्रदर्शन करना है ,आज यह लोग नागपुर के संविधान चौक से लेकर दिल्ली के जंतर–मंतर तक पैदल यात्रा करते हुए मथुरा पहुँचे, जहाँ महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हैं हम सभी जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य पदाधिकारियों ने इनके खाने पीने व विश्राम की व्यवस्था की है तथा इनकी यात्रा को इनकी मांगों को पूर्ण समर्थन प्रदान करते हूए भारत सरकार से इनकी सुनवाई करने की मांग की है तथा अग्निपथ के कुप्रभाव से भारत देश को मुक्ति दिलाने की मांग की ।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने कहा कि युवा कांग्रेसी पूर्ण रूप से बेरोजगार नौजवानों की मांगों को समर्थन करती है तथा आंदोलन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आंदोलन को और धारदार बनाएंगे तथा बेरोजगारों की नौकरी की जो समस्या है उसका सारा श्रेय योगी जी और मोदी जी को जाता है तथा अग्नीपथ योजना का प्रभाव है।

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पचौरी ने कहा कि अगर युवाओं के इस जोश को इस प्रकार दबा दिया जाएगा तो आगामी भविष्य में फिर युवा सेना में किस प्रकार भर्ती होंगे, हम भारत सरकार से अनुरोध करते हैं कि जो नियुक्ति से वंचित कांस्टेबल रह गए हैं उन्हें अविलंब नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएं।

बेरोजगारों का काफिला दिल्ली की तरफ अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखने के लिए निकल गया।

इस पैदल यात्रा का स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के साथ मौजूद रहे एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पचौरी जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर छात्र संघ के जिलाध्यक्ष शिशुपाल चौधरी राहुल अरोड़ा विनोद आर्य बंटी सिद्दीकी मुकीम कुरेशी ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत बृजेश शर्मा अजय कुमार अश्विनी शर्मा अश्विनी राजेंद्र वशिष्ठ मनोज कुमार शर्मा विनोद आर्य मोहम्मद यासीन समीम अब्बासी शुक्ला छात्र नेता दुर्गेश बघेल हरजीत प्रतीक वर्मा आबाद मोहम्मद। आदि कांग्रेसी जन थे।

# समाधान दिवस में दर्ज हुई 105 शिकायतें, तीन का मौके पर ही निस्तारण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा/छाता। तहसील सभागार में डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस लगाया गया। इसमें 105 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से तीन का ही मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा है कि सभी शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण करें। शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। कोसीकलां नगर पालिका की जमीन को लेकर नरेंद्र गुर्जर ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने कहा कि फर्जी तरीके से नगर पालिका की जमीन को बेच दिया गया है। इस जमीन का फर्जी दाखिला खारिज कराने में नायब तहसीलदार और लेखपाल





अजीत चौधरी का हाथ है। दोनों अधिकारियों की मिलीभगत से दाखिल खारिज करा दिया है।बिना उनकी सुनवाई किए दूसरे पक्ष को सरकारी जमीन बिकवा दी। डीएम नवनीत सिंह चहल ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम श्वेता सिंह को जांच के आदेश दिए हैं। किसी भी तरह सरकारी जमीन पर कोई अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। इसी दौरान अकबरपुर पर तैनात लेखपाल देवेंद्र गर्ग की भी काश्तकार ओमप्रकाश ने जिला अधिकारी से शिकायत की कहा कि चकरोड रास्ते को लेकर लेखपाल द्वारा पांच हजार रुपए का सेवा शुल्क लिया गया है जिसका एक ऑडियो भी उनके पास सुरक्षित है जिस पर जिलाधिकारी ने जांच कर कार्यवाही करने के आदेश दिए।इस दौरान एसएसपी अभिषेक यादव, सीओ गौरव त्रिपाठी, एसडीएम श्वेता सिंह, तहसीलदार विवेकशील यादव उपस्थित थे।

# भाकियू भानु के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शीलेश कुमार

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

टूंडला। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेश प्रताप सिंह के निर्देश पर राष्ट्रीय सचिव जीत कमल सोलंकी ने गांव पचोखरा में सैकड़ों किसानों को भारतीय किसान यूनियन भानू की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान शीलेश कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रियंक उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष विद प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव जीत कमल ने कहां कि भारतीय किसान यूनियन भानु मैं रह कर ईमानदारी से संगठन के प्रति कर्तव्य एवं निष्ठावान रहकर कार्य करने के लिए सभी पदाधिकारियों को जागरूक किया। इस मौके पर हरेंद्र सिंह, बॉबी उपाध्याय, तेजपाल, भीष्मा पाल, अरविंद कुमार, रामनिवास, नेपाल सिंह, पंकज ठाकरे, अरविंद शर्मा, करतार सिंह पौनिया, प्रेम शंकर के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



# दिव्यांगजानो को मिलेगी वित्तीय सहायता

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद। दिव्यांगजनों को उनकी प्रतिभा निखारने, गंम्भीर बीमारीयों के इलाजएवं उच्च सहायता वाले उपकराणं को खरीद ने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिये विकास भवन स्थित दिव्यांगजन कार्यालय पर सम्पर्क कर योजना की जानकारी ले सकते है। जिला दिव्यांगजन अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा दिव्यांगजनों के लिये चार प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जिसके अन्तर्गत दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी, कार्यशालाओं हेतु एवं जिनके खेल ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर जैसे क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन हो उनको राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी साथ ही उन्होने बताया कि दिव्यांगता के व्यक्तियों को सहायता वाले उपकण क्रय करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। वहीं जो दिव्यांगजन गंम्भीर बीमारियों से ग्रसित है उन्हे इलाज के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। योजना की अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिये दिव्यांगजान किसी भी कार्य दिवस पर विकास भवन डबरई पर पहुंच कर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी से जानकारी कर सकते है।

# पहली बार जिले के किड्स कॉर्नर व केंद्रीय विद्यालय हजरतपुर बनाए गये परीक्षा केंद्र

### सुहागनगरी में 1238 परीक्षार्थियों ने दी नीट की परीक्षा, 84 रहे अनुपस्थित

रिपार्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद। जिले में पहली बार नीट की परीक्षा कराई गई। पहली बार हुई परीक्षा को लेकर अधिकारियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। दो परीक्षा केंद्रों पर 1238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 84 अनुपस्थित रहे। नकल विहीन परीक्षा को लेकर आर्बजबर निगरानी करते रहे।

जिले में दो केंद्रों पर पंजीकृत 1322 परीक्षार्थियों में से 1238 ने परीक्षा दी। शेष 84 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हुई। परीक्षा के लिए सुबह से ही परीक्षार्थियों का आवागमन जारी रहा।

सुबह 11 बजे के बाद दोनों ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी और अभिभावकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। आर्ब्जबर की निगरानी में प्रश्न पत्रों को खोला गया। शहर के किड्स कॉर्नर कॉलेज में पंजीकृत 818 परीक्षार्थियों में से 790 ने परीक्षा दी। शेष 28 परीक्षार्थी



अनुपस्थित रहे। वहीं, केंद्रीय विद्यालय हजरतपुर में 504 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। शेष 56 ने परीक्षा छोड़ दी।

# मथुरा में अतिक्रमण आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर किए पक्के का निर्माण मथुरा नगर निगम के अधिकारी बेखोफ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।मथुरा नगर निगम से जुड़ा हुआ एक मामला सामने आया है जो मंडी चौराहे मथुरा का है जो कि मामला आम रास्ते को लेकर है मंडी चौराहे के समीप कॉलोनी महेंद्र नगर का प्रकाश में आया है जिस रास्ते पर कॉलोनाइजर ने अवैध कब्जा कर प्लॉट काट कर बेच दिए हैं प्लॉट के खरीददारों ने उन पर पक्के निर्माण कर मकान आदि बना लिए हैं लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की है जिससे आम रास्ता निर्धारित चौड़ाई से काफी कम हो गया है जिस रास्ते को सकरा कर दिया है जिसके कारण आए दिन जाम लगा रहता है और अधिकारी देख कर भी अनदेखी करते हैं ऐसे ही मंडी चौराहे से लेकर पाली खेड़ा चौराहे तक रास्ते को रेहडी और दुकान वालों ने अतिक्रमण कर रखा है कई बार नगर निगम इन पर कार्यवाही कर चुका है मगर इन अतिक्रमणकारियों पर नगर निगम का कोई कड़ी कार्यवाही नहीं हुई है और इसका कोई भी असर अभी तक




नहीं दिखाई दिया है ऐसा लगता है कि मथुरा नगर निगम के कुछ अधिकारी भी अतिक्रमणकारियों के साथ मिले हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## भगवंतापुर में सशस्त्र नकाबपोश बदमाशों का धावा गांव के दो घरों को निशाना बनाने का किया प्रयास

### शोर–शराबा करने पर फरार हुए नकाबपोश बदमाश

पीलीभीत पूरनपुर।सशस्त्र नकाबपोश बदमाशों ने गांव में पहुंच कर दहशत फैला दी।दो घरों को निशाना बनाने का प्रयास किया। आहट पाकर ग्रामीणों ने शोर शराबा शुरू कर दिया।इस पर बदमाश घटना को अंजाम न देकर फरार हो गए। बदमाश देखे जाने से गांव में दहशत बनी हुई है।मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर में वीती रात असलहों से लेस नकाबपोश बदमाशों ने गांव में धावा बोल दिया। ग्राम प्रधान सतीश गिरी ने बताया कि रात करीब एक बजे एक दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाश हथियारों से लैस होकर घटना को अंजाम देने के इरादे से गांव में चहलकदमी करते देखे गए।कुछ ही देर बाद गांव निवासी दिनेश सिंह व प्रवीण चौहान के घरों के पास नकाबपोश बदमाश पहुंचे।उन्होंने घटना को अंजाम देने का प्रयास किया।लेकिन तब तक दिनेश सिंह ने बदमाशों को देख लिया।इस पर उनके होश उड़ गए।शोर–शराबा करने पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।इस नकाबपोश बदमाश मौके से फरार हो गए।ग्रामीणों की सजग से गांव में बड़ी वारदात होने से बची।बड़ी संख्या में बदमाशों को देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्राम प्रधान सतीश गिरी ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी।कोतवाल अशोक पाल ने बताया भगवंतापुर गांव में बदमाशों के घुसने की सूचना ग्राम प्रधान द्वारा दी गई है।जिस पर जांच शुरू कर दी गई है। अगर ऐसा है तो शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।इधर ग्रामीणों ने पुलिस से गांव में बेहतर ढंग से गस्त कराए जाने की मांग की है।

## शराब पिलाकर ग्रामीण के छीन लिए रुपए

पीलीभीत पूरनपुर।घुंघचाई चौकी क्षेत्र के गांव सिमरिया ता0अजीतपुर बिल्हा की रहने वाली आशा देवी ने पुलिस को वताया कि उसके पति रामगोपाल ने गांव में एक संचालित जन सेवा केंद्र से पांच हजार रुपये निकाले। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने पति को शराब पिलाई। उसके बाद उसके पति से रुपए छीन लिए।महिला जब लोगो के पास रुपये लेने गई तो उसके साथ गाली गलौच शुरु कर दी।विरोध करने पर महिला कि पिटाई लगा दी। बचाने आए महिला को पुत्र को भी मारा पीटा।महिला ने चौकी पहुंचकर लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।मामला सही पाया गया तो कार्रवाई जरूर होगी।

## दरवाजे रख दिया गोबर,विरोध पर दौड़ा दौड़ा कर पीटा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

पीलीभीत पूरनपुर।दरवाजे के सामने गोबर का ढेर लगाने के विरोध पर महिला को कोटेदार ने परिवार के सहयोग से दौड़ा–दौड़ा कर पीटा।किसी तरह से महिला ने जान बचाई। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि बीती रात्रि में कुछ शरारती तत्वों ने उसके दरवाजे के सामने गोबर का ढेर लगा दिया। सुबह जब उसने दरवाजा खोला तो उसने गोबर का ढेर देखा।इस पर उसने गांव के ही कुछ लोगों से शिकायत की आरोप है कि शिकायत से खफा होकर गांव के ही कोटेदार इंदर गिरी महिला के साथ गाली–गलौज करने लगा।महिला के विरोध करने पर इंदर गिरी ने अपने पुत्र राजीव,अलका देवी,आदि के सहयोग से महिला को मारना शुरू कर दिया।इस पर महिला वहां से भागने लगी।आरोप है कि सभी ने दौड़ा–दौड़ा कर महिला को जमकर पीटा।जिससे वह घायल हो गई।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोगों मौके पर पहुंच गए। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।महिला ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

## पीलीभीत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा की गई फुट पेट्रोलिंग'

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में आज दिनांक 16.07.2022 को जनपद में कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत/समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त करते हुए चौराहों, मार्केट तथा भीड़–भाड वाली जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाया गया।

## काँवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग थाना जहानाबाद की चौकी शाही जनपद बरेली बर्र्डर से गौरी शंकर मन्दिर तक के रुट मार्च का किया निरीक्षण

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा श्रावण मास/काँवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग जनपद बरेली बार्डर स्थित चौकी शाही से थाना सुनगढी क्षेत्र होते हुये थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित गौरी शंकर मंदिर पर जलाभिषेक हेतु काँवड़ियों के



आने–जाने की समुचित व्यवस्था के दृष्टिगत मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्वंय रूट मार्च का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधों का जायजा लिया। थाना जहानाबाद व चौकी शाही पर लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर अन्य महत्तवपूर्ण स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात गौरी शंकर मंदिर पुहंचकर मंदिर परिसर में लगे कैमरे , श्रद्धालुओं द्वारा जल चढाने के स्थान पर लगे बैरिकेडिंग की स्थित की जायजा लिया व मंदिर कमेटी से वार्ता कर महत्तवपूर्ण सुझाव दिये, क्षेत्राधिकारी नगर व सभी थाना प्रभारियों को रूट की सुरक्षा व्यवस्था सुदृण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## हजरत शाह सकलैन एकेडमी आफ इंडिया की ओर से रामपुर में 15 जोड़ों का निकाह कराया

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। हजरत शाह सकलैन एकेडमी आफ इंडिया की ओर से रामपुर में 15 जोड़ों का निकाह कराया गया।

कार्यक्रम का आगाज सुबह दस बजे तिलावते कुरान पाक से किया गया। इसके बाद हाफिज आमिल ने नात ओ मनकबत शरीफ का शानदार कलाम पेश किया। इस मौके पर उलेमा ने तकरीर करते हुए लोगों को आपस में इखलास ओ मोहब्बत से पेश आने और बुजुर्गो के नक्शे कदम सब्र, कुर्बानी, नफ्स कुशी, जरूरतमंदों की मदद, गुनाहों से बचने आदि के रास्ते पर चलने की हिदायत दी। पूरी कौम को यह पैगाम दिया कि सब्र ओ शुक्र व इत्तेहाद ओ मोहब्बत बहुत बडी ताकत हैं इसको कायम रखें और गुनाहों व बुराईयों से बचे। लोगों की परेशानी व तकलीफ में एक दूसरे का साथ दें।



कहा कि हमे ऐसे काम करना चाहिए जिससे अल्लाह राजी हो और उसकी मखलूक का भला हो सके। हमारे मुआशरे में आज जो गैर इस्लामी, नाजायज फुजूल रस्मे पनपी हुई हैं हमें उनसे बचना चाहिए। शादियों में आसानी पैदा करें बेजा लेन–देन व रस्मों से बचना चाहिए। कार्यक्रम में रामपुर के अलावा मुरादाबाद, बरेली, बदांयू, पीलीभीत, शाहजहांपुर, उत्तराखंड से लोगों ने शिरकत की।

इस मौके पर नासिर सकलैन, आले नबी सकलैन, शाहरूख सकलैनी, नावेद सकलैनी, सज्जाद सकलैनी, शाकिर सकलैनी, जव्वाद सकलैनी, परवेज आदि मौजूद थे।

# 'एन.एच.डी.सी ने सीएसआर के तहत आरोग्यधाम को दीं एम्बुलेंस एवं मोबाइल वैन'

चित्रकूट। नेशनल हाइड्रो पावर कार्पोरेशन के चेयरमैन श्री अभय कुमार सिंह एवं एन. एच. डी. सी. के प्रबंध निदेशक श्री व्ही के सिन्हा द्वारा अपने दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास के दौरान सीएसआर के तहत आरोग्य धाम के लिए 1 एम्बुलेंस एवं 1 मोबाइल वैन सहित फिजियोथेरेपी, पंचकर्म के उपकरण व न्यूरो संबंधित उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण प्रदान किये गए।

चित्रकूट आगमन पर उन्होंने दीनदयाल संस्थान के प्रकल्प कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यमिता विद्यापीठ, आरोग्यधाम, गौशाला, राम दर्शन, गुरुकुल संकुल, कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय आदि प्रकल्पों का अवलोकन किया।

स्वास्थ्य सेवाओं के सबसे पिछड़े जनपद चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख के विचारों से पल्लवित दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने का काम तेजी पकड़े हुए है। आयुर्वेद के साथ–साथ समय समय पर विभिन्न मर्जों के चिकित्सा शिविरों का लाभ जाने माने चिकित्सकों द्वारा मिलता रहा है। पिछले कुछ सप्ताह से नियमित प्रत्येक रविवार को बिरला हॉस्पिटल के सहयोग से जाने–माने विशेषज्ञों द्वारा परामर्श शिविर भी लगाया जा रहा है। अमेरिका से चित्रकूट आये भारतीय मूल के न्यूरो सर्जन डॉ मिलिंद देवगांवकर नियमित आरोग्यधाम के मातृ सदन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनके सहयोग से अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम भी नानाजी की स्वास्थ्य संकल्पना को पूरा करने में लगी हुई है।

'एन.एच.डी.सी ने सामाजिक दायित्व का किया निर्वहन'

इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने कहा कि एन.एच.डी.सी. के सामाजिक दायित्वों के तहत किये गये इस कार्य की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि इससे मातृ सदन के बेहतर प्रबंधन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यय शिविर संपन्न कराने में काफी सहायता मिलेगी।

संस्थान के कोषाध्यक्ष श्री बसंत पंडित द्वारा बताया गया कि नानाजी के द्वारा आजीवन स्वास्थ्य की संकल्पना को लेकर जो सोच थी उसके आधार पर आरोग्यधाम की स्थापना के बाद मातृ सदन की भी नीव रखी गई थी ताकि सुरक्षित जननी प्रसव सुव्यवस्थित ढंग से हो सके।

एन.एच.पी.सी.के चेयरमैन श्री अभय कुमार सिंह ने कहा कि बहुत बड़ा जीवट काम है चित्रकूट जैसी छोटी जगह पर बड़े–बड़े चिकित्सकों को रख पाना। मै इस अभियान में लगे सभी चिकित्सकों को धन्यवाद देता हूँ। आरोग्य की कल्पना को लेकर नानाजी ने जड़ी–बूटियों से निरोगी रखने के लिये शोधशाला तैयार की है। ये वास्तव में अनुकरणीय है। आयुर्वेद, योग–विज्ञान एवं प्राकृतिक चिकित्सा के संयुक्त प्रयासों द्वारा



आजीवन स्वास्थ्य की विधियां विकसित करने का कार्य आरोग्यधाम में किया गया है।

एन. एच. डी. सी. के प्रबंध निदेशक श्री व्ही के सिन्हा ने दीनदयाल शोध संस्थान के विभिन्न प्रकल्पों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आरोग्यधाम, जैसा नाम वैसा काम। शोध, अनुसंधान और प्रयोग ये एक ही प्रक्रिया के अलग–अलग तरीके हैं। दीनदयाल शोध संस्थान में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए अनुसंधान हो रहे हैं, संस्थान बीमारी से बचाव की वजह निरोगी रहने को लेकर लगातार अनुसंधान कार्य में लगा हुआ है।

इस दौरान तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र चित्रकूट में भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत गौ आधारित उत्पादन इकाई का शुभारंभ नेशनल हाइड्रो पावर कार्पोरेशन के चौयरमेन श्री ए के सिंह, एन. एच. डी. सी. के प्रबंध निदेशक श्री व्ही के सिन्हा एवं दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव श्री अभय महाजन, कोषाध्यक्ष श्री वसंत पंडित द्वारा किया गया। उन्होंने गौ मूत्र से बनने वाले प्राकृतिक उत्पाद – जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं अग्नियस्त्र आदि के बारे में पूछा।

उल्लेखनीय है कि आरोग्यधाम आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, के माध्यम से निदान सदन, स्वास्थ्य सदन के अलावा दंत चिकित्सा, ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग, पंचगव्य औषधि, हरी ताजी औषधि व दादी मॉ के बटुआ के द्वारा प्रतिमाह दो हजार से ज्यादा रोगियों एवं असाध्य रोगियों को उपचारित करने का अद्भुत कार्य कर रहा है।

# माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट के क्रम में तीन अभियुक्तगिरफ्तार

थाना जरवल रोड जनपद बहराइच

बहराइच वारिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट में गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश के क्रम में थाना स्थानीय पर गठित टीम द्वारा आज दिनांक 17.07.2022 को माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट न्यायालय ए0सी0जे0एम0, महोदय बहराइच मु0न0 851/19 मु0अ0सं0 171/2018 धारा 452/323/504/506 भादवि0 से सम्बन्धित वारण्टी 1.जय जय राम पुत्र मंशाराम 2. सन्दीप कुमार पुत्र जय जय राम निवासीगण परसोहर थाना जरवलरोड़ जनपद बहराइच घर से समय करीब 3.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तदोपरान्त वारण्ट न्यायालय ए0सी0जे0एम0 महोदय बहराइच एस0टी0 नं0 421/2019 मु0अ0सं0 09/2008 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना जरवल रोड जनपद बहराइच से सम्बन्धित वारण्टी



अभियुक्त फखरुद्दीन पुत्र मजीद निवासी हसना धवरिया थाना जरवलरोड जनपद बहराइच को घर से समय करीब 04.52 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस सुरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तारी टीम का विवरण 1. उ0नि0 श्री पवन कुमार सिंह 2. मुख्या आरक्षी राम नरेश यादव 5. आरक्षी अमरजीत यादव आरक्षी दीपक यादव आरक्षी जीतलाल आरक्षी प्रताप सिंह महिला आरक्षी रुची पान्डेय थाना जरवल रोड जनपद बहराइच।

## सामुदायिक शौचालय में हुआ भ्रष्टाचार तब वहां के लोगों को दौड़ना पड़ा जिला अधिकारी के द्वार

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर

जनपद सीतापुर की ब्लॉक रेउशा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजेहडा में सामुदायिक शौचालय में हुआ जमकर के भ्रष्टाचार निर्माण एजेंसी द्वारा ग्राम पंचायत बिजेहड़ा के सामुदायिक शौचालय मे किया जमकर के भ्रष्टाचार शौचालय को पूरा बना दिखाकर पूरा पैसा निकाल लिया गया है जबकि सामुदायिक शौचालय अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है।



ग्रामीण लोगो व ग्राम प्रधान से जानकारी करने पर उनके द्वारा बताया गया की सामुदायिक शौचालय में पुष्पा देवी की नियुक्ति वर्तमान प्रधान के द्वारा की जा चुकी है निर्माण एजेंसी द्वारा शौचालय के पूरे पैसे का बंदरबांट कर लिया है।

इसी मामले को लेकर बेचेलाल गुप्ता ने जिला अधिकारी सीतापुर व निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश को दिया प्रार्थना पत्र।


## अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जिला जज ने विधिक संगोष्ठी आयोजन का किया शुभारम्भ



रायबरेली ब्यूरो।। अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान में ए0डी0आर0 सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, छजलापुर, रायबरेली में विधिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली अब्दुल शाहिद द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश पंकज जायसवाल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा कि गयी। अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त किये गये। माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस लोगों को न्याय के समर्थन के लिए जागरुक और एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पीड़ितों को उनके अधिकारों के लिए बढ़ावा देना है, साथ ही गंभीर मुद्दों पर ध्यान देने के लिए दुनिया भर के लोगों को एकजुट करना हैं। संगोष्ठी में अपर जनपद न्यायाधीश प्रभात कुमार यादव, अमित कुमार यादव, कीर्तिमाला सिंह, उमाशंकर कहार उपस्थित आये। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनव जैन द्वारा किया गया।

## नहर में बहता दिखा युवक का शव, मचा हड़कंप

रायबरेली ब्यूरो।। जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र से गुजरने वाली शारदा नहर में रविवार को एक युवक का शव बहते हुए देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया परंतु तेज बहाव के कारण कोई भी उस शव को निकाल नहीं पाया।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी करने का प्रयास किया लेकिन तब तक शव बह कर आगे निकल गया। मामला भदोखर थाना क्षेत्र के शारदा नहर का है रविवार दोपहर कुछ लोगों ने शारदा नहर में एक युवक का शव बहते हुए देखा तो आसपास गांव में हड़कंप मच गया। काफी संख्या में ग्रामीण शव को निकालने की कोशिश करने लगे परंतु शारदा नहर में तेज बहाव के कारण शव आगे निकल गया। पुलिस को सूचना देने पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तक तक शव आगे काफी दूर निकल गया था। पुलिस ने आगे सीमावर्ती पुलिस थाने को घटना की जानकारी दी और शव निकलवाने को गोताखोरों की मदद भी मांगी है।

## थाना हरदी में 27 वर्षीय काजल पुत्री दुर्गेश पांडेय की दहाव के पास नहर में मिली लाश लोगों में मचा हड़कंप

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी। महसी (बहराइच) थाना हरदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत महसी में दुर्गेश कुमार पांडेय की पुत्री काजल पांडेय उम्र 27 वर्ष रविवार सुबह लगभग 5 बजे शौंच के लिए घर से गई थी। कुछ घंटों तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोज करना शुरू किया, महसी के पास नहर पर उसके चप्पल व लोटा दिखाई देने से पहचान की। तो सही पाया गया जिसकी सूचना महसी चौकी प्रभारी आलोक सिंह को दी गई। जिस पर चौकी प्रभारी ने साथ में कांस्टेबल को भेजकर थाना हरदी पर परिजनों द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूत्रों के मुताबिक बताया गया है कि काजल पुत्री दुर्गेश कुमार पांडेय की शादी 10 वर्ष पहले थाना खैरी घाट शिवपुर ब्लाक के नजदीकी ग्राम सभा में हुई थी जो दोनों में तालमेल न बन पाने के कारण 6 वर्ष पहले तलाकनामा लिखवा दिया गया था, जो आज रविवार को सुबह 5 बजे काजल ने शौच के लिए नहर पर गई थी। कुछ समय बाद चप्पल और लोटा मौके पर मिला। समय बीतने के बाद लगभग 3 बजे दोपहर काजल की लाश बहकर ग्राम सभा दहाव के



पास नहर में तैरती मिली, स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना थाना हरदी प्रभारी अनूप मणि त्रिपाठी को दी गई। जिस पर मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष समेत चौकी प्रभारी आलोक सिंह ने लाश को नहर से निकलवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अग्रिम कार्यवाही रिपोर्ट आने पर की जाएगी। कुछ सूत्रों के मुताबिक बताया गया कि नहर में काजल की डूबने की संदिग्ध परिस्थितियां भी बन सकती हैं।

## 40 शीशी नेपाली शराब जिसमे 20 शीशी रेशम लीची व 20 शीशी कर्णाली सौफी के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच।

अधीक्षक जनपद बहराइच केशव कुमार चौधरी द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री जंग बहादुर यादव के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 17.07.2022 को का0 सूर्यकांत पाण्डेय, का0 अजय सिंह द्वारा भारत सीमा पिलर सं0 651/4 से करीब से समय 09.15 बजे सुबह 40 शीशी नेपाली शराब जिसमे 20 शीशी रेशम लीची व 20 शीशी कर्णाली सौफी के साथ अभियुक्त बदलू



पुत्र रामलखन सोनकर ग्राम महाराजनगर लखैहिया थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 0244/2022 धारा 60/63 उत्तर प्रदेश शुल्क आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## थाना हरदी में देर रात करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी


महसी (बहराइच) थाना हरदी क्षेत्र के भगवानपुर नजदीकी त्रिवेदिनपुरवा के पास बांध पर बीती देर रात शनिवार को विद्युत पोल पर लगे 11000 लाइन से टकराकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जिसकी आवाज सुनकर गांव के एक दर्जन लोग इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना स्थानीय गांव त्रिवेदिनपुरवा के विजय कुमार त्रिवेदी के द्वारा थाना हरदी को दी गई। थाना हरदी के पुलिस कर्मचारियों ने टेलीफोन के माध्यम से वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्राइवेट वन कर्मी रिंकू ने राष्ट्रीय पक्षी को मौके से उठाकर ले गए।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के संगठन सहकार भारती की महत्वपूर्ण जिला बैठक भारत जननी परिसर में संपन्न

चित्रकूट! राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के संगठन सहकार भारती की महत्वपूर्ण जिला बैठक भारत जननी परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गजेंद्र जी के मुख्यातिथ्य, श्री प्रेम सागर जी के विशिष्टातिथ्य तथा जिलाध्यक्ष श्री परमहंस जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए गजेन्द्र जी ने कहा कि सहकार भारती ने सहकारिता के क्षेत्र में अनेकानेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

प्रेम सागर जी ने कहा कि सहकार भारती संगठन का विस्तार ग्राम रचना तक विधिवत करना है। संगठन की सभी इकाइयों का गठन सुनिश्चित करना है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा सदस्यता करनी है। संस्थागत व व्यक्तिगत सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूती प्रदान करना है। विशेष रूप से बैठक में आमंत्रित किए गए जिला महामंत्री भाजपा चित्रकूट आलोक पाण्डेय ने कहा कि सहकार के बिना उद्धार नहीं होगा। सहकार भारती के सशक्तिकरण से सहकारिता का पुनर्जीवन होगा। सहकार भारती के सशक्त संगठन से सहकारिता क्षेत्र की उत्पादकता में वृद्धि होगी। सहकार मे ही समृद्धि निहित है। जिलाध्यक्ष परमहंस ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए सभी कार्यकर्ता संकल्प लेकर जुट जाएं। महिला विंग की अध्यक्ष ज्योति करवरिया ने कहा कि महिलाओ की सहभागिता से ही सहकारिता के मूल्य स्थिर होंगे। जिलाउपाध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक के तय हुई कार्ययोजना का क्रियान्वयन सभी को करना है।




संचालन महामंत्री कुलदीप जी ने किया। बैठक में सारंगधर द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, रामसागर चतुर्वेदी, शशिकांत पाण्डेय, पुष्पेन्द्र, किशन अग्रहरि, राघव अग्रवाल, अंकित शुक्ल, महेन्द्र, ओंकार सिंह चन्देल, योगेश जैन, के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत होने के बावजूद भी लोग तरस रहे हैं अभी अपने दरवाजों पर सफाई के लिए

दैनिक अयोध्या टाइम्स/पयागपुर बहराइच।

बहराइच जिला के पयागपुर में 3 ग्राम पंचायत को मिलाकर नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ जबकि 2 साल से कार्य प्रारंभ है उसके बावजूद भी अभी भी कई ऐसे जगह जैसे रुकनापुर,सबलू पुरवा,नूरपुर मसूदपुर,कल्लू पुरवा,नई बस्ती बगिया, कांजी कुइयां, सचौली, में कई लोग कई बार नगर पंचायत में शिकायत किए हैं।



जबकि इस समय बरसात का आलम है और जगह जगह पर नालियां बंद पड़ी हैं नालियों का पानी बह रहा है और देखा जाए तो कहीं ना कहीं तड़पती गर्मी में बीमारी भी फैलने की आशंका है लेकिन नगर पंचायत के अधिकारियों को बार–बार शिकायत करने के बावजूद भी साफ सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि रुकनापुर गौरव सिंह शेर बहादुर,विजय, मुजम्मिल,फकीरे बाबा,दुनी,लंगड़,ने कई बार सरकारी हैंडमेड कर्नल काफी दिनों से खराब पड़ा है उसकी शिकायत के बावजूद भी आला अधिकारी अपने कानों में लीड लगाकर बैठे हुए हैं ऐसे नगर पंचायत होने से क्या फायदा जहां पर कोई काम ना होता हो केवल अधिकारी ऑफिसों का कुर्सी तोड़ने में मगरूर दिखाई दे रहे हैं।

## किसान यूनियन के कार्यकर्ता 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 दिन से कर रहे धरना प्रदर्शन पर, नहीं पहुंचा कोई भी प्रशासनिक अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स रिपोर्ट देवेश पांडेय बहराइच।

नानपारा–बहराइच। नानपारा के भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील के पास 4 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। जिस कारण किसानों में काफी रोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि दबंग लोग जमीन को कब्जे कर रहे है और कुछ सरकारी जमीनों जैसे तालाबो पर कब्जा कर रहे हैं।



महिला कार्यकर्ता ने कहा कि अपनी जमीन के मामले को ग्राम पंचायत से लेकर जिला अधिकारी के कार्यालय तक चक्कर लगा कर थक गए है एसडीएम के पास जाने पर एसडीएम कार्यालय पर नहीं मिलते,मेरी जमीन पर आलाधिकारियों ने जबरन कब्जा करवा दिए है मजबूरी बस किसान यूनियन तहसील नानपारा पर धरने पर बैठे है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और किसान 4 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर हैं।

## विशेष उपलब्धिः अब अनुसूचितजाति अनुसूचितजनजाति के उम्मीदवारों के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण ग्रामोदय विश्वविद्यालय में होगा

- भारत सरकार ने 70 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की।
- कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया।

चित्रकूट 17 जुलाई 2020 । भारत सरकार की राष्ट्रीय अनुसूचितजाति अनुसूचितजनजाति हब योजना के अंतर्गत अनुसूचितजाति अनुसूचितजनजाति के उम्मीदवारों के लिए ऑफ लाइन छमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड ने 70 लाख की परियोजना स्वीकृति प्रदान की है। इस विशेष उपलब्धि को हासिल करने के लिए कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने इंजी राजेश सिन्हा सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

इस आशय की जानकारी दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के





प्राचार्य इंजी राजेश सिन्हा ने दी है। भारत सरकार के द्वारा कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए संचालित राष्ट्रीय अनुसूचितजाति अनुसूचित जनजाति हब योजना के अंतर्गत रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की छमता में बृद्धि हो सके।

इंजी सिन्हा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए प्राप्त स्वीकृति के अनुसार 300 उम्मीदवारों के लिए विभिन्न रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें मशरूम उत्पादन, नर्सरी, जैम, जैली कैचप निर्माण, स्क्वैश निर्माण, अचार निर्माण, फलों के गुदे का संस्करण, रिटेल सेल्स एसोसिएट आदि का प्रशिक्षण शामिल हैं।उम्मीदवारो का चयन भारत सरकार के दिशा निर्देश के अधीन होगा।इन वर्गों के उद्यमी एवं संभावित उद्दयमियो का प्रशिक्षण आवासीय और गैर आवासीय दोनों प्रकृति के होंगे।अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों का प्रशिक्षण निःशुल्क होगा।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय को मिली इस बड़ी सौगात को लेकर विश्वविद्यालय परिवार में प्रसन्नता है। अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ आंजनेय पांडेय, अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो डी पी राय , खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष इंजी अश्विनी दुग्गल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षको एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## ससुर,दामाद की दादागिरी, बड़े भाई को लाठी डंडो से पीटा

दैनिक अयोध्या टाइम्स/कैसरगंज बहराइच । उत्तर प्रदेश के जिला बहराइच के प्यारेपुर मे थाना कैसरगंज मे एक वकील की चल रही है दादागिरी। आपको बता दें की पुरानी रंजिश की वजह से छोटे भाई ने बड़े भाई को लाठी डंडो से पीटा,आय दिन रूबीन के ससुर चाँद खा जो की पेशे से श्वकीलश है,घर के बाहर आकर गन्दी गन्दी गाली देते है और बोलते है, जिसको जो करना हो करले, मैं कैसरगंज तहसील मे बैठता हूँ, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता,

इसी को लेकर कल रात को छोटे भाई रूबीन ने बड़े भाई सबीन को लाठी डंडो से पीट डाला, सबीन के सर पर डंडे से मार दिआ जिससे सर मे ज्यादा चोट आ गई है, जिसका इलाज जिला अस्पताल ठ्ठ बहराइच मे चल रहा है, बीच बराओ करने गए चाचा को भी नहीं बक्शा, रूबीन के



साले अकबर ने सफीर खा को धमकी देते हुए कहा की तुमको मरूंगा जरूर, चौराहे तक जाने वाला नहीं रखूँगा,उनके हाथ को भी लोहे की राड से हाथ पर मार दिआ जिससे उनका हाथ टूट गया, उनका भी इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है।

## शौच के लिए गया व्यक्ति करंट लगने से घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स
महसी बहराइच

खैरीघाट थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर ग्राम पंचायत के नकहुआ गांव निवासी राममिलन पुत्र अवधराम उम्र करीब 40 वर्ष रविवार की सुबह शौच के लिए जा रहा था।गांव निवासी झगरू के खेत के पास लगा विद्युत पोल के सपोर्टिंग तार में करंट उतर रहा था।उसी से सटा हुआ कटीला तार खेत के चारों तरफ लगा था।जिसमें में भी विद्युत प्रवाह हो गया।खेत पार करते समय राम मिलन चपेट में आ गए।पास के लोगों ने आवाज लगाई।छुड़ाने गई पत्नी कमला देवी,पुत्री पूजा और आरती भी चपेट में आ गई।गनीमत रही कि उसी समय विद्युत प्रवाह बंद हो गया। नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

हादसे में राममिलन को चोटे आई आनन–फानन में परिजन सीएचसी शिवपुर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया।

# चमत्कार का इंतजार

पूरे भारत में हजारों पीर की कब्रे हैं। सब पर जाने वाले और करोड़ों का चढ़ावा चढ़ाने वाले कौन हैं? वही हिन्दू जिसे लगता है कि इसमे दबा हुआ शव जिसे कीड़े खा चुके हैं इनकी मनोकामना पूरी करेगा। प्रत्येक पीर के साथ चमत्कार की कहानियां जोड़ दी गई हैं। सामान्य हिन्दू यह जानने की कोशिश कभी नहीं करता कि चमत्कारी कहानी में कितना सच है।

चमत्कार का आरम्भ कैसे होता है? एक कहानी से समझिए–

सर्दियों की अंधेरी रात थी। एक रात एक आदमी ने पंसारी की दूकान से चीनी की 2 बोरी चुरा ली. जब वह उन्हें ले जाने लगा तो चौकीदार ने शोर मचाया। कुछ आदमी पीछे भागे.

चोर ने पकडे जाने के डर से सोचा–

क्यों ना बोरी कुँए में फेंक दूँ। एक तो वह जैसे तैसे रात के अँधेरे में पास वाले कुएँ में फेंकदी, लेकिन जब दूसरी बोरी कुए में डालने लगा तो खुद भी बोरी के साथ कुँए में गिर गया।

सुबह शोर सुनकर लोग इकट्ठे हो गए। कुएँ में रस्सियाँ डाली गईं। उस आदमी को बाहर निकाल लिया गया. परन्तु सर्दी के कारण और रात भर पानी में रहने से वह कुछ घंटों के बाद मर गया। मरने के बाद दफना दिया गया.

दूसरे दिन जब लोगों ने इस्तेमाल के लिए कुएँ में से पानी निकाला तो वह मीठा था।

नजदीक की मस्जिद के मौलवी साहब ने इसे चमत्कार बताया. उस आदमी को पीर घोषित किया. उसकी कब्र को आलिशान दरगाह बना दिया. पीर के चमत्कारों की कहानियाँ चारों तरफ फैल गई। हजारों हिन्दू हनुमान जी को छोड़ कर दरगाह पर जाने लगे। उनमे वह पंसारी भी था जिसकी दूकान में चोरी हो गई।

हर साल उस दरगाह पर उर्स मनाया जाता है. हिन्दुओं द्वारा करोड़ों का चढ़ावा चढ़ाया जाता हैं।

प्रश्न– क्या पीर पर मांगी गई मन्नत पूरी होती है?

आप किसी भी पीर पर जाने वाले से पूछोगे तो आधे से अधिक बताएंगे कि उनकी मन्नत पूरी हुई थी। क्या ये सब गलत हैं या इन सभी को भ्रम हुआ है?

उत्तर– मन्नत या मनोकामना पूरी होने के पीछे औसत का नियम काम करता है।

बेटा पैदा होना, रोग दूर होना, परीक्षा में पास होना आदि।

उदाहरण के लिए 1 रुपए लें। उसे 100 बार उछालने पर हेड या टेल आने की सम्भावना 50–50 होती है। बेटा और बेटी पैदा होने की सम्भावना भी इतनी ही है। बस वे लोग चुप रहे जिन्होंने बेटे की मन्नत मांगी और बेटी हुई। परन्तु जिन्होंने बेटा मांगा और बेटा हुआ उन्होंने इसका जोर शोर से प्रचार किया। परीक्षा में पास होने की या रोग दूर होने की सम्भावना तो 66: से अधिक ही होती है। बेटे या बेटी की शादी के लिए दामाद या बहू मिलने की सम्भावना तो लगभग 100: होती है।

इनमें से कोई भी सूर्य के पश्चिम से उगने की मन्नत नहीं मांगता। कोई भी मिर्च के बीज से आम या अंगूर उत्पन्न होने की मन्नत नहीं मांगता। कोई भी मई जून में ठण्ड की व जनवरी में गर्मी की मन्नतें नहीं मांगता। केवल वही मन्नतें मांगी जाती हैं जिनके पूरा होने की सम्भावना हो।

आज पूरे भारत में कहीं भी पीर की कब्र रातों रात बना दी जाती है। फ्लाईओवर पर भी पीर की कब्र बना दी जाती है। वैसे यह प्रचलन नया नही है। एक ऐतिहासिक भवन में ऊपरी मंजिल पर कब्र बनी हुई है। आश्चर्य है कि छत पर किसी को कैसे दफनाया जा सकता है।

बेहद कीमती व्यवसायिक जमीनों पर पीर है। दिल्ली, गुड़गांव में अनेक बहुमूल्य जमीनों पर पीर की कब्र हैं। किसी भी शहर में व्यापारिक केंद्र के पास, रेलवे स्टेशन के पास व बस स्टैंड के पास भी पीर के नाम पर करोड़ों की जगह कब्जाई हुई मिल जाएगी।

यहाँ से फिर जमीन श्रहाद शुरू हो जाता है। कुछ समय बाद उस पीर के कागज वक्क बोर्ड में जाते है। वक्क बोर्ड किसी कोर्ट में जाता है। कोर्ट के माध्यम से नमाजी मोमिन उस पीर की जमीन पर कब्जा कर लेते है। आगे दुकान निकाल लेते हैं और पीछे पीर का का चढ़ावा उठाते रहते है। उस चढ़ावे के पैसे से श्रहाद चलाते हैं। यही तो है सारा खेल।

विश्वास रखिए–

इन पीरों के चमत्कार का रहस्य केवल हिंदुओं का चढ़ावा है। आप चढ़ावा बन्द करिए। पीर अपने आप भाग जाएगा।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## संक्षिप्त समाचार

### फतेहाबाद के तीन पीएचसी पर लगाया गया मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, 152 मरीजों का परीक्षण

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद। फतेहाबाद के तीन पीएचसी कुतकपुर गुर्जर, पैतिखेड़ा, निबोहरा पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को किया गया। मेले में ग्रामीण अंचल से आए 152 मरीजों का परीक्षण किया गया था तब दवाएं वितरित की गई। इस दौरान को कुतुकपुर गुर्जर , निबोहरा तथा पैतीखेड़ा में मरीजों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवा का वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ वीके सोनी ने बताया कि अब हर रविवार इन पीएचसी पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस दौरान प्रमुख रूप से , डा. प्रमोद कुशवाह, संजय शर्मा, डा पवन कुमार, सौरभ कुलश्रेष्ठ, सहित बडी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।

### गढ़ी गोदना में निजी जमीन पर ईंधन रखने से रोकने पर दबंगो ने की महिला की पिटाई

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम गढ़ी गोधना में अपनी जमीन पर दूसरे लोगों द्वारा इंधन रखे जाने का महिला ने विरोध किया। जिस पर दबंगों ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल महिला को फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रह गढ़ी गोदना निवासी मायाराम की पत्नी मल्ला देवी ने अपनी जमीन पर परिवार के ही कुछ लोगों द्वारा इधन रखे जाने का विरोध किया। जिस पर दबंगों ने रविवार को उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसके हाथ में चोट आई। घटना की जानकारी फतेहाबाद पुलिस को दी गई । पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेज दिया। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भारी बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद क्षेत्र में शनिवार शाम को हुई भारी बारिश के बाद जगह–जगह गंभीर जलभराव के हालात देखने को मिला। निबोहरा क्षेत्र में शनिवार शाम को भारी बारिश हुई। जिसके बाद जगह–जगह जलभराव देखने को मिला। वहीं खेतों में भी लबालब पानी भर गया । जिसके चलते किसानों द्वारा बाजरा की बुवाई किए जाने के बाद खेत में पानी भर जाने से बीज पूरी तरह खराब हो गया। जिसके चलते किसानों को दोबारा बुवाई करनी पड़ सकती है। वही निबोहरा क्षेत्र के चमरौली, नगरिया,धनौला,धरियाई, शाहवेद समेत तमाम जगहों पर पानी भर गयाा। बिलईपुरा मार्ग से शमसाबाद रोड पर बारिश के कारण करीब 500 मीटर सड़क पर करीब 1 फीट तक पानी भर गया स्कूल के लिए आने जाने वाले छात्राओं व राहगीरों को गंभीर जलभराव के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## शेयर बाजार में बिना योजना के किया हुआ निवेश डुबो सकता है आपकी पूंजी

- सेंट जोन्स कॉलेज में हुए सेमिनार में शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश के दिए टिप्स

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। शेयर बाजार में ट्रेडिंग एक तरह से व्यापार है और सही ज्ञान एवं सटीक प्लान के बिना कोई भी व्यक्ति व्यापार में सफल नहीं हो सकता। केवल कुछ किताबें या वाट्सएप की जानकारी पढ़कर ट्रेडिंग में आ जाने से काम नहीं चल सकता। ये कहना था सेंट जोन्स कॉलेज और स्टॉकएड एकेडमी की ओर से आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ. वी यू विश्नोई का। शेयर बाजार एक नया नजरिया विषय पर आयोजित हुए सेमिनार में 250 से ज्यादा छात्र–छात्राएं शामिल हुए। सेमिनार का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. एसपी सिंह, डॉ. वी यू विश्नोई, सीए ललित शाह, देवांश शिवहरे और ऋषि शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रवज्जलन कर किया। डॉ. वीयू विश्नोई ने पर्सनल फाइनेंस और रिस्क मैनेजमेंट पर बोलते हुए कहा कि जीवन के विभिन्न चरणों में अपने निवेश की योजना बना कर वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते है। वक्ता सीए ललित शाह ने कहा कि शेयर बाजार एक ऐसा मार्केट है जहां पर ठैम् या छैम् भारतीय स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों के शेयर ट्रेड (खरीदे और बेचे) जाते हैं। शेयर मार्किट के द्वारा एक आम निवेशक भी निफ्टी या सेंसेक्स की टॉप कंपनियों में पैसा निवेश करके शेयर होल्डर बन सकता है। शाह ने टेक्निकल एनालिसिस, निफ्टी और बैंक निफ्टी की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी। स्टॉकएड एकेडमी के निदेशक देवांश शिवहरे ने कहा कि बढ़ते हुए बाजार का मतलब ये नहीं की आंख मूंदकर निवेश किया जाए। निवेश करने का सही समय तेजी या मंदी पर नहीं, अपितु कंपनी के डाटा विश्लेषण पर निर्भर करता है। उन्होंने शेयर बाजार में लोगों के बदलते दृष्टिकोण के बारे



में बताया और उपस्थित छात्रों को शेयर बाजार में उभरते करियर के अवसरों के बारे में भी प्रेरित किया। वक्ता ऋषि शर्मा ने कहा कि पहले विदेशी मल्टीनेशनल कंपनियां इंडियन कंपनियों का अधिग्रहण करती थीं। अब बदलते दौर में भारतीय कॉर्पोरेट कंपनियां विश्व की नामचीन कंपनियों का अधिग्रहण कर रही हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र से संबंधित प्रोफेशनल्स की डिमांड बढ़ी है। उन्होंने निवेश के विभिन्न तरीको से कैसे बेहतर रिटर्न प्राप्त करे इस पर भी विस्तार से बताया। वक्ताओं ने शेयर बाजार, ट्रेडिंग इंडस्ट्री, फाइनेंशियल स्टेटस, फंडामेंटल एनालिसिस और टेक्निकल एनालिसिस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विक्रांत शास्त्री, मनुकान्त शर्मा, प्रज्ञा तनेजा, बाइन रेमसे, मो. असद, अनस सिद्दकी, प्रीति सोनी आदि मौजूद रहे।

## एक हजार यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निकाली जैगरुकता रैली

- अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा केन्द्रीय युवादल, आगरा मंडलीय परिषद 24 जुलाई को मंडल में आठ स्थानों पर आयोजित करेगा छठा राष्ट्रीय रक्तदान शिविर

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन लोगों को जीवनदान दे सकता है। इसलिए अपने लिए नहीं बल्कि अपनों के लिए रक्तदान अवश्य करें। कुछ ऐसे ही संदेश के साथ अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा केन्द्रीय युवादल व माथुर वैश्य मंडलीय परिषद द्वारा बल्केश्वर महादेव मंदिर से रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों ने भी भाग लिया। बल्केश्वर, कमला नगर, गांधी नगर, विजय नगर में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करते हुए रैली का समापन विजय नगर स्थित राधा–कृष्ण मंदिर पर हुआ। हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ बल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत कपिल नागर ने किया। महासभा के मंडलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि 24 जुलाई को महासभा द्वारा छठा राष्ट्रीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगरा मंडल में आठ रक्तदान शिविर आयोजित होंगे, जहां 1000 से अधिक यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होकर शाम 5 बजे तक चलेंगे, जिसमें सभी समाज के लोग रक्तदान कर सकते हैं। रैली के माध्यम से रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों को रक्दान करने की अपील की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रघुनाथ प्रसाद गुप्ता, मंडल मंत्री अचल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, रोशनलाल, रक्तजान शिविर संयोजक रोबिन गुप्ता, विनोद सर्राफ, केन्द्रीय युवादल अध्यक्ष आकांक्ष मरोठिया, केन्द्रीय महिला मंडल की अध्यक्ष




दीपिका गुप्ता, अतुल गुप्ता, आदित्य गुप्ता, उपमा गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, विकास गुप्ता, विनय गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, सौरभ, दिलीप गिदौलिया, वीरेन्द्र, रूपम आदि उपस्थित थे।

यहां आयोजित होगा रक्तदान शिविर, 1–माथुर वैश्य महासभा भवन, पचकुईयां, 2–लोकहितम ब्लड बैंक, कमला नगर, 3–आगरा पब्लिक स्कूल, विजय नगर, 4–देश दीपक पब्लिक स्कूल, सेक्टर 10 सिकन्दरा, 5–आरती मनोज हॉस्पीटल, राजपुर चुंगी, 6–लक्ष्मी नारायण मंदिर, एत्मादपुर, 7–माथुर वैश्य धर्मशाला, इरादतनगर, 8–श्रीराम चौरिटेबिल ब्लड बैंक, शाहदरा चुंगी।

## बारिस के पानी से जलमग्न हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसई अरेला

- ग्राम प्रधान ने पम्प द्वारा निकलवाया पानी

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। शनिवार शाम व रविवार रात हुई तेज मूसलाधार बारिस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसई अरेला परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया।अस्पताल परिसर के सभी कमरे मे पानी पहुच गया।जिसे ग्राम प्रधान द्वारा निकलवाया गया।

तेज बारिस के चलते स्वास्थ्य केंद्र के जलभराव हो गया है मरीजों को अंदर दवा लेने जाने में काफी परेशानी होने लगी।बतादेकि सडक से निचले स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र की इमारत होने से जलभराव होता रहता है।वही पूरे गांव का पानी भी यहीं पहुंचता है। जिससे मरीजों को आने जाने में बारिश के समय काफी परेशानी उठानी पड़ती है।वही पिनाहट सीएससी प्रभारी विजय कुमार के कहने पर ग्राम प्रधान सुभाष सिह द्वारा पम्प लगाकर पानी को बाहर निकलवाया गया।वही खण्ड विकास अधिकारी पिनाहट नवीन कुमार ने बताया कि जल्द ही नाला निर्माण कर इस समस्या का समाधान कराया जायेगा।

## फतेहाबाद के बिलईपुरा फीडर से बिजली गुल होने से एक दर्जन गांव में अंधेरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य ने की अधीकारियों से शिकायत

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद क्षेत्र के बिलईपुरा फीडर से विधुत सप्लाई ठप्प होने से करीब एक दर्जन गांव में अंधेरा छा गया लोगों को पानी के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विगत शनिवार रात 1 बजे से बिलईपुरा फीडर के क्षेत्र में लाईट ना आने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवराम वर्मा ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवराम वर्मा ने बताया कि बिलईपुरा फीडर से जुड़े हुए करीब एक दर्जन गांव में बीती रात 1:00 बजे से बिजली गुल हो गई। जो रविवार शाम तक जारी रही।

लंबे समय तक बिजली गुल होने से लोगों को पानी के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा ।इस दौरान उन्होंने बिजली के अधिकारियों से इसकी शिकायत की तथा बिजली चालू कराए जाने की मांग की। फीडर पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि मशीन खराब होने के कारण सप्लाई बन्द है। फिल्हाल मशीन पर काम चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक बिजली की आपूर्ति ठप पड़ी हुई थी।

## आम आदमी पार्टी यूथ विंग जिला कार्यकारिणी ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। दिन रविवार को आम आदमी पार्टी यूथ विंग के तत्वाधान में सेंट्रल बैंक रोड कमला नगर स्थित बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना के निर्देशानुसार आगरा प्रभारी अरुण कांत कठेरिया व यूथ विंग के जिला अध्यक्ष प्रज्ञानत् शर्मा जी द्वारा आम आदमी पार्टी के यूथ विंग आगरा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें यूथ विंग के जिला महासचिव की जिम्मेदारी संजय सिंह को और रंजीत सिंह यूथ विंग के जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई घोषणा के उपरांत सभी पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को सच्ची निष्ठा व लगन के साथ निभाने और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री माननीय श्री अरविंद केजरीवाल के शिक्षित भारत व स्वस्थ भारत के निर्माण की विचारधारा को पूर्ण करने की प्रतिज्ञा ली प्रेस वार्ता के दौरान यूथ विंग जिला अध्यक्ष प्रज्ञानंत् शर्मा जी ने बताया कि आम आदमी पार्टी का युद्ध विंग लगातार लोगों से जोड़ने का कार्य कर रहा है जनता की हर समस्या को समझाने के लिए, हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

जिसके परिणाम स्वरूप सिर्फ जिला कार्यकारिणी नहीं बल्कि विधानसभा से लेकर बूथ स्तर पर कार्यकारिणी को लगभग तैयार किया जा चुका है जिसकी घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। जिला पदाधिकारियों, के नाम संजय सिंह, धर्मेंद्र यादव, रंजीत सिंह, सतीश चंद्र प्रकाश, कमलेंद्र कुमार, विकास कल्याण, महेश, मोहन शर्मा, बृजेश कुमार, पवन शर्मा, सलमान उमा खान, राहुल शंकर, अमरदीप सिंह, हिमांशु चौरसिया, रितेश हैरिसन, शकील अहमद, विशाल सोलंकी, अजय राजपूत, रजनी सिंह, प्रियंका दिलखुश, हार्दिक देवी, ममता सिंह, राजन शर्मा, गोविंद सिंह, पंकज माथुर, आदि पदाधिकारी नेता मौजूद रहे।

## सुखमनी सुखो की मनी श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। रंगू रामधाम कैलाशपुरी आगरा पर चल रहे सप्ताहिक गुरमत कीर्तन समागम के समापन पर श्री सुखमनी पाठ साहिब जी के लड़ी वार पाठों का भोग धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में चल रहे 10 जुलाई से सप्ताहिक पाठ श्री सुखमनी पाठ साहिब जी के भोग पड़े रंगू रामधाम कैलाशपुरी आगरा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु नानक नाम लेवा गुरु प्यारी साध संगत की तरफ से बाबा सतराम दास वार्षिक उत्सव पर श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया प्रतिदिन सुबहशामअमृतमई श्रीसुखमनी साहिब के पाठ कीर्तन दरबार में पहुंच कर में हजारों गुरु प्यारी संगतो ने अपना जीवन सफल किया । गुरु प्यारी संगतो को पाठ के उपरांत स्वामी गुरमुखदास उदासीन दास दीपक उदासीन द्वारा शब्द गुरबाणी कीर्तन कथा सुना प्रभु की सच्ची सुखों की मनी श्री सुखामनी साहिब पाठ



अमृतवाणी से जोड़ा 1, संतन की रेन प्यारे,, 2,ऐसी दया करो दातार,, संतन जे नाम ता बलिहार मां,, शब्द गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों की गूंज नजारा अद्भुत अलौकिक भव्य सजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दीवान के आगे सरबत के भले की अरदास के साथ गुरु का अटूट लंगर मुख्य रूप से दास दीपक जयप्रकाश धर्माणी, नंदलाल छत्तानी, कमल भोजवानी, सोनू पंजवानी, राजा, राजेश करीरा, बाबू , पूरन दास, अर्जुन दास, नारायण दास, शंकरलाल ,गुलशन, नवीन, आदि।

## आगरा के डॉ0-बीडी खान 'अलवी' बने 'आप' अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। विगत आम आदमी पार्टी ,प्रदेश कार्यालय लखनऊ में आप माइनॉरिटी विंग प्रदेश व जिला संगठन विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नि.प्रदेश अध्यक्ष, सभाजीत सिंह की उपस्थिति में माइनॉरिटी विंग प्रदेश अध्यक्ष आली जनाब शकील मलिक के द्वारा डॉ बी डी खान अलवी को प्रदेश सचिव से पदोन्नति



करते हुए,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. खान को प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह व माइनॉरिटी विंग प्रदेश अध्यक्ष आली जनाब शकील मलिक के द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया। इसी क्रम में शानू कुरैशी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मो.शफीक को पुनः माइनॉरिटी विंग का आगरा जिला अध्यक्ष बनाया गया।

## सीतापुरस नियमों का उल्लंघन करते हुए जी श्रेणी की जमीन पर आवासीय कॉलोनी बनाकर नदी

दैनिक अयोध्या टाइम्स के क्राइम ब्यूरो चीफ शिव गोविंद शुक्ला जनपद सीतापुर की जमीन सरकारी जमीन और दर्ज बंजर जमीन को हड़प कर केशव ग्रीन सिटी के नाम से बनी आवासीय कॉलोनी को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद जिला प्रशासन के लिए गले की हड्डी बनता नजर आ रहा है जहां एक तरफ किसान मंच इस मामले में आर पार की लड़ाई के मूड में दिख रहा है वही सूत्रों की माने तो जिला प्रशासन इस मामले में लंबे समय से लीपापोती करने में जुटा हुआ है बताते चलें कि किसान मंच के प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र 12154220088131 में गाटा संख्या दर्शाते हुए सरकारी भूमि दर्ज बंजर भूमि और नदी की भूमि पर कब्जा किए जाने का आरोप लगाया था जिस के संबंध में स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा जांच किए जाने के बाद जो रिपोर्ट आख्या प्रस्तुत की गई है उसने कई ऐसे सवाल पैदा कर दिए हैं जिनका जिला प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं है किसान मंच के प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजस्व ग्राम लक्ष्मण नगर की भूमि खाता संख्या 282–283 284 285 की भूमि पर अवैध निर्माण किया गया है जिला प्रशासन को बताना चाहिए कि वर्ष 2021 में सीतापुर महायोजना के लिए चयनित भूमि कहां है और महा योजना हेतु निर्धारित भूमि पर आखिरकार केशव ग्रीन सिटी का निर्माण कैसे हो गया उन्होंने कहा है कि महायोजना क्षेत्र निर्धारित जी श्रेणी की भूमि पर आखिरकार केशव ग्रीन सिटी के नाम से आवासीय कॉलोनी का निर्माण किस की मिलीभगत से हुआ है सूत्रों की माने तो इस कॉलोनी के निर्माण के लिए आवश्यक 143८ 80 की भी अनुमति नहीं ली गई है जिसके बिना निजी भूमि पर भी कॉलोनी का निर्माण नहीं किया जा सकता गौरतलब है कि किसी भी आवासीय कॉलोनी के लिए सबसे पहले सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय से कॉलोनी का नक्शा और लेआउट पास कराना पड़ता है और जेई द्वारा कमर्शियल कंपलेक्स के नक्शे पास करने के उपरांत ही मकानों के निर्माण की अनुमति दी जाती है केशव ग्रीन सिटी के मामले में आनन फानन कराए गए काम के चलते किए गए नियमों के उल्लंघन अब जिला प्रशासन के लिए गले की हड्डी बनते चले जा रहे हैं किसान मंच की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि निर्मित कॉलोनी का मलबा पिरई नदी में डाल कर नदी का अस्तित्व खत्म किया जा रहा है प्रदूषण बोर्ड से एन ओ सी भी नहीं ली गई है और ग्रीन बेल्ट भी खत्म की जा रही है यही नहीं फायर विभाग और बिजली विभाग से भी कोई एनओसी नहीं ली गई है किसान मंच के मंडल प्रवक्ता दिनेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक तरफ पूरे



प्रदेश में भू माफियाओं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों और अवैध रूप से आय अर्जित करने वालों के विरुद्ध व्यापक रूप से अभियान छेड़े हुए हैं सीतापुर जनपद में केशव ग्रीन सिटी जैसे मामले प्रदेश के मुखिया की स्वच्छ मंशा पर सवालिया निशान लगा रहे हैं उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही जिला प्रशासन ने इस विषय पर गंभीरता के साथ और पूरी पारदर्शिता के साथ जरूरी कदम नहीं उठाए तो किसान मंच जिला मुख्यालय से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक इस लड़ाई को व्यापक स्तर पर लड़ेगा।

## फजीयत पुरा में विवाहिता ने लगायी आग, मौत

दैनिक अविद्या टाइम्स संवादाता धर्मेंद्र पचौरी खेरागढ़। थाना क्षेत्र के फजीयत पुरा गांव में रविवार को विवाहिता ने कमरा बंद कर आग लगा ली ।स्वजनों ने दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला और इलाज के लिये आगरा ले गये,रास्ते में महिला की मौत हो गयी ।महिला के पिता की सूचना पर पहुची पीआरवी की गाड़ी ने महिला के पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है । फजीयतपुरा निवासी आकाश,प्रवीण पुत्र सुरेश उर्फ भप्पी की शादी तीन वर्ष पूर्व उदैना थाना जगनेर निवासी सगी बहिन गीता,वर्षा पुत्री हरिसिंह से हुयी थी ।

रविवार को वर्षा का विवाद अपने पति प्रवीण से हो गया था ।वर्षा ने कमरा बंद कर अपने आप को आग लगा ली ।स्वजन महिला को लेकर आगरा इलाज के लिये ले गये,रास्ते में महिला की मौत हो गयी ।घटना की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने मृतिका वर्षा के पति व ससुर को हिरासत में ले लिया है ।अभी पुलिस को तहरीर नही मिली है ।

## भागवत कथा में सामाजिक सरोकार की भी बहेगी गंगा

- विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट आगरा द्वारा 4–10 अगस्त तक वृन्दावन में आयोजित होगी श्रीमद्भागवत कथा व झूलन महोत्सव

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। सावन के पावन माह में भागवत कथा में श्रीहरि के अवतारों की कथा के साथ सामाजिक सरोकार की भी गंगा बहेगी। विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट, आगरा द्वारा केशव धाम, रुक्मणि विहार वृन्दावन में श्रीमद्भागवत कथा व झूलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिससे श्री चिन्मयानन्द बापू जी के मुखारबिन्द से श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से समाज को धार्मिक ज्ञान के साथ पॉलीथिन हटाओ, पर्यावरण संरक्षण, गौमाता संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षा, जल संरक्षण,



स्वच्छता जैसे विषयों पर प्रतिदिन चर्चा होगी। वॉटर वर्क्स स्थित अतिथि वन में आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में चरण सेवक मुरारीलाल गोयल व सुमन गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि भक्तजन सुल्तानगंज की पुलिया स्थित गोयल पेंट हाउस पर अपना निशुल्क रजिस्ट्रेशन 25 जुलाई तक करा सकते हैं। ट्रस्ट द्वारा भक्तों के रहने व खाने की व्यवस्था निशुल्क की गई है। कथा में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री व जरूरतमंदों की सेवा भी की जाएगी।

इस अवसर पर हरिद्वार से आए ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी मयंक वैद्य का शॉल, पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ट्रस्टी आलोक जी, संरक्षक तीरथ कुशवाह, हरिओम गोयल, राकेश गुप्ता, विजय वर्मा, उदयभान भदौरिया, ममता सिंह, डॉ. एसपी सिंह, अनुराग, विजय पाध्याय, आलोक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## तेज बारिस से गिरा मकान,मुआवजे की मांग

संवाददाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। शनिवार शाम के बाद रातभर हूई तेज बारिस से पिनाहट के गांव विप्रावली मे एक मकान का आधा हिस्सा धराशायी हो गये।जिससे घर रखा सामान भी बर्बाद हो गया। शनिवार शाम करीब सात बजे विप्रावली निवासी किसान राजेन्द्र भदौरिया के मकान का एक हिस्सा जो कच्चा बना हुआ था।

तेज बारिस के कारण भरभराकर गिर पडा। जिससे घर के अंदर रखा करीब 50 हजार का घरेलू समान और अनाज बर्बाद हो गया। किसान ने बारिस हुऐ नुकसान की मुआवजे की मांग की है। वही सुचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान देवानंद परिहार ने उपजिलाधिकारी से बात करते पीड़ित को मुआवजे दिलवाने की मांग की हे ।

## बरसात का पानी घर में भरने से मकान में आई दरार, घर में रखा हजारों का सामान पानी में भीग कर हुआ नष्ट

संवादाता सभाजीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निकलवाया पानी ,पीड़ित की सूचना पर भी मौके पर नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

फतेहाबाद। फतेहाबाद तहसील में शनिवार की रात को हुई घनघोर वर्षा से किसानों के लिए राहत लेकर आई वही लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा शनिवार की शाम को हुई घनघोर बरसात के चलते ब्लॉक शमशाबाद के गाँव हिमायूपुर रोहइखास निवासी हरिओम पुत्र रामसहाय के मकान में बरसात का पानी भरने से मकान में रखा हजारों रुपए का सामान पानी में भीग कर नष्ट हो गया वहीं मकान में पानी भरने से मकान दशक गया और उसमें दरार आ गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान में भरे पानी को घर की दीवाल काटकर खेतों में पानी निकलवाया और सामान को बाहर निकलवाया गया पीड़ित हरिओम का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा बनवाए गए खरंजा और नाले का निर्माण ठेकेदार द्वारा ठीक प्रकार से ना करने से खरंजा और नाली नीचा होने के कारण गांव का सारा पानी नहीं निकलने से पानी घर में भर जाता है यही नहीं खेत में पानी निकालने पर दबंग खेत स्वामी द्वारा परिवार की गर्भवती महिला से मारपीट भी कर दी पीड़ित ने बताया कि इसकी शिकायत हमारे द्वारा ग्राम



प्रधान और एसडीएम से भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पानी भरने से हमारे परिवार के बच्चे खाना ना बनने से भूखे प्यासे हैं उन्होंने अधिकारियों से खरंजा और नाले को ऊंचा कराने की मांग की है। वही पानी निकल निकासी के कारण गांव की दबंग लोगों ने गर्भवती महिला के साथ मारपीट कर दी जिसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी लेकिन पीड़ित का कहना है कि अभी तक हमारी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## चंबल नदी के जलस्तर मे बढोत्तरी बरकरार, सामान्य से 6 मीटर ऊपर पहुची नदी

संवाददाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। चंबल नदी के जलस्तर मे लगातार बढोत्तरी चल रही है।सामान्य से करीब 6 मीटर ऊपर पहुची नदी अभी खतरे के निशान से करीब मीटर नीचे बह रही नदी मे अभी बारिस का पानी ही आया है।वही बढते जलस्तर पर प्रशासन की लगातार नजर है। मध्यप्रदेश राजस्थान मे लगातार चल रही बारिस से चंबल नदी के जलस्तर मे लगातार बढोत्तरी हो रही है।करीब पांच दिन पूरे नदी का जलस्तर 110 मीटर जो कि सामान्य पर था।जो चार दिन से 115 मीटर पर पहुचशगया था।शनिवार शाम से नदी के बहाब की गति मे परिवर्तन आया।और रविवार दोपहर बारह बजे नदी का





जलस्तर 116 मीटर पर पहूचा। जो शाम पांच बजे तक स्थित बना रहा। वही नदी के बढते जलस्तर का कारण बारिस का पानी ही बताया जा रहा है।क्योकि वन विभाग के अनुसार किसी भी बैराज से पानी छोडे जाने की कोई सूचना नही है।वही उपजिलाधाकारी बाह रतन सिंह वर्मा ने बताया कि नदी खतरे का निशान से बहुत नीचे है।जलस्तर पर नजर रखने के लिये टीमे लगायी गयी है।

कांवडियो को निकलने मे हो रही परेशानी : चंबल के जलस्तर बढने से पिनाहट पर स्टीमर द्वारा आवागमन करने वालो को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।वही सावन के महीने मे मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले कांवडियो को नदी पर भारी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है।नदी के दोनो तरफ कीचण की भरमार व बढते जलस्तर से कांवडियो को निकलने मे भारी परेशानी हो रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 1593 लोगों को दी गई स्वास्थ्य सेवाएं



पवन कुमार अयोध्या। आम जन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए रविवार को जनपद की 34 पीएचसी पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आए मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गईं। स्वास्थ्य मेले में 670 पुरूष मरीज,703 महिला मरीज व 220 बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई। सीएमओ डा. अजय राजा ने बताया कि स्वास्थ्य मेंले में कुल 1593 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य मेलों में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के लिए अलग अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी स्थानों पर सुचारू रूप से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

## सावन झूला मेला को लेकर सख्त हुआ सुरक्षा घेरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। सावन झूला मेला, कावड़ यात्रा और सावन के पहले सोमवार के दृष्टिगत अयोध्या की सड़कों पर सीओ अयोध्या ने सीआरपीएफ के साथ रूट मार्च किया।लोगों में सुरक्षा की भावना जगाई। खुफिया विभाग के अलर्ट के बाद अयोध्या का सुरक्षा घेरा सख्त किया गया। छोटे–छोटे सेक्टर में बांटकर अयोध्या की सुरक्षा की जाएगी। बड़ी संख्या में बाहर से सुरक्षा बल मंगाए गए है। राम की नगरी में हर प्रमुख स्थल पर सुरक्षा बल तैनात होंगे। हर छोटे–बड़े वाहनों पर की जाएगी निगरानी।अयोध्या की संवेदनशीलता को देखते हुए मठ मंदिर और उनके महंतों को भी सुरक्षा दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सादी वर्दी में महिला और पुरुष पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए हैं। खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट किया गया है। क्षेत्राधिकारी अयोध्या राजेश तिवारी ने बताया कि कोविड के कारण 2 साल के बाद पहली बार सावन मेला होने जा रहा है। रूट डायवर्शन किया गया है। लोगों को असुविधा कम से कम हो इसलिए पार्किंग के स्थान बनाए गए हैं।



## दो बच्चों की माँ अपने प्रेमी के साथ हुई फरार

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

अयोध्या बीकापुर। मामला बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा लुत्फाबाद बछौली पूरे प्रसाद पांडे का पुरवा का है। जहां प्रेमिका ने अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर कुछ दिन पहले प्रेमी के साथ भाग गई। पीड़ित पति प्रेम नरायण मिश्र ने आनलाइन शिकायत कर एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित ने अपनी पत्नी पर यह आरोप लगाया है कि घर में रखा लगभग एक लाख रुपये का जेवर लेकर हरेंद्र शर्मा निवासी शिवाला कला थाना खैर जनपद अलीगढ़ के साथ भाग गई। और इसके पहले भी कई बार वह उसके साथ जा चुकी हैं। और अब वह फिर वापस आकर मुझे और मेरे बच्चों को जान से मारना चाहती हैं।

# अटेवा के जिलाध्यक्ष बने विजय प्रताप सिंह

पवन कुमार अयोध्या। पुरानी पेंशन बहाली के लिए जिले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले पुरानी पेंशन बहाली मंच "अटेवा" के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह बनाये गए,गौरतलब है कि पूर्व जिला अध्यक्ष पूजा सिंह अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया था। रविवार को सर्किट हाउस में अटेवा की एक आवश्यक बैठक प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अविनव सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन महामंत्री उमा शंकर शुक्ला ने किया जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष पूजा सिंह के इस्तीफा देने के बाद जिले में रिक्त जिला अध्यक्ष पद पर नए जिलाध्यक्ष बनाने पर चर्चा हुई जिसमें प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार ओझा ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव रखा ,मंडलीय मंत्री संदीप यादव ,जिला महामंत्री उमा शंकर शुक्ला, उपाध्यक्ष मंत्री हृदय राम,संयुक्त मंत्री इमरान खान सभी ब्लॉक अध्यक्षों और मंत्रियों के साथ बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मत से समर्थन किया. जिसके बाद पर्यवेक्षक श्री अभिनव सिंह राजपूत ने अयोध्या अटेवा के नए जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह के नाम की घोषणा किया, इसी के साथ संगठन में खाली पद वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल चौरसिया, उपाध्यक्ष हृदयराम,संगठन मंत्री अनिल पांडेय,मंत्री अरविंद कुमार का मनोनयन किया गया, मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी ने बताया कि बैठक में प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी



अभिनव सिंह राजपूत,प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी अंजनी ओझा, मंडलीय मंत्री संदीप यादव, जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, महामंत्री उमा शंकर शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष पूजा सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौरसिया, उपाध्यक्ष अनुज सिंह, उपाध्यक्ष मदरसा प्रभारी इमरान अहमद मंत्री अरविंद कुमार, संगठन मंत्री अनिल बलॉक अध्यक्ष शिव बहादुर पाठक, रामेश्वर पांडेय रुद्र ना निजी सचिव रायण पांडेय,सभाजीत वर्मा,अनुज कुमार,विपिन पांडेय,जगदीश वर्मा शिशिर श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# दिनभर छाए बादल देर शाम को बरसे, मिली गर्मी से निजात

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी

- रविवार को दोपहर से शाम तक आसमान पर छाए रहे बादल तापमान में आई गिरावट लेकिन उमस करती रही परेशान

मैनपुरी,कुरावली। धूप–छांव और आसमान पर तने रहे बादल देर शाम बरस पड़े। हालांकि बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। वहीं, कुछ स्थानों पर हल्की फुहारें जरूर गिरीं।

रविवार सुबह आसमान साफ रहने से धूप भी तेज निकली। दोपहर बाद आसमान पर बादलों ने डेरा जमाया तो अधिकतम तापमान नीचे आने लगा।

रविवार को अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। कब होगी बारिश, लोग बेचौन मानसूनी सीजन में बारिश के लिए लोग तरस रहे हैं। पड़ोसी जिला इटावा में बारिश हो चुकी है, लेकिन जिले में अब तक बारिश नहीं हुई है। बारिश न होने से लोग गर्मी और उमस के चलते बेचौन हैं। पिछले साल हुई अच्छी वर्षा–पिछले साल जुलाई के पहले सप्ताह से ही झमाझम बरसात शुरू हो गई थी। इसके बाद रुक–रुककर लगातार पानी गिरता रहा। इस माह के 11 दिन निकल जाने के बाद भी बारिश की नहीं हो रही है।

झमाझम बारिश के लिए अभी इंतजार कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञान के अधिकारियो का कहना है झमाझम बरसात के लिए अभी इंतजार करना होगा। आगामी दिनों में हल्की बारिश हो सकती है, बदली भी छाई रह



सकती हैं, तेज हवाएं भी चलने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि मानसून कमजोर पड़ जाने की वजह से अभी बारिश नहीं हो रही है। शाम को हुई बूंदाबांदी दोपहर से शाम तक आसमान में छाए बादल शाम को बरस पड़े। कुछ देर बयार चलने के बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। ऐसा क्रम काफी देर तक चला, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। हल्की बूंदाबांदी से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

## चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण और नकदी की पार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम समान में चोरों ने घर के ताले तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण और नकदी पार कर दी। घटना के समय परिवार के लोग शादी में शामिल होने समान से गाजियाबाद गए हुए थे। वापस लौटने पर चोरी की घटना की जानकारी हुई। घटना की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। किशनी पुलिस को तहरीर देकर समान निवासी अखिल द्विवेदी पुत्र बृज किशोर द्विवेदी ने जानकारी दी कि वह 9 जुलाई को दोपहर 2:30 बजे के करीब समान से गाजियाबाद शादी में शामिल होने सपरिवार चला गया था। 11 जुलाई की रात 10 बजे वह घर लौटा तो घर का सारा सामान बिखरा मिला। अज्ञात चोर घर के ताले तोड़कर तीन लाख से अधिक के सोने चांदी के आभूषण और 43 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

घटना की तहरीर 12 जुलाई को पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया। चोरी की इस घटना से कस्बे के लोगों में सुरक्षा की चिंता फैल गई है। किशनी पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज हो गया है। जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## पैसे के लेनदेन के चलते युवक ने फांसी लगाकर अपनी लीला की समाप्त

- मृतक दीपक वर्मा काफी दिनों से मानसिक तनाव मैं था,तनाव में आकर की आत्महत्या





मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बेवर क्षेत्र के मोहल्ला महाजनान दीपक पुत्र संतोष कुमार शर्मा 38 वर्ष मैं रविवार सुबह लगभग समय 4रू45 बजे छत पर बने कमरे में सीलिंग फैन में रुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने सबको उतरवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। मृतक की साद शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतक के कुल 2 बच्चे हैं जिसमें पहली बेटी मन्नू 6 वर्ष दूसरी का नाम पीयू 3 बर्ष है। गृह क्लेश होने बा खुद को मानसिक तनाव के कारण वह काफी परेशान रहता था मृतक दीपक वर्मा आभूषण ज्वेलर्स के बेवसाई थे।

शनिवार रात को मृतक दीपक वर्मा मानसिक तनाव में इसी बीच रविवार सुबह पत्नी अर्चना शौच क्रिया के लिए गई हुई थी और दोनों बच्चे सो रहे थे। उसी दौरान छत के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर दीपक वर्मा ने आत्महत्या कर ली परिजनों ने जानकारी होते ही थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# भांजे ने अनपढ़ मामी से बैंक में अंगूठा लगवा कर खाते में जमा कराई गई 52 लाख रुपए की रकम ली निकाल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मैनपुरी में एक भांजे ने अपनी अनपढ़ मामी से बैंक में अंगूठा लगवा कर खाते में जमा कराई गई 52 लाख रुपए की रकम निकाल ली। आरोपी भांजे ने उन पैसों को अपने परिजनों के नाम ट्रांसफर कर लिया। पीड़ित महिला ने थाने में जाकर मामले की शिकायत की है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से रुपए वापस दिलाने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।मामला किशनी थाना क्षेत्र के बसैत गांव का है।

इटावा थाना जसवंत नगर की निवासी पीड़िता पान देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है। महिला ने बताया उसने अपना खेत 52 लाख रुपए में बेचा था। उस पैसे को मैंने अपने भांजे आसाराम के साथ जाकर किशनी स्थित आर्यव्रत बैंक की शाखा में जमा करवा दिया था। मेरा भांजा मैनपुरी का रहने वाला है। एक दिन मेरे भांजे ने मुझसे 20 हजार रुपए मांगे।

मैं उसको पैसे देने के लिए उसके साथ बैंक गई। उसी दिन भांजे ने धोखे से मेरा अंगूठा दूसरे कागजों पर लगवा लिया। उसके बाद मेरे सारे पैसों को अपने परिवार के खाते में ट्रांसफर कर दिया। शनिवार को जब मैं अपने पैसे बैंक से निकालने पहुंची तो मुझे पूरे मामले की जानकारी हुई। उसके बाद मैं अपने भांजे के घर पहुंची। उससे मैंने अपने पैसे मांगे। जिसके बाद पूरे परिवार ने मुझ पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट करके मुझे घर से भगा दिया।

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं आसाराम के परिजनों के खाते में जमा धनराशि को निकालने के लिए तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर कर जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।



## दोस्त की मौत की खबर पाकर उसके अंतिम दर्शन को जा रहें दो दोस्तों की सड़क दुर्घटना में मौत

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। मैनपुरी में दोस्त की मौत की खबर पाकर उसके अंतिम दर्शन को आ रहे दो दोस्तों की भी रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। एक साथ तीन दोस्तों की मौत की खबर सुनकर हर आंख नम हो गई। तीनों ही दोस्तों की आज ही मौत हुई है। जिससे परिजन भी सकते में आ गए हैं। यह दोनो हादसे कुरावली थाना क्षेत्र के हैं। शनिवार को सबसे पहले 25 वर्षीय लवकुश का एक्सीडेंट खिरिया पीपल के अज्ञात वाहन से हुआ। जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना जब सर्वेश और सूरजपाल को हुई तो दोनों उसे अंतिम बार देखने के लिए बाइक से उसके घर की ओर भागे। तभी उनका त्रिलोकपुर अवंती बाई स्कूल के पास केपी पंप के सामने ट्रैक्टर ने दोनों को रौंद दिया। जिससे सर्वेश की मौके पर मौत हो गई जबकि सूरजपाल की अस्पताल में मौत हुई।लवकुश कुरावली के बलरामपुर तो सर्वेश और सूरजपाल त्रिलोकपुर के रहने वाले थे। दोनों ही गांवों के बीच दूरी लगभग दो से तीन किमी ही है। परिजन बताते हैं कि आते जाते इन तीनों में दोस्ती हो गई थी। धीरे धीरे एक दूसरे के घर भी आना जाना शुरू कर दिया। जवानी तक आते आते दोस्ती पक्की हो चुकी थी। हर सुख दुख में तीनों एक साथ रहते थे।



आज तीनों दोस्तों के परिजन जब अपने बच्चों की डेडबॉडी लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो दोस्ती की यह कहानी सामने आई। आज एक के बाद एक तीनों दोस्तों का पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद अब तीनों के अंतिम संस्कार की तैयारियां उनके घरों में चल रही है।

## टावरों से बैटरी चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जनपद में मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंर्तराज्यीय गिरोह के शातिर अभियुक्त को स्वाट टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। एसपी कमलेश दीक्षित के निर्देश पर स्वाट टीम द्वारा टावरों से बैटरी चोरी करने वाले गैंग की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को स्वाट टीम प्रभारी विक्रम सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि टावरों से बैटरी चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त घटना को अंजाम देने के लिए शहर के ईसन नदी पुल पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पाकर प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घेराबंदी करके शातिर को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली लाकर पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश पुत्र वीरेंद्र शाक्य निवासी ड्रामई थाना मिरहची एटा बताया। आरोपी ने बताया कि वह जनपद के अलावा आसपास के जनपदों में गैंग बनाकर टावरों से बैटरी चोरी करता था। पुलिस ने शातिर पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। अब पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रुदौली इकाई का हुआ पुनर्गठन



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल

रुदौली अयोध्या। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यधविभाग सह संयोजक ऋषभ गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिसमें नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा आशा और विश्वास के साथ सफलतम कार्यकारिणी सिद्ध होगी रुदौली की इतिहास में विद्यार्थी परिषद को मिला पहला महिला अध्यक्ष। प्रवासी कार्यकर्ता जिला संयोजक कुलदीप गुप्ता उपस्थित रहे। जिसमें अध्यक्ष के रूप में अलका सोनी एवं नगर मंत्री रचित गुप्ता की घोषणा चुनाव अधिकारी के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संपर्क प्रमुख बृजेश वैश्य ने की। नगर उपाध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा नगर उपाध्यक्ष अंजु रावत नगर उपाध्यक्ष नीरज सिंह नगर सह मंत्री प्रशांत श्रीवास्तव नगर सह मंत्री हर्षित गर्ग नगर सह मंत्री विश्वास शुक्ला नगर सह मंत्री नगर सह मंत्री कमलेश विश्वकर्मा, सोशल मीडिया प्रमुख सचिन विश्वकर्मा, नगर कार्यकारिणी सदस्य नितेश कश्यप ऋषिकेश कश्यप राज लोधी हिमांशु पांडे हर्ष डालमिया अर्चित अग्रवाल, सत्यम साहू आकाश साहू, तनिष्क, मान सिंह लोधी, गुप्ता संदीप कुमार की घोषणा हुई।

जिसमें पूर्व जिला सह प्रमुख श्रीकांत मिश्रा पूर्व नगर मंत्री नीलेश अग्रवाल एवं पूर्व मीडिया संयोजक शिवम गुप्ता बंटू उपस्थित रहे।

# सुप्रिया वर्मा हत्याकांड की फिर से जांच की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। शिक्षिका सुप्रिया वर्मा हत्याकांड के खुलासे की थ्योरी पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए. इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है। मालूम हो कि विगत दिनों अयोध्या में हुए शिक्षिका सुप्रिया वर्मा हत्याकांड से जनसामान्य दहल गया था. कई दिनों की जांच के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार भी कर लिया था. पुलिस ने हत्या के पीछे का कारण अवैध संबंध बताया था. पुलिस ने जो खुलासा किया है उस पर परिवार वाले सहमत नहीं हैं जिसके चलते मामले की फिर से जांच की मांग परिवारीजन कर रहे हैं। इसी मामले को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ विधायक वीरेंद्र चौधरी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे. विधायक वीरेंद्र चौधरी ने पीड़ित परिवार को संबल देते हुए संकट की इस घड़ी में मजबूती से खड़े रहने का भरोसा दिया है।

कांग्रेस नेता शरद शुक्ला ने कहा कि पूत कांग्रेस परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है, परिवार के प्रति हमारी पूरी संवेदना भी है। किसी भी स्थिति में परिवार के साथ अन्याय होने नहीं दिया जाएगा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर परिवार की असहमति को बताया जिसपर



एसएसपी ने परिवार को पूर्ण न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में विधायक वीरेंद्र चौधरी के अलावा कांग्रेस नेता शरद शुक्ला, डॉ अनूप पटेल, आदर्श पटेल, अजय सिंह आदि शामिल रहे।

## रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल के वितरण की खामियों पर बिफरे प्रवर अधीक्षक

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। प्रधान डाकघर में मण्डल के सैकड़ों पोस्टमास्टर एवं डाक सहायक को रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल को पोस्टमैन द्वारा प्रतिदिन वितरण करने के लिए प्रशिक्षण अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह की अध्यक्षता में ट्रेनर अतुल उपाध्याय ने दिया । अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने पोस्टमैन द्वारा किए जा रहे रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल के प्रतिदिन वितरण नही किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया और पोस्टमास्टर को हिदायत दिया कि जो भी रजिस्ट्री,



स्पीड पोस्ट, पार्सल जिस दिन आये उसी दिन किसी भी परिस्थिति में पोस्टमैन मोबाईल के द्वारा वितरण सुनिश्चित किया जाये । प्रशिक्षण के दौरान ही अन्य साफ्टवेयर की भी जानकारी पोस्टमास्टर को श्री उपाध्याय ने दिया साथ ही पोस्टमास्टर व डाक सहायक को मोबाईल एप से वितरण के गुर भी खुद ही सिखाया । इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता मौजूद रहे ।

## गांव में निकला विशालकाय अजगर, मचा हड़कंप, वन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद पाया काबू

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ, मैनपुरी। कुसमरा थाना किसनी क्षेत्र के कमलनेर गांव में रविवार सुबह एक किसान के खेत में विशालकाय अजगर नामुदार हुआ। जिसे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।अजगर को देखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद वन विभाग को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को काबू में किया।



कुसमरा क्षेत्र के गांव कमलनेर में रविवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने विशालकाय अजगर देखा। जिसके बाद अन्य ग्रामीणों को सूचित किया। अजगर को देखने के लिए भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा वन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पाकर मौके पर वन विभाग । मैनपुरी की टीम मौके पर पहुंची वन कर्मियों के मुताबिक, जब अजगर को पकड़ने के लिए बाहर निकाला तो वह काफी लंबा था, जिसे देख कर ग्रामीण भौचक्के रह गए। वन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को काबू किया। वन विभाग की टीम के द्वारा बताया गया की अजगर की लंबाई अमूमन 12 फीट और वजन लगभग 80 किलो के आसपास है। अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा जिससे कि गांव वासियों को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं रहेगा।

## महादेवा घाट पर संघ का हुआ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे के महादेवा घाट पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप मे प्रांत प्रचारक कौशल किशोर व संचालन श्यामाचरण ने किया।इस अवसर पर संघ के लोगो ने अपने सनातन गुरु के प्रतीक भगवा ध्वज का पूजन,प्रणाम करने के साथ गुरु दक्षिणा अर्पित किया। अपने बौद्धिक सम्बोधन के दौरान प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने कहाकि आरएसएस दुनिया का इकलौता समाजसेवी संगठन है जो आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर है और किसी से चंदा नही लेता है।संघ से जुड़े लोग साल में एक बार समर्पण राशि देते है,जिसे गुरु दक्षिणा कहते है।गुरुपूर्णिमा के बाद से यह कार्यक्रम पूरे देश मे चलता है। इस अवसर पर जिला कार्यवाह वेद जी,आनन्द जु,ओमप्रकाश सोनी, सोभनाथ वर्मा,पंकज सिंह,अशोक वर्मा,शेखर जाय सवाल,जगदम्बा सोनी,बजरंग चौरसिया, रामकुमार सोनी,अनूप जायसवाल,दिनेश कुमार, अवधेश सोनी सहित सैकड़ो संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक को एयरपोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1.62 हजार रुपये की ठगी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। शहर के रहने वाले एक युवक को एयरपोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1.62 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर के आश्रम रोड निवासी हर्ष आर्या ने एसपी कमलेश दीक्षित को दिए शिकायती पत्र में बताया कि फरवरी माह में आयुष निवासी आंबेडकर पार्क छाछा भोगांव ने फोन कर उसे बुलाया। आयुष ने ग्राउंड स्टॉफ के पद पर नौकरी दिलाने की बात की और कहा कि वह काफी समय से वहीं पर नौकरी कर रहा है। 24 से 48 हजार रुपये के रूप में सैलेरी की बात कहकर उससे 4500 रुपये ले लिए गए। इसके बाद शिवम भारती निवासी दीवानी रोड ने फोन पर उसका इंटरव्यू लिया और उसकी मेल आईडी




पर फर्जी ऑफर लेटर भी भेजा। कई बार में रमेश अनुरागी निवासी छाछा के खाते में हर्ष द्वारा रुपये भेजे गए। जिसमें से करीब 1.62 हजार रुपये उससे ठग लिए गए।आयुष कुमार, शिवम भारती, आशीष प्रताप, विजय राठौर और रमेश अनुरागी ने धोखाधड़ी कर धमकाया। इस संबंध में शहर कोतवाल विक्रम सिंह ने बताया कि नामजद पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच के साथ आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी होगी।

# रक्तदान के लिए आकाश गुप्त को मिला जनशक्तिसम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिले ब्लड मैन के नाम से चर्चित युवा समाजसेवी आकाश गुप्त को लखनऊ के एस. आर.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स परिसर में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान व नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जनशक्ति सेवा सम्मान–2022 से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें से विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान,अमेठी की युवरानी शाम्भवी सिंह,पूर्व आईजी आर. के. चतुर्वेदी, समाजसेविका गुंजन वर्मा व संयोजक अरुण प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र व स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया। समारोह में प्रदेश के बिभिन्न जिलों के 125 से ज्यादा अन्य समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

बताते चले कि श्री आकाश गुप्त अपनी संस्था राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले पिछले 6 सालों से रक्तदान की मुहिम पर काम कर रहें है और 500 से ज्यादा युवाओं को रक्तदान की मुहिम में जोड़कर अभी तक करीब 4500 से ज्यादा जरूरतमंदों को ब्लड मुहैया करा चुके है।

वे खुद दुर्लभ ब्लड ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता है और जरूरत पड़ने पर बिभिन्न जिलों में जाकर अभी तक 41 बार रक्तदान भी कर चुके है। आकाश गुप्त ने बताया कि कोरोना काल में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक रक्तदान कराने का रिकार्ड भी इसी संस्था के नाम से दर्ज है। इसके अलावा अयोध्या जिले में पिछले तीन सत्र में सर्वाधिक रक्तदान कराने का और जिले के अंदर किसी एक कैम्प में सर्वाधिक



महिलाओं द्वारा रक्तदान करने का रिकॉर्ड भी इसी संस्था के नाम दर्ज है । रक्तदान के लिए उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है और इसके अलावा उन्हें काशी ब्लड कमांडो सम्मान,उत्तर प्रदेश रक्त योद्धा सम्मान,छत्रपति ज्योतिबा राव फुले सम्मान,अयोध्या रत्न, रक्त प्रहरी,स्वदेश सम्मान सहित करीब दो दर्जन अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। आगे उन्होंने बताया कि अयोधया जिले में किसी भी मरीज का मौत खून के अभाव में न हो यही संस्था और मेरे जीवन का एकमात्र उद्देश्य है।

# फांसी लगाकर फौजी ने दी जान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- पत्नी बोली– सेना का अधिकारी करता था प्रताड़ित,काटता था वेतन

औरैया। एक फौजी ने छुट्टी न मिलने और सैलरी कटने से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। फौजी अपने घर 6 जुलाई को आया हुआ था। रविवार सुबह उसने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। फौजी की पत्नी ने बताया, उसके पति छुट्टी न मिलने से परेशान थे। उनको सैलरी भी कट कर आ रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामला शहर के जालौन चौराहे का है। फौजी का नाम विकास कुमार दुबे था। रविवार की दोपहर विकास का बेटा मोहल्ले में खेलने चला गया। पत्नी सपना रसोई में खाना बना रही थी। इस बीच फौजी विकास ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी कुछ पूछने गई तो काफी खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से देखा तो विकास फांसी पर लटका था। यह देख शोर मचाया तो पड़ोसी आ गए। सूचना पर पुलिस आई। दरवाजा तोड़ा गया। विकास को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी का रो–रो कर बेसुध है। पत्नी सपना कहा, "सेना का एक अधिकारी उसके पति को प्रताड़ित करता था। छुट्टी कम देता था। पिछली बार ड्यूटी पर जाने में 2 दिन की देरी हो गई थी। इस पर अधिकारी ने वेतन काट लिया था। अधिकारी इतना प्रताड़ित करता था कि वे मानसिक रूप से बीमार हो



गए थे। कोतवाली पुलिस सेना के अधिकारियों से संपर्क की कोशिश में लगी है। कोतवाली पुलिस ने कहा, "सेना के अधिकारियों से बात हो जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मृतक फौजी विकास कुमार दुबे सेना में हवलदार पद पर थे। उनकी तैनाती असम के डिब्रूगढ़ थी। विकास 6 जुलाई को वह एक माह की छुट्टी पर घर आए थे।

## लोधेश्वर महादेवा पूजा अर्चना करने पहुचे राज्यमंती अतुल सिंह

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। रामनगर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व उपाध्यक्ष गौ सेवा



आयोग अतुल सिंह ने अपने परिवार के साथ लोधेश्वर महादेवा धाम में पूजा अर्चना की और उनके साथ में विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद वर्मा बबलू जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार वर्मा और तहसील अध्यक्ष रमेश वर्मा जिला मीडिया प्रभारी विश्व हिंदु महासंघ व हिंदू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष मोहित कुमार वर्मा आदि लोग साथ में उपस्थित रहकर पूजा अर्चना किए।

# नहर के पानी के लिए किसान बेहद परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, शिवगढ़ रायबरेली। शिवगढ़ विकास खंड से निकली हुई गूढ़ा रजबहा से निकली हुई उचौरी माइनर मे टेलगूल तक पानी न पहुंचने की दशा में किसान परेशान किसानों का कहना है कि टेल तक पानी ना पहुंचने की दशा में टेल के पास की किसानों की खेती सूख रही है और कोई भी,अधिकारी संज्ञान में लेने के लिए तैयार नहीं है जिस बात को लेकर किसान आक्रोशित है वहीं अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया की इस माइनर में तमाम बंधे लगे हुए हैं बंधो की वजह से टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है दबंग जब से नहर में पानी आया है तब से बंधे लगा रखे हैं सरकारी मेट द्वारा एक बार बंधा हटाया गया फिर भी दबंग नहीं माने फिर उसी तरह बंधे लगा लिए पतरोल द्वारा आश्वासन दिया गया कि बंधे कटवा दिए जाएंगे अभी तक



बंधे नहीं हटे किसान परेशान है ऐसे दबंगों पर आज तक कोई कार्रवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की गई ऐसे दबंगों से हरदम परेशान रहेंगे किसान अगर किसानों की मांग पर नहीं मिला पानी तो नर्सरी हो जाएगी खराब पानी ना मिलने से किसान कर रहे है प्रदर्शन एक तरफ सरकार किसानों की हित की बात करती है दूसरी तरफ नहीं मिल रहा नहर का पानी कैसे किसान जीवित रहेगा सरकार की मनसा पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है।

## नवनियुक्त जिला महासचिव प्रधान संघ का किया गया भव्य स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद के विकास खंड बंकी के अंर्तगत आने वाले वाली ग्राम पंचायत मंजीठा में प्रधान मुहम्मद वज्जू के आवास पर दर्जनों प्रधानों ने नवनियुक्त महासचिव प्रधान संघ राम सेवक रावत का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया तथा प्रधानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई



सनवनियुक्त महासचिव ने उपास्थित प्रधानों से उनकी समस्याओं को जाना वा समस्याओं के निराकरण का भरोसा देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि समस्त प्रधानों को एकजुट होकर अपने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा तभी ग्राम पंचायतों का विकास होगा वा गांव की तस्वीर बदलेगी।

# अब किसी भी दिव्यांग को यूडी आईडी कार्ड से नहीं रहना पड़ेगा वंचित

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। अब किसी भी दिव्यांग को यूडी आइडी कार्ड से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।बाराबंकी में दिब्यागो को दिव्यांग प्रमाण पत्र और उनका यूडी आइडी कार्ड बनवाने के लिए दिव्यांग अधिकारी चन्द्रेश त्रिपाठी ने प्रयास ट्रस्ट बाराबंकी को दिया बिभागीय सहयोग हर सोमवार को जिला मुख्यचिकित्सा अधिकारी बाराबंकी में लगता है दिव्यांग प्रशिक्षण सहायता कैम्प जिसमें संस्था दिब्यागो की हजारो की संख्यां में करवाता है यूडीआई का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ सिहाग की लापरवाही से होते हैं दिव्यांग परेशान दिव्यांगो की पात्रता के अनुसार नहीं मिलता है उनको लाभ समय पर नहीं बनता है उनका यूडी आई डी कार्ड प्रयास ट्रस्ट की टीम जल्द ही प्रमाण के साथ इस



समस्या को ले कर जिला के मुखिया जिलाधिकारी महोदय से मुलाकात करके दिब्यागो की इस समस्या पर करेगी चर्चा और निकलवाएगी इसका हल दूर से आने वाले दिब्यागो को धूप में बैठना पड़ता है उनके बैठने के लिए कोई भी उचित स्थान नहीं है जमीन पर सुबह से साम तक कड़ी धूप में जमीन पर बैठे रहते हैं दिव्यांग और हमारे आला अधिकारियों को तो कोई इनकी सुध ही नहीं है प्रयास ट्रस्ट की टीम ने यह संकल्प लिया है कि अब कोई भी दिव्यांग यूडी आईडी कार्ड से वंचित नहीं रहेगा जिला दिब्याग अधिकारी की मेहनत और दिब्यागो के प्रति जिम्मेदारी को देखते हुए संस्था उनके इस प्रयास में निःशुल्क सेवा और सहयोग करने के लिए संकल्पित है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए किसान की मौत, चार बकरियों की भी गई जान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- बारिश से बचने के लिए बकरियों के साथ नीम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया था किसान
- देर रात खोजबीन करने पर पेड़ के नीचे मिला बेहोशी की हालत में

औरैया। जिले की अजीतमल तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा अयाना में शनिवार देर शाम तेज बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसे किसान की मौत हो गई। चार बकरियों की भी मौके पर जान चली गई। कस्बा अयाना निवासी सुभाष चंद्र(45) पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल किसानी व बकरी पालन करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। शनिवार शाम को वह खेतों पर अपनी पांच बकरियां चराने के लिए गए थे। इसी दौरान शुरू हुई झमाझम बारिश में खुद को भीगने से बचाने के लिए किसान बकरियों से साथ नीम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी अचानक गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किसान बुरी तरह झुलस गया और चार बकरियों की मौत हो गई। देर रात बारिश बंद होने के बाद एक बकरी घर पहुंचने पर परिजनों ने मोहल्ले वासियों की मदद से खोजबीन की। कई घंटों खोजने के बाद परिजनों को किसान गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर पंचम के खेत में खड़े नीम के पेड़ के नीचे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला व चार बकरियां मृत मिली। परिजनों ने एम्बुलेंस के लिए कई बार फोन किया, कॉल न लगने पर परिजन निजी वाहन से घायल को सौ शैया युक्त जिला अस्पताल ले गए,जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। किसान की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी रीता, बेटे अंकुश व बेटी



पिंकी का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शिक्षकों की बैठक में बच्चों को मिला बालरत्न सम्मान

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- मिशन शिक्षण संवाद की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय नगला वैश में सम्पन्न

औरैया। मिशन शिक्षण संवाद औरैया की जुलाई माह की बैठक विकासखण्ड ऐरवाकटरा के प्राथमिक विद्यालय नगला वैश के प्राकृतिक परिवेश में रविवार को आयोजित हुई। छात्रा मनीषा बाथम द्वारा मां सरस्वती की प्रार्थना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय परिवार की ओर से समस्त अतिथि शिक्षकों का अभिनन्दन स्वागत किया गया। रीतू पोरवाल ने गणित टीएलएम का प्रस्तुत किया उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना ऐरवा कंपोजिट के शिक्षक कमलकान्त पाल और अनेक बच्चों ने विज्ञान के वर्किंग प्रोजेक्ट व सिद्धांत प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही प्राप्त की। मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार ने पढ़ाई से प्रतियोगिता तक अभियान के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी से सबको





अवगत कराया और इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र दिग्विजय को सम्मान पत्र और पुरस्कार प्रदान किया। तथा विद्यालय परिवार को पौधे भेंटकर प्रकृतिमित्र और कार्बन न्यूट्रल स्कूल अभियान से अवगत कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बिधूना के शिक्षक संजय सेंगर ने कहा कि हम शिक्षकों को समाज से समन्वय बनाए रखकर अपने शिक्षण से बच्चों को अधिक से अधिक निपुण बनाना है। उत्कृष्ट शिक्षक नवीन पोरवाल ने समस्याओं के बजाए समाधान पर संवाद करने की आदत को अमल में लाने की सलाह दी।

अजय पाल ने तन्मयता व समर्पण से कार्य करते हुए सफलता का तरीका बताया। एआरपी अपर्णा पाल ने कहा कि हम शिक्षकों के विचार ही हमारी पूंजी हैं, सभी शिक्षक अपने सकारात्मक विचारों को समाज तक जरूर प्रवाहित करते रहें। गुड्डू प्रसाद ने मिशन शिक्षण संवाद टीम के रूप में स्वयं के तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया। हरिगोविन्द बाथम ने बताया कि लक्ष्य लेकर काम में जुट जाने व कार्य की निरन्तरता बनाए रखकर ही सम्मान मिलता है। जनपद संयोजक ज्ञान प्रकाश ने मिशन शिक्षण संवाद के विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत बच्चों व समाज हित में सभी से सहयोग की अपील की।

विद्यालय से हरिगोविन्द, चन्द्रकला व शिवम कौशल ने सभी शिक्षकों को आभार व्यक्त करते हुए स्वीमिंग पूल, एक्वेरियम, बर्ड हाउस, औषधीय पौधों सहित विद्यालय के प्राकृतिक परिवेश का अवलोकन कराया। पंकज प्रताप सिंह व आनन्द कुमार आगामी अगस्त माह की बैठक अछल्दा विकासखण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय नल्हूपुर में करने की सहमति दी। अनमोल रत्न शिक्षक राजीव कुमार गुप्ता, अरविन्द कुमार, राहुल गुप्ता, संजय कुमार, अनिल पाल ने अपने अपने विद्यालय व बच्चों की उपलब्धियों से सबको अवगत कराया।

# अवैध तमंचा कारतूस दो पिकप व दो मोटर-साइकिल सहित चार शातिर चोर गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. राजेन्द्र कुमार निषाद उर्फ गोलू पुत्र मुन्ना प्रसाद 2. रामकरन यादव पुत्र बिन्द्रा प्रसाद 3. अयोध्या प्रसाद पुत्र बनवारी निवासीगण ढकौली मजरे सोमैय्या थाना कोतवाली नगर 4. रघुराज चौहान पुत्र रामकृपाल निवासी नाला पीरबटावन थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, घटना में प्रयुक्त एक पिकप UP 41AT 6859 व दो मोटर साइकिलें (UP 41AF 3276 & UP 32 AL 6388) सहित चोरी किया गया लोहे का सामान बरामद कर थाना जहांगीराबाद पर आयुध अधिनियम



मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है, इनके द्वारा ग्राम भुलभुलपुर के पास काफी दिनों से बन्द पड़ी एविस फैक्ट्री(सूत मील) से लोहे का सामान चुराकर कबाड़ी को बेच दिया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में भी कई बार उक्त फैक्ट्री से लोहे का सामान चुराये जाने की घटना कारित की गयी है।

अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव,वरिष्ठ उप निरीक्षक . धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला,उ नि. अरुण कुमार सरोज,का.हे.का. जितेन्द्र यादव,का. सुमित, का. विकेश सिंह, का.आशीष, का. राजाराज थाना जहांगीराबाद।

## बाइक फिसलने से मासूम की मौत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। शनिवार देर रात दंपति मासूम बेटी के साथ घर लौट रहे थे। सड़क पर पानी भरे होने से बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने से महिला की गोद से तीन माह की मासूम सड़क पर जा गिरी। जिसके बाद उसे दिबियापुर सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चमरौआ गांव निवासी मनोज कुमार अपनी पत्नी गोल्डी को 3 माह की बच्ची के साथ बाइक से लेकर घर लौट रहे थे। दिबियापुर के पास बाइक फिसल गई। जिससे गोल्डी के गोद से 3 माह की बच्ची मांडवी फिसलकर सड़क पर जा गिरी। दिबियापुर सीएचसी के डॉक्टरों द्वारा बच्ची को मृत घोषित किये जाने पर परिजन उसे लेकर घर पहुंचे। दंपति की यह पहली संतान थी। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए बच्ची को घर ले गए। दिबियापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण मिश्रा ने घटना कि जानकारी होने से इंकार किया।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रोजेक्ट नई किरण की टीम ने तीन परिवारों का आपस में कराया समझौता

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। रविवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशानुसार महिला थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया 7 फाइलें दायर की गई व 3 परिवार



को जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनो से अलग रह रहे थे एक दूसरे के साथ रहने को राजी नही थे जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था जिसे समझा बुझाकर पति–पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हसी खुशी बिदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से नाराज ग्रामीणों ने डीएम से जांच की लगाई गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,महराजगंज रायबरेली। भ्रष्ट ग्राम प्रधान अचली का कारनामा आया सामने, विकास कार्यों में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कई लाखों का भ्रष्टाचार कर दिया गया। बताते चलें पूर्व विधायक व भाजपा नेता राम लाल अकेला की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी



को संबंधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया और कार्यवाही की मांग की गई है। इससे पहले भी ग्रामीणों ने जब भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी से किया था तब भ्रष्ट ग्राम प्रधान अचली व प्रधान प्रतिनिधि द्वारा शिकायतकर्ता को फसाने का षडयंत्र करना शुरू कर दिया था। ग्रामीणों द्वारा जब ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार की शिकायत अधिकारियों से की जाती हैं तब ग्राम प्रधान व उनके लोगों द्वारा शिकायतकर्ता पर फर्जी दबाव बनाने के लिए रंगदारी व सरकारी काम में बाधा जेसे फर्जी आरोप लगा कर शिकायत करने वाले पर दबाव बनाया जाता हैं जिससे गांव का कोई भी जागरूक व्यक्ति भ्रष्टाचार की पोल ना खोले। ऐसा कई ग्राम प्रधानों द्वारा किया गया हैं। कई ग्राम प्रधानों ने भ्रष्टाचार की शिकायत व कार्यवाही से बचने के लिए इसको हथियार बना लिया हैं। लेकिन जांच में परत दर परत का खुलासा हो जाता हैं, जहां योगी सरकार भ्रष्टाचार करने वालों पर सख्त हैं क्या ऐसे भ्रष्ट ग्राम प्रधानों पर होगी कार्यवाही? महराजगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत अचली में जमकर भ्रष्टाचार किया गया ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा सरकारी धन का जमकर बंदरबांट किया और जब कुछ गांव के लोगों द्वारा इसकी शिकायत जिलाधिकारी से किया तब ग्राम प्रधान उस पर षडयंत्र रचने लगे और अधिकारियों से मिलकर फर्जी रिपोर्ट बना कर लगाने लगे लेकिन जब भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व विधायक के साथ सैकड़ों ग्रामीण मैदान में आ गये और भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी से करने पहुंचे गए तब भ्रष्ट ग्राम प्रधान के हांथ पांव फुल गए और ग्रामीणों ने डीएम से कार्यवाही की मांग किया। अब देखना दिलचस्प होगा क्या अब निष्पक्ष जांच होगी और कार्यवाही का इंतजार ग्रामीण कर रहे हैं।

# घर में कोबरा निकलने से मचा हड़कंप बाल बाल बची बच्ची की जान

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। ग्राम बरेठी विकासखंड देवा तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकीउस प्रसूराम रावत के यह उस वक्त हड़कंप मच गया जब परसराम की लड़की ने खाना बनाने के लिए लकड़ी निकालने गई तब उसने देखा कि खूंखार सांप बैठा हुआ है सर्फ ने लड़की के तरफ झपट्टा मारा मगर बाल बाल बची लड़की की जान लड़की के जोर जोर से चिल्लाने पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए घंटों कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा को घर से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया ग्राम पंचायत बरेठी में पीड़ित के घर के सामने बहुत बड़ा तालाब है जो कि कभी ना तो उसकी सफाई हुई है ना तो उसकी खुदाई हुई है इस संबंध में डेवलपमेंट अथॉरिटी ग्राम विकास अधिकारी देवा के समक्ष कई बार प्रार्थना पत्र एवं संबंधित अधिकारी सेलोगों ने मिलकर के इस बात को कहां की कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है तथा इस तालाब की खुदाई कार्य एवं सफाई करवाया जाए ग्राम पंचायत अधिकारी एवं वीडियो साहब की मिलीभगत से आज तक इस तालाब की खुदाई एवं सफाई नहीं हो पाई है सबसे खास बात तो यह है कि इस तालाब के पानी का निकास कोई नहीं है पूरे गांव का पानी इसी तालाब में आता है तालाब का पानी निकास के लिए कोई नाला नहीं है और हरिजन बस्ती में दो तालाब है दोनों तालाबों का पानी बारिश का घरों में घुस जाता है बारिश के पानी से पूरा गांव तालाब में तब्दील हो जाती है पहली बारिश में पूरे बारिश का पानी घरों में घुस गया था ग्रामीणों ने 3 सालों से आइजीआरएस के माध्यम से लगातार शिकायत होती जा रही है मगर बार–बार ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत होने के कारण आज तक इस तालाब का पानी निकास के लिए नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है यह घटना कोई नई नहीं है आए दिन इसी तरह से जहरीले सांप जहरीले जानवर घर में घुस जाते है जब ज्यादा लगातार बारिश होती है तब तालाब का पानी रास्ते पर चढ़ा जाता है उसके कारण सांप उस रास्ते पर बैठते होने के कारण छोटे–छोटे बच्चे एवं बुजुर्गों को काफी खतरा बना रहता है अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कब उचित कार्रवाई करता है ग्रामीणों का कहना है कि आज आसन जल्द से जल्द तालाब की खुदाई अथवा सफाई



और नाले का निर्माण कार्य शुरू करें शासन से मेरी मांग है कि जल्द से जल्द इस तालाब की खुदाई अथवा सफाई करें ताकि ऐसी घटना दोबारा ना देखने को मिले।

## डा. सोनेलाल पटेल की 73वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम भदोही के अमवा खुर्द मे सम्पन्न हुआ

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

अपनादल के संस्थापक डा० सोनेलाल पटेल की 73वी जयंती के उपलक्ष्य में डा० सोनेलाल पटेल के तत्वाधान में रविवार को सुनील पटेल के अध्यक्षता में ग्रामसभा अमवा खुर्द निमजा में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया जिसमें समाज के हर तबके के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिए जैसा कि गत दो जुलाई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डा० सोनेलाल पटेल जन्मजयंती समारोह में केन्द्रीय उद्योग व वाणिज्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने सभी से अपील की थी कि डा० साहब के 73 वी जयंती पर कम से कम 73 पौधे हर जिले में लगाया जाए आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत पर्यावरण संरक्षण है इसी क्रम में आज पौधरोपण अभियान चलाया गया रोपे गये पौधो में कुछ इमारती तो कुछ



फलदार भी है इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी फाउंडेशन से जुड़े सभी लोगों की है साथ ही सभी ने संकल्प लिया रोपे गये पौधो को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा की वृक्ष हमे प्राणवायु आक्सीजन देते हैं आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है इसका मात्र उपाय पौधरोपण है कार्यक्रम में उपस्थित सुनील पटेल, सरस सिंह, सचिन दूबे, जवाहरलाल पटेल, ओमचंद्र पटेल, गुड्डू गौतम, लल्लू राठौड़, मोहम्मद हाशमी, जयप्रकाश पटेल, हरिलाल पाल, मेहीलाल, रूद्र पटेल, शिवराज, विजय आदि लोग उपस्थित रहे।

# कावड़ यात्रा को लेकर कुरावली थाने में बुलाई गई पीस मीटिंग



- कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते पे पड़ने वाली मीट की दुकाने रहे बन्द : संजय कुमार वर्मा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। कुरावली थाने में सी ओ संजय कुमार वर्मा ने कावड़ यात्रा को लेकर बुलाई पीस मीटिंग। कल सोमवार के दिन से कावड़ यात्रा शुरू होनी है। तो वही नगर के मंदिरो में भगवान शिव की पूजा प्रातः 7 से 12 और शाम 5 से 8 पूजा अर्चना होनी है। जिसकी व्यवस्था को प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। सरकार की मंशा के अनुसार तय गाइड लाइन और व्यवस्था को लेकर नगर के सम्मानित नागरिको के बीच करना थी मीटिंग। बताते चले कि कावड़ यात्रा पर्व के अवसर पर कुरावली थाने में पीस मीटिंग रखी गई थी। जिसको लेकर थाने में कुरावली सीओ संजय कुमार वर्मा, इस्पेक्टर भोलू सिंह भाटी,एस एस आई रूपेश कुमार, एस आई सतेंदर कुमार सोनकर, एस आई राजकुमार, एस आई मुकुल व पुलिस कर्मी मौजूद थे। तो वही कुरावली के सम्मानित व्यक्तियों में चीयर मैन प्रतिनिधि धर्मेंद्र वर्मा, हाफिज असलम रजा, आलोक गुप्ता, राजेश जैन उर्फ बंटू, गुड्डन जैन, सभासद रामवीर शाक्य, सभासद भूरे लाल दिवाकर, व दर्जनों नागरिक उपस्थित रहे।

क्या कहा सीओ कुरावली ने संजय कुमार वर्मा सीओ कुरावली ने पीस मीटिंग में नगर वासियो को संबोधित करते हुए बोले की कल से कावड़ यात्रा शुरू हो रही है।

जिन रास्तो से कावड़ को गुजरना है उन रास्तो पर मीट की दुकान, सड़को पर साफ सफाई व नाली नालो की सफाई रखी जाए जिससे कावड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। तो वही पुलिस कर्मियों की भी व्यवस्था और लायन ऑडर पे पैनी निगरी रहनी चाहिए। जिसके बाद बोले मीट दुकानदार सख्ती से करे पालन नही तो होगी सख्त कार्यवाही।

# प्रेमी युगल ने विषाक्तपदार्थ खाकर गवाई अपनी जान

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के अंतर्गत प्रेम प्रसंग में प्रेमी युगल ने गवांई अपनी जान। मौके पर एक मोटरसाइकिल हुई बरामद स। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी। मृतकों के शवो को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।रविवार को दूसरे पहर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत दामोदर पुर के निकट जंगल में एक युवक तथा एक युवती का शव ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शवो को कब्जे में लेते पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। वहीं मौके पर एक मोटरसाइकिल यूपी इकतालीस ए जी चौरासी पचास बरामद हुई। ग्रामीणों ने युवक और युवती की पहचान कर उनके परिजनों को



सूचना दी। मृतक युवक की पहचान मुकेश कुमार पुत्र हरिनाम निवासी भयारा तथा मृतका युवती रानी गुप्ता पुत्री विजय निवासी ग्राम निंबहा के रूप में हुई है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरिक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया की शवो को पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सुबह सुबह बड़ा हादसा टलने से राहगीरों ने ली चौन की सांस

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। सुबह रेलवे स्टेशन पर तेज रफ्तार इनोवा कार ने रिक्शा को टक्कर मार दी और मौके ड्राइवर इनोवा कार को लेकर फरार हो गई स प्रतयक्षदर्शीयो के अनुसार इनोवा कार को एक लड़की चला रही थी! इनोवा कार की



टक्कर मे चाय पी रहे रिक्शा वाले के रिक्शे को क्षतिग्रस्त कर दिया तों वही समाचार पत्र वितरक फुल्लन की दुकान को भी अपनी चपेट मे ले लिया! सुबह की घटना से देखते ही देखते रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई! घटना के वक्त बंकी के पूर्व सभासद चंकी भी मौजूद थे उन्होंने कहा कि यहाँ पर स्पीड ब्रेकर का बनना बहुत जरुरी है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बंडा, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र एक बालिका ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगा लिया। परिजन उसे लेकर एक प्राइवेट अस्पताल में पहुंचे। लेकिन उसकी मौत हो गई ।जानकारी के मुताबिक थाना बंडा क्षेत्र के एक गांव में 11 वर्षीय लड़की ने फांसी लगाकर जीवन लीला को समाप्त कर लिया। लोगों की मानें तो एक–दो दिन पहले लड़की अपने घर से कहीं चली गई थी। इसके परिवार ने उसे ढूंढ निकाला। और उसे डांटा । बताते हैं कि इससे नाराज बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## अपर मुख्य सचिव ने परखी स्वास्थ सुविधाओं की जमीनी हकीकत

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी मुसाफिरखाना। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण करते हुए हकीकत परखी ।इसके साथ ही उन्होंने जिला अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कस्थुनी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ सेवाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए ।महिला चिकित्सको की कमी वा अन्य अव्यस्थाओं पर उन्होंने पत्रकारों के सवालों को टाल दिया। रविवार को अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने अमेठी पहुंचे ।सर्वप्रथम जिला अस्पताल अमेठी का निरीक्षण किया जहां कई मरीज भर्ती मिले उन्होंने भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बातचीत किया । दरअसल रविवार को प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है ।

उसी क्रम में कस्थुनी में भी स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा की इसके बाद मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया यहां रजिस्टर देखने के बाद पता चला कि हर बार यहां लगभग 100 से अधिक मरीज आते हैं स्वास्थ्य मेले में इतने अधिक लोग आकर सरकार की योजनाओं का फायदा उठा रहे हैं यह बहुत बड़ी बात है। स्वास्थ्य मेले में ना केवल दवाइयां मिलती हैं बल्कि चिकित्सकीय परीक्षण भी होते हैं इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी द्वारा द्वारा पोषक तत्वों की जानकारी भी दी जाती है ।हम लोगों से अपील करना चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग आएं और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य स्वास्थ्य का लाभ उठाएं । इस दौरान सीडीओ अंकुर लाठर सीएमएस डॉ बद्री प्रसाद सीएमओ डॉ विमलेंद्र शेखर डॉ अनुपम गुप्ता डॉ सत्यम शुक्ला डॉ आलोक मिश्रा सहित अन्य विभागीय कर्मी मौजूद रहे ।

## चकभिठारा गांव जहां आज भी गलियों में टिकती है बेटी की बारात

• गांव में बरात घर ना होने के कारण ठंड की सीजन में नहीं ब्याही जातीं बेटियां,गांव की जल निकासी भी एक बड़ी समस्या

शाहजहांपुर। विकासखंड भावल खेड़ा का चकभिठारा गांव जिसमें लगभग 2000 वोटर हैं जो चार भागों में बटा हुआ है जिसमें एक मोजे से दूसरे मौजे की दूरी की बात की जाए तो लगभग डेढ़ से 2 किलोमीटर है गांव के बीच से एनएच 24 सीतापुर हाईवे और रेलवे लाइन निकली है हाईवे और रेलवे लाइन निकलने के कारण चार भागों में बटे इस गांव में सरकार द्वारा एक मौजे पर बनवाया गया बरात घर ग्राम पंचायत वासियों के काम नहीं आ रहा है वैसे सरकार द्वारा रेलवे और हाईवे के दक्षिण वाले मौजे पर एक बारात घर बनवाया गया है लेकिन इस बारात घर का लाभ रेलवे और हाईवे से उत्तर साइड बसने वाले दो मौजों को नहीं मिल पा रहा है जिन की दूरी लगभग डेढ़ से 2 किलोमीटर है इस समस्या के चलते आज भी हाईवे से उत्तर साइड वाले पूर्वी चकभिठारा में बेटियों की बारात गलियों में टिकाई जाती है जहां आलम यह है कि जब अचानक बरसात होने लगती है तो बाराती तितर बितर हो जाते हैं और लोगों के घरों के बाहर कड़कती बिजली में छज्जे का सहारा लेने को मजबूर हो जाते हैं सरकार ने सरकारी विद्यालय या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बारात टिकानें पर रोक लगा रखी है ऐसे में गांव के लोग अपनी बेटियों की शादी ठंडी या बरसात के सीजन में नहीं कर पाते उत्तरी पूर्वी मौजे की बात की जाए तो यहां ना तो कोई विद्यालय है ना कोई ऐसी सरकारी बिल्डिंग जिसका शादी बरात में सहारा लिया जा सके इस गांव की एक और बड़ी समस्या है जल निकासी गांव से निकलने वाला नालियों का पानी अब पूरी तरह मकानों के आगे भरा रहता है गांव में नालियां तो बनी है लेकिन गांव के बगल में 2 तालाबों के पूरी तरह से पट जाने के कारण अब जल निकासी का संकट खड़ा हो गया है जिसके चलते नालियों की गंदगी मकानों के आगे भरी रहती है और रोड पर पानी चलता है बताया जाता है जो तालाब पूरी तरह पाट दिए गए हैं वह कागजों में तालाब नहीं किसी



के खेत थे ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस संबंध में ग्रामीण संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक ग्रामीणों की समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका है।

## ब्लाक प्रमुख ने पीएचसी पर दस्तक व बूस्टर डोज अभियान का उद्घाटन किया

बंडा,शाहजहांपुर। बंडा/ढकाघनश्याम पीएचसी पर ब्लाक प्रमुख डॉक्टर ओम प्रकाश ने दस्तक अभियान का उद्घाटन फीता काटकर कियाउद्घाटन के दौरान ब्लाक प्रमुख डॉ ओमप्रकाश ने 18 से ऊपर सभी लोगों से कोविड–की तीसरी डोज लगवाने की अपील की हैउन्होंने बताया कि टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कोविड की तीसरी बूस्टर डोज का अहम फैसला लिया इसमें सभी लोग कोविड–की बूस्टर डोज लगवाएं और अपने आप को सुरक्षित पाएं तो वही बीपीएम दिनेश शर्मा ने बताया 16 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्री घर घर जाकर खांसी जुखाम बुखार टीवी काली खांसी मलेरिया आदि रोगों का पता लगाएंगीइधर बंडा सीएचसी प्रभारी डॉ वीके वर्मा ने बताया दस्तक अभियान मे, घर–घर रोगों का पता लगाने वाली आशा कार्यकत्रियों , का सहयोग करें तथा दस्तक अभियान को सफल बनाने की सभी लोगों से अपील की हैसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुखिया ने बताया घरों के आसपास के गड्ढों को मिट्टी से भर दे इनमें पानी से मच्छर पनपते मच्छरों से बचने के लिए पूरी वहां की कमीज और मोजे पहने शौच के लिए हमेशा शौचालय का प्रयोग करें खाने से पहले और सौच के बाद अपने हाथ साबुन से जरूर धोएं पीने एवं खाना बनाने के लिए हमेशा इंडिया मार्क हैंड पंप पाइप पेयजल योजना के पानी का ही प्रयोग करें उन्होंने बूस्टर की तीसरी डोज लगाने के लिए सीएचसी बंडा की टीम को जागरूक कर सभी पीएचसी एवं सीएचसी पर निशुल्क टीका लगाने के लिए जोर दिया है इस अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुखिया डॉ बीके वर्मा ढुकरी नरेश ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बृजेश सिंह,अपर शोध, अधिकारीहरिवंश पांडे , बीपीएम दिनेश शर्मा,बीएमसी वीरेंद्र प्रताप सिंह , पर्यवेक्षक जनमेजरसिंह, बीसीपीएम फरहाबी, नवीन दीक्षित राहुल वर्मा तमाम स्टाफ सहित आदि



लोग उपस्थित रहे।

## अवैध असलाह सहित अभियुक्तगिरफ्तार



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने धारा 307 में वांछित चल रहेअभियुक्त को अवैध असला व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार संजय कुमार पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में अखण्ड प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निर्देशन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई । अभियुक्त अतुल राठौर पुत्र रामू राठौर नि0मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर को थाना कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा पानी की टंकी के पास मो0 अजीजगंज में खडंजा से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया ।

उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया तथा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई।

## थाना सदर बाजार पुलिस ने वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार





शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए सदर बाजार क्षेत्र मे युवको के साथ मारपीट व अशोभनीय कृत्य करने वाले 03 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है ।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं अखण्ड प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर निर्देशन में अपराध रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुए, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमारथाना सदर बाजार के नेतृत्व मे थाना सदर बाजार की पुलिस टीम द्वारा थाने पर चल रहे वांछित अभियुक्त राजू उर्फ राजवीर पुत्र परमजीत सिंह ,कलविन्दर पुत्र परमजीत सिंह ,सोनू उर्फ सुखदेव पुत्र राजवीर सिंह निवासीगण ककरा कला नदी पार थाना सदर बाजार को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## मोटरसाइकिल सहित रंगेहाथ शातिर चोर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार, जनपद मे अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, थाना रोजा पुलिस ने चोरी के माल सहित एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार रोजा थाना पुलिस ने बीते दिनों दोपहर समय करीब 01.50 बजे महेश पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम जमुका थाना रोजा जिला शाहजहांपुर ने थाना पर सूचना दी थी कि मैने अपना पम्पिंग सेट घर के बाहर गली मे खडा किया था सुबह जब मै जगा तो देखा कि पम्पिंग सेट घर के बाहर नही था काफी खोजबीन की लेकिन पता नही चल पाया उसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है । थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मु0अ0स0 540/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत कर अज्ञात चोरो की तालाश मे प्रभारी निरीक्षक श्री कुँवर बहादुर सिंह के नेतृत्व मे घटनास्थल के आसपास सघन चेंकिग शुरु कर दी । कुंवरबहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना रोजा के नेतृत्व मे थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के पास चेकिंग के दौरान एक पल्सर मोटर साईकिल पर 01 व्यक्ति अपनी बाईक के पीछे पम्पिंग सेट बाँधे हुये आता हुआ दिखाई दिया सख्ती से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम श्याम सिंह पुत्र चोबर सिह नि0ग्राम रतनपुर थाना पसगंवा जिला खीरी बताया था । अभियुक्त से एक पम्पिंग सेट जो महेश का था व मोटरसाईकिल न0 नं0 UP31 AJ 5169 हीरो स्पलैन्डर धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज की गयी अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



## अपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य मेले का किया औचक निरीक्षण

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी। मुसाफिरखाना अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद अमेठी जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कस्थुनी पश्चिम पर लगे जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया इस दौरान अस्पताल के आसपास साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों की सुविधाओं के बारे में स्वास्थ्य महकमे से जानकारी हासिल की अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने एवं अस्पताल के आस–पास साफ–सफाई बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विमलेंद्र शेखर, डॉ बद्री प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ आलोक मिश्रा, डॉ सत्यम शुक्ला, डॉ अनुपम गुप्ता, आशा बहू



संगिनी सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## रामपुर में बस दुर्घटना में 5 यात्रियो की मौत, 45 घायल

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर –दिल्ली जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट बस दुर्घटनाग्रस्त रामपुर में हो गई । तेज रफ्तार जा रही प्राइवेट बस की ट्रक से इतनी जबर्दस्त टक्कर हुई ।कि बस में बैठी लगभग 50 यात्री थे। बस पलटने से 5 यात्रियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि 45 यात्री घायल हो गये हैं। घायलों को इलाज के लिए रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रामपुर के नेशनल हाइवे 24 की है ।शाहजहांपुर से सवारी भरकर दिल्ली को जा रही प्राइवेट एसी बस और ट्रक में जोरदार टक्कर से ।मोके पर 5 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई ।जबकि बस में सवार लगभग 45 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में सवार ज्यादातर यात्री शाहजहांपुर के रहने वाले थे जो कि दिल्ली जा रहे थे। राहत और बचाव कार्य में जुटी पुलिस ने घायलों को रामपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

MAHARISHI UNIVERSITY
Established under MUIT Uttar Pradesh Act No. 31 of 2001
D.Pharm B.C.A.
B.Pharm M.C.A.
Diploma M.B.A.
B.Tech B.Ed.
L.L.B. L.L.M
100% गारंटी : सभी सुविधाएं
• स्कॉलरशिप सुविधा उपलब्ध।
• फीस एस्टालमेंट में जमा करने की सुविधा।
• प्लेसमेंट की सुविधा।
कुछ सीट शेष जल्दी करें
श्री साईं एजूकेशन कंसलटेंसी 9918523251

## न तुम जीते,न हम हारे

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

• एक बेहद रोमांचकारी मैच में अंतिम गेंद तक चला बाल और बल्ले का संघर्ष और अन्त मे मैच टाई हो गया सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद स्पोर्ट्स ग्राउंड मेढ़ी में आजाद स्पोर्ट्स क्लब फूलपुर क्रिकेट एकेडमी वाराणसी



की टीम से एक दोस्ताना मैच का मैच खेला गया। जिसमें टांस फूलपुर वाराणसी के कैप्टन ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 35 ओवर के मैच में 8 विकेट खोकर 184 रन बनाए जिसमें सबसे अधिक सूरज मिश्रा ने 68 रन बनाए इसके अलावा उमेश ने 34 रन, राज ने 23 रन टं यश ने 17 रनों का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में अभयराज को 3 विकेट सोनू कुमार को 2 विकेट तथा आदिल अंसारी, दुर्गा चरण व अवनीश को एक–एक सफलता मिली।

जवाब में उतरी आजाद स्पोर्ट्स क्लब 35 ओवर में सभी विकेट खोकर 184 रन बनाए। जिसमें दुर्गा चरण में नाबाद 87 रन धीरज यादव 25 रन तेजस्वी जायसवाल ने 10 रनों का योगदान किया। मैच में काफी उतार–चढ़ाव देखे गए कभी आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ तो कभी फूलपुर क्रिकेट की एकेडमी की तरफ अंतिम गेंद पर 3 रन बनाने थे लेकिन अंतिम गेंद पर दो ही बन सके तीसरा लेने के चक्कर में बल्लेबाज रन आउट हो गए।

## संत श्री प्रशांत प्रभु के श्रीमुख द्वारा महाशिवपुराण का आयोजन

शाहजहांपुर। जनपद के रामलीला मैदान सावन माह में संत श्री प्रशांत प्रभु के श्री मुख द्वारा महाशिवपुराण का आयोजन किया जा रहा हैसभी शिव भक्तों को अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले वर्षों की भाँति सभी श्रद्धालुओं की मांग पर सावन माह में भक्ति मय महाशिवपुराण आयोजित हो रही है। कथा की अमृत वर्षा संत श्री प्रशांत प्रभु जी के मुख द्वारा दिनांक 23 जुलाई से दिव्य फलदाई कलश यात्रा के साथ होगी । आप सभी शिव भक्त सादर आमंत्रित हैं । 23 जुलाई को शाम 4 बजे से कलश यात्रा निकाली जायेगी जिसमें सभी मातृ शक्ति महिलाएं पीली साड़ी पहनकर सिर पर कलश रख कर बाबा विश्वनाथ मंदिर से रामलीला मैदान तक पदयात्रा करेंगी। आप सभी से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं सम्मिलित होकर प्रभु भोले बाबा के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

## कावड़ यात्रा को लेकर कोतवाली परिसर में बैठक

• एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने कांवरियों के जत्थे को लेकर लोगों को दिए जरूरी निर्देश

शाहजहांपुर। जनपद के कोतवाली जलालाबाद परिसर में एसडीएम बरखा सिंह व सीओ मस्सा सिंह ने आम नागरिकों के साथ बैठक की ।जिसमे शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के बारे चर्चा की और डीजे मालिको को निर्देश दिए,, वह डीजे बजायें लेकिन आवाज कम होनी चाहिए। कांवड़ यात्रा करने बाले भक्तों से कहा आप लोग यात्रा में कोई भी नशा न करे न ही शराब पीने बालो को यात्रा में शामिल करे। और न ही यात्रा



के दौरान हुड़दंग करें और ना होने दें। शस्त्र लेकर यात्रा न करे आज रविबर से कांवड़ यात्रा शुरू हो जायेगी ।भक्त गण गंगा जी घटियाघाट फरुर्खाबाद जल भर कर यात्रा शुरू करेंगे और सोमबार को गोला गोकर्णनाथ में शिवा का जलाभिषेक करेंगे ।बैठक में क्षेत्राधिकारी एवं एसडीएम के अलावा नायाब तहसीलदार चन्द्र गुप्त सागर , थानाध्यक्ष जय शंकर सिंह , राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री मुनिराज सिंह विपिन सिंह उर्फ छोटू सुमित गुप्ता , गौरव गुप्ता अर्पित भाभा साह समेत दर्जनों नागरिक मौजूद रहे।

## शिक्षिका ने खंड शिक्षा अधिकारी पर शोषण का लगाया आरोप

बंडा–शाहजहांपुर। विकास खंड बंडा की संविलियन बालेमऊ की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने खंड शिक्षा अधिकारी पर वरिष्ठता को दरकिनार कर दूसरे शिक्षक को चार्ज दिलाने, मना करने पर विद्यालय के समस्त अभिलेखों को अपने कब्जे में लेने व मानसिक रूप से शोषण किये जाने का आरोप लगाते हुए महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश को शिकायती पत्र भेजा है। संविलियन विद्यालय बालेमऊ की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मुन्नी देवी ने महानिदेशक स्कूली शिक्षा लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि वह 2004 से प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर व वर्तमान में संविलियन विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात है। आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय पहुंचकर अपने चहेते कनिष्ठ अध्यापक वीर बहादुर सिंह को विद्यालय का प्रभार देने के लिए समझौता करने को कहा गया।

अध्यापिका द्वारा कहा गया कि कनिष्ठता व वरिष्ठता का निर्धारण विभागीय नियमों के अनुसार होता है न कि समझौते के आधार पर ।सब कुछ सही चलने के बाद भी विद्यालय का चार्ज कनिष्ठ को देने का विरोध करने पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विगत तीन वर्षों के आय व्यय रजिस्टर,स्टाक रजिस्टर, बैंक पास बुकें अपने कार्यालय में रख लिए गए ।जो कि 21 अप्रैल से अब तक वापस नहीं किये गये हैं। मानसिक रूप से परेशान शिक्षिका ने इसकी शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की। मामले की जांच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कराई ही जा रही थी उधर खंड शिक्षा अधिकारी ने जिले के अधिकारी को दरकिनार कर शिक्षिका की शिकायत सहायक शिक्षा निदेशक तृतीय मंडल बरेली को कर दी गई। उनके द्वारा समस्त दस्तावेज के साथ 14जुलाई को बुलाया गया ।शिक्षिका इस बात को लेकर मानसिक रूप से परेशान है जब सारे कागजात खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जब्त कर लिये गये हैं ।तो वह किन कागजातों के साथ अधिकारियों के पास उपस्थित हो ।शिक्षिका ने सारे दस्तावेज वापस कराये जाने की मांग की है।

## अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड जारी कराए जाएं : जिलाधिकारी

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने तहसील तिलहर के ग्राम बीरमपुर में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं उनकी समस्याओं तथा शिकायतों को सुनकर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने गांव में स्थापित किए गए हैंड पंप एवं कराए गए निर्माण कार्यों के विषय में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। उन्होने कहा कि यदि गांव में कोई दैवीय आपदा से पीड़ित है तो उसे राहत राशि से शीघ्र लाभन्वित किया जाये। उन्होने प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा अन्त्योदय कार्ड से सम्बन्धित लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को प्राप्त हो रहे लाभ के सम्बन्ध मे जानकारी ली। ग्राम स्तर पर तैनात कर्मचारियों के कार्यों के विषय में भी जनता से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड जारी कराए जाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी शौचालय का प्रयोग करें तथा खुले में शौच बिल्कुल ना जाएपुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने बताया शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव में स्थित पंचायत घर में मिशन शक्ति कक्ष बनाया गया जिसमें निर्धारित रोस्टर के अनुसार महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गयी है। कोई भी महिला इसके माध्यम से सहायता प्राप्त करने एवं गोपनीय सूचनाएं पुलिस तक पहुचाने हेतु सम्पर्क कर सकती है। उन्होने कहा कि गोपनीय सूचना देने



वाली महिला का नाम गुप्त रखा जायेगा एवं उनके द्वारा की गयी शिकायत पर भी त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसपी गौतम, उप जिला अधिकारी राशि कृष्णा, जिला विकास अधिकारी पवन सिंह, जिला पं0 राज अधिकारी श्री घनश्याम सागर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम साहब फरीदपुर में नजूल की जमीन पर कब चलेगा बुलडोजर,बरकाती बिल्डिंग की जमीन पर बन सकता पालिका का भव्य कार्यालय

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। नगर के मुख्य बाजार स्थित कुवर प्लाजा के सामने नजूल की संपत्ति बताई गई है लेकिन तस्करों ने कब्जा कर लिया था पढ़ेरा प्रधान की गिरफ्तारी और सलाखों में पहुंचने के बाद जमीन का भंडाफोड़ हुआ तब तक दिल्ली क्राइम ब्रांच और नारकोटिक्स ब्यूरो ने सफेमां के तहत कार्रवाई कर लाल चमचमाती बिल्डिंग पर बोर्ड लगा दिया लेकिन सीएम साहब नजूल की संपत्ति पर कब चलेगा बुलडोजर नगर वासियों की निगाहें लाल बिल्डिंग पर लगी हुई है सामाजिक संस्थाएं भी पालिका प्रशासन को बुलडोजर चलने के बाद भव्य कार्यालय बनाने की पेशकश कर रही है जिस पर कोई कानूनी अड़चन भी नहीं है!

सूत्रों के मुताबिक नगर के मुख्य बाजार स्थित कुवर प्लाजा के सामने लाल बिल्डिंग नजूल की संपत्ति है सैकड़ों वर्ष पहले अब्दुल मजीद बान रस्सी बालों को पट्टे पर मिली थी जिन की दुकान हाईवे की मेन मार्केट में शरण जनरल स्टोर के पास थी जिनके एक लड़की शाहिदा नाम की थी अब्दुल मजीद की मौत के बाद नजूल की संपत्ति डॉक्टर शाहिदा को मिली साहिदा ने पाकिस्तानी नागरिक से शादी कर ली कुछ समय बाद तलाक हुआ और वह वापस फरीदपुर आ गई लेकिन भारतीय नागरिकता से वंचित रही नागरिकता हासिल करने को उसने एड़ी से चोटी तक का जोर लगाया लेकिन पाकिस्तान से लौटने के बाद भारत की नागरिकता नहीं मिल पाई शाहिदा के भी एक बेटी थी जिसकी शादी जिला पीलीभीत के पूरनपुर में हुई थी डॉक्टर साहिदा का भी इंतकाल हो गया बेटी ने नजूल की संपत्ति नगर के मोहल्ला कसयावान के कसाईयों को बिक्री कर दी कसाईयों से सांठगांठ कर शाहिदा की मौत के बाद उसकी बेटी ने सरकारी संपत्ति को ड्रग माफिया पड़ेरा प्रधान सईद खां उर्फ छोटे के पार्टनर और मोहल्ला ऊंचा निवासी गड्डू के मैनेजर को मोटी रकम में बिक्री कर दी जिसमें स्टांप घोटाला भी हुआ था मानक के अनुरूप स्टाफ भी नहीं लगाए गए थे जिसमें रजिस्ट्रार कार्यालय की भूमिका संदिग्ध बताई गई है नशे के सौदागर ने जर्जर बिल्डिंग को तस्करी की कमाई से दुल्हनी पोशाक पहनाकर चमचमाती लाल बिल्डिंग बना दिया जो कुंवर प्लाजा के सामने आकर्षण का केंद्र बनी हुई है प्रधान के सलाखों में पहुंचने के बाद नजूल की संपत्ति का भंडाफोड़ हो गया सफेमां के तहत कार्यवाही के बोर्ड लग गए लेकिन दबंग तस्करों ने फाड़ दिए सीएम साहब फरीदपुर में नजूल की जमीन पर कब चलेगा बुलडोजर सामाजिक संस्थाएं पालिका की भव्य कार्यालय बनाने की दे रही सलाह जिस पर कोई कानूनी हस्तक्षेप भी नहीं जिस पर नगर वासियों की गहरी निगाहें लगी हुई है लाल बिल्डिंग का मटियामेंट होना तस्करो के मुंह पर कानून का बड़ा तमाचा होगा नजूल की संपत्ति भी तस्करों के शिकंजे से मुक्त हो जाएगी!



## एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित एक दिवसीय भाला फेंक व 400 मीटर दौड़ 31,जुलाई को



गाजीपुर। उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के निर्देशानुसार गाजीपुर एथलेटिक संघ के तत्वाधान में 31 जुलाई 2022 को एक दिवसीय भाला फेंक व 400 मीटर दौड़ टाउन नेशनल इंटर कॉलेज सैदपुर परिसर मे प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया हे यह जानकारी संघ के कार्यवाहक सचिव डा० रुद्रपाल यादव ने दी हे। श्री यादव ने बताया प्रतियोगिता में 10,12,14,16,18, 20,23 वर्ष के बालक व बालिका, पुरुष,महिला भाला फेक में भाग लेगे। जेवलिन प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ी का जन्म निम्न वर्षों के अनुसार होना चाहिए।

पुरुष और महिला वर्ग के एथलीट जिनका जन्म वर्ष 2006 में या उससे पहले हुआ हो । 23 वर्ष पुरुष और महिला वर्ग के लिए एथलीट का जन्म सन् 2000 ,2001 और 2002 में हुआ हो। 20 वर्ष पुरुष और महिला एथलीट के जन्म का वर्ष 2003 और 2004 होना चाहिए। 18 वर्ष महिला और पुरुष एथलीट का जन्म सन 2005 और 2006 का होना चाहिए। 16 वर्ष बालक और बालिका के लिए एथलीट का जन्म सन 2007 और 2008 में हुआ हो। 14 वर्ष बालक और बालिका एथलीट के लिए खिलाड़ी का जन्म 2009 और 2010 में हुआ हो। 12 वर्ष किड्स बालक बालिका का जन्म सन 2011 और 2012 में होना चाहिए। 10 वर्ष किड्स बालक और बालिका के लिए एथलीट का जन्म 2013 और 2014 में होना चाहिए ,10 और 12 वर्ष की उम्र के लिए निः शुल्क तथाअन्य लोगो को 200 रु शुल्क जमा करना होगा। साथ में आधार कार्ड, अंक प्रमाण पत्र व जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य हे।

## एक आंदोलन के दौरान आपत्तिजनक पोस्ट लिखने पर कांग्रेसी नेता भेजे गये जेल



अहमद रजा दैनिक अयोध्या टाइम्स एरिया रिपोर्टर निचलौल महराजगंज। किसानों के गन्ने का भुगतन कराने हेतु सन् 2018 में एक बड़े आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर सरकार तथा मिल मालिक के संबंध में आपत्तिजनक पोस्ट लिखने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महराजगंज के किसानों के साथी और कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता राजू कुमार गुप्ता को वर्ष 2018 में एक आंदोलन किसानों के हित में किया गया था।उसी दौरान कांग्रेस के नेता राजू कुमार गुप्ता ने सोशल मीडिया पर सरकार के विरोध में कुछ आपत्तिजनक पोस्ट लिखने पर सदर कोतवाली महराजगंज उक्त कांग्रेसी नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। दिनांक 16/07/2022 दिन शनिवार को माननीय न्यायालय सीजेएम कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में उक्त मामले की सुनवाई के बाद कांग्रेसी नेता राजू कुमार गुप्ता को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। उक्त मामले में सोमवार को जमानत की अगली अर्जी पेश की गई है। देखिए क्या होता है।

## मामूली विवाद में अनुदेशक की हत्या

गाजीपुर। जिले के करंडा थाना क्षेत्र के जमूआंव गांव में सुबह करीब सात बजे दिन निकलते ही मामूली विवाद को लेकर अधेड़ की हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जमुआंव निवासी अमितेश दूबे उर्फ अखिलेश (45) खाद्य लादकर ट्रैक्टर से ले जा रहे थे कि मामूली विवाद को लेकर उनके पट्टीदार पिंटू जायसवाल पूरे परिवार के साथ लाठी–डंडे से पीटकर लहुलुहान कर दिया हालत गंभीर देख स्वजनों ने जिला अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आपको बताते चलें कि अमितेश दूबे उर्फ अखिलेश पूर्व माध्यमिक विद्यालय जैतपुरा शिक्षा–क्षेत्र सदर में अनुदेशक के पद पर कार्यरत थे।

इस बाबत एसओ करंडा कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में निरंतर देश बढ़ रहा है आगे : अशोक मिश्रा



गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना राष्ट्रीय कार्यसमिति मे लाए गये प्रस्तावों को जन जन तक पहुचाने और उस पर पर विस्तार से चर्चा और समर्थन के लिए भारतीय जनता पार्टी कि जिला बैठक आज रविवार को जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता मे जिला पंचायत सभा हाल मे हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद जिस गति से राष्ट्र को आगे बढना चाहिए था उस गति से इसका विकास और बुनियादी आवश्यक्ताओं पर कार्य नही हो सका ।लेकिन विगत आठ वर्षों मे जिस तेजी से देश की समस्याओं के समाधान और जनता के आवश्यक्ताओं अपेक्षाओं पर कार्य हो रहा है इस आधार पर आजादी के बाद के काल खंड को दो भागों मे विभाजित किया जा सकता है। जिला प्रभारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के प्रति भाजपा के महामनिषियों और पार्टी के सिद्धांत विचार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे कार्य को बल मिला है। तेलंगाना राज्य के निर्माण पर भारतीय जनता पार्टी के योगदान विषय पर विचार पुर्व जिलाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान ने रखते हुए कहा कि तेलंगाना राज्य के निर्माण मे भाजपा की प्रमुख भूमिका रही है। राजनीतिक प्रस्ताव को क्षेत्रीय अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने बैठक मे पढकर सुनाते हुए कहा कि कोविड 19 को लेकर विश्व की सबसे वृहत्तर आबादी के देश भारत को लेकर बड़ी चिंता थी लेकिन भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे उस चिंता को निर्मूल साबित करते हुए दुनिया के पटल पर मजबूत भारत की छवि प्रस्तुत किया। गरीब कल्याण और आर्थिक प्रस्ताव को भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने पढा। बैठक के विषय को जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने रखा।और कहा कि मंडलो,शक्ति केन्द्रों के माध्यम से तेलंगाना बैठक के कार्यवाही से बुथस्तर तक पार्टी कार्यकर्ता. ले जाकर जन जन को इससे अवगत काराऐंगे तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने सबके प्रति धन्यवाद आभार प्रकट कर राष्ट्र के मजबूती मे भाजपा के योगदान को सराहा। बैठक का शुभारंभ पार्टी महा मनीषियों पं दीनदयाल उपाध्याय एवं डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलित कर वंदेमातरम गायन से हुआ।

बैठ का संचालन जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय ने किया। इस अवसर पर बैठक मे पुर्व विधायक कालीचरण राजभर,शिव पूजन राम,विजय शंकर राय, बृजेन्द्र राय,विनोद अग्रवाल,सुनिल सिंह, रामनरेश कुशवाहा, ओमप्रकाश राय, बृजनन्दन सिंह,प्रवीण सिंह,अवधेश राजभर,अच्छे लाल गुप्ता,रमेश सिंह पप्पू,संकठा प्रसाद मिश्रा,विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि डा प्रदीप पाठक,डा विजय यादव,राजेश राजभर, ओमप्रकाश गुप्ता,प्रो शोभनाथ यादव,अविनाश जायसवाल,मुराहू राजभर,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मनोज सिंह,सुरेश बिंद,हरदेव कुशवाहा, विष्णु प्रताप सिंह, शशिप्रकाश सिंह,पियुष राय,अभय सिंह,योगेश सिंह एवं सभी जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, संयोजक और मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गोपीनाथ विद्या ट्रस्ट के तत्वावधान में लगा मेडिकल कैम्प, किया गया सैकड़ो मरीजो का इलाज



गाजीपुर। गोपीनाथ विद्या ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित गोपीनाथ हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर सनेंहुआ सलामतपुर में रविवार को आयोजित निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्स सिविर में बीएचयू के कुशल चिकित्सको द्वारा क्षेत्र के लगभग साढे तीन सौ मरीजो का स्वास्थ्य परिक्षण कर उन्हे निशुल्क दवा वितरित की गयी। मेडिकल कैम्प में बीएचयू के प्रसिद्ध चिकित्सको ने क्षेत्र के महिलाओ से संबंधित रोगो के मरीज, पेट से संबंधित रोगो के मरीज, मानसिक रोगी, अनिंद्रा व तनाव के रोगी, चर्म रोग, ब्लड प्रेशर व सुगर के मरीजो, पाइल्स एवं मस्सा के मरीजो, खांसी व स्थमा, घुटना व जोड़ो के रोग तथा बच्चों के रोगो का इलाज किया। इलाज करने वालो में डॉ. अभिनव पांडेय, डॉ. इमरान, डॉ. अन्नू कोटिया, प्रो. डॉ. पीएस ब्यादगी, डॉ. आरएन तिवारी, डॉ. अरूनिमा पीएस, रिशंकी गुप्ता प्रा. डॉ. अजय कुमार पांडेय, डॉ. कृष्णा भारती, डॉ. रामदयाल, डॉ. स्वपनिल, प्रो. डॉ. सुनीता सुमन, डा. स्वाती, डॉ. प्रगति, डॉ. सचिन, डॉ. ममता तिवारी पांडेय, डॉ. शुभम सिंह आदि चिकित्सक है।

मेडिकल कैम्प के संदर्भ में गोपीनाथ ग्रुप आफ कालेजेज के प्रबंधक शिवम त्रिपाठी ने कहा कि हमारा क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है यहां स्वास्थ्य के लिए जागरूकता का आभाव है। इस क्षेत्र में अधिकांश और गरीब असहाय लोग रहते है जिसको देखते हुए गोपीनाथ ट्रस्ट के सदस्यो ने मेडिकल कैम्प कराने का निर्णय लिया और इस मेडिकल कैम्प में क्षेत्र के भारी संख्या में मरीजो ने अपना इलाज कराया। आये हुए चिकित्सको का स्वागत गोपीनाथ पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. सुधा त्रिपाठी ने किया।

# जन्मदिन पर विशेष

☒ स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0बेनी माधव राय , जिन्होंनेअपने सिद्धांतों से कभी नही किया समझौता

डॉ 0 बृजन्नद तिवारी संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स

गाजीपुर,करीमुद्दीनपुर। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0बेनी माधव राय देशप्रेम से ओतप्रोत, दृढ निश्चयी ,तथा जुझारू व्यक्तित्व के धनी थे।उन्होंने 1942 में हुए स्वतन्त्रता संग्राम आंदोलन में बढ़ चढ़ कर खूब सक्रियरूप से लिया और जेल में यातनाएं सहने के बाद भी हमेशादेश के लिए समर्पित रहे ।बेनी माधव राय का जन्म 20 फरवरी 1904 को गाजीपुर जिले के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के करीमुद्दीनपुर गांव एक साधारण किसान परिवार में हुआ था ।उनके पिता का नाम शिवदास राय और माता का नाम सुघरी देवी था ।स्व 0राय ने जूनियर हाईस्कूल करीमुद्दीनपुर से मिडिल तक शिक्षा प्राप्त किया था।आगे क्षेत्र में विद्यालय न होने और संसाधनों के अभाव में शिक्षा नहीं ग्रहण कर सके । बचपन से ही उनकी रुचि सामाजिक कार्योमें थी ।वे करीब 25 वर्ष की उम्र ही सक्रिय राजनीति में आ गए ।महात्मा गांधी के विचारों से सहमत और प्रभावित हो कर पंडित महानन्द मिश्र के साथ ही गौरी शंकर राय ,हेमवती नंदन बहुगुणा, विश्वनाथ पांडेय, चन्द्रशेखर, दल सिंगार दूबे ,हरीहर प्रसाद तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, तथा राजेश्वर तिवारी जैसे सहयोगियों के साथ सन 1930 में कांग्रेस से जुड़ गए और स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय हो गये ।रेल पटरी उखाड़ने, सरकारी कार्यालय, थाना आदि जलाने/फूंकने में अंग्रेजी सरकार द्वारा कोड़े की मार और लाठी खाने के बाद भी अपने मिशन में डटे रहे ।वर्षों फरार रहे और ज्यादा समय बिहार प्रान्त में बिताया। इन्हें 11 अप्रैल 1943 को गिरफ्तार कर फाफामऊ जेल भेज दिया गया ,जहाँ अन्य कई क्रांतिकारी सेनानियों के सम्पर्क में आ गये ।जहाँ जेल की अव्यवस्था के विरोध में ही 96 घण्टे का आमरण अनशन किया ।जिससे अंग्रेजी शासन हिल गया था ।19 अप्रैल1946 को 3 वर्ष बाद जेल से छूटे थे । देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद 1962 में प्रजा शोसलिष्ट पार्टी से मुहम्मदाबाद से विधान सभा का चुनाव भी लड़े किन्तु पराजय ही हाथ लगी ।इसके बाद जीवन भर समजील सरोकार और भ्र्ष्टाचार के खिलाफ लड़ते रहे ।लम्बी बीमारी के बाद 17 जुलाई 2006 में उनका निधन हो गया ।स्व0 राय एक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी , महान देशभक्त और समाज के सजग प्रहरी के रूप में हमेशा याद किये जायेंगे ।

## तस्करों की वायरल लिस्ट का 8 नंबरी इरफान एसओजी की गिरफ्त में, एसपी देहात के इशारे पर अर्धरात्रि में उठाया



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। झारखंड से 80 लाख की रकम का लेनदेन करने के आरोपी बर्खास्त पालिका कर्मी को एसपी देहात के आदेश पर एसओजी ने आधी रात को उठाया जो नाइजीरियन गैंग नशे के सौदागर प्रधान के साम्राज्य का अहम हिस्सा भी था जिसकी भनक पर पालिका अधिकारी ने सेवा प्रदाता कंपनी को नोटिस भेजकर आनन–फानन में सेवा समाप्त कर दी थी लेकिन पुलिस प्रशासन हवाला कारोबारी को भूल गया था आधी रात में गिरफ्तारी पर नगर के स्मैक तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है!

नशे के सौदागर की गिरफ्तारी और साप्ताहिक रिमांड के बाद बंकर में छुपे कुख्यात स्मैक तस्करों और नाइजीरियन गैंग के गुर्गो का पर्दाफाश होने से कस्बे में अफरा तफरी मच गई थी18 अगस्त 2021 की रात्रि रामगंगा कटरी इलाके के गांव पढ़ेंरा निवासी प्रधान शहीद खान उर्फ छोटे भतीजे राजू को 20 किलो स्मैक के साथ फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा 7 दिवसीय रिमांड पर लिया नशे के सौदागर ने तस्करों का भंडाफोड़ कर दिया कस्बे में भूचाल आ गया दो दर्जन तस्करों की कुंडली सोशल मीडिया पर लहराई जिसमें स्मैक तस्करी और नाइजीरियन गैंग का संदिग्ध आरोपी आउटसोर्सिंग पालिका कर्मी इरफान आठवें नंबर पर था जिसने तस्करों की पसंदीदा जगह झारखंड के रांची से 6 महीने में 80 लाख का लेन देन किया था सुर्खियों में आने पर पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए फरीदपुर एचडीएफसी बैंक में आरोपित इमरान के बैंक खातों की जांच पड़ताल की और बैंक स्टेटमेंट ली मामला संदिग्ध होने पर इमरान के साथ रुखसाद भी निशाने पर आ गया पुलिस दोनों की बारीकी से तलाश करने में जुटी वही स्मैक तस्करी और नाइजीरियन गैंग से तार जुड़े होने पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नितिन गंगवार ने सेवा प्रदाता कंपनी को नोटिस भेजकर आउटसोर्सिंग कर्मचारी इरफान की सेवाएं हमेशा के लिए समाप्त कर दी जिससे कर्मचारी के परिजनों मैं हड़कंप मच गया लेकिन मजे की बात है हवाला कारोबारी होने के बावजूद पुलिस बर्खास्त पालिका कर्मी को बेकसूर मानकर भूल गई जो नगर में सुर्खियां बना रहा और तस्करों के साथ मिलकर आगे की रणनीति बनाने में जुटा है सूत्रों के मुताबिक हवाला कारोबारी ने पुलिस का मुंह बंद कर रखा था और खुद को गंगाजल से पवित्र मानकर कस्बे में धमाचौकड़ी मचाता रहा जबकि बर्खास्त पालिका कर्मी का साथी रुखसाद 2700000 की रकम के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया फिर बर्खास्त पालिका कर्मी पर पुलिस मेहरबान क्यों रही यह गूढ़ रहस्य है? लेकिन विगत महा से दिल्ली क्राइम ब्रांच और नारकोटिक्स टीम ने फरीदपुर इलाके में डेरा डाला हुआ है लेकिन बर्खास्त पालिका कर्मी इरफान पुलिस के हत्थे नहीं चल रहा था जबकि विगत सप्ताह नारकोटिक्स टीम ने नगर के तीन तस्करों के घरों पर नोटिस चस्पा किए थे जिसमें कुख्यात टायर चोर स्मैक तस्कर अकरम डॉन, अयूब ढाबे वाले का लड़का शोएब उर्फ बैगन एवं डॉक्टर यामीन का लड़का मोईन निशाने पर रहा लेकिन फरार हो अर्ध रात्रि में बर्खास्त पालिका कर्मी और झारखंड से लेन देन का आरोपी इरफान एसओजी टीम ने घर में घुसते ही उठाया एसपी देहात के निर्देशन में हुई बड़ी कार्रवाई जिससे तस्करों में अफरा तफरी मची हुई है!

## सड़क किनारे बने फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस व ब्लॉक प्रशासन ने पहल की



सलानपुर। सलानपुर के रूपनारायणपुर फांडी से संबंधित सामडी और पिठाकेरी सड़कों पर फुटपाथों को मुक्त कराने के लिए सलानपुर थाना के ब्लॉक प्रशासन व पुलिस ने पहल की है। रविवार को सलानपुर ब्लॉक बीडीओ राजेश कुमार व संयुक्त बीडीओ श्रेया नाग व सलानपुर थाना प्रभारी अमित हाटी, रूपनारायणपुर फांडी प्रभारी मनोजीत धारा, जिला परिषद पदाधिकारी मोहम्मद अरमान, उपाध्यक्ष विद्युत मिश्रा व सत्तारूढ़ दल के नेता भोला सिंह संयुक्त रूप से अभियान चलाया और सामडी और पिठाकेयारी के फुटपाथों पर कब्जा कर लिए सब्जी व्यापारियों को चेतावनी दी गई है। कहा जा रहा है कि कल से इस फुटपाथ पर सब्जी बेचने पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। उनसे कहा जाता है कि वे बाजार जाएं और सब्जियां बेचें। साथ ही अवैध रूप से फुटपाथ पर कब्जा करने वाले क्षेत्र के दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई है। कहा जाता है कि वे खुद ही फुटपाथ का कब्जा मुक्त करा लें, नहीं तो प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा। इस संदर्भ में बीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि कुछ लोग फुटपाथ पर अवैध रूप से सब्जी बेच रहे हैं। इसके चलते सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है।

इसके अलावा कुछ दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर शेड बना लिया है। जिसके परिणामस्वरूप भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है, पुलिस, स्थानीय नेताओं और ब्लॉक प्रशासन द्वारा आज अभियान चलाया गया।

उन्हें चेतावनी दी गई है।

ऐसा नहीं करने पर आने वाले दिनों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वतंत्रता सेनानी बेनी माधव राय को जन्मदिन पर किया गया

करीमुद्दीनपुर,गाजीपुर। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्व0 बेनी माधव राय के जन्मदिन पर याद किया गया। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव करीमुद्दीनपुर में एक श्रधांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप जलाकर श्रधांजलि दी गयी ।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व0 राय महान देश भक्त ,स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी रहे जिन्होंने जीवन भर सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। किन्तु कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया ।इस अवसर पर डॉ0 रवीन्द्र राय ,सुबास चन्द राय ,अनिल राय,अशोक कुमार राय,अवधेश राय,रमेश राय,राजेश, पिंकू ,प्रवीण ,नितिन सहित अन्य उपस्थित रहे।





## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत

अम्बरीष शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स चौक,महराजगंज। महराजगंज जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बागापार टोला करनहियां के रहने वाले भागवत यादव उम्र लगभग 32 वर्ष बिजली गिरने की चपेट में आने से मौके वारदात पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही उपजिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी प्राप्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि आपकी हर संभव मदद की जाएगी।मिली जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधान मुख्तार यादव के जरिए पता चला कि भागवत यादव किसी काम से कटहरा गया हुआ था जो आज दिनांक 16/07/2022 दिन शनिवार को घर के लिए आ रहा था इसी दौरान तड़क–भड़क के साथ बारिश आने लगी पलक झपकते ही बिजली की गर्जना हुई,क्षणिक भर में बिजली की चपेट में आया उक्त युवक की मौके वारदात पर ही उसने दम तोड़ दिया उक्त घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया वहां मौजूद लोगों के समक्ष पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।





## फर्जी शिक्षकों पर चला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का चाबुक

अम्बरीष शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के क्षेत्र में परिषदीय विद्यालयों में फर्जी तरीके से अभिलेखों (दस्तावेजों) के आधार पर नौकरी कर रहे दो शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज आशीष कुमार सिंह ने कहा कि फर्जी (कूटरचित) तरीके से शैक्षिक प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी करने वाले निचलौल ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय शिकारपुर के शिक्षक अजय प्रताप चौधरी व प्राथमिक विद्यालय पंकालों के शिक्षक वेदानंद यादव को कई बार अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। परंतु उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया, जांचोपरांत उक्त दोनों शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है ।उन्होंने बताया कि इसके साथ ही पूर्व में लगभग सात शिक्षकों की हुई सेवा समाप्ति के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बहुत जल्द उक्त फर्जी शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कराई जाएगी।




## बाबा गरीब नाथ एवं दूध नाथ श्रावणी मेला-2022 का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम से आज स्थानीय डीएन हाई स्कूल में संपन्न हुआ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बाबा गरीब नाथ एवं दूध नाथ श्रावणी मेला–2022 का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम से आज स्थानीय डीएन हाई स्कूल में संपन्न हुआ। विश्व प्रसिद्ध कलाकार विपिन कुमार मिश्रा के शंख ध्वनि एवं श्लोक मंत्रोचार से कार्यक्रम का आगाज हुआ। श्री राम सूरत कुमार माननीय मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने दीप प्रज्वलित करो श्रावणी मेला– 2022 का उद्घाटन किया ।दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में माननीय मंत्री के साथ अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग मिहिर कुमार सिंह ,प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार ,विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह , जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। उद्घाटन के मौके पर माननीय मंत्री जी ने कहा कि बाबा की नगरी में सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि बाबा को जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए और ज्यादा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा मिले इस बाबत हर स्तर पर कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। वही अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग श्री मिहिर कुमार सिंह ने इस मौके पर कहा कि बाबा गरीब नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के उद्देश्य से आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा–अर्चना में दिक्कत ना हो इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना महमवरी के कारण लगातार 2 वर्ष तक मेला नहीं लगा। इस बार उम्मीद से अधिक भीड़ जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए सभी तरह की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की



कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े इस बाबत माकूल प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसके पूर्व जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि विगत 2 माह से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सभी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके इस बाबत पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित माननीय विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह एवं श्री कारी सुहेल, माननीय विधायक गायघाट श्री निरंजन राय ,माननीय नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, माननीय विधायक कांटी मोहम्मद इसराइल मंसूरी ,माननीय विधायक बोचहां श्री अमर पासवान, पूर्व विधायक केदार प्रसाद ने भी उपस्थित दर्शकों एवं श्रद्धालुओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना देवी एवं बाबा गरीब नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी श्री विनय पाठक भी उपस्थित थे। जबकि जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी नगर आयुक्त विवेक रंजन मैत्रेय, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, अपर समाहर्ता राजस्व राजेश कुमार ,अपर समाहर्ता आपदा पर प्रबन्धन डॉअजय कुमार सहित सभी जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम उद्घाटन के बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा शिव भक्ति पर आधारित गीत और भजन की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन अपर समाहर्ता राजस्व राजेश कुमार ने किया।

## पुलिस अधीक्षक डॉ0 कुमार आशीष भा0पु0से0 द्वारा निम्नांकित पुलिसकर्मियों पर अनुशासनिक कार्रवाई की गई है

1. एसडीपीओ सदर से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में दिनांक 06. 07.2022 को कोटवा में 02 सगे भाइयों की गोली मारकर की गयी हत्या (कांड संख्या 276/22) के पहले ही इस संबंध में मारपीट उपरांत उभय पक्षों द्वारा कांड संख्या 227ध्22 एवं 228ध्22 दर्ज कराया गया था। तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई केशव सिंह द्वारा थाना पर उपस्थित दोनों काडों के नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया गया। जिसके कारण एक कांड के प्राथमिकी नामजद अभियुक्तों एवं अन्य के द्वारा दूसरे कांड के वादी पक्ष के दोनों सगे भाइयों को गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाकर इस दोहरे हत्याकांड को दर्ज कराया गया है।

तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक केशव सिंह को घोर अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता एवं संदिग्ध आचरण के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया गया है। 2. केसरिया थानाध्यक्ष के प्रतिवेदन के आधार पर चौकीदार 8ध्6 रामस्वारथ सिंह, केसरिया थाना को शराब का सेवन करने कर नशे में अनाप–शनाप बोलने के आरोप में विधिक कार्रवाई करने के साथ–साथ घोर अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता आदेशोल्लंघन एवं एक अयोग्य पुलिसकर्मी होने के साथ–साथ बिहार सरकार के शराबबंदी के आदेश की अवहेलना के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गई तिथि दिनांक 11.07.2022 के प्रभाव से पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

सभी पुलिसकर्मियों से कर्तव्यपरायणता एवं अनुशासनिक व्यवहार के साथ कार्य निष्पादन की अपेक्षा की जाती है। इसमें किसी भी तरह की चूक पर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पुलिसकर्मी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जायेगी।

## दरोगा के परीक्षा में सफल हुए वकार अहमद गौसी को विधायक ने किया सम्मानित



बोखड़ा। प्रखंड क्षेत्र के पोखरैरा गांव निवासी स्व० मग्फूर अहमद गौसी के पुत्र वकार अहमद गौसी ने बिहार दारोगा भर्ती की परीक्षा पास कर यह साबित कर दी कि सच्ची लगन एवं मेहनत के बूते किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।उन्होंने बताया की कड़ी मेहनत के बाद पुलिस सब इंस्पेक्टर रैंक पर सफलता हासिल की है।जिसको लेकर उनके आवसीय परिसर में बाजपट्टी विधायक मुकेश कुमार यादव ने मिठाई, शॉल एवं मिथिला पाग माला पहनाकर वकार अहमद का स्वागत किया।विधायक ने वकार अहमद गौसी को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले वकार अहमद गौसी ने शुरू से ही बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर बनने का सपना संजोए थे, जिसे उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर पूरा कर लिया।अपने शुरुवाती पढ़ाई इंडियन किंडर गार्डन स्कूल गांव से ही किया था उसके बाद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पढ़ाई पूरी की थी।वहीं इनके पिता की लगभग पांच वर्ष पहले देहांत हो गया था। मां की लगभग दस वर्ष पहले देहांत हो चुकी है यह बड़े भाई कमाल अहमद गौसी के मार्गदर्शन में पढ़ाई करके सफलता हासिल की है।उन्होंने बताया कि माता–पिता के साया उठ जाने के बाद भी भाई बड़े भाई का माता पिता के तरह मार्गदर्शन मिला तब जाकर यह सफलता में हासिल की है।जिसे अपनी मेहनत के दम पर साकार भी किया।अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता के साथ ही अपने बड़े भाई को भी दिया है।मौके पे पूर्व उप प्रमूख आफताब आलम मिन्टू, जिला परिषद सिराजुलहक हक उर्फ मोहम्मद एवं मिन्हाज तरन्नुम सहित अन्य लोगो ने भी घर जा के बधाई दी हैं।

## बाल विवाहऔर बाल श्रम मुक्तपंचायत बनाने की शपत ली विद्या विकास किशोरी समूह

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
शिवहर। पिपराही प्रखंड के दक्षिणी दोस्तियां गाँव में यूनिसेफ के सहयोगी संस्था प्रथम के द्वारा विद्या विकास किशोरी समूह की बैठक की गई है। जिसमें किशोरियों ने बाल श्रम और बाल विवाह को रोकने के लिए समाज मे लोगों को जागरूक कर रही हैं।और समाज के प्रयास कर रहे हैं।और बच्चों के बीच जागरूक करने काम कर रहे हैं। प्रखंड समन्वयक अनिल कुमार ने बताया कि बाल विवाह और बाल श्रम करना एक अभिशाप हैं तथा कानूनी जुल्म भी। हर बच्चों को शिक्षा से जुड़े रहना उनका अधिकार है।

मौके पर आंगनबाड़ी सेविका ममता देवी,वार्ड सदस्य,प्रखंड समन्वयक



बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की कार्य कर रही हैं।
और वह समाज के उज्वल भविष्य को लेकर समाज के सभी बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने की अनिल कुमार,किशोरी समूह की अध्यक्ष–साक्षी कुमारी ,सचिव खुशबू कुमारी और अन्य किशोरी सदस्य ,साथ ही किशोरीयो की पैरेंट्स भी मौजूद रहे।

## मौनिया बाबा मेले के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में महायज्ञ कराने की सहमति

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज। सीवान श्री महावीरी बड़ा आखाड़ा नागा जी का मठ की आम बैठक शनिवार की शाम 8 बजे आखाड़ा के अध्यक्ष कमला प्रसाद कसेरा के दुकान पर समापन हुई। बैठक में श्री महावीरी बड़ा आखाड़ा नागा जी का मठ के द्वारा शताब्दी वर्ष धूमधाम से मानने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमे सर्व सहमति से तय हुआ कि उत्तर बिहार के प्रसिद्ध मैनिया बाबा मेला के शताब्दी वर्ष के मौके पर नागा जी मठ परिसर में एक नौ दिवसीय संकट मोचन महायज्ञ का आयोजन कराने की सहमति बनी। आखाड़ा के अगली बैठक में महायज्ञ की रूप रेखा तय करने की सहमति बनी। बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों ने आखाड़ा के पूर्व मंत्री हरिशंकर प्रसाद की असमयिक निधन पर दो मिनट मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। बैठक की अध्यक्षता आखाड़ा के अध्यक्ष कमला प्रसाद कसेरा ने किया। बैठक में मंत्री जेई विरेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव धर्मराज कसेरा, उप मंत्री प्रेमशंकर प्रसाद प्रेमी, परमेश्वर राम लाइसेंसी रामबाबू प्रसाद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सोनी, देवेंद्र लाल श्रीवास्तव, गुड्डू कुमार कसेरा, परदेशी कसेरा, विक्की कुमार कसेरा, राजू कुमार कसेरा, शंकर श्रीवास्तव, डा. रंजीत कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश पटवा, रमेश राम, मोहन कुमार, सुनील कुमार कसेरा, मुन्ना कसेरा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## पूर्वी चम्पारण कोटवा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय अधेड़ की हुई मौत

कोटवा थाना के NH 27 स्थित गढ़वा खजुरिया की घटना। पुलिस मौके पर पंहुच शव को लिया कब्जे। मृतक के पॉकेट से प्राप्त आधारकार्ड में मृतक की पहचान सिवान के शेखपुरा निवासी नौशाद के रूप में हुई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की जन जागरुकता में दिखा आईएस दीपक कुमार मिश्र के साथ बच्चों का जोश

☒ 45 किलोमीटर दूरी साईकिल से तय कर मिशाल कायम की

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। एसएसबी 21 वी वाहिनी मंगलपुर बगहा के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लोगों में जन जागरूकता का अभाव करने के लिए रविवार को 45 किलोमीटर की साइकिल रैली निकाली गई थी। जिसमें पैर के कुछ मुश्किलों के बावजूद और तबीयत ठीक नहीं रहने पर भी यानी टाइफाइड बुखार को झेलने के बावजूद बगहा एसडीएम दीपक कुमार मिश्र ने बगहा एसपी किरण कुमार गोरख याधव ,कमांडेंट प्रकाश एवं एस. एस.बी के जवानों से आगे चलते रहे। जिससे न केवल बच्चों का ही उत्साह हुआ।अपितु उन्होंने चरितार्थ कर दिया की मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती है। एसपी एसडीएम कमांडेंट जैसे अधिकारियों के जोश और जुनून की आगे साइकिलिस्ट भी पस्त हो गए। ज्ञात हो कि मुख्य अतिथि के रूप में एडीजे अविनाश कुमार पाण्डेय बगहा ने हरी झंडी दिखाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ साइकिल रैली को एसएसबी 21 वीं वाहिनी के मुख्य गेट से एसडीएम दीपक मिश्र ,कमांडेंट प्रकाश, एसपी किरण कुमार गोरख जाधव समेत साइकिल रैली 100 से ज्यादा साइकिल सवार छात्र छात्राओं और जवानों को मंगलपुर एसएसबी कैंप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। इस साइकिल रैली में सनफ्लावर चिल्ड्रेंस एकेडमी पटखौली,प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली और नरईपुर हाई स्कूल के छात्र ,नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक समाजसेवी लक्ष्मी खत्री के अलावे मीडिया के साथी भी शामिल हुए। वही रास्ते में जगह–जगह लोग साइकिल सवारों पर फूल बरसा रहे थे।कहीं नींबू पानी तो कहीं जूस की व्यवस्था थी।परंतु जैसे ही यह साइकिल रैली बाल्मीकि नगर बराज पर पहुंची तो उपस्थित डॉक्टर कमांडेंट ममता अग्रवाल ने जवानों की सहायता से एसडीएम, एसपी एवं कमांडेंट को पुष्प माला पहनाकर और फूल की वर्षा कर भव्य स्वागत की।साइकिल सवारों को गुलाब के पुष्प देकरक उनका स्वागत हुआ।

तत्पश्चात स्थानीय कैंप में बच्चों को बिठाकर सभी पदाधिकारियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कई प्रश्न भी पूछे।इस क्रम में एडीजे बगहा अविनाश कुमार पाण्डेय की अग्रणी भूमिका रही। उन्होंने अपने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को मेहनत से न भागने के लिए एकदम मना करते हुए कहा कि अगर आपको आगे बढ़ना है तो उसकी तैयारी अभी से करनी चाहिए। मैं एक किसान का पुत्र हूं और मैं आज इस पोस्ट पर हूं।इसलिए किसान का बेटा कुछ कर सकता है। क्योंकि वह प्रारंभ से ही मेहनत करता है। इसलिए मेहनत करने से नहीं डरना चाहिए। वही कमांडेन्ट श्री प्रकाश ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विल पावर होना चाहिए। जिसका इच्छाशक्ति मजबूत होती है वही आगे बढ़ते हैं। बच्चों ने उनके प्रश्नों का जवाब देने के क्रम में कमांडेंट से इको पार्क घुमाने की बात कही। इस पर कमांडेट श्री प्रकाश ने बच्चों को केवल इको पार्क ही नहीं बल्कि बीओपी और आर्म्स के बारे में बच्चों को जानकारी देने तथा उन्हें घुमाने का आदेश दिया। वही बच्चे इको पार्क घूम कर खुशी से उत्साहित हो उठे।

## घर और जमीनी विवाद में शत्रुघ्न राय ने अपने सहोदर भाई सुरेश राय का किया हत्या

(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाईम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। साहिबगंज थाना क्षेत्र के गांव हूसेपुर टोला महुआनी वार्ड नंबर 4 की है घटना।मृतक का नाम सुरेश राय पिता का नाम खेलावन राय ग्राम– हुस्सेपुर टोला महुआनी पंचायत –हुस्सेपुर रत्ती, वार्ड नंबर 4 थाना साहेबगंज, जिला मुजफ्फरपुर, का निवासी है ! जिनका बथान पारू प्रखंड के चांदकिवाड़ी गांव में है। सुरेश राय अपने बथान पर बनाए मचान पर अपने पिता खिलावन राय के साथ सोए हुए थे। उसी क्रम में शत्रुघ्न राय साइकिल से पठान पर पहुंचे और सोए अवस्था में सुरेश राय की हत्या कर दी। हत्या की खबर सुन क्या है पुलिस उपाधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे और शत्रुघ्न रायका साइकिल लूंगी चप्पल घटनास्थल के पास से बरामद किया। घटनास्थल का पता

खिलावन राय का बथान पारू प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चांदकिवाड़ी में था, जहां पर दोनों बेटा और बाप रहता था उसी जगह पर खिलावन राय का पुत्र बड़ा का नाम शत्रुघ्न राय था, और मृतक का नाम सुरेश कुमार राय था दोनों भाई था, दोनों भाई में 10 रोज से विवाद चल रहा था, जमीन और घर को लेकर। 16 तारीख के रात्रि 12:00 से 1:00 बजे के करीबन शत्रुघ्न राय ने अपने छोटे भाई सुरेश राय को जान से कत्ल कर दिया। घटनास्थल चांदकिवाड़ी पंचायत का है। जो पारू थाना का क्षेत्र है। वार्ड नंबर 4 में जहां पर सुरेश राय और उनके पिता खेलावन राय बांध से दक्षिण साइड में उनका बथान था। जहां पर सुरेश राय अपना जीवन बसर करते थे। मृतक सुरेश राय बहुत गरीब परिवार से आते थे।

ताजा खबरों के अनुसार पारू पुलिस ने अभियुक्त के एक लड़का एक लड़की और उनकी पत्नी रेखा देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं मृतक के पिता खेलावन राय ने बताया कि रात्रि के करीब 2 बजे की घटना है। जब सुरेश बाप बाप चिल्ला रहा था, तो मेरा नहीं टूटा, तो देखा कि हत्यारा भाग रहा है। खेलावन राय ने बताया कि हत्यारा को हम पहचान नहीं सके।

पारू पुलिस ने बगल के लखिंदर



राय के पुत्र सचिन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि निर्दोष् फंसाया जा रहा है सचिन कुमार को।

## बोल बम के नारों से गूंज उठा इलाका सोमवारी को लेकर जुटने लगी भक्तों की सैलाब



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
शिवहर। सावन के पावन अवसर पर बोल बम, बोल बम के नारों से इलाका गुंजायमान हो गया है। जिले के ऐतिहासिक एवं पौराणिक धार्मिक स्थल बागमती नदी के किनारे बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम पर भक्तों की भीड़ जलाभिषेक को लेकर जुटने लगी है। नवयुवक कांवरिया संघ समिति नेउरा बाजार के द्वारा आज देकुली धाम से महाकालेश्वर नाथ धाम नेउरा बाजार के लिए हजारों भक्तों जिनमें महिला बम,पुरुष बम, बच्चे बम ने जलाभिषेक को लेकर जल बोझी की है। बागमती के पावन नदी से जल लेकर नाचते ,गाते ,झुमते महाकालेश्वर नाथ धाम को गए हैं।

देकुली मंदिर प्रबंधन समिति के संदीप भारती सुजीत भारती ने बताया है कि इस बार उम्मीद जताई जा रही है कि पहली सोमवारी को लेकर कोरोना काल के बाद काफी भीड़ जुटने की संभावना है।

जो तकरीबन डेढ़ लाख से अधिक लोग जलाभिषेक करने की उम्मीद जताई जा रही है। देकुली धाम के पुजारी शिवपूजन भारती एवं वीरेंद्र भारती ने बताया है कि कल प्रथम सोमवारी को अहले सुबह श्रृंगार पूजा 4 बजे तक पूरी कर ली जाएगी ,तथा भोलेनाथ के जलाभिषेक को लेकर 4 बजे भोर में पट खोल दी जाएगी। विधि व्यवस्था को लेकर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय के निर्देश के आलोक में एसडीएम मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी एवं कई पदाधिकारियों के द्वारा बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम का विधि व्यवस्था का जायजा लिया है।

एसडीएम इश्तियाक अली अंसारी ने बताया है कि जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में कांवड़ियों की सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर विधि व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है ,किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी । सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो0 वीरेंद्र नारायण यादव द्वारा मोतिहारी आगरवा स्थित एसएस राय होटल के सभागार में रविवार को ष्मतदाता संवादष् कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों से भारी संख्या में मतदाताओं एवम विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । उक्त अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को संबोधित करते हुए प्रो0 यादव ने कहा कि पूर्वी चंपारण राजनीतिक रूप से संपन्न विरासत का जिला है । उसने सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 36 वर्षो की जड़ता को तोड़ने का एतिसासिक कार्य किया इसके लिए मैं चंपारण वासियों को बधाई देता हूं।क्षेत्र की भाषा ,संस्कृति एवं शिक्षा से सम्बद्ध समस्याओं को मैंने उचित समय पर सदन में रखा । अपनी इस राजनीतिक विरासत की रक्षा के लिए सभी स्नातकों से मतदाता बनने की आवश्यकता है । उन्होंने अभियान चलाकर मतदाता बनने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में सभी जाति समुदाय के संगठनों यथा कर्मचारी संघ गोप गुट माध्यमिक शिक्षक संघ ,प्राथमिक शिक्षक संघ ,टोला सेवक संघ ,अंबेडकर विचार मंच , के प्रतिनिधिगणअनुसूचित जाति कर्मचारीगण राजनीतिक एवम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम को मुख्यरूप से जनतदल यू के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कुशवाहा , प्रदेश सचिव अमरेंद्र कुमार सिंह , प्रदेश नेता दीपक पटेल , प्रदेश सचिव भुवन पटेल ,माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सीता राम यादव ,अल्पसंख्य प्रकोष्ट के प्रदेश पाधिकारी वशील अहमद खान , डॉ0 खुर्शीद अजीज व्यवसायिक प्रकोष्ठ के वृजमोहन कुमार गुप्ता ,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रमोद पासवान ,सचिव यादव लाल पासवान ,अभिषेक रजक ,बब्बू श्रीवास्तव ,बबन कुशवाहा , ई अजय आजाद, अनुराग यादव ,लखन पटेल ,भारत पटेल ,केशव प्रसाद साह , डॉ0एसपी सिंह ,टोला सेवक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बैठा ,मनीष कुमार। आदि नेताओ ने अपने विचार रखा तथा अभियान चलाकर मतदाता बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 नसीम अहमद ने किया तथा संचालन जिला जनता दल यू के मुख्य प्रवक्ता



प्रो0 दिनेश चंद्र प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक कार्यकर्त्ता सत्यशरण यादव ने किया।

## पश्चिमी एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का आज समापन



पटना। पश्चिमी एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का आज समापन चंदन कुमार सिंह एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया जिस कारण प्रतिभागियों में नया जुनून देखने को मिला और करोना काल में जो खेल प्रतिभागियों के मन मस्तिष्क पर चोट पहुंचा था। आज एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों के अंदर एक नया जोश भरने का काम किया है इसलिए तमाम स्कूल प्रशासन, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावक के द्वारा पटना पश्चिमी एथलेटिक्स एसोसिएशन के आयोजनकर्ताओं को तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापन किया गया। आशा किया जाता है कि हमेशा इस तरह का कार्यक्रम बाढ़ में आयोजित किया जाए जिससे बाढ़ के प्रतिभागियों का मनोबल हमेशा ऊंचा रहे और बाढ़ के नाम को गौरवान्वित कर सके। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में निशुल्क फिटनेस क्लब अगवानपुर के तमाम साथियों का भरपूर सहयोग मिला साथ ही भूतपूर्व अगवानपुर पंचायत के मुखिया मुन्ना कुमार सिंह का भी सहयोग मिला। आज के प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है। ऑल ओवर चौंपियनशिप का खिताब 205 पॉइंट लेकर संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय प्लस टू बाढ़ की छात्राओं ने अपना परचम लहराया और यह परचम लगातार बाढ़ में जितनी बार भी एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया है उसमें ऑल ओवर चौंपियनशिप का खिताब जीतते आ रहे हैं।

निशुल्क फिटनेस क्लब 95 पॉइंट द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप चौंपियनशिप बालिका वर्ग में भी प्रथम स्थान संत जोसेफ की छात्राओं ने कब्जा जमाये रखा एवं नोट्रेडेम अकैडमी बाढ़ द्वितीय स्थान महादेव हाई स्कूल खुसरूपुर तृतीय स्थान रग्बी क्लब बाढ़,बालक वर्ग में चौथे स्थान पर निशुल्क फिटनेस क्लब वालों ने अपना परचम लहराया।

## पूर्वी चम्पारण कोटवा के सोबैया में हत्या कर शव को रात में फुलवारी में फेंका

पूर्वी चम्पारण। मृतक की पहचान तुरकौलिया थाना के चरागाहा निवासी अशर्फी ठाकुर के रूप में हुई। शव फेंक कर भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले। शनिवार के देर रात की घटना।

# संक्षिप्त समाचार

## निबंधन कार्यालय में नविश संघ की हुई पुनर्गठन

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
शिवहर। जिला निबंधन कार्यालय में दस्तावेज नविश संघ की एक बैठक



बैधनाथ शाहपुरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संघ का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर प्रमोद प्रसाद, सचिव पद पर रामाशंकर प्रसाद उर्फ राम बाबू प्रसाद, उप सचिव पद पर सुरेश पटेल, उपाध्यक्ष पद पर गिरीश नंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल सिंह एवं अच्छेलाल साह, वही संरक्षण मंत्री के पद पर बैजनाथ शाहपुरी मनोनीत किए गए। इस दौरान संघ के सदस्यों ने पूरी कर्तव्य और निष्ठा के साथ संघ को आगे बढ़ाने और विषम परिस्थितियों में भी साथ रहकर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर रामाकांत पांडेय, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, ललन कुमार, रघुवंश सिंह, जितेंद्र सिंह, उमेश प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, नागेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मानसी प्रखंड में जगह-जगह जश्न का माहौल

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। सावन के पहला सोमवार के अवसर पर मुंगेर घाट से जल लेकर बाबा मटेश्वर धाम के लिए जल अर्पण करने वाले तमाम डाक बम की सेवा के लिए जगह–जगह पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कावड़ियों के लिए फलाहारी भोजन जल ठंडा पेय पदार्थ तथा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक उपचार संसाधनों की मुहैया कराई गई है। इस आयोजन में ग्रामीण तथा दुकानदार संघ जमकर भाग ले रहे हैं ।



## कविता

कभी गिरते कभी उठते, कटाक्ष बाण की पीड़ा सहते।
कभी अल्हड़ बेफिक्र सा, अपनी जिद पर अड़ते।
निकल पड़ा हूं उस तरफ जिस तरफ सबकी नजर न थी।
दर्द सबका था, पीड़ित थे सब, पर अपने ही रुग्ण की खबर न थी।
मैं थोड़ा अलग जो था, मुझे जगाना अलख जो था ।
मैं किस से लेता मशविरा, कौन समझता मेरी पीड़ा।
वह तमाम जिन्हें अपने ही दुखों की खबर ना थी।
या वह तमाम जिन्हें कुर्सी के अलावा और कहीं नजर न थी।
अच्छा तो किससे लगाता गुहार, जो केवल आश्वासन को ही रहते तैयार
क्या हद नहीं हो गई थी ? क्या हमारी पीढ़ियां छली नहीं गई थी ?
क्या सब ने हर चुनाव लगाया नहीं गुहार ?
आश्वासनों के बावजूद क्या हुआ पुल तैयार?
और विकल्प क्या था,खुद विकल्प बनने के सिवा ?
अपने हाथ और क्या था, खुद चुनाव लड़ने के सिवा?
मेरे लड़ने की मनसा गलत न थी,मेरा चुनाव लड़ना कोई खता न था।
हां हम लड़ भी सकते हैं, यह हमें पता न था।
जितनी परेशान नहीं करती मेरी खुजलाती दाढ़ी।
उससे ज्यादा हूं हैरान, क्या सच में आपके अंदर कभी कुछ नहीं खुजलाती ?
या जिंदगी के भागम भाग में, यह बातें आ नहीं पाती दिमाग में।
या रुचि रही नहीं अब आपकी इंकलाब में?
या अभी भी मंत्रमुग्ध हैं आप नेताओं के झूठे आश्वासन और जवाब में?
या हावी है कोरी राजनीति, या है किसी दल के दबाव में।
मेरे भी हाथ उतने ही हैं जितने आपके है, मेरे भी साथ इतने ही हैं जितने आपके हैं।
फर्क इतना है की मैं अंतर्मन से जग गया हूं, अभी आप नींद में है।
मैं अकेला आगे बढ़ गया हूं, अभी आप भीड़ में हैं।
मैं झूठे दिखाए ख्वाबों से बाहर आ चुका हूं, आप अभी भी उसी तकरीर में है।
मिटना तो है ही एक दिन, मुझे मेरा अंश है छोड़ जाना मेरे मिटने के बाद।
न मुझे मेरे हार का गम, और न खास खुशी जितने के बाद
ना रोक पाएगी ठोकरे मेरी राह, बेअसर अब कटाक्ष बाण भी।
देखते हैं आती है परेशानियां कितनी ? या निकल जाती है प्राण भी!



संजय संघर्ष सिंह
समाज सेवी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवहर।

## नालंदा के दो एसडीओ सहित तीन इधर से उधर

शैलेन्द्र कुमार चंचल, अनुमंडल ब्यूरो चीफ बिहार शरीफ नालंदा।राज्य के प्रशासनिक गलियारों से ट्रांसफर की खबर मिल रही है,जहां तीन एसडीओ को इधर से उधर किया गया है। यहां पिछले दो दिनों से अधिकारियों का तबादले का आदेश जा रही है। इसी बीच खबर आ रही है कि राज्य सरकार ने तीनैक्व का ट्रांसफर किया है। नालंदा के दो और पटना के एकैक्व को इधर से उधर किया है। इस बाबत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एक आदेश जारी किया है। इसमें पटना में नगर दंडाधिकारी सुधीर कुमार को पटना से नालंदा के हिलसा का नया एसडीओ बनाया है। नालंदा के उपेंद्र कुमार पाल रोहतास, विक्रमगंज के नए एसडीओ बनाए गए हैं। वहीं, नालंदा, हिलसा के राधा कान्त को पटना बुला लिया गया है। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी की है। आपको बता दें, पटना के सुधीर कुमार को नालंदा के हिलसा का नया एसडीओ बनाया गया है।

## बाजपट्टी विधायक मुकेश कुमार यादव ने क्विज प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

बोखड़ा। प्रखंड क्षेत्र के पोखरैरा पंचायत में हामदी एजूकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने प्रोग्राम में भाग लिया।प्रथम श्रेणी के लिए उल्फत परवीन व जैनब प्रवीण, जीनियस ग्लोबल एकेडमी बाथ असली ,द्वितीय श्रेणी के लिए तहसीन रजा आइडियल साइंस कोचिंग सेंटर व शाइस्ता परवीन ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल पोखरैरा, तृतीय श्रेणी जीनत परवीन, चतुर्थ श्रेणी मोफककिर हुसैन और पंचम श्रेणी के लिए तूबा कुलसुम को प्राइज से सम्मानित किया गया।ट्रस्ट के अध्यक्ष गौहर हुसैन ने सभी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की ये सभी बच्चे प्रतिभासाली और मेहनती हैं विद्यार्थियों ने बेहतर परफॉर्म किया हैं।ट्रस्ट के सचिव अदनान अहमद व प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने कहा इस तरह के प्रोग्राम का आयोजन होनी चाहिए।ट्रस्ट



के डायरेक्टर अजफर काशिफ और महासचिव अहमद शर्फी ने प्रोग्राम का संचालन किया एव कोषाध्यक्ष अहमद सैफी और उपाध्यक्ष काविश मारूफी ने कहा के छात्रों ने सराहनीय प्रदशन किया। क्विज प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बाजपट्टी विधायक श्री मुकेश कुमार यादव, जिला पार्षद सिराजूल हक मोहम्मद ने छात्रों को बधाई दी।मौके पर पूर्व उप प्रमूख आफताब आलम मिंटू,कॉग्रेस के नेता कमालउद्दिन रजा,शिक्षक ख्याबान अहमद ,मिन्हास तरन्नुम,मौलाना मुजफ्फर हुसैन सिबली, मौलाना स्लाहुद्दीन नादिर ,सादिक हुसैन, एहसान अली अफजल, कमालुद्दीन राजा,वकार अहमद,इफ्तेखार आलम ,अकरम अली ,अहमद कुदसी,तौसीफ मास्टर, अरशद राजा,मास्टर अली इमाम एवं मास्टर राजू उपस्थित थे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## मशरक में विद्युत विभाग की बड़ी कार्रवाई विद्युत चोरी एवं बकाया राशि अधिक रखने वाले विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया





मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में विद्युत कनिया अभियंता विक्रम कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल के साथ विधुत चोरी के संदर्भ में छापा मारा गया, इस कार्रवाई में विद्युत चोरी करने एवं विद्युत राशि अधिक के रखने वाले विद्युत 59 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा गया। छापेमारी दल के द्वारा कर्ण कुदरिया पंचायत में शत्रुघ्न राय पिता नाथ राय के द्वारा बिना कनेक्शन कराए हुए पंप सेट के माध्यम से दो एचपी का मोटर विद्युत चोरी कर चलाया जा रहा था, इन पर विद्युत विभाग के द्वारा 115356/–का जुर्माना लगाया गया है। कर्ण कुदरिया ढाला के पास राधे शर्मा पिता सिंहासन शर्मा इनके द्वारा मीटर बाइपास सर्जरी से विद्युत चोरी किया जा रहा था। इनपर विद्युत विभाग के द्वारा 56956/–जुर्माना लगाया गया। बंगरा गांव में सुमित देवी पति राजेंद्र प्रसाद के द्वारा मीटर में बाईपास सर्जरी कर विद्युत चोरी किया जा रहा था। इनपर 5523/– जुर्माना किया गया है, बंगरा गांव में ही ओमप्रकाश सिंह पिता राजा राम सिंह बाईपास सर्जरी कर विद्युत चोरी करने के संदर्भ में 6375/–जुर्माना लगाया गया है, बंगरा गांव में ही जय कुमार राय पिता नथुनी राय इनके पास का विधुत बकाया राशि 40156/–होने के कारण विद्युत विभाग के द्वारा इनका कनेक्शन काट दिया गया। मशरक नगर पंचायत के हनुमानगंज गांव निवासी बनारस प्रसाद पिता रामेश्वर प्रसाद के द्वारा मीटर बाईपास सर्जरी करके विद्युत चोरी किया जा रहा है, विद्युत विभाग द्वारा इनपर पर 5949/–जुर्माना लगाया गया। कटिया अभियंता विक्रम कुमार ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अभी तक विद्युत चोरी एवं अधिक बकाया राशि रखने वाले 59 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटा जा चुका।

## प्राइवेट स्कूल एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन बाढ़ इकाई की त्रि-वर्षीय संगठनात्मक चुनाव सम्पन्न हुआ

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन, बाढ़ इकाई की त्रि–वर्षीय संगठनात्मक चुनाव



स्थानीय प्रोग्रेसिव स्कूल के प्रांगण में वर्तमान अध्यक्ष श्री कौशलेंद्र कुमार जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मो० जाकिर हुसैन (अध्यक्ष), कमलेश कुमार सिंह (उपाध्यक्ष), मीनू शरण (सचिव), रामजी प्रसाद (उप सचिव), इं० सौरभ कुमार (कोषाध्यक्ष) एवं कृष्ण देव पंडित (मीडिया प्रभारी) के रूप में मनोनीत हुए हैं। इस बैठक में विशेष रूप से एनओसी, सदस्य संख्या बढ़ाने एवं अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर हुसैन ने कहा कि यदि शिक्षकों को लोगों के द्वारा मान – सम्मान मिलेगा तो वे निश्चित रूप से बच्चों पर पूरा ध्यान देंगें। शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए हमलोगों के द्वारा आने वाले शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता रहा है, इस वर्ष भी पूरे जोशो –खरोश से इस आयोजन को करना है। सभी मनोनीत सदस्य अपने दायित्व का निर्वहन पूरी तन्मयता एवं निष्ठा के साथ करने शपथ ली। साथ – ही – साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी सदस्यों ने कहा कि वे इसके लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर निजी विद्यालय के सैकड़ों व्यवस्थापक एवं उनके प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के ममता मैरिज हॉल में बिहार सरकार की नई जाति जनगणना नीति को लेकर धानुक समाज में जागृति लाने हेतु एक बैठक

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहारशरीफ)। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि धानुक एकता मंच के बैनर तले जिले के प्रत्येक प्रखंड में धानुक बाहुल्य गांवों में जाकर नई जातीय जनगणना नीति को लेकर जागृति लाना है और सभी धानुक भाइयों को यह बतलाना है कि अगर आपने जनगणना के समय अपने जाति वाले कॉलम में धानुक ना लिखवाया तो भयानक परिणाम भुगतना पड़ेगा।

जैसे आपसे आपका अतिपिछड़ा होने का आरक्षण छीन लिया जाएगा।



आप पंचायत चुनावों में मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति नहीं बन पाएंगे।, बिहार सरकार के सरकारी नौकरियों में तथा विभागों में अतिपिछड़ा होने का के कारण आरक्षण मिलता है वह भी आपसे छीन जाएगा सभी धानुक भाइयों से निवेदन है कि यह भयानक ऐतिहासिक भूल ना करें वरना आपके आने वाली पीढ़ियां आपको कभी माफ नहीं करेगी। आज के इस बैठक में गरीब अधिकार आन्दोलन के संयोजक दिलीप कुमार , मुकेश धानुक, विरमानी मंडल, रूपेश कुमार, कपिलदेव प्रसाद, अमरजीत मंडल, प्रमोद जी, अरविंद पटेल, विजय कुमार राय (नवादा) अरविंद प्रसाद, अमोद कुमार, रवि मंडल, आजाद कुमार इत्यादि ने अपना विचार रखा।

## पश्चिमी चंपारण के किसानों को सताने लगी सुखाड़ की असंका

विशाल कुमार वर्मा,संवाददाता चनपटिया (अयोध्या टाइम्स)। पश्चिमी चम्पारण में चनपटिया सहित जिले के कई पंचायतों में सुखाड़ की स्थिति चिंता का विषय बनते जा रही है। गौरतलब हो कि मॉनसून का समय आ गया है और किसानों की माने तो समय से वर्षा खरीफ फसलों के लिए किसी वरदान से कम नही लेकिन यहाँ वर्षा न होने के कारण जिले के किसानों में काफी हताशा है।किसानों के अनुसार वर्षा का न होना उनके लिए अत्यधिक चिंता उत्पन्न करने वाली बात है।क्योंकि खेतो में नमी न होने से जमीन में दरारें पड़ने लगी हैं जिन्हें कृत्रिम तरीके से अर्थात पम्पसेट से जलापूर्ति करना सामान्य कार्य नही है।अतः किसानों के द्वारा प्रतिदिन इस उम्मीद से मॉनसूनी वर्षा का इंतजार हो रहा है कि वर्षा की फुहारें खेतो में आये ताकि खरीफ फसल के उत्पादन बेहतर तरीके से



इस वर्ष हो सके।

# जिला जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

'वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला जनता दल यू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, सीतामढ़ी की बैठक जिला जदयू कार्यालय में जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष बिकाऊ महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला एवं प्रखंड के प्रमुख साथियों के साथ संगठन की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि आजादी के बाद बिहार एवं देश के पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा अति पिछड़े समाज को सत्ता और सरकार में जो हिस्सेदारी एवं भागीदारी देने का काम किया वह किसी सभ्य समाज के लिए नजीर है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है अति पिछड़े समाज के लोग एकजुट होकर नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करें एवं उनके द्वारा किए गए 17 वर्षों के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने एवं जिला जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को धारदार एवं मजबूत बनाने हेतु हम कार्यकर्ता संकल्पित जाएं। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश जदयू अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महासचिव बबलू मंडल ने कहा कि आज से और अभी से संगठन को धारदार एवं मजबूत बनाने हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों का दौरा कार्यक्रम आज तय कर लिया जाए एवं हम सभी साथी आज से और अभी से अपने–अपने प्रखंड की बैठक की तैयारी में लग जाएं। आज की बैठक में हम सभी को संकल्प लेकर वर्ष 2024– 25 के लोकसभा एवं विधानसभा की तैयारी में जुट जाना है।

बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह एवं जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए समाज के अवकाश प्राप्त प्रबुद्धजन प्रभुनंदन झा, सियाराम बैठा एवं बिलट प्रसाद साह सहित



कई ने जदयू जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह कुशवाहा से जनता दल यू का सदस्यता ग्रहण किया एवं जदयू संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगों में सुजीत कुमार सिंह, गोपी ठाकुर, विश्वनाथ प्रसाद पूर्व मुखिया, सीताराम ठाकुर पूर्व मुखिया, विजय कुमार पटेल, राम छबीला मंडल, भरत मंडल,राम नरेश महतो, नंद किशोर महतो, कारी राऊत,सुधीर पटेल, बुधन शाह, शिव शंकर महतो अभिराम पटेल, सीताराम महतो,लक्ष्मी राय, राजाराम पंडित, सुधीर कुमार, कमल सा सहित दर्जनों ने भाग लिया एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# सेना का निजीकरण कर राष्ट्रीय हितो से खिलवाड़ कर रही मोदी सरकार : राजेश सिन्हा




☒ सरकार को अविलंब अग्निपथ योजना को रद्द कर देना चाहिए : लोकेश वशिष्ठ

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। अग्निपथ योजना, सांप्रदायिकता और मोदी सरकार के तानाशाह रवैए के खिलाफ सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गांधी मैदान ललित आश्रम से सैकड़ों कार्यकर्ता युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी राजेश सिन्हा सन्नी, सह प्रभारी लोकेश वशिष्ठ, यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सह सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज के सामूहिक नेतृत्व में कारगिल चौक पहुंचे, जहां तिरंगा यात्रा का समापन हुआ।

प्रदर्शनकारी मोदी सरकार के सेना एवं युवा विरोधी अग्निपथ योजना, सरकार के तानाशाही रवैया, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, महंगाई, भ्रष्टाचार और बिजली संकट जैसे जनहित के मुद्दों पर सरकार की चुप्पी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी राजेश सिन्हा ' ने कहा कि मोदी सरकार सेना का निजीकरण कर राष्ट्रीय हितों से खिलवाड़ करने के साथ नौजवानों को कॉरपोरेट का गुलाम बनाना चाहती है, जिसे देशवासी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

राष्ट्रीय सचिव सह बिहार के सह प्रभारी लोकेश वशिष्ठ ने कहा कि अग्निपथ योजना से न तो सेना का भला होगा और न ही नौजवानों का भविष्य सुरक्षित होगा। लिहाजा सरकार को अविलंब इस योजना को रद्द कर देना चाहिए।

प्रदेश प्रवक्ता सह तिरंगा यात्रा के संयोजक शम्स शाहनवाज ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न दिखाकर मोदी सरकार नौजवानों की रोजी रोटी छीन रही है। महंगाई की मार, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के जहर से देशवासियों की रक्षा के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

तिरंगा यात्रा में जिला कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, सीताराम झा, वीरेंद्र कुशवाहा, प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव विकास झा, अंजारुल हक, तरन्नुम खातून, अफजल राणा, कलामुद्दीन रजा, सरफराज शेख, दिलीप चौधरी, रमेश जयसवाल, अब्दुल मन्नान, दिलकश खान, तनवीर खान, अख्तर रजा खान, सुंदरम पाठक, वैदेही शरण यादव, जाकिर अंसारी, मुश्ताक सरवर, वीरेंद्र कुमार, तस्लीम राइन, गुलफाम रजा, शहीद हुसैन, शेख अब्दुल्ला, राजा मंसूरी, अली शेर अंसारी, सत्येंद्र सिंह सत्यवादी, नथुनी यादव, मो.नोमान, मुन्ने बिहारी, समी आलम, अजहरुद्दीन अंसारी, राजीव कुमार कुशवाहा, सुनील पासवान आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# छौड़ादानो, आदापुर व रक्सौल सहित सभी सीमावर्ती इलाके में यूरिया नहीं मिलने से किसान हो रहे काफी परेशान

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है .पैक्सों में खाद नहीं मिलने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. एक तरफ बरसात नहीं होने के कारण किसान परेशान है वहीं दूसरी तरफ खाद की किल्लत से भी उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खाद की कालाबाजारी से किसान को समय पर खाद व बीज नहीं मिलने पर किसान दर–दर भटक रहे हैं. क्षेत्र में डीएपी खाद के कालाबाजारी के बाद अब यूरिया की कालाबाजारी शुरू हो गई है .यूरिया खाद की किल्लत के चलते निजी दुकानदार मनमाने तरीके से चुपके से खाद की बिक्री कर रहे हैं और संबंधित विभाग मूक दर्शक बनकर बैठे हुए हैं. सीमावर्ती क्षेत्र में यूरिया खाद को लेकर जबरदस्त महामारी मची हुई है छौड़ादानो राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा का कहना है कि यूरिया खाद के लिए किसान दुकानदारों के चक्कर काटने को विवश है . खाद की किल्लत के चलते किसान फसलों को खाद नहीं दे पा रहे हैं. जिला मुख्यालय व सीमावर्ती क्षेत्र नेपाल में खाद्य की कालाबाजारी हो रही है जिससे सीमावर्ती क्षेत्र में यूरिया नहीं मिलने से किसान काफी बदहाल व परेशान है .यूरिया की कमी का फायदा उठाते हुए दुकानदार किसानों से अधिक कीमत वसूल रहे हैं, वही यूरिया की प्रति बोरी सरकारी कीमत 290 है , जबकि दुकानदार 450 किसान से वसूल रहे हैं. प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा का कहना है कि केंद्र सरकार व बिहार सरकार दोनों किसानों के प्रति सजग व जिम्मेवार नहीं है. इस सरकार में आम किसानों की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर हो रही है. इस सरकार व जिला प्रशासन की देन है कि समय पर किसानों को न बीज मिल पा रही है न खाद. समय रहते किसानों के प्रति सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर वह जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है. किसान संघ के नेता नरेश कुशवाहा व संजय शाह सहित स्थानीय किसान संतोष कुशवाहा, जियालाल साह, ब्रह्मदेव प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि यूरिया की किल्लत से किसान की फसल खराब हो रही है . समय पर खाद व बीज नहीं मिलने से कई दुकानदार मनमाने तरीके से बीज व खाद बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

वहीं जिला प्रशासन सहित प्रखंड कृषि अधिकारी चुप्पी साधे हैं और किसान बेहाल है. किसानों का कहना है कि प्रशासन व सरकार नहीं चाहते कि किसानों की स्थिति अच्छे हो क्योंकि किसान आज दर–दर की ठोकरें खा रहा है लेकिन यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है।

## जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने कल देर शाम वर्चुअल माध्यम से बैठक कर जिले में कम हो रही वर्षापात भूजलस्तर,चापाकलों की स्थिति, सिंचाई के साधनों संभावित बाढ़ पूर्व तैयारियों आदि का किया विस्तृत समीक्षा

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ नालंदा (बिहार शरीफ)। मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा कल देर शाम वर्चुअल माध्यम से बैठक कर जिले में कम हो रही वर्षापात, भूजलस्तर ,चापाकलों की स्थिति, सिंचाई के साधनों, संभावित बाढ़ पूर्व तैयारियों आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल एवम प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर सर्वप्रथम जिले में वर्षापात की वर्तमान स्थिति,बिचड़ा आच्छादन, धान की रोपनी आदि को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी से वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अभी तक 96 प्रतिशत बिचड़ा आच्छादन हो चुका है, वहीं मात्र 34 प्रतिशत ही धान की रोपनी हुई है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में अभी तक लगभग 90 प्रतिशत वर्षापात कम हुई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संबधित पदाधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा दो –तीन दिनों में अच्छी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है,परंतु हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने सिंचाई विभाग के उपस्थित अभियंताओं को निर्देश दिया कि जिन–जिन क्षेत्रों में नहर की व्यवस्था है,वहाँ नहरों के अंतिम छोर तक पानी की पंहुच सुनिश्चित करें, उन्होंने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी निर्देश दिया कि सभी बंद पड़े नलकूपों को अविलंब चालू करवाएं। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को भी निर्देश दिया कि आकस्मिक फसल योजना की पूरी तैयारी कर ले, ताकि अगर सूखे की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसका लाभ लिया जा सके। समीक्षा के क्रम पाया गया कि वर्तमान में सभी महत्त्वपूर्ण नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। उन्होंने निर्देश दिया कम वर्षापात के वावजूद भी नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर बनाये रखें एवम तटबन्धों की 24 घंटे निगरानी भी करते रहें। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि मानसून की वर्षा कभी भी जिले को प्रभावित कर सकती है,एवम कभी भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी संबधित पदाधिकारी पूरी तरह से अलर्ट मोड में ही रहें। जिले के सभी चिन्हित शरण स्थलों में स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहे ,इसे सुनिश्चित कर लें। उन्होंने सिविल सर्जन से चिकित्सा संबंधी सभी तैयारियों की जानकारी ली और कहा कि सर्पदंश सहित सभी आवश्यक दवाइयों की कमी न होने पाए। उन्होंने डीसी बिल की समीक्षा के क्रम में कहा कि लंबित डीसी बिल का निष्पादन नही करने वाले पदाधिकारियो पर जबाबदेही कर करवाई की जाएगी। उन्होंने अंचल अधिकारियों से कम्युनिटी किचन के संचालकों के लंबित भुगतान,नाविकों का भुगतान की समीक्षा भी की और कहा कि सभी संवेदकों के बकाया राशि के भुगतान अविलम्ब करने का निर्देश दिया। उन्होंने मधेपुर सीओ को लंबित भुगतान को लेकर फटकार लगाते हुए सभी बकाया भुगतान होने तक उक्त वेतन स्थगित रखने का निर्देश देते हुए उनसे स्पष्टीकरण करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राशि की उपलब्धता नही होने पर उसकी मांग कर ले,परंतु हर हाल में लंबित भुगतान का निष्पादन करे। उन्होंने निर्देश दिया कि सेटेलाइट फोन,लाइफ जैकेट एवम मोटरबोट की नियमित रूप से चेक करते रहे ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित राहत कार्य मे किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नही हो सके।

उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अवधेश राम, उपविकास आयुक्त विशाल राज ,जिला कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, डीपीआरओ सह आपदा प्रभारी परिमल कुमार, सिविल सर्जन, सुनील कुमार झा, डीसीएलआर राकेश कुमार सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी कार्यालय कक्ष से और सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## डनलप पर सो रही महिला की गला रेत कर हत्या, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। बिजली की आंख मिचौली और रात की तपिश भरी गर्मी मैं राहत पाने के लिए दरवाजे के सामने डनलप पर सो रही महिला की अज्ञात हमलावरों ने गला रेत कर हत्या कर दी पड़ोस में चारपाई पर सो रहे बच्चों की चीख–पुकार पर तमाम ग्रामीणों का जमघट लग गया सूचना पुलिस को दी गई तो भारी फोर्स के साथ फरीदपुर कोतवाल के अलावा आला अधिकारी मौके पर पहुंचे फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम और डॉग स्क्वाड को बुला लिया घटना से संबंधित जानकारी जुटाई और पंचनामा भर सब पोस्टमार्टम भेजा परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है! घटना रात 1:30 बजे रामगंगा कटरी के गांव धीरपुर की है।


ग्रामवासी विष्णु यादव बरेली में सिक्योरिटी कंपनी में ड्यूटी करता है उसके परिजन गांव में रहते हैं शनिवार की रात भीषण तपिश भरी गर्मी और बिजली की आंख मिचौली के चलते सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी रिंकी 35 वर्षीय दरवाजे के बाहर खड़े डनलप पर बिस्तर लगा कर सो रही थी उसके पड़ोस में चारपाई पर उसका बड़ा बेटा दीपक 12 वर्षीय छोटा हिमांशु 8 वर्षीय सो रहा था अर्ध रात्रि अज्ञात हमलावरों ने डनलप पर सो रही महिला की गला रेत कर हत्या कर दी और हत्यारा वारदात करने के बाद भागा तो वह उसके बेटों की चारपाई पर गिर पड़ा जिससे उसके दोनों बेटे जाग गए खून से लथपथ अपनी मां को देखकर बच्चों ने चीख– पुकार मचा दी तो गांव के तमाम लोग मौके पर इकट्ठे हो गए हत्या की खबर इलाके में आग की तरह फैल गई सूचना पर भारी फोर्स के साथ कोतवाल राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के अलावा एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह को सूचना दी जिले के आला अधिकारी आनन–फानन में घटनास्थल पहुंच गए अधिकारियों ने हत्याकांड का का पर्दाफाश करने के लिए डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुला लिया सूत्रों से पता लगा विष्णु यादव का 15 वर्ष पहले नगर के लाइनपार मठिया निवासी रिंकी से प्रेम विवाह हुआ था लेकिन विष्णु सिक्योरिटी गार्ड मैं बरेली नौकरी करता है घटना से बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेज दिया और परिजनों की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है!

# संक्षिप्त समाचार

## संदेहास्पद स्थिति में एक कमरे से 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला का मिला शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष राम सहरसा बिहार

सहरसा में संदेहास्पद स्थिति में एक कमरे से 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई हैं। घटना सदर थाना क्षेत्र के कायस्थटोला वार्ड नम्बर – 29 का है। मृतक महिला का नाम माला सिन्हा है। मृतिका के परिजनों ने घर और जमीन को लेकर एक जमीन ब्रोकर पर प्रताड़ित और हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मृतक महिला घर मे अकेली रहती थी आरोप है कि धंनजय धनेश उर्फ लाल बाबू नामक जमीन ब्रोकर महिला को प्रताड़ित कर घर खाली करवाने की कोशिश कर रहा था और घर नही खाली करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था। इसी क्रम में देर रात महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई घटना की सूचना मिलने पर मृतक महिला की बेटी अपने घर पहुंची मृतक महिला की बेटी ने कायस्थटोला में ही रहने वाले एक जमीन ब्रोकर धनंजय धनेश नामक व्यक्ति पर बार बार घर खाली करने को लेकर मारपीट करने और जान से मारने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर सहरसा भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।



## उर्वरक संबंधी समस्या की शीघ्र होगा समाधान

उर्वरक संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिसका अविलंब समाधान किया जाएगा। जिसमें जिला स्तरीय हेल्पलाइन में पदाधिकारियों और कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।सहायक निदेशक रसायन मिट्टी जांच प्रयोगशाला दुर्गा रंजन जिनका मोबाइल नंबर 7896723488, लिपिक जिला कृषि कार्यालय राकेश कुमार 9304207997 और कार्यपालक सहायक मो. कैफ आलम 9110154435 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।इस बारे में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि उर्वरक की कालाबाजारी जमाखोरी मुनाफाखोरी तस्करी एवं कृत्रिम अभाव इत्यादि की समस्या के रोकथाम के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

## मोहनिया टोल पर लगा भीषण जाम

मोहनिया से गुजरने वाला एनएच–19 (पुराना एनएच–2) शनिवार को भीषण जाम की चपेट में दिखा। मोहनिया टोल प्लाजा पर शुरू हुआ जाम पश्चिम में डिडखिली से लेकर पूरब में अकोढी तक करीब दो किमी किलोमीटर तक रहा। आसपास के लोगों का कहना है कि शनिवार को दिन के 12 बजे से ही जाम लगना शुरू हो गया था। आलम यह है कि इस जाम में एक्सिडेंटल और गंभीर बीमारी से ग्रसित वाली एंबुलेंस भी फंसे रहे, पर कोई सुनने वाला नहीं था। एंबुलेंस में सवार मरीज भगवान भरोसे थे। अन्य निजी वाहनों के सवारी भी अपने किस्मत को कोस रहे।



## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

(अनिल कुमार संवाददाता हरसिद्धि दैनिक अयोध्या टाइम्स)



हरसिद्धि। ओल्हा मेहता टोला पंचायत के रमपुरवा के सामने मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में एक व्यक्ति का हुआ मौत। पहाड़पुर सरेया कचहरी टोला मृत व्यक्ति बताया जा रहा है।

## नाग पंचमी के अवसर पर मां का दरबार शोभायमान

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स

मानसी प्रखंड अंतर्गत मानसी बाजार स्थित मां विषहरी स्थान के परिसर को सुसज्जित तरीके से सजाया गया है। मां के दरबार को देखते ही मन भक्तिमय वातावरण से झूमने लगता है।

नाग पंचमी के शुभ अवसर पर मां का दरबार सुगंधित एवं भक्तिमय वातावरण से झूम उठा है ,इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने अपने तन मन धन से कार्यक्रम का आयोजन किया है भक्ति जागरण जैसे कार्यक्रम के होने से लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# जीना सीखो

अपने लिए ना सही
दूसरों के लिए जीना सीखो।
गम से भरे चेहरों को
जरा खिलखिलाना सीखो
मोहब्बत में तो
हर कोई मुस्कुराता है
दिल टूट जाने पर पर भी
जरा जीना सीखो।
अपनों ने दगा दे दिया तो
क्या हुआ ?
गैरों को अपना बनाकर
गले लगाना सीखो।
मिट्टी हुए जीवन के
संजोए हुए ख्वाब तो
क्या हुआ?
उस मिट्टी को ही।
अपने सीने से लगाकर
अपना बनाना सीखो।

लेखक पत्रकार सुमित सिंह

## सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत

(सुवेश राज अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर सबको रख कर आक्रोशित परिजन ने सड़क जाम किया । सहरसा सुपौल मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई । उसके बाद परिजनों में आक्रोश तेज होता गया । यह घटना कर्णपुर चौक पर घटी थी । जिसमें एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर खड़े युवक को टक्कर मारते हुए फरार हो गया । उसके बाद घायल युवक को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया । चल रहे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई । उसके बाद परिजनों ने शव को बीच सड़क पर रखकर घंटों मुख्य मार्ग को जाम किया । जबकि सदर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने उनके परिजनों से जाम हटाने की लगातार कोशिश करते रहे । लेकिन परिजन एक ही बात बोल रहे थे कि अपने वरीय पदाधिकारी को बुलाइए उसके बाद जाम हटेगा।

उसके बाद सदर एसडीएम मनीष कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रीत परिवार एवं उनके परिजन से बात कर आश्वासन देकर सड़क के जाम को हटाने में सफल हुए।

दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण

मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा नौतनवां क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों का ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो विद्यालय का ताला लांक मिला बंद। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज ने दोनों स्कूलों के हेड मास्टर को सस्पेंड कर दिया और वहां तैनात अन्य सभी शिक्षक व शिक्षा मित्र का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया । उक्त मामले में स्पष्टीकरण भी मांगा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की यह कार्रवाई यहीं तक तक थी कुल 18 विद्यालयों का निरीक्षण किया । इस दौरान कई दुर्व्यवस्थाएं सामने आई । नौतनवा बीआरसी के परिचायक कई दिन से बिना किसी पूर्व सूचना के गैर हाजिर चल रहे थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उसे भी सस्पेंड कर दिया । परिषदीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक व शिक्षामित्र , अनुदेशक बिना किसी पूर्व सूचना अनुपस्थित मिले । जिनका वेतन रोक दिया । उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा है । स्पष्टीकरण का जवाब नहीं मिलने



पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह शुक्रवार को पौने आठ बजे ही नौतनवा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय देवघट्टी पहुंच गए थे । उस समय विद्यालय बंद था । इसके बाद आठ बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायनापुर का निरीक्षण किया । यह विद्यालय भी बंद मिला । इसमें से एक विद्यालय के हेडमास्टर को निलंबित कर दिया । दूसरा प्रधानाध्यापक पहले से ही निलंबित चल रहा है । सभी शिक्षकों व अन्य कर्मियों का वेतन रोक दिया । स्पष्टीकरण मांगा । सुबह सवा आठ बजे बीएसए उच्च प्राथमिक विद्यालय हरपुर पहुंचे । वहां केवल रसोइया मिली । सभी शिक्षक अनुपस्थित मिले । इस पर बीएसए ने हेडमास्टर को निलंबित कर सभी शिक्षकों व अनुदेशकों का वेतन व मानदेय रोक स्पष्टीकरण मांगा । प्राथमिक विद्यालय , हरपुर खास में शिक्षामित्र रामकृपाल भारती बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित मिले। उनका मानदेय रोक दिया। विद्यालय में केवल छह छात्र उपस्थित थे।

इस पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कम्पोजिट विद्यालय बेलहियां सुबह 8:35 बजे शिक्षक पुनित कुमार व शिक्षामित्र अमरूद्दीन अंसारी अनुपस्थित मिले । अध्यापक उपस्थित पंजिका पर किसी का फोटो चस्पा नहीं था । लोकेशन ट्रेस करना शिक्षक को पड़ा भारी , वेतन बाधित प्रधानाध्यापक रामसूरत त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी किया । बीएसए के सघन निरीक्षण से नौतनवा क्षेत्र के शिक्षकों में खलबली मच गई । बीएसए एक विद्यालय पर निरीक्षण कर रहे थे । उसी दौरान वहां के हेडमास्टर पर एक शिक्षक ने फोन किया । पूछा कि क्या बीएसए साहब वहां पहुंचे हैं ? लोकेशन ट्रेस करने पर बीएसए ने फोन करने वाले शिक्षक का वेतन रोक दिया । एक और शिक्षामित्र यह जानने के लिए परेशान था कि बीएसए कहां हैं । इसकी जानकारी होने पर बीएसए ने उसका भी मानदेय रोक दिया । बीएसए आशीष सिंह ने बताया कि नौतनवा क्षेत्र के 18 परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया । इस दौरान कई खामियां मिली हैं । जिसे दूर करने के लिए नोटिस जारी किया गया है ।

बिना मान्यता चल रहे स्कूल को बंद करने का आदेश निरीक्षण के दौरान बीएसए ने बिना मान्यता कक्षा एक से आठ तक झिंगटी में संचालित सीके ज्ञान विद्या मंदिर को बंद करा दिया । वहां के छात्रों को दूसरे परिषदीय विद्यालय में दाखिला कराने का निर्देश बीईओ को दिया । बीएसए नौतनवा बीआरसी का भी निरीक्षण किया । वहां बीईओ अपने कार्यालय में नहीं थे । फोन करने पर उनका मोबाइल भी स्वीच आफ था । इस पर बीएसए ने नौतनवा बीईओ को कठोर चेतावनी पत्र जारी किया । बीएसए के निरीक्षण में कई स्कूलों पर एमडीएम मीनू के हिसाब से नहीं दिया जा रहा था । इस पर उन्होंने नोटिस जारी किया । कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नौतनवा में दो दिन से छात्राओं को भोजन व नाश्ता नहीं दिया गया था । इस पर बीएसए ने डीसी बालिका व वार्डन का वेतन व मानदेय रोक दिया । बीएसए ने बताया कि निरीक्षण जारी रहेगा । शिक्षकों को समय से पहले विद्यालय पहुंचना है । छात्रों की उपस्थिति भी ठीक रहनी चाहिए । शैक्षिक वातावरण में कमी मिलने पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी । बीएसए ने कहा कि कोई भी यह पसंद नही करेगा कि उनका बच्चा किसी स्कूल में पढ़ने जाए और वहां शिक्षक समय से ना आएं । सरकार जो सुविधाएं दे रही है उसका अनुपालन हो । शिक्षक सम्मानित पद है । उसके मुताबिक आचरण करना ही होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है जब बच्चे समय पर विद्यालय पहुंच जाते हैं तो शिक्षक क्यों नहीं पहुंते, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महाराज ने कहा कि अगर शिक्षक समय वक्त पर विद्यालय नहीं पहुंचे तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने में कोई कठिनाई नहीं होगी उन्हें समय पर विद्यालय पहुंचना ही होगा पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण जनपद के सभी विधायालयों की जांच जारी रहेगी।

## रामपुर में विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे चैकिंग अभियान में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी जा रहीं

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। रामपुर में विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे चौकिंग अभियान में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी जा रहीं हैं। लगातार बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी शहर में बिजली चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहीं हैं। एक्सईन ने बताया कि पनवड़िया बिजली घर क्षेत्र में चौकिंग के दौरान 17 ई–रिक्शा विद्युत चोरी कर चार्जिंग होती पाई गई जिसमें विभाग ने मौके से कुछ ई–रिक्शा व चार्जर जब्त किये हैं। इसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

एक्सईन प्रथम भीष्म कुमार तोमर ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा विजिलेंस टीम के साथ चौकिंग अभियान चलाया गया। पनवड़िया बिजली घर क्षेत्र में 17 ई–रिक्शा चोरी करते हुए पाये गये। सभी लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही कर दी गई हैं। भीष्म कुमार तोमर ने बताया कि शहर में बड़े पैमाने पर लोग ई–रिक्शा बिजली चोरी करके चार्ज कर रहे हैं जिसपर विभाग की पैनी नजर बनी हुई हैं। पिछले दिनों मौहल्ला नालापार में बड़े पैमाने पर ई–रिक्शाएं चोरी की बिजली से चार्जिंग होती पकड़ी गई थी। उन्होने जनता से अपील करते हुए कहा कि बिजली चोरी न करें नहीं तो विद्युत चोरी करते हुए पकड़े जाने पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जायेगी। उधर किला बिजली घर क्षेत्र के अवर अभियंता जयदीप मौर्य ने बताया कि क्षेत्र के मौहल्ला लाल मस्जिद, अंगूर वाली मस्जिद व चरख वाली मस्जिद पर चलाये गये चौकिंग




विद्युत चोरी से चलते पकड़ी गई मौके से कुछ ई–रिक्शा व चार्जर जब्त भी किये गये। इसके अलावा डूंगरपुर बिजली घर क्षेत्र में आठ लोग बिजली अभियान में दो लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गये सभी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई हैं।

# शिव की विचित्रता में निहित सरलता

ओढ़रदानी, महेश्वर, रुद्र का स्वरूप सभी देवताओं से विचित्र है, पर यदि आप शिवशंभू की वेश भूषा का विश्लेषण करेंगे तो आपको शिव जीवन के सत्य का साक्षात्कार कराते दिखाई देंगे। यह शिव कपूर की तरह गौर वर्ण है, पर सम्पूर्ण शरीर पर भस्म लगाकर रखते है और दिखावे से दूर जीवन को सत्य के निकट ले जाते है। यह भस्म जीवन के अंतिम सत्य को उजागर करती है। अतः शिव शिक्षा देते है कि सदैव सत्य को प्रत्यक्ष रखें। यह शिव जटा मुकुट से सुशोभित होते है। जिस प्रकार शिव जटाओं को बाँधकर एक मुकुट का स्वरूप देते है वह यह शिक्षा देती है की जीवन के सारे जंजालों को बाँधकर रखों और एकाग्र होने की कोशिश करों, समस्याओं के जाल को मत फैलाओं। उसे समेटने की कोशिश करों। वे किसी भी प्रकार का स्वर्ण मुकुट धारण नहीं करते अतः मोह माया से शिव कोसों दूर है। शिव के आभूषण में भी सोने–चाँदी को कोई भी स्थान नहीं है। वे विषैले सर्पों को गलें में धारण करते है, अर्थात वे काल को सदैव स्मरण रखते है।

शिव के भीतर और बाहर विष है पर वे सदैव शांत रहकर ध्यानमग्न रहते है। वे यह शिक्षा देते है कि भीतर का विष भीतर ही रहने दो, बाहर मिले विष से भी व्यथित मत हो। शिव की सादगी और सरलता देखिए की अपने भक्तों की सर्वस्व मनोकामना पूरी करने वाले शिव एक पर्वत पर निवास करते है। वस्त्र में केवल बाघंबर धारण करते है। जब शिवजी की बारात गई तब भी भोले शंकर ने किसी भी प्रकार का दिखावा और आडंबर नहीं किया। जो सत्य स्वरूप वे हमेशा रखते है उसी के साथ वे प्रत्यक्ष हुए। महादेव की तो अनूठी विशेषता है ही, उनके परिवार की भी अपनी विशेषता है जिसके कारण उनका सम्पूर्ण परिवार पूजा जाता है और शिव सदैव अपने भक्त नंदी को भी प्रधानता देते है। यही शिव लिंग स्वरूप में सदैव अपने भक्तों के मनोरथ को पूरा करते है और इस लिंग स्वरूप में भी वे अपनी अर्धांगिनी शक्ति को सदैव साथ रखते है। शिव यह भी ज्ञान देते है की वे निराकार, अजन्मा, अविनाशी और अनंत है। शिव की सरलता का तो कोई पार ही नहीं है। वे तो अपने भक्त को कहते है जो कुछ भी सहजता से उपलब्ध हो वही मुझे अर्पित कर दो। मेरी भक्ति के लिए कोई बाध्यता ही नहीं है। भावों की माला से यदि जलधार भी चढ़ाओंगे तो वह भी मुझे स्वीकार्य है। सच में शिव कल्याण का ही दूसरा नाम है जो केवल दिखावे से दूर, आडंबर से मुक्ति, सत्य से साक्षात्कार और एकाग्र होकर राम नाम में रमण करने के प्रेरणा देते है। तो आइये शिव के प्रिय माह और प्रिय वार अर्थात सावन सोमवार को भावों की माला से शिव को भजने का प्रयास करें।

डॉ. रीना रवि मालपानी
(कवयित्री एवं लेखिका)

# भक्तों की सभी मनोकामना पूरी करते है बाबा बेरासनाथ

- जनपद में उत्तरवाहिनी गंगा तट पर स्थित अनोखा शिवमंदिर।
- श्रावण माह और वर्ष भर के सोमवार को भक्तों की लगती है भारी भीड़।
- बेरासनाथ मंदिर पर स्थित हनुमान मंदिर पर आते है भारी भक्त।
- मनोकामना पूरी होने पर लोग करते है पूजन दर्शन।
- मंदिर की स्थापत्य कला भी है मंदिर के आकर्षक का केन्द्र।
- गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध है बेरासनाथ शिव मंदिर।

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

भदोही। काशी– प्रयागराज के मध्य स्थित भदोही जिला आध्यात्मिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राचीन काल के कई धार्मिक स्थल यहां के आध्यात्मिक इतिहास की गवाही देते हैं। इन्हीं में से एक है कौलापुर क्षेत्र का बेरासनाथ धाम। 100 वर्ष से अधिक पुराने इस धाम को कालीन नगरी के गुप्त काशी के नाम से जाना जाता है। देवाधिदेव महादेव के प्रिय मास सावन में इस धार्मिक स्थल का महात्म्य दूर–दूर तक फैल जाता है। काशी–प्रयाग मध्य स्थित पवित्र क्षेत्र में काफी धार्मिक केंद्र हैं, जो अपने आप में कई ऐतिहासिक विरासत सहेजे हैं। गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर गांव में एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां की मान्यता काशी विश्वनाथ से कम नहीं है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यह स्थल काशी तो नहीं बन सका, लेकिन गुप्त काशी के नाम से आज भी प्रचलित है। इस शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन–पूजन के लिए पहुंचती है। मंदिर में दूर–दूर के भक्त आते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद भोलेनाथ पूरी करते हैं।

- मंदिर का इतिहास।

बेरासपुर गांव में स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर बाबा बेरासनाथ धाम के नाम से क्षेत्र में प्रसिद्ध है। मंदिर की स्थापना के बारे में ग्रामीण बताते हैं कि इस मंदिर का शिवलिंग भी सेमराध नाथ की तरह एक कुंए में था। किंवदंतियों के अनुसार एक बार व्यासजी इसी जगह से जा रहे थे तो उनको यहां किसी दैवीय शक्ति की मौजूदगी का अहसास हुआ। फिर वे रुक गए और कुंए में स्थित शिवलिंग की पूजा करने लगे। उसके बाद ग्रामीणों ने भी पूजा पाठ शुरू कर दिया।

व्यास जी के कई वर्ष तक इस जगह रहने के कारण इस स्थान का नाम व्यासपुर पड़ा। लेकिन, कालांतर में गांव का नाम बेरासपुर हो गया। व्यासजी के चले जाने के काफी वर्ष बाद ग्रामीणों ने कुएं में स्थित शिवलिंग को बाहर निकाल कर स्थापित करने की इच्छा जताई लेकिन ऐसा न हो सका। फिर कुछ वर्षों तक ग्रामीणों ने कुएं को पाटकर शिवलिंग के जगह ऊपर पूजा पाठ करना शुरू कर दिया।

मगर मंदिर व्यवस्थित न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कत होती थी। इसी को ध्यान में रखकर गांव के महामानव बाला प्रसाद पाल शसाहबश जो रेलवे में कार्यरत थे, ने बाबा बेरासनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और इसको वर्ष 1938 में पूरा करा लिया। उस समय भारत–पाकिस्तान का बंटवारा नहीं हुआ था तो इस मंदिर के जीर्णोद्धार के समय हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग कार्य करके सहयोग दिये। और आज भी इस मंदिर पर आयोजित किसी भी कार्यक्रम में हिन्दू और मुस्लिम धर्म के लोग बढ चढकर हिस्सा लेते है। मंदिर में स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना।

मंदिर को अंदर से देखने से एक अलग स्थापत्य कला का अनुभव होता है। मंदिर बाहर देखने से मंदिर जैसा लगता है, लेकिन अंदर गोलाकार है। मंदिर के निर्माण में बाला प्रसाद पाल शसाहबश के



सहयोग को ग्रामीण कभी नहीं भुला सकते। यहां पर होनी थी काशी की स्थापना। इस मंदिर के आध्यात्मिक महत्व के बारे में क्षेत्र के विद्वान स्व. प्रभुनाथ मिश्र ने अपनी काव्य रचना में बताया कि इस जगह काशी की स्थापना होनी थी, लेकिन पंचकोश की जमीन की कमी के कारण यहां काशी की स्थापना न हो सकी। और यह क्षेत्र गुप्त काशी के रूप में चर्चित हुआ। प्रभुनाथ मिश्र ने लिखा कि जैसे काशी विश्वनाथ के पूर्व तरफ उत्तरवाहिनी गंगा है। वैसे ही बेरासनाथ धाम के पूर्व तरफ भी उत्तरवाहिनी गंगा बहती है। काशी में उत्तर तरफ से जैसे कोई एक पानी का स्रोत आकर गंगा में मिलता है। ठीक वैसे ही बेरासनाथ मंदिर से कुछ दूरी पर एक पानी का स्रोत भी गंगा में जाकर मिलता है।

- ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र

मंदिर के महात्म्य के बारे में गांव के वयोवृद्ध देवीचरण मिश्र ने भी काफी चमत्कारिक और इसे गुप्त काशी होने की बात कही। देवीचरण ने तो अपने बडे भाई प्रभुनाथ मिश्र के काव्य रचना के माध्यम से इस पवित्र स्थल को गुप्त काशी और पवित्र आध्यात्मिक क्षेत्र होने की बात कही। गांव के फूलचंद तिवारी ने इस मंदिर के महात्म्य के बारे में बताया कि हम लोग बचपन से ही बेरासनाथ मंदिर की महिमा को सुनते चले आ रहे हैं और कई ऐसी घटना भी देखी, जो किसी चमत्कार से कम नहीं। फूलचंद तिवारी ने एक संस्मरण साझा करते हुए कहा कि एक बार बारिश न होने से पूरे गांव वालों ने मिलकर मंदिर के शिवलिंग को पानी से डूबोना चाहते थे। मान्यता है कि ऐसे बारिश होती है। लेकिन सभी ग्रामीणों के प्रयास के बावजूद शिवलिंग पानी में नही डूबा। हालांकि बाद में बारिश हुई और लोग काफी प्रसन्न हुए। रमेश पांडेय ने कहा कि यह शिव मंदिर हमारे पूर्वजों के समय से भी पहले का है। यहां पर पूजा पाठ करने वालों की सभी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। पिछले कई वर्षो से बेरासनाथ मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्र में भव्य दुर्गा पूजन का आयोजन भी होता है। मंदिर प्रांगण में एक भव्य और विशाल पीपल का वृक्ष है, जो इस मंदिर की भव्यता को और बढ़ा देता है। मंदिर के पुजारी के रूप में पं. श्यामधर मिश्र समर्पित हैं।

- कैसे पहुंचें बेरासनाथ धाम।

यह मंदिर सेमराधनाथ मंदिर से सात किमी पूर्व–उत्तर, तिलेश्वरनाथ से चार किमी दक्षिण–पश्चिम और बाबा पाडंवानाथ से पांच किमी दक्षिण तरफ गंगा के उत्तर वाहिनी तट पर स्थित है। वाराणसी–प्रयागराज हाईवे से गोपीगंज के समीप कौलापुर से सीधे सड़क धाम को जोड़ती है।

# श्रीलंका सबको सबक तो देता है

पहली बात तो यह तय जान लीजिए कि जैसा हमारे पड़ौसी देश श्रीलंका में हो रहा है,वैसा कभी भी भारत में नहीं होगा क्योंकि ये भारत देश है और इसकी अपनी ऐसी कुछ विशेषताएं हैं जो इसे पूरे विश्व के समस्त देशों से अलग करती हैं।हमारी अपनी सर्वोत्तम विदेश नीति है।पर यह बात भी उतनी ही सच और सही है कि हमें असफल देशों की गलतियों से भी सीखना चाहिए और सफल देशों की सही नीतियों से भी सीखना चाहिए।साथ ही यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि यदि पड़ौसी के घर आग लग जाए तो क्या हम यह भी न सोचें कि पड़ौसी के घर में आग क्यों लगी?और उन कारणों को जानकर कुछ इंतजामात कर लिए जाएं ताकि भविष्य में हमारा घर सुरक्षित रहे।साथ ही सबसे पहले मानवता यह कहती है कि उस पड़ौसी की जो भी हमसे बन पड़े,वह सहायता करनी चाहिए।निश्चित रूप से भारत सरकार इस समय जो कार्य कर रही है,वह सहरानीय है क्योंकि यही भारत की वह विशेषता है जिसकी चर्चा हमने ऊपर की है।खैर,मानवीय सहायता का काम चलता रहना चाहिए क्योंकि इस समय यह बेहद जरूरी है,मानवीय आधार पर भी और विदेश नीति के तहत भी क्योंकि कहीं इस स्तिथि का लाभ उठाकर चीन भी श्रीलंका को हड़प सकता है।पर साथ ही यह भी विचार करने की जरूरत है कि आखिर ऐसे कौन–से कारण हैं जिनसे श्रीलंका में इस तरह के हालाता पैदा हुए।विदेशी मामलों के जानकार बताते हैं कि उन हालातों में एक है भाषाई मुद्दा,जिसका आधार बनाकर वहाँ के कम संख्या वाले लोगों के साथ अन्याय किया गया और नारा यहाँ तक लगाया गया कि यदि श्रीलंका में रहना है तो तमिल भाषा को छोड़ना होगा और सिहंली भाषा को अपनाना होगा।इस विषय को लेकर एक तरह से श्रीलंका बंट–सा गया था परिणामस्वरूप दिक्कतें पैदा होती रही।पर वहाँ की सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दिया और अप्रत्यक्ष रूप से इस अन्याय का समर्थन किया।वैसे भी इतिहास बताता है कि जब–जब भी ज्यादा संख्या वाले लोगों ने कम संख्या वाले लोगों पर मनमाने अत्याचार किए हैं तब–तब विकास नहीं विनाश ही हुआ है।खैर,दूसरी मुख्य बात यह जिसके कारण श्रीलंका को आज की भयावह स्तिथि का सामना करना पड़ रहा है,वह है वहाँ की सरकार द्वारा मनमाने निर्णयों का लिया जाना,जिसे ठीक बताकर जनता को,विपक्ष को गुमराह किया गया और न विपक्ष की सुनी गई और न ही जनता की,आखिर गलत निर्णय कब तक ठहरते?

और आज श्रीलंका को पूरा विश्व देख रहा है,वह भी जब कि श्रीलंका एक ऐसा देश होता था जिसकी मजबूत आर्थिक स्तिथि थी,हमारे यहाँ तो उसे सोने की लंका भी कहा जाता रहा है लेकिन मनमाने फैसलों में कारण दिक्कतें बढ़ती गई।खैर,जिस स्तिथि में श्रीलंका आज पहुँचा है,उसका मुख्य कारण यह भी है कि वहाँ की सरकार ने सत्ता में आने के लिए जनता को काफी बड़े–बड़े सपने दिखाए पर उनमें से एक भी पूरा नहीं किया परिणाम स्वरूप जनता का गुस्सा बढ़ता गया।खैर,श्रीलंका की मुद्रा डॉलर के मुकाबले गिरती रही,विदेशी कर्ज बढ़ता रहा,निरंतर बेरोजगारी बढ़ती गई और महंगाई आकाश को चूमती रही और सरकार तमिल और सिंहली भाषा के फेर में उलझी हुई अपने ही निर्णयों को सही ठहराती रही और इधर जनता का गुस्सा बढ़ता ही रहा।साथ ही वहाँ की सरकार मजे लेती रही,जिसकी तस्वीर सामने आ रही हैं।वहाँ की मीडिया का रोल कुछ ठीक नहीं रहा वरना तो हालात कुछ बदले जा सकते थे क्योंकि जब मीडिया ही सरकार के गुण गाने लग जाए तब समझ लीजिए कि कहीं कुव्ह गड़बड़ जरूर है। अंततः जनता के सब्र का बांध टूट ही गया,टूटना ही था और याद रखिए जब भी जनता के सब्र का बांध टूटता है तब वही कविता साकार होती चली जाती है कि–सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।और जब जनता आती है तो हिटलर और मुसोलनी जैसों को भी भागना पड़ता है जैसे कि गोटाबाया भाग खड़े हुए हैं और पीएम बदलने के बाद भी कुछ हल नहीं हुआ।आखिरकार राष्ट्रपति,उस राष्ट्रपति के हाउस पर जनता ने कब्जा कर लिया,जिसने सत्ता के नशे में मनमाने तरीके से फैसले लेकर खुद को इतना ताकतवर बना लिया था कि वो जनता को ही भूल गया और सच में खुदा ही बन बैठा था।आज श्रीलंका में उसी आलीशान हाउस पर जनता का कब्जा है क्योंकि याद रखिए जब भी कोई राजा खुद को स्वम्भू घोषित कर देगा तब कभी–ना–कभी जनता उसे धूल जरूर चटाएगी क्योंकि यही नियम भी है।पीएम के घर को ही आग लगा दी गई क्योंकि जब कानून जनता के लिए ना हो और जनता बार–बार अनुरोध करके तंग आ जाए फिर ऐसा ही होता है।इसलिए श्रीलंका की घटना को आकस्मिक न माना जाए बल्कि इसके लिए सीधे तौर वहाँ की सरकार जिम्मेदार है।इसलिए तमाम विश्व के लिए श्रीलंका से सबक लेने की जरूरत है क्योंकि सबक नहीं लिया गया तो श्रीलंका वाला हाल होते देर नहीं लगेगी।

बहुत सारे देश इस मुहाने पर खड़े हैं जिसकी बानगी ब्रिटेन के पीएम जॉनसन का इस्तीफा और अमेरिका के सबसे झूठे पीएम डोनाल्ड का हश्र हम सबको पता है और श्रीलंका को हम देख ही रहे हैं। इसलिए विश्व के तमाम देशों को जनता के लिए काम करने की सख्त जरूरत है,महंगाई पर रोक लगाने की,रोजगार के अवसर बढ़ाने की,वैमनस्य और नफरत घटाने की,मनमाने निर्णय ना लेने की और चुनाव के दौर में बढ़ा–चढ़ाकर सपने न दिखाने की जरूरत है,नहीं तो किसी को भी श्रीलंका बनते देर नहीं लगेगी।

कृष्ण कुमार निर्माण
करनाल,हरियाणा।

# संक्षिप्त समाचार

## रूपनारायणपुर फांडी पुलिस ने 20 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया

सलानपुर। सलानपुर थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर फांडी से एक युवक को 20 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। 20 ग्राम हेरोइन की



अनुमानित कीमत 70 से 80 हजार टका है। झारखंड के सीमावर्ती रूपनारायणपुर क्षेत्र के हांसी पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने मारुति स्विफ्ट कार में सवार युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक का नाम अर्जुन धीबर (27) है। आसनसोल दक्षिण थाना अंतर्गत बारचक में ईसीएल कॉलोनी निवासी है। पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार अर्जुन धीबर खुद हेरोइन का सेवन करता हूं और इलाके में तस्करी में शामिल था। ज्ञात हुआ है कि कल शाम जब रूपनारायणपुर फांडी के प्रभारी मनोजीत धारा और एएसआई रंजीत सरकार पुलिस टीम के साथ तलाशी अभियान चला रहे थे तब युवक ने पुलिस के पास बिना रुके द्रुत गति से भागने लगा। पुलिस ने आनन–फानन में युवक की कार को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी में हेरोइन बरामद हुई। रविवार को उसे जिला अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने जांच के आधार पर 7 दिन की पुलिस हिरासत का अनुरोध किया है।

## कुल्टी की निकिता मिश्रा बनी सीए

कुल्टी। हाल ही में हुए सीए के परीक्षा में पश्चिम बर्दमान में जिले काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने सीए में उत्तीर्ण होकर आने जीवन का अहम लक्ष्य तय किया है। इन्ही के बीच कुल्टी के निकिता मिश्रा ने सीए में सफलता प्राप्त कर अपने माँ पिता जी को गर्वान्वित कर कुल्टी क्षेत्र का नाम रोशन किया। निकिता मिश्रा कुल्टी केंदुआ बाजार के ईटा भट्टा का निवासी है। निकिता की इस सफलता को लेकर उ के सेज संबधियों की उनको बधाई देने के लिए उनके घरमे तांता लगा हुआ है। निकिता ने बताया कि वो पहले किसी कंपनी में नॉकरी कर प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त करना चाहती है। बाद में वो प्रैक्टिस शुरू करेगी। निकिता ने मैथन के डीनोबली स्कूल से आईएससी की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की है। उन्होंने कहा कि मातापिता ने उनकी पढ़ाई में पूरा सहयोग किया। वहीं शिक्षकों का अनुभव उनकी मेहनत ने आज उन्हें सीए बनाया।



## 21 जुलाई शहीद दिवस को लेकर लच्छीपुर गेट से नियामतपुर न्यूरो रोड तक तृणमूल का महा जुलूस

नियामतपुर। तृणमूल ने 21 जुलाई शहीद दिवस को सफल बनाने के लिए कुल्टी के लच्छीपुर गेट से नियामतपुर न्यूरो रोड तक महा जुलूस निकाला। कुल्टी ब्लॉक तृणमूल की ओर से रविवार को इस महा जुलूस



का आयोजन किया गया। इस रैली में 1000 तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे। जुलूस में पश्चिम बर्दवान जिले के तृणमूल चौयरमेन उज्ज्वल चटर्जी, कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष बिमान अर्चाय्या, कुल्टी ब्लॉक तृणमूल युवा अध्यक्ष शुभाशीष मुखर्जी, आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 59 के तृणमूल पार्षद जाकिर हुसैन, आसनसोल नगर के वार्ड नंबर 102 के पूर्व पार्षद, तृणमूल नेता सरोज करमाकर सहित अन्य नेता मौजूद रहे। इस दिन भव्य रैली के साथ 21 जुलाई को शहीद दिवस को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर पश्चिम बर्दवान जिला तृणमूल चौयरमेन उज्ज्वल चटर्जी ने सभी से 21 जुलाई के शहीद दिवस को सफल बनाने के लिए ज्यादा ज्यादा संख्या में कोलकाता चलने की अपील की।

## रामपुर में बस और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में पांच मौते और 46 लोगों के घायल होने पर दुख व्यक्तकिया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। कांग्रेस पार्टी से नगर पालिकाध्यक्ष पद की प्रत्याशी व उप्र कांग्रेस महासचिव अरशद अली खान गुड्डू की पत्नी सीमा अरशद ने रामपुर में बस और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में पांच मौते और 46 लोगों के घायल होने पर दुख व्यक्त क्या हैं। शीमा अरशद सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फिर 46 घायलों को देखने सदर अस्पताल पहुंची जहां भर्ती घायलों का हालचाल जाना और अस्पताल अधीक्षक से घायलों का बेहतर इलाज करने के लिए कहा। सीमा अरशद ने कहा कि हर मरीज का अच्छी तरह इलाज होना चाहिए इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीमा अरशद ने मृतकों को भरपूर मुआफजा देने के लिए सरकार से मांग की हैं। शीमा अरशद ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम पीड़ित परिवारों के साथ पूरी तरह खड़े हैं। ऐसी दुखद घड़ी में कांग्रेस पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेगी।

## सड़के हादसे में मृतक व घायलों के प्रति गहरी शोक संवेदना

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। रामपुर नगर पालिका चेयरमैन पद के लिए भाजपा के प्रबल दावेदार डा. तनवीर अहमद खां ने बीती रात हुए सड़के हादसे में मृतक व घायलों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक व घायल परिवारों के साथ प्रदेश सरकार पूरी तरह खड़ी हैं। घायलों को जिला अस्पताल में बेहतर उपचार किया जा रहा हैं। भाजपा मुस्लिम नेता एवं चेयरमैन पद के प्रबल दावेदार डा. तनवीर अहमद खां ने कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार जिस प्रकार बिना भेदभाव काम करा रहीं हैं उससे जनता खुश हैं। उन्होने कहा कि रामपुर की अवाम ने लोस उपचुनाव में जिस प्रकार भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद तक पहुंचाया हैं वह प्रशंसनीय हैं। अब रामपुर की तरक्की का रास्ता खुल चुका हैं रामपुर की अवाम किसी के बहकावे में आने वाली नहीं हैं बल्कि अब वह समझ चुकी हैं कि भाजपा में ही उसका हित सुरक्षित हैं। डा. तनवीर अहमद खां ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में भी बड़बोले नेता को मुंह की खानी पड़ेगी। उन्होने कहा कि यदि भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में उन्हे टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा तो वह निश्चित रूप से नगर पालिका की सीट भाजपा की झोली में डालने का प्रयास करेंगे क्योकि रामपुर की अवाम अब परिवर्तन चाहती हैं। उन्होने बीती रात कोसी पुल के निकट भीषण सड़क हादसे पर दुख प्रकट किया और मृतक व घायलों के परिजनों के सात्वना दी तथा प्रदेश सरकार से हर मुमकिन सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया।

## मेरी पहली यात्रा

शाम को 5 बजे गंतव्य पर जाना था। 300 किलोमीटर दूर पहली यात्रा थी, इंदौर से सरवानिया महाराज के बीच 12 जुलाई 1984 अनजानी जगह, मेरे बड़े अंकलजी ने नीमच के टेलीफोन विभाग के आपरेटर एस के दुबेजी से इंतजाम करवाया था। बस में बार–बार गंतव्य का पूछने पर कंडक्टर ने भरोसा दिलाया। जब ठिकाना आऐगा तो उतार दूंगा, परेशान ना होवें। यात्रा के बीच में पानी बहुत गिरा, आधीरात 3 बजे नीमच बस स्टैंड पर उतरा, ठंड बहुत थी 6 बजे तांगे में बैठ कर दुबेजी के यहां पहुंचा, जो टेलीफोन विभाग में थे फिर 2 घंटे में तैयार होकर उनकी बाईक पर 20 किलोमीटर दूर डच्म्ठ के सरवानिया महाराज गांव में नौकरी जाईन करके वापस नीमच उनके घर आये। इस तरह नौकरी जाईन कर शुक्रवार को वापस घर इंदौर आ गया। दूसरे दिन शनिवार व तीसरे दिन रविवार की छुट्टी थीं। फिर सोमवार से लगाकर पन्द्रह दिनों तक दूबेजी के घर से सरवानिया महाराज बिजली ऑफीस तक आता–जाता रहा फिर मैंने उसी गांव में कमरा लेकर रहना शुरू कर दिया।

मदन वर्मा माणिक